मासिक पत्रिका | अगस्त 2026

PRGI NO. RJHIN/26/A2336

# सम्यक् करेंट अफेयर्स

## ▶ अंतरराष्ट्रीय ▶ राष्ट्रीय ▶ राजस्थान




वर्ष 01, अंक 03, अगस्त 2026, मूल्य 100/- प्रति, वार्षिक शुल्क 1000/-, पृष्ठ संख्या 108

# Samyak
An Institute For Civil Services

**03 दिवसीय निःशुल्क कक्षा के साथ**

ऑफलाइन व LIVE FROM CLASSROOM

# बैच प्रारम्भ

**IAS FOUNDATION**
@3PM to 7PM

**RAS FOUNDATION**
@8AM to 12PM

COMBO COURSE
**PSI PAPER I & II**
**E.O/R.O**
@3PM to 7PM

क्लास 12th के बाद
**IAS & RAS**
ग्रेजुएशन के साथ 2 & 3 वर्षीय कोर्स
@3PM to 7PM

ONLINE COURSE FEATURES
- Live From Classroom
- Printed Booklets
- Personal Mentorship
- Test Series

SCAN QR & DOWNLOAD APP NOW
Samyak
GET IT ON Google Play
Download on the App Store




**बैच की विशेषताएँ**
- विषय विशेषज्ञों द्वारा क्लासेज
- टेस्ट सीरीज
- लाइब्रेरी सुविधा*
- प्रिंटेड बुकलेट्स
- पर्सनल मेंटरशिप

SEPARATE BATCHES FOR **HINDI & ENGLISH MEDIUM**

**H.O: NEAR RIDDHI - SIDDHI, JAIPUR 9875170111**

# -:: अनुक्रमणिका ::-


| अध्याय | पृष्ठ संख्या |
|---|---|
| ◆ कॉमनवेल्थ गेम्स | 6 |
| ◆ मासिक सारांश | 8 |
| ◆ राजस्थान परिदृश्य | 13 |
| महोत्सव/सम्मेलन/अभियान/आपरेशन | 28 |
| चर्चित व्यक्ति/स्थान/अन्य | 32 |
| खेल/खेल व्यक्तित्व | 33 |
| ◆ अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य | 37 |
| ◆ राष्ट्रीय परिदृश्य | 43 |
| ◆ आर्थिक परिदृश्य | 57 |
| ◆ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी | 66 |
| ◆ खेल परिदृश्य | 73 |
| ◆ पुरस्कार एवं सम्मान | 77 |
| सम्मेलन/बैठक/मेला/ महोत्सव/प्रदर्शनी | 82 |
| निर्वाचन और नियुक्ति निर्वाचन एवं नियुक्ति | 90 |
| निधन | 92 |
| अभियान/युद्धाभ्यास | 93 |
| ◆ महत्वपूर्ण दिवस | 94 |
| ◆ **विशेष लेख** : प्राचीन भारत मे विज्ञान | 97 |
| ◆ करेंट अफेयर्स- अगस्त 2026 अंक वस्तुनिष्ठ टेस्ट | 105 |



**स्वत्वाधिकारी सम्यक एड्यूटेक,**

**प्रकाशक एवं सम्पादक वैष्णवी भारद्वाज द्वारा SP-21, गंगाराम नगर, गोपालपुरा बाईपास, जयपुर (राजस्थान)-302018 से प्रकाशित एवं महारानी प्रिन्टर्स, प्लॉट नं. 17, माँ वैष्णो देवी नगर, कालवाड़ रोड, जयपुर, राजस्थान-302012 से मुद्रित।**

**(सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर शहर, राजस्थान होगा।)**

**Gmail id - currentaffairs@samyakias.com**

**मो. 9460480423 | इस अंक का मूल्य : 100 | वार्षिक सदस्यता शुल्क : 1000**



इस अंक मे प्रकाशित किसी भी सामग्री अथवा चित्र के लिए संपादक की सहमति होना आवश्यक नहीं है। इस पत्रिका मे प्रकाशित सूचनाएँ, समाचार, ज्ञान एवं तथ्य पूरी तरह से सत्यापित किए गए हैं। यदि कोई जानकारी या तथ्य गलत प्रकाशित हो गया है तो प्रकाशक, संपादक या मुद्रक, उससे किसी व्यक्ति विशेष को पहुंची क्षति के लिए जिम्मेदार नहीं हैं।

# संपादकीय

**"संकल्प नहीं, कर्म ही रचता है इतिहास"**

हम हर सुबह नए सपने देखते हैं—एक सुनहरा भविष्य, परीक्षा में शानदार कामयाबी, और माता-पिता की आँखों में हमारी जीत से चमकती खुशी। सपने देखना न केवल अच्छा है, बल्कि किसी भी लक्ष्य को तय करने की पहली सीढ़ी भी है। लेकिन याद रखिए, सिर्फ ख्वाब बुनने से मंजिलें नहीं मिला करतीं। शिखर तक वही पहुँचता है, जिसके कदम रास्तों की थकान से नहीं रुकते।

"उद्यमेन हि सिध्यन्ति कार्याणि न मनोरथैः।

न हि सुप्तस्य सिंहस्य प्रविशन्ति मुखे मृगाः॥"

अर्थात: केवल इच्छा करने या सोचने मात्र से कोई काम पूरा नहीं होता, उसके लिए कठोर परिश्रम करना पड़ता है। जिस प्रकार सोते हुए शेर के मुँह में शिकार खुद चलकर नहीं आता; जंगल के राजा को भी अपना पेट भरने के लिए पसीना बहाना ही पड़ता है।

अपनी स्टडी टेबल पर अच्छी किताबें सजा लेना या दीवारों पर रंग-बिरंगे टाइम-टेबल चिपका लेना केवल एक शुरुआत है, सफलता नहीं। असली परीक्षा यह है कि आप हर दिन उस टाइम-टेबल को कितनी ईमानदारी से जीते हैं। जब हम दुनिया की महान सफलताओं या ऐतिहासिक बदलावों को देखते हैं, तो एक बात साफ हो जाती है—कोई भी चमत्कार रातों-रात नहीं होता। हर बड़ी जीत के पीछे सालों का मौन तप, अटूट अनुशासन और रातों की नींद का बलिदान होता है।

इसलिए, सिर्फ 'सोचते रहने' और 'कल पर टालने' की आदत को आज ही त्याग दें। योजनाएं बहुत बन चुकीं, अब उन्हें हकीकत में बदलने का वक्त है। आज और अभी से शुरुआत कीजिए। आपका हर एक मिनट का फोकस और हर छोटा कदम आपको आपके सपनों के एक कदम और करीब ले जाएगा।

जिस दिन आपके इरादों को आपकी कड़ी मेहनत का साथ मिल जाएगा, सफलता शोर मचा देगी। उठिए, शुरुआत कीजिए, क्योंकि इतिहास सोचने वाले नहीं, कुछ करने वाले रचते हैं!

**संपादक**

Samyak
An Institute For Civil Services

# निबन्ध प्रतियोगिता

## निबन्ध का विषय-

1. सामाजिक न्याय और लोक कल्याणकारी राज्य : अंतिम व्यक्ति तक पहुँच
2. राजस्थान मे सामाजिक समरसता मे संत संप्रदाय का योगदान

## निबन्ध प्रतियोगिता के लिए आवश्यक शर्तें और निर्देश-

- निबन्ध लेखन पूरी तरह मौलिक होना चाहिए, नकल या एआई द्वारा जनरेटेड सामग्री मान्य नहीं होगी।
- निर्धारित शब्द सीमा का पालन करें- 600 शब्द (लगभग)
- निबन्ध में व्याकरण, वर्तनी और विराम चिह्नों की शुद्धता पर ध्यान रखें।
- निबन्ध में केवल प्रमाणित और सटीक आंकड़ों या ऐतिहासिक तथ्यों का ही उपयोग करें।
- निबन्ध को निर्धारित अंतिम तिथि और समय से पहले ही जमा करें। (31 अगस्त, 2026 )
- निबन्ध केवल निम्न माध्यम से प्रेषित किये जा सकते हैं-

1. Whatsapp- 9875170111
2. Mail- samyakcurrentaffairs@samyakias.com
3. स्थानीय पता- Samyak- An Institute For Civil Services, Near Riddhi-Siddhi, Jaipur

- निबन्ध के साथ प्रतियोगी अपना पासपोर्ट साइज का फोटो, आधिकारिक नाम और पता अवश्य भेजें।

## पुरस्कार-

- प्रतियोगिता में प्रथम तीन स्थान पाने वाले प्रतिभागियों के फोटो को अगले माह की समसमायिकी पत्रिका में स्थान दिया जायेगा और संबंधित माह का अंक उनके निर्धारित पते पर भेजा जायेगा।

commonwealth games
GLASGOW 2026

**आयोजन तिथि-** 23 जुलाई से 2 अगस्त

**प्रतिनिधित्व-** 74 देशों की टीम

**आयोजक-** राष्ट्रमंडल खेल महासंघ

**उद्घाटनकर्ता-** ब्रिटेन के किंग चार्ल्स-III और क्वीन कैमिला

## ध्वजवाहक और उद्घाटन

**उद्घाटन समारोह**

**ध्वजवाहक:** मीराबाई चानू (भारोत्तोलक)

**मशाल वाहक:** लवलीना बोरगोहें (मुक्केबाज़)

**आयोजन स्थल-** ग्लासगो (स्कॉटलैंड)

**शुभंकर-**

**फिन्नी (स्कॉटलैंड के राष्ट्रीय पशु यूनिकॉर्न से प्रेरित**

**समापन समारोह :-**

**ध्वजवाहक:** जैसमिन लंबोरिया (मुक्केबाज़)

## 10 खेल प्रतियोगिताएं

1. एथलेटिक्स और पैरा एथलेटिक्स
2. तैराकी और पैरा तैराकी
3. कलात्मक जिमनास्टिक
4. ट्रैक साइक्लिंग और पैरा ट्रैक साइक्लिंग
5. नेटबॉल
6. भारोत्तोलन और पैरा पावरलिफ्टिंग
7. मुक्केबाज़ी
8. जूडो
9. बाउलिंग और पैरा बाउलिंग
10. 3x3 बास्केटबॉल और 3x3 व्हीलचेयर बास्केटबॉल

कॉमनवेल्थ गेम्स में भारतीय खिलाड़ी और अधिकारियों ने पहली बार जूट-विस्कोस मिश्रित आधिकारिक ड्रेस पहनी। यह ड्रेस 100% बायोडिग्रेडेबल है। इसे राष्ट्रीय जूट बोर्ड, ग्लॉस्टर जूट मिल्स और एनआईएफटी ने मिलकर बनाया है।

## पदक सारणी

| रैंक | देश | गोल्ड | सिल्वर | ब्रॉन्ज | कुल मेडल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ऑस्ट्रेलिया | 70 | 45 | 56 | 171 |
| 2 | इंग्लैंड | 29 | 45 | 36 | 110 |
| 3 | कनाडा | 19 | 20 | 23 | 62 |
| 4 | भारत | 13 | 17 | 9 | 39 |
| 5 | स्कॉटलैंड | 13 | 9 | 17 | 39 |

## भारत द्वारा जीते गए पदक

| खेल | गोल्ड | सिल्वर | ब्रॉन्ज | कुल मेडल |
|---|---|---|---|---|
| बॉक्सिंग | 7 | 3 | 0 | 10 |
| एथलेटिक्स | 0 | 5 | 5 | 10 |
| वेटलिफ्टिंग | 1 | 6 | 1 | 8 |
| पैरा एथलेटिक्स | 3 | 2 | 1 | 6 |
| जूडो | 2 | 1 | 1 | 4 |
| पैरा पावरलिफ्टिंग | 0 | 0 | 1 | 1 |

## भारत का समग्र प्रदर्शन

**39** कुल पदक | **13** गोल्ड | **17** सिल्वर | **9** ब्रॉन्ज़

**4** विश्व रैंकिंग

**भारतीय दल का आकार**
**123** खिलाड़ी

## पदक सारणी

### बॉक्सिंग

| खिलाड़ी | वर्ग / श्रेणी | मेडल |
|---|---|---|
| प्रीति पवार | महिला (54 kg) | गोल्ड |
| जैस्मिन लांबोरिया | महिला (57 kg) | गोल्ड |
| साक्षी चौधरी | महिला (51 kg) | गोल्ड |
| प्रिया घंघास | महिला (60 kg) | गोल्ड |
| अरुंधति चौधरी | महिला (70 kg) | गोल्ड |
| सचिन सिवाच | पुरुष (60 kg) | गोल्ड |
| अंकुश पंघाल | महिला (80 kg) | गोल्ड |
| जादुमणि सिंह | पुरुष (55 kg) | सिल्वर |
| लवलीना बोरगोहेन | महिला (75 kg) | सिल्वर |
| नरेंद्र बेरवाल | पुरुष (90+ kg) | सिल्वर |

### एथलेटिक्स

| खिलाड़ी | वर्ग / इवेंट | मेडल |
|---|---|---|
| सर्वेश कुशारे | पुरुष हाई जंप | सिल्वर |
| गुलवीर सिंह | पुरुष 10,000m | सिल्वर |
| मुरली श्रीशंकर | पुरुष लॉन्ग जंप | सिल्वर |
| नीरज चोपड़ा | पुरुष जेवलिन | सिल्वर |
| प्रवीण चित्रावेल | पुरुष ट्रिपल जंप | सिल्वर |
| सीमा कालीरमणा | महिला डिस्कस थ्रो | ब्रॉन्ज |
| यशवीर सिंह | पुरुष जेवलिन | ब्रॉन्ज |
| तेजस्विन शंकर | डेकाथलॉन | ब्रॉन्ज |
| सेलवा प्रभु तिरुमारन | पुरुष ट्रिपल जंप | ब्रॉन्ज |
| गुलवीर सिंह | पुरुष 5,000m | ब्रॉन्ज |

### पैरा एथलेटिक्स

| खिलाड़ी | वर्ग / इवेंट | मेडल |
|---|---|---|
| शर्मिला धनखड़ | महिला शॉट पुट F57 | गोल्ड |
| दिलीप महादु गविंत | पुरुष 100m T47 | गोल्ड |
| सोमन राणा | पुरुष शॉट पुट F57 | गोल्ड |
| मोहम्मद बासिल | पुरुष 100m T47 | सिल्वर |
| शुभम जुयाल | पुरुष शॉट पुट F57 | सिल्वर |
| शिल्पा शैला | महिला शॉट पुट F57 | ब्रॉन्ज |

### जूडो

| खिलाड़ी | वर्ग / श्रेणी | मेडल |
|---|---|---|
| अस्मिता डे | महिला (48 kg) | गोल्ड |
| हर्ष सिंह | पुरुष (60 kg) | गोल्ड |
| यामिनी मोर्या | महिला (57 kg) | सिल्वर |
| उन्नति शर्मा | महिला (63 kg) | ब्रॉन्ज |

### वेटलिफ्टिंग

| खिलाड़ी | वर्ग / श्रेणी | मेडल |
|---|---|---|
| मीराबाई चानू | महिला (48 kg) | गोल्ड |
| ऋषिकांत सिंह | पुरुष (60 kg) | सिल्वर |
| मुथुपंडी राजा | पुरुष (65 kg) | सिल्वर |
| ज्ञानेश्वरी यादव | महिला (53 kg) | सिल्वर |
| वल्लूरी अजय बाबू | पुरुष (79 kg) | सिल्वर |
| हरजिंदर कौर | महिला (69 kg) | सिल्वर |
| लवप्रीत सिंह | पुरुष (110+ kg) | सिल्वर |
| बिंदियारानी देवी | महिला (58 kg) | ब्रॉन्ज |

- पैरा पावरलिफ्टिंग- झंडू कुमार ने पुरुषों के हैवीवेट पैरा पावरलिफ्टिंग स्पर्धा में ब्रॉन्ज मेडल जीता।
- Note- वर्ष 2030 के कॉमनवेल्थ गेम्स गुजरात के अहमदाबाद शहर में आयोजित किए जाएंगे।
- राजस्थान के कोटा जिले की निवासी अरुंधति चौधरी ने 70 किग्रा कैटेगरी में गोल्ड मेडल जीता है। अरुंधति चौधरी ने इंग्लैंड की शांटेल रीड के खिलाफ जीत हासिल की है।

# मासिक सारांश

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पचपदरा में उद्घाटित एचपीसीएल-राजस्थान रिफाइनरी लिमिटेड में कितना वित्तीय निवेश किया गया है?- **₹79,459 करोड़**
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा उद्घाटित जोधपुर एयरपोर्ट के नए टर्मिनल भवन की यात्री क्षमता कितनी है?- **प्रतिवर्ष 20 लाख**
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 4 जुलाई, 2026 को उद्घाटित करणीसर सौर ऊर्जा संयंत्र (बीकानेर) ऊर्जा परियोजना किसके द्वारा स्थापित की गयी है?-**एसजेवीएन द्वारा**
- नर्मदा अवार्ड के लंबित भुगतान के निपटारे पर समझौता कौन-कौनसे राज्यों के मध्य हस्ताक्षरित हुआ है?- **राजस्थान, महाराष्ट्र, गुजरात और मध्य प्रदेश**
- राज्य स्तरीय परिवार कल्याण पुरस्कार सूची-2024-25 के तहत शीर्ष संस्थागत एवं जिला स्तरीय पुरस्कार किस जिले को मिला है?- **चित्तौड़गढ़**
- राजस्थान टेक्सटाइल एवं अपैरल नीति-2025 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए राज्य सरकार के किस विभाग ने राज्य स्तरीय टेक्सटाइल सेल का गठन किया है?- **राजस्थान के उद्योग एवं वाणिज्य विभाग**
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने ई-मित्र वॉट्सएप सेवा का शुभारम्भ किस तिथि को किया?- **1 जुलाई, 2026 को**
- 2 जुलाई, 2026 को राज्यस्तरीय किसान सम्मान समारोह का आयोजन कहां किया गया था?- **अपेक्स बैंक सभागार, जयपुर**
- राज्य के किसे जिले में परमाणु खनिजों के मिलने की संभावना के मद्देनजर राज्य के खान एवं पेट्रोलियम विभाग ने 10 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र को अगले 5 साल के लिए पूर्णत: रिजर्व कर दिया है?- **उदयपुर जिले में**
- राज्य के किस संसदीय क्षेत्र को देश का पहला 'जीरो फेटेलिटी संसदीय क्षेत्र' बनाने का प्लान लाया गया है?- **कोटा-बूंदी**
- नगर निगम जयपुर द्वारा 8 जुलाई, 2026 को झालाना में कितनी क्षमता के आधुनिक मैकनाईज्ड ट्रांसफर स्टेशन का शुभारंभ किया गया?- **150 टन प्रति दिवस**
- राज्य के आर्थिक, औद्योगिक एवं सामाजिक विकास में उल्लेखनीय योगदान देने वाले प्रेरणादायी व्यक्तित्वों की पहचान कर उन्हें सम्मानित करने के लिए उद्योग एवं वाणिज्य विभाग द्वारा किस नाम से पहल प्रारम्भ की गयी?- **100 आइकन्स ऑफ राजस्थान पहल**
- केन्द्रीय जल शक्ति मंत्रालय ने जल जीवन मिशन 2.0 के अंतर्गत राजस्थान को कितनी केंद्रीय सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृत दी है?- **₹537.70 करोड़ से अधिक की**
- जीयोग्राफिकल इंडिकेशन रजिस्ट्री ने हाल ही में राजस्थान के किस उत्पाद को जी.आई. टैग प्रदान किया है?- **मोजरी क्राफ्ट ऑफ जोधपुर**
- नीति आयोग द्वारा जारी निवेश अनुकूलता सूचकांक में राजस्थान की समग्र रैंकिंग कौनसी रही है?- **10वीं**
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मुख्यमंत्री युवा सुयोग का शुभारंभ किस तिथि को किया?- **21 जुलाई, 2026**
- राष्ट्रीय स्तर पर राजस्थान पूरे देश में अंगदान संकल्प अभियान में कौनसे स्थान पर रहा है?- **दूसरे स्थान**
- प्रधानमंत्री के 'स्किल इंडिया मिशन' और 'विकसित भारत-2047' के तहत राजस्थान पीएम सेतु योजना को लागू करने वाला देश का कौनसा राज्य बन गया है?- **पाँचवाँ राज्य**
- राजस्थान राज्य खान विभाग की ओर से किस जिले में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर माइंस स्थापित किया जाएगा?- **जयपुर में**
- टाइम आउट की ओर से जारी द वर्ड्स हैप्पिएस्ट सिटीज 2026 सूची में जयपुर को कौनसा स्थान प्राप्त हुआ है?- **छठा**
- राजस्थान राज्य वित्त पोषित कितने विश्वविद्यालयों में 'राजस्थानी भाषा अध्ययन केंद्र' स्थापित करने के निर्देश दिए गये है?-**11 विश्वविद्यालयों में**
- 'वेस्ट टू आर्ट' वेलकम गेट परियोजना किसके द्वार लॉंच की गयी है?- **जयपुर विकास प्राधिकरण**
- राज्य में 'भारत टैक्सी' का शुभारम्भ कौनसी तिथि को हुआ है?- **25 जुलाई, 2026**
- 'रेयर अर्थ एलिमेंट्स' हेतु देश का पहला एक्सप्लोरेशन लाइसेंस जारी करने वाला राज्य बना है- **राजस्थान**

- राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर, जयपुर में 1-2 जुलाई, 2026 को आयोजित हुआ 'राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस सम्मेलन' का विषय था?-**"विकसित भारत 2047: एआई एनेबल्ड, डेटा ड्रिवेन एंड सिक्योर डिजिटल गवर्नेन्स"**
- 31 जुलाई से 2 अगस्त, 2026 तक जयपुर में आयोजित कॉमनवेल्थ पीस मीडिएशन एंड रूल ऑफ लॉ कॉन्फ्रेंस-2026 का उद्घाटन किसने किया था?- **जस्टिस सूर्यकांत (भारत के मुख्य न्यायाधीश)**
- जयपुर में "विदेश संपर्क- स्टेट आउटरीच कॉन्फ्रेंस" का आयोजन किसके द्वारा किया गया था?- **विदेश मंत्रालय, भारत सरकार एवं राजस्थान सरकार**
- 24 जुलाई, 2026 को जयपुर में आयोजित राजस्थान वाटर कॉन्क्लेव-2026 का आयोजक था?- **द इकोनॉमिक टाइम्स**
- यूएनसीसीडी कोप-17 का प्री-कोप संवाद कहां आयोजित हुआ?- **चूरू में**
- 'आओ गांव चलें' अभियान राज्य के किस जिला प्रशासन द्वारा चलाया गया है?- **पाली जिला प्रशासन**
- राजस्थान के जाने-माने संगीतकार और वीणा कैसेट्स के संस्थापक थे, इनका हाल ही में निधन हुआ है, है?-**श्री केसरी चंद मालू**
- राजस्थान में विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका मिशन-ग्रामीण (वीबी जी राम जी योजना) का राज्य स्तरीय जन सम्मेलन कहां आयोजित किया गया?-**ब्यावर में**
- ऑपरेशन गरुड़व्यूह-2 किसके द्वारा चलाया गया विशेष अभियान है?- **कोटा पुलिस द्वारा**
- राज्य स्तरीय स्वाधीनता दिवस समारोह-2026 का आयोजन किस जिले में किया जायेगा?- **बीकानेर में**
- हाउस ऑफ लॉर्ड्स में राज्य के किस पूर्व सांसद को समाजसेवा, कूटनीतिक उपलब्धियों तथा भारत-ब्रिटेन संबंधों को मजबूत बनाने में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया?- **गजसिंह को**
- संयुक्त राष्ट्र सतत विकास रिपोर्ट 2026 में भारत को कौनसा स्थान प्राप्त हुआ है?- **94वां**
- क्यूएस बेस्ट स्टूडेंट सिटीज रैंकिंग 2027 में शीर्ष स्थान किस सिटी को प्राप्त हुआ है?- **सियोल**
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को किस देश ने सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'बिंतांग आदिपूर्ण' प्रदान किया है?- **इंडोनेशिया**
- फ्लिंडर्स विश्वविद्यालय भारत के किस शहर में अपना परिसर स्थापित करेगा?-**बेंगलुरु में**
- 1 से 3 जुलाई, 2026 के मध्य भारत-जापान वार्षिक शिखर सम्मेलन का कौनसा संस्करण आयोजित किया गया?- **16वां**
- यूएस फेडरल रिजर्व की 'स्पेशल टास्क फोर्स' में भारतीय मूल के किन अर्थशास्त्रियों की नियुक्ति की गयी है?- **राज चेट्टी, रघुराम राजन, आशा शर्मा**
- अमेरिका ने किस देश को 'आतंकवाद के राज्य प्रायोजक' सूची से हटाने की घोषणा की है?- **सीरिया को**
- हाल ही में किस देश ने भीषण वनाग्निके कारण 'राष्ट्रीय आपातकाल' घोषित किया है?- **स्पेन**
- विकसित भारत- गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) अधिनियम, 2025 किस तिथि से लागू हुआ?-**1 जुलाई, 2026**
- लोक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) संशोधन अधिनियम, 2026 के तहत जांच एजेंसी/पुलिस/एसटीएफ को एफआईआर दर्ज होने या मामला हस्तांतरित होने की तिथि से कितने माह के भीतर अनिवार्य रूप से जांच पूरी करनी होगी?-**2 माह**
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 17 जुलाई, 2026 को किस रूट पर देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया?- **जींद से सोनीपत के बीच**
- हाल ही में भारत के किस धरोहर को यूनेस्को विश्व धरोहर सूची में शामिल किया गया है?- **प्राचीन बौद्ध स्थल सारनाथ**
- 2 जुलाई, 2026 को "स्ट्रेटेजिक रोडमैप फॉर मेकिंग आयुर्वेद ग्लोबल" शीर्षक नाम से रिपोर्ट किसके द्वारा जारी की गयी?- **नीति आयोग**
- हाल ही में गठित परीक्षा सुधार पर हाई-पावर्ड टास्क फोर्स की अध्यक्षता किसके द्वारा की जा रही है?- **नंदन नीलेकणि**
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 4 जुलाई, 2026 को उड़ान (उड़े देश का आम नागरिक) योजना के अगले चरण 'विकसित उड़ान' का शुभारंभ कहां से किया?- **जोधपुर हवाई अड्डे से**

- भारत की प्रथम प्राइवेट प्वाइंट-इन-स्पेस इंस्ट्रूमेंट अप्रोच प्रक्रिया को कहां पर हेलीकॉप्टर परिचालन के लिए मंजूरी प्रदान की गई?- **उंडावल्ली हेलीपोर्ट (आंध्र प्रदेश)**
- पंचायती राज मंत्रालय ने देशभर की ग्राम पंचायतों के डिजिटल बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से किस का शुभारंभ किया?- **दानवीर पहल**
- केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय अपतटीय अन्वेषण योजना- 'समुद्र मंथन' को किस तिथि को मंजूरी प्रदान की है?- **31 जुलाई, 2026 को**
- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री सूर्य सरोवर योजना (पीएम-एसएसवाई) योजना के तहत कितनी वित्तीयन राशि का प्रावधान किया है?- **5,070 करोड़ रुपये**
- दिल्ली में मौसमी वायु प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए स्थायी शीतकालीन प्रदूषण मास्टर प्लान प्रतिवर्ष किसी तिथि से लागू होगा?- **1 नवंबर से 28 फरवरी**
- म्यूजियम ऑफ़ वर्ड के पहले फेज का उद्घाटन कहां किया गया?- **राष्ट्रीय पुस्तकालय परिसर, कोलकाता**
- भारत में किस एयरपोर्ट के नए टर्मिनल पर चालू रनवे के नीचे देश का पहला सिक्स लेन का अंडरपास बनेगा?- **वाराणसी एयरपोर्ट**
- हाल ही में कौनसा राज्य देश का छठा पूर्ण साक्षर राज्य बन गया है?- **उत्तराखंड**
- भारत सरकार की संगीत नाटक अकादमी ने किस वाद्ययंत्र को राष्ट्रीय अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सूची में शामिल किया है?- **नलतरंग**
- फॉर्च्यून इंडिया 'मोस्ट पावरफुल वुमन' 2026 में शीर्ष पावरफुल वुमन का स्थान किसे मिला है?- **नीता अंबानी**
- भारत के किस राज्य में वर्ष 2026-27 से राज्य के सरकारी हाई स्कूलों में तीसरी भाषा की जगह एआई को कौशल शिक्षा के रूप में पढ़ाया जायेगा?- **कर्नाटक**
- भारत के किस अभयारण्य के अंदर देश का पहला एआई पावर्ड पक्षी अभयारण्य बनाये जाने की घोषणा की गयी है?- **क्रीक फ्लेमिंगो अभयारण्य के अंदर**
- भारत के किस राज्य ने वर्ष 2030 तक सांप के काटने से होने वाली मौतों और गंभीर मामलों को रोकने के लिए स्टेट एक्शन प्लान फॉर प्रिवेंशन एंड कंट्रोल ऑफ स्नेकबाइट एनवेनोमिंग लागू किया है?- **केरल**
- निवेश अनुकूलता सूचकांक तैयार करने के लिए नीति आयोग ने कुल कितने संकेतकों का उपयोग किया है?- **84 संकेतक**
- मोबाइल फोन विनिर्माण योजना की अवधि कितने वर्ष निर्धारित की गयी है?- **5 वर्ष (वित्तीय वर्ष 2026-27 से वित्तीय वर्ष 2030-31 तक)**
- मिशन गोल्डन स्पाइस - एकीकृत लकाडोंग हल्दी मूल्य श्रृंखला संवर्धन परियोजना किस राज्य को केन्द्रित करती है?- **मेघालय**
- रसायन पार्क योजना "भारत औद्योगिक विकास योजना रसायन (भव्य रसायन)" के लिए कितना वित्तीय आवंटन किया गया है?- **3,030 करोड़ रुपये**
- हाल ही में भारत में पहली बार माचा चाय का व्यावसायिक उत्पादन शुरू हुआ है, इस चाय का संबंध किस राज्य से है?- **असम से**
- अंकटाड द्वारा जारी विश्व निवेश रिपोर्ट 2026 के अनुसार भारत वर्ष 2025 में एफडीआई के मामले में कौनसेस्थान पर पहुंच गया?- **11वें स्थान पर**
- '2035 तक भारत को एक अग्रणी बायो-इकोनॉमी पावरहाउस बनाने का रोडमैप' किसके द्वारा लॉन्च किया?- **नीति आयोग**
- भारत का कौनसा बंदरगाह 18-मीटर ड्राफ्ट क्षमता वाला दूसरा बंदरगाह बना है?- **कामराजर बंदरगाह-**
- हाल ही में भारत सरकार ने औषधि नियम, 1945 के तहत किस हवाई अड्डे को औषधियों के आयात द्वार के रूप में अधिसूचित किया है?- **नवी मुंबई हवाई अड्डे**
- हाल ही में 350 किलोग्राम थ्रस्ट क्लास का भारत का पहला स्वदेशी 'एक्सपेंडेबल टर्बो जेट इंजन' सफलतापूर्वक विकसित और असेंबल किया गया है, यह इंजन किसके द्वारा डिजाइन किया गया है?- **गैस टर्बाइन रिसर्च एस्टेब्लिशमेंट के**
- सेना प्रमुख जनरल धीरज सेठ ने स्वदेशी रूप से विकसित एक्सट्रीम वेदर ग्रेड (एक्सडब्ल्यूजी) डीजल किस तिथि को लॉन्च किया?- **31 जुलाई, 2026 को**

- 3 जुलाई, 2026 को इसरो ने कहां से सॉल्व (सब-ऑर्बिटल लॉन्च व्हीकल फॉर एक्सपेरिमेंट्स) के सॉलिड मोटर का पहला सफल जमीनी परीक्षण किया है?- **श्रीहरिकोटा से**
- भारत का पहला प्राइवेट ऑर्बिटल रॉकेट विक्रम-1 किसके द्वारा सफलता पूर्वक लॉन्च किया गया है?- **हैदराबाद की स्काईरूट एयरोस्पेस** द्वारा
- हाल ही में सुर्ख़ियों में रहे अनिल मेनन कौन है?- **भारतीय मूल के नासा के अंतरिक्ष यात्री**
- दुनिया का पहला आधुनिक अंडरवाटर होम है?- **वैनगार्ड**
- किस देश की दवा कम्पनी ने भारत में हफ्ते में एक बार लगने वाला दुनिया का पहला बेसल इंसुलिन 'एविकली' लॉन्च किया है?- **डेनमार्क**
- भारत के किस राज्य की सरकार ने शहरी बाढ़ की सटीक भविष्यवाणी के लिए एआई 'सिटी फ्लड अलर्ट' प्लेटफॉर्म लाँच किया है?- **आंध्रप्रदेश की सरकार ने**
- जर्मनी के हैम्बर्ग में आयोजित सुपरकंप्यूटिंग कॉन्फ्रेंस आईएससी-2026 के अनुसार ग्लोबल टॉप 500 लिस्ट में पहला स्थान किस सुपरकंप्यूटर ने हासिल किया है?- **लाइनशाइन सुपरकंप्यूटर**
- कॉमनवेल्थ गेम्स-2026 में भारत ने कुल कितने गोल्ड मेडल जीते?- **13 गोल्ड**
- फीफा वर्ल्ड कप-2026 में फीफा का गोल्डन बूट अवॉर्ड किसे प्रदान किया गया है?- **किलियन एम्बाप्पे को**
- हाल ही में नेमार ने अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास लेने की घोषणा की है। यह किस देश के के स्टार फुटबॉलर है?- **ब्राजील**
- आईसीसी महिला टी20 विश्व कप-2026 की उपविजेता टीम रही है?- **इंग्लैंड**
- जापान ओपन 2026 बैडमिंटन की महिला एकल श्रेणी में पी. वी. सिंधु (भारत) ने किसको हराया था?- **अकाने यामागुची (जापान) को**
- वर्ष 2024 के लिए 72वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों के तहत सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म का पुरस्कार किस फिल्म को मिला है?- **आर्टिकल 370 (हिंदी)**
- किस भारतीय फिल्म निर्देशक को फ्रांस में लुमिएर म्यूजियम में 'वॉल ऑफ फिल्ममेकर्स' पर जगह दी गयी है?- **एसएस राजामौली**
- गोल्डन लायन फॉर करिअर अचीवमेंट पुरस्कार किसे दिया जायेगा- **जॉर्ज क्लूनी को**
- हाल ही में किस पूर्व भारतीय कप्तान को एडिनबर्ग में आईसीसी के वार्षिक सम्मेलन में 'आईसीसी हॉल ऑफ फेम' में शामिल किया गया?- **सौरव गांगुली**
- 'स्नेहबिलिटी राष्ट्रीय पुरस्कार-2026' से किसे सम्मानित किया गया है?- **डॉ. हेमंत गोयल को**
- 60वाँ ज्ञानपीठ पुरस्कार किसे प्रदान किया गया है?- **आर. वैरामुथु को**
- हाल ही में वर्ष 2026 का प्रतिष्ठित फील्ड्स मेडल किन्हें प्रदान किया गया है?- **हांग वांग, यू डेंग, जॉन पार्डन, जैकब त्सिमरमैन**
- 7-10 जुलाई, 2026 को एआई फॉर गुड ग्लोबल समिट-2026 का आयोजन कहां किया गया?- **जिनेवा, स्विट्जरलैंड**
- 14 से 17 जुलाई, 2026 को भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित भारत टेक्स 2026 का आयोजक कौन था?- **भारत टेक्स ट्रेड फेडरेशन द्वारा**
- केंद्र सरकार ने किसे नीति आयोग का मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया है?- **अनुराग जैन-**
- राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष का पदभार किसने ग्रहण किया है?- **हरजीत सिंह ग्रेवाल**
- भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने किसे सुप्रीम कोर्ट कानूनी सेवा समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया है?- **जस्टिस बी.वी. नागरत्ना-**
- हाल ही में किसे ब्रिटेन के प्रधानमंत्री के रूप में पदभार ग्रहण किया है?- **एंडी बर्नहैम**
- हाल ही में वेस्टइंडीज के किस पूर्व ऑलराउंडर का 89 वर्ष की आयु में निधन हुआ है?- **सर गैरी सोबर्स-**
- ऑपरेशन सदर्न रेडीनेस 26-2 का आयोजन कहां किया गया था?- **दक्षिणी नौसेना कमान, कोच्चि में**
- 1 जुलाई को आयोजित राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस-2026 का विषय क्या था?- **"मुखौटे के पीछे- चिकित्सकों का उपचार कौन करता है?"**
- आमा राष्ट्रपति आमा गौरव पुस्तक किस भाषा में लिखी गया है?- **ओडिया भाषा में**

Samyak
An Institute For Civil Services

क्लास 12th के बाद

# IAS & RAS

ग्रेजुएशन के साथ 2 & 3 वर्षीय कोर्स

OFFLINE & LIVE FROM CLASSROOM

# बैच प्रारम्भ

COURSE FEATURES

- विषय विशेषज्ञों द्वारा क्लासेज
- प्रिंटेड बुकलेट्स
- पर्सनल मेंटरशिप
- टेस्ट सीरीज
- लाइब्रेरी सुविधा

FREE 03 DAYS DEMO CLASSES

SAMYAK IAS, NEAR RIDDHI-SIDDHI, JAIPUR

9875170111

# राजस्थान परिदृश्य

## प्रधानमंत्री का राजस्थान दौरा और प्रमुख सौगातें

### एचपीसीएल-राजस्थान रिफाइनरी लिमिटेड का उद्घाटन-



- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 4 जुलाई, 2026 को बालोतरा जिले के पचपदरा में एचपीसीएल-राजस्थान रिफाइनरी लिमिटेड का उद्घाटन किया।
- यह भारत की पहली ग्रीनफील्ड इंटीग्रेटेड रिफाइनरी-सह-पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स है, जो एचपीसीएल और राजस्थान सरकार का संयुक्त उपक्रम है।
- **महत्वपूर्ण तथ्य-**
  - अवस्थित- पचपदरा, बालोतरा
  - वित्तीय निवेश- ₹79,459 करोड़
  - क्षमता- 9 मिलियन मीट्रिक टन प्रति वर्ष
  - पेट्रोकेमिकल क्षमता- 2.4 मिलियन मीट्रिक टन प्रति वर्ष एकीकृत उत्पादन क्षमता
  - उद्यम- संयुक्त उद्यम (हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड और राजस्थान सरकार)
  - हिस्सेदारी- एचपीसीएल (74 प्रतिशत) और राजस्थान सरकार (26 प्रतिशत)
  - यह भारत की प्रथम ग्रीनफील्ड एकीकृत रिफाइनरी-सह-पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स है।
  - **अन्य प्रमुख तथ्य-**
    - रिफाइनरी का इंडेक्स 17.0 है, जो वैश्विक स्तर पर बेहद उच्च श्रेणी की रिफाइनिंग दक्षता है।
    - यह रिफाइनरी राजस्थान के स्थानीय क्रूड (मंगला, भाग्यम, ऐश्वर्या फील्ड्स) और आयातित क्रूड के मिश्रण को एक साथ प्रोसेस करने के लिए अत्याधुनिक तकनीक से डिजाइन की गई है।
    - कुल रोजगार सृजन- इस परियोजना से लगभग 1 लाख 35 हजार रोजगार के अवसरों का सृजन हुआ है।
    - **प्रत्यक्ष रोजगार-** 35,000 श्रमिकों को प्रत्यक्ष रोजगार।
    - **अप्रत्यक्ष रोजगार-** अनुषंगी और सहायक क्षेत्रों में 1,00,000 रोजगार।
- इससे प्रदेश के MSME, पैकेजिंग, टेक्सटाइल, ऑटो पार्ट्स और एग्री-फिल्म्स जैसे क्षेत्रों को बड़े पैमाने पर कच्चा माल मिलेगा और औद्योगिक विकास तेज होगा।

## जोधपुर एयरपोर्ट के नए टर्मिनल भवन का उद्घाटन-

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 04 जुलाई, 2026 को जोधपुर एयरपोर्ट के नए टर्मिनल भवन का उद्घाटन किया तथा इस दौरान उन्होंने संशोधित उड़ान योजना का भी शुभारंभ किया।
- **जोधपुर एयरपोर्ट का नया टर्मिनल-**
  - लागत- 480 करोड़ रुपए
  - क्षेत्रगत विस्तार- 23 हजार वर्ग मीटर
  - यात्री क्षमता- प्रतिवर्ष 20 लाख
  - यह टर्मिनल भवन अत्याधुनिक यात्री सुविधाओं और राजस्थान की समृद्ध विरासत से प्रेरित वास्तुकला से निर्मित है।
  - इससे राज्य में बेहतर एयर कनेक्टिविटी, पश्चिमी राजस्थान में पर्यटन, व्यापार और रोजगार के अवसरों में वृद्धि होगी।
- **संशोधित उड़ान योजना-**
  - केंद्रीय मंत्रिमंडल की मंजूरी- मार्च, 2026
  - अवधि- वर्ष 2026-27 से 2035-36 (दस वर्ष)
  - व्यय- 28, 840 करोड़ रुपये
  - उद्देश्य- देश के टियर-2 और टियर-3 जैसे छोटे और दूरदराज़ के शहरों को हवाई नेटवर्क से जोड़ना।
  - संशोधित उड़ान योजना के तहत देश भर में विमानन अवसंरचना के विस्तार के लिए मौजूदा अप्रयुक्त हवाई पट्टियों से 100 हवाई अड्डों के विकास पर विशेष बल दिया गया है।
  - दूरस्थ और दुर्गम क्षेत्रों में पहुंच संबंधी चुनौतियों से निपटने के लिए 200 आधुनिक हेलीपैड का विकास किया जायेगा।

## जयपुर मेट्रो रेल परियोजना फेज-2 का वर्चुअल शिलान्यास-

- प्रधानमंत्री ने 4 जुलाई, 2026 को जयपुर मेट्रो रेल परियोजना फेज-2 का वर्चुअल शिलान्यास किया। प्रस्तावित फेज-2 उत्तर-दक्षिण दिशा में इस नेटवर्क को और विस्तार देगा।
- **जयपुर मेट्रो रेल परियोजना फेज-2**
  - विस्तार- 41 किलोमीटर/ प्रहलादपुरा से टोडी मोड़ तक
  - कुल स्टेशन- 36 स्टेशन
    - एलिवेटेड स्टेशन- 34 स्टेशन
    - अंडरग्राउंड स्टेशन- 2 स्टेशन
  - लागत- ₹13,037.66 करोड़ रुपये
  - परियोजना पूर्ण किए जाने की अवधि- सितंबर, 2031 तक
  - निर्माण एवं संचालन- राजस्थान मेट्रो रेल कॉपरिशन लिमिटेड द्वारा (भारत सरकार और राजस्थान सरकार की संयुक्त साझेदारी वाली कंपनी)
  - जयपुर मेट्रो परियोजना फेज-2 पूरा होने के बाद जयपुर का कुल मेट्रो नेटवर्क 50 किलोमीटर से अधिक हो जाएगा।
  - जयपुर में फेज-1 के तहत उत्तर-पश्चिम कॉरिडोर पर मानसरोवर से बड़ी चौपड़ तक 11.64 किलोमीटर लंबी मेट्रो सेवा संचालित है, जिसमें 11 स्टेशन हैं।



## नर्मदा अवार्ड के लंबित भुगतान के निपटारे पर समझौता-

- हाल ही में केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में नर्मदा अवार्ड के लंबित भुगतान के निपटारे पर समझौता हस्ताक्षरित हुआ।
- हस्ताक्षरकर्ता राज्य- राजस्थान, महाराष्ट्र, गुजरात और मध्य प्रदेश
- उद्देश्य- यह समझौता सरदार सरोवर परियोजना की निर्माण लागत में राज्यों की हिस्सेदारी से जुड़े लंबे समय से लंबित विवादों के अंतिम निपटारे (वन-टाइम सेटलमेंट) का मार्ग प्रशस्त करता है।
- इससे नर्मदा नदी के जल का बेहतर उपयोग सुनिश्चित हो सकेगा।

## राज्य की प्रमुख ऊर्जा परियोजनाओं का उद्घाटन-

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 4 जुलाई, 2026 को राज्य में ऊर्जा परियोजनाओं का उद्घाटन किया।
- **बीकानेर सौर ऊर्जा परियोजना-**
  - स्थापित- एसजेवीएन द्वारा
  - क्षमता- 1,000 मेगावाट क्षमता
  - लागत- 5 हजार 492 करोड़ रुपये
- **करणीसर सौर ऊर्जा संयंत्र (बीकानेर)**
  - स्थापित- एनएचपीसी द्वारा
  - क्षमता- 300 मेगावाट
  - लागत- 1 हजार 677 करोड़ रुपये
- इन दोनों ऊर्जा परियोजनाओं में स्वदेश निर्मित सोलर मॉड्यूल्स तथा स्वदेशी सोलर सेल्स का उपयोग किया गया है।

## राज्य की प्रमुख विद्युत प्रसारण प्रणालियों का उद्घाटन-

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 4 जुलाई, 2026 को राज्य की प्रमुख विद्युत प्रसारण प्रणालियों का उद्घाटन किया।
- **प्रमुख विद्युत प्रसारण प्रणाली जिनका उद्घाटन किया गया-**
  - राजस्थान आरईजेड फेज-3 भाग-एच से निर्मित विद्युत प्रसारण प्रणाली
  - राजस्थान आरईजेड फेज-4 भाग-एफ की 530 सर्किट किमी लंबी विद्युत प्रसारण प्रणाली।

## लाडो प्रोत्साहन योजना में दो से अधिक संतान की शर्त खत्म-

- हाल ही में राज्य सरकार ने लाडो प्रोत्साहन योजना में दो से अधिक संतान की बाध्यता को समाप्त कर दिया है। संशोधित योजनान्तर्गत मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों में पढ़ने वाली बालिकाओं और परिवारों की तीसरी संतान को भी योजना का लाभ दिया जायेगा।

### लाडो प्रोत्साहन योजना

**शुभारंभ**
1 अगस्त, 2024

**नोडल विभाग**
महिला अधिकारिता, महिला एवं बाल विकास विभाग

**पात्रता-**

- प्रसूता राजस्थान की मूल निवासी हो।
- राजकीय चिकित्सा संस्थान/जननी सुरक्षा योजना योजना के लिए अधिस्वीकृत निजी चिकित्सा संस्थान में जन्म लेने वाली बालिका

**उद्देश्य-**

- राज्य में बालिका के जन्म के प्रति सकारात्मक सोच एवं बालिका का समग्र विकास सुनिश्चित करना।
- संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देकर मातृ मृत्यु दर में कमी लाना।
- बालिका शिशु मृत्यु दर में कमी लाना एवं घटते शिशु लिंगानुपात को सुधारना।
- बालिकाओं का विद्यालयों में नामांकन एवं ठहराव सुनिश्चित करना।
- बालिकाओं की उच्च शिक्षा सुनिश्चित करना एवं बाल विवाह में कमी लाना।
- बालिकाओं के पालन-पोषण, शिक्षण व स्वास्थ्य के मामले में होने वाले लिंग-भेद को रोकना एवं बालिकाओं का बेहतर शिक्षण व स्वास्थ्य सुनिश्चित करना।

**लाभ-**

- योजना के अन्तर्गत लाभार्थियों को 7 किश्तो में 1.50 लाख रू. का भुगतान किया जाता है।

| किस्त | विवरण | देय राशि (रू.) |
|---|---|---|
| 1. | पात्र चिकित्सा संस्थानों में बालिका के जन्म पर | 2500 |
| 2. | बालिका की आयु एक वर्ष पूर्ण होने एवं समस्त टीकाकरण पर | 2500 |
| 3. | विद्यालय में प्रथम कक्षा में प्रवेश लेने पर | 4000 |
| 4. | विद्यालय में कक्षा 6 में प्रवेश लेने पर | 5000 |
| 5. | विद्यालय में कक्षा 10 में प्रवेश लेने पर | 11000 |
| 6. | विद्यालय में कक्षा 12 में प्रवेश लेने पर | 25000 |
| 7. | स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण करने एवं 21 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर | 1,00,000 |
| | **कुल** | **1,50,000** |

**विभागत भुगतान-**

- प्रथम दो किश्तों का भुगतान- चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग
- तीसरी से छठी किश्त तक का भुगतान- शिक्षा विभाग
- सातवीं किश्त का भुगतान- उच्च शिक्षा विभाग

**यह राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजना है।**

## विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय परिवार कल्याण पुरस्कारों का वितरण-

- राज्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने 11 जुलाई, 2026 को विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में परिवार कल्याण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले जिलों, पंचायतों, स्वास्थ्य संस्थानों और कार्मिकों को वर्चुअली सम्मानित किया।
- **राज्य स्तरीय परिवार कल्याण पुरस्कार सूची-2024-25-**
  - **संस्थागत एवं जिला स्तरीय पुरस्कार-**
    - प्रथम पुरस्कार - चित्तौड़गढ़ (₹18 लाख)
    - द्वितीय पुरस्कार - सीकर (₹11 लाख)
    - तृतीय पुरस्कार - कोटा (₹9 लाख)
    - चतुर्थ पुरस्कार - करौली (₹5 लाख)
  - **PPIUCD सेवाओं में उत्कृष्ट जिले-**
    - प्रथम पुरस्कार - बांसवाड़ा (₹4 लाख)
    - द्वितीय पुरस्कार - प्रतापगढ़ (₹3 लाख)
    - तृतीय पुरस्कार - नागौर (₹2 लाख)
  - **सर्वश्रेष्ठ पंचायत समिति श्रेणी में-**
    - प्रथम पुरस्कार - इटावा (जिला कोटा) (8 लाख)
    - द्वितीय पुरस्कार - बालोतरा पंचायत समिति (7 लाख)
    - तृतीय पुरस्कार - फलौदी (6 लाख)
    - चतुर्थ पुरस्कार - धौलपुर पंचायत समिति (2 लाख)
  - **सर्वश्रेष्ठ ग्राम पंचायत श्रेणी में-**
    - प्रथम पुरस्कार - हरराजपुरा (पंचायत समिति मसूदा, जिला ब्यावर) (5 लाख)
    - द्वितीय पुरस्कार - खेड़की वीरभान (कोटपूतली-बहरोड़) (4 लाख)
    - तृतीय पुरस्कार - ठीकरिया कलां (तालेड़ा, बूंदी) (3 लाख)
    - चतुर्थ पुरस्कार - भोजासर (भादरा, हनुमानगढ़) (1 लाख)
  - **सर्वश्रेष्ठ स्वास्थ्य संस्थान और गैर-सरकारी संगठन-**
    - राजकीय स्वास्थ्य संस्थान- PHC गेंता (कोटा), CHC नीमराणा (कोटपूतली-बहरोड़) और उप जिला चिकित्सालय रावतभाटा (चित्तौड़गढ़)/(प्रत्येक को ₹1 लाख)
    - निजी चिकित्सालय - राज अस्पताल, जोधपुर
    - गैर-सरकारी संगठन - अनशेड पैरामेडिकल फाउंडेशन (झालावाड़) एवं एफआरएचएस इंडिया (जयपुर)
  - **व्यक्तिगत श्रेणी के विजेता -**
    - सर्वाधिक नसबंदी प्रेरणा - आशा वर्मा (उप जिला चिकित्सालय, भवानीमंडी, झालावाड़), दो बच्चों तक नसबंदी के लिए सबसे ज्यादा प्रेरित करने हेतु प्रथम पुरस्कार।
    - सर्वश्रेष्ठ एएनएम - मधु श्रीवास्तव (बीकानेर) एवं सरिता कुमारी (जयपुर) को संयुक्त रूप से।
    - सर्वश्रेष्ठ आशा सहयोगिनी- कौशल्या देवी (हनुमानगढ़), आशा शर्मा (जयपुर) तथा संतोष देवी (अजमेर)।
    - सर्वश्रेष्ठ चिकित्सक - डॉ. साहब सिंह मीणा (एसडीएच, बयाना, भरतपुर) - राज्य में सर्वाधिक नसबंदी ऑपरेशन करने के लिए।
  - सर्वश्रेष्ठ आशावान ब्लॉक - तालेड़ा (बूंदी)
- राजस्थान की कुल प्रजनन दर वर्तमान में 2.1 है, जो जनसंख्या स्थिरीकरण के आदर्श राष्ट्रीय लक्ष्य के बिल्कुल बराबर है।

## राज्य में टेक्सटाइल सेल का गठन-

- राजस्थान के उद्योग एवं वाणिज्य विभाग द्वारा 'राजस्थान टेक्सटाइल एवं अपैरल नीति-2025' के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए एक समर्पित राज्य स्तरीय टेक्सटाइल सेल का गठन किया गया है।
- टेक्सटाइल सेल के मुख्य कार्य-
  - कपड़ा उद्योग की समस्याओं को दूर करने और नई तकनीकों को बढ़ावा देना।
  - औद्योगिक क्षेत्रों का जमीनी दौरा कर बाधाओं की पहचान करना।
  - उद्यमियों, निर्यातकों और उद्योग विशेषज्ञों के साथ निरंतर संवाद।
  - देश-विदेशी के प्रमुख कपड़ा केंद्रों की केस स्टडी और राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनियों में भागीदारी।
- इसके अलावा जिला स्तरीय टेक्सटाइल एक्सपोर्ट एक्शन प्लान तैयार किया गया है जिसके तहत 11 जिलों के लिए विशेष एक्शन प्लान तैयार किया गया है तथा जिलों को दो श्रेणियों में बांटा गया है-
  - चैंपियन जिले- सात जिले (अजमेर, भीलवाड़ा, जयपुर, बांसवाड़ा, चित्तौड़गढ़, जोधपुर एवं कोटा)
  - आकांक्षी जिले- चार जिले (श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, नागौर एवं चूरू)
- **राजस्थान के निर्यात में टेक्सटाइल सेक्टर का हिस्सा-**

| वर्ष 2024-25 | आंकड़े |
|---|---|
| राजस्थान से कुल निर्यात | ₹97,171 करोड़ से अधिक |
| टेक्सटाइल सेक्टर का हिस्सा | करीब ₹13,500 करोड़ |
| कुल निर्यात में टेक्सटाइल की हिस्सेदारी | 13% से अधिक |




## मुख्यमंत्री थार सीमा क्षेत्र विकास कार्यक्रम एवं डांग/मगरा/मेवात क्षेत्रीय विकास योजनाओं की राज्य स्तरीय बैठक-

- आयोजन तिथि- 13 जुलाई, 2026
- आयोजन स्थल- पंत कृषि भवन, जयपुर
- अध्यक्षता- कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री किरोड़ी लाल मीणा
- **मुख्यमंत्री थार सीमा क्षेत्र विकास कार्यक्रम**
  - प्रारंभ- वर्ष 2025-26 में
  - वित्तपोषण- राज्य
  - उद्देश्य- अंतर्राष्ट्रीय सीमा से लगे दूरस्थ एवं रणनीतिक क्षेत्रों का विकास करना।
- **मेवात क्षेत्र विकास कार्यक्रम-**
  - प्रारम्भ- वर्ष 1986-87 में
  - उद्देश्य- मेवात क्षेत्र के लोगों के लिए आधारभूत सुविधाओं तथा अतिरिक्त रोजगार के अवसरों का सृजन करना।
  - मेवात क्षेत्र- अलवर, खैरथल-तिजारा, डीग जिलों के 14 ब्लॉक के 807 गाँव शामिल।
- **मगरा क्षेत्र विकास कार्यक्रम-**
  - प्रारम्भ- वर्ष 2005-06 में
  - उद्देश्य- मगरा क्षेत्र के निवासियों के आर्थिक एवं सामाजिक स्तर में सुधार करना।
  - वर्तमान में यह 5 जिलों के 1,746 गांवों में क्रियान्वित किया जा रहा है।
  - मगरा क्षेत्र- पहाड़ी क्षेत्र से घिरा राजस्थान का दक्षिणी-मध्य भाग (ब्यावर, भीलवाड़ा, पाली, चित्तौड़गढ़, एवं राजसमन्द) जो जनजाति क्षेत्रीय विकास के अन्तर्गत नहीं आता है।
- **डांग क्षेत्र विकास कार्यक्रम-**
  - कार्यक्रम का पुनः प्रारम्भ- वर्ष 2005-06 में
  - उद्देश्य- इस क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं का विकास एवं सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देना।
  - यह कार्यक्रम 8 जिलों (सवाई माधोपुर, करौली, धौलपुर, बारां, झालावाड़, भरतपुर, कोटा एवं बून्दी) के 2,192 गांवों को शामिल किया गया है।
  - डांग क्षेत्र- बीहड़ क्षेत्र तथा संकुचित घाटी युक्त दस्यु ग्रस्त तथा पिछड़े हुए क्षेत्र।

## "खिलौना बैंक" "प्रवेशोत्सव एवं वृक्षारोपण" कार्यक्रम का समापन-

- 1 जुलाई, 2026 को प्रदेश के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों पर आयोजित "खिलौना बैंक" "प्रवेशोत्सव एवं वृक्षारोपण" कार्यक्रम का समापन हुआ। इस कार्यक्रम का आयोजन 24 जून से 1 जुलाई, 2026 के मध्य किया गया था। इसका उद्देश्य आंगनबाड़ी केंद्र पर 3-6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शाला पूर्व शिक्षा उपलब्ध कराना था।

## ई-मित्र वॉट्सएप सेवा का शुभारम्भ-

- 1 जुलाई, 2026 को राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस सम्मेलन में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने ई-मित्र वॉट्सएप सेवा का शुभारम्भ किया।
- इस पहल के तहत नागरिक मोबाइल से वॉट्सएप मैसेज भेजकर 27 डिजिटल सेवाएं प्राप्त कर सकेंगे।
- इन सेवाओं को चार श्रेणियों में विभाजित किया गया है-
    - आवेदन सेवाएं- जाति प्रमाण पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र, EWS सर्टिफिकेट, राजस्थान पुलिस चरित्र प्रमाण पत्र और दिव्यांग पेंशन के लिए आवेदन।
    - डाउनलोड सेवाएं- दस्तावेज को सीधे डाउनलोड किए जा सकेंगा।
    - भुगतान सेवाएं- बिजली का बिल, पानी का बिल, महिला निधि और ईएमआई (EMI) का भुगतान।
    - अन्य ऑनलाइन सेवाएं- कक्षा 5वीं और 8वीं का रिजल्ट, IRCTC PNR स्टेटस और पुलिस विभाग की ऑनलाइन सेवाएं।

## राज्यस्तरीय किसान सम्मान समारोह का आयोजन-

- राज्य में सहकार सप्ताह के तहत 2 जुलाई, 2026 को अपेक्स बैंक सभागार (जयपुर) में राज्यस्तरीय किसान सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।
- यह कार्यक्रम सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे 'सहकार से समृद्धि' कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य सहकारी संस्थाओं में नए नवाचारों और योजनाओं के माध्यम से समृद्धि लाना था। इस सम्मान समारोह के तहत सहकारिता मंत्री द्वारा प्रगतिशील किसान श्रेणी, ग्राम सेवा सहकारी समितियों के अध्यक्ष की श्रेणी और ग्राम सेवा सहकारी समितियों के व्यवस्थापक की श्रेणी में सम्मान प्रदान किये गये।

## अलवर वन मंडल में निर्मित होंगे दो नए वन मंडल-

- अलवर वन मंडल से अब खैरथल-तिजारा और कोटपूतली-बहरोड़ दो नए वन मंडल बनेंगे। वन मंडलों के पुनर्गठन के बाद अलवर वन मंडल में केवल 4 रेंज (7 रेंज के बजाय) ही शेष रहेंगी।
- नया वन मंडल बनने से वन क्षेत्रों का प्रशासनिक दायरा कम होगा जिससे मॉनिटरिंग, वन संपदा के संरक्षण और कार्यालयी कार्यों में तेजी आएगी।

## बीकानेर में बनेगा सोलर-बैटरी पार्क, पूगल प्रोजेक्ट को RERC की मंजूरी-

- राजस्थान विद्युत विनियामक आयोग (आरईआरसी) ने बीकानेर के पूगल सोलर पार्क में 2450 मेगावाट सोलर प्लांट और 1600 मेगावाट/6, 400 मेगावाट घंटा क्षमता वाले बैटरी ऊर्जा भंडारण सिस्टम लगाने को मंजूरी प्रदान की है।
- पूगल मेगा सोलर-बैटरी प्रोजेक्ट प्रदेश का सबसे बड़ा सोलर व स्टोरेज पार्क होगा। यह पूरा प्रोजेक्ट वर्ष 2028 तक बनकर तैयार होगा

## राज्य में परमाणु खनिज के लिए भूमि आरक्षित-

- हाल ही में उदयपुर जिले में परमाणु खनिजों के मिलने की संभावना के मद्देनजर राज्य के खान एवं पेट्रोलियम विभाग ने उदयपुर की भींडर तहसील के 10 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र को अगले 5 साल के लिए पूर्णत: रिजर्व कर दिया है।
- इस रिजर्व क्षेत्र में केवल 'परमाणु खनिज अन्वेषण एवं अनुसंधान निदेशालय' ही विस्तृत सर्वे और खोज का काम करेगा।
- Note- उदयपुर के इस विशेष बेल्ट में कार्बोनेटाइट चट्टानें पाई जाती हैं, जिनमें प्राकृतिक रूप से यूरेनियम, थोरियम और अन्य महत्वपूर्ण रेडियोधर्मी पदार्थों की सांद्रता होने की उच्च संभावना होती है।

## सहकार वन' का ई-भूमि पूजन-

- राज्य में सहकारिता मंत्रालय के 5वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 'सहकार वन' परियोजना के तहत 'सहकार वन' का ई-भूमि पूजन किया गया है।
- यह वन जयपुर के सुमेल गांव में 64 एकड़ भूमि पर विकसित किया जाएगा। इसमें मियावाकी वृक्षारोपण तकनीक और पारंपरिक सामान्य वृक्षारोपण तकनीक दोनों का उपयोग किया जाएगा तथा स्थानीय जलवायु के अनुकूल खेजड़ी, रोहिड़ा और नीम जैसे पेड़ लगाए जाएंगे।

## सहकारिता मंत्रालय के 5वां स्थापना दिवस पर राजस्थान को सौगात-

- राजस्थान राज्य को सहकारिता मंत्रालय के 5वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य पर निम्न सौगाते हुई-
    - 10 नए अन्न भंडारण गोदामों का शिलान्यास।
    - 50 निर्मित गोदामों का लोकार्पण।
    - 100 गोदामों का राज्य भंडारण निगम को हस्तांतरण।

## झालाना में आधुनिक मैकेनाइज्ड ट्रांसफर स्टेशन का शुभारंभ-

- नगर निगम जयपुर द्वारा 08 जुलाई, 2026 को झालाना में आधुनिक मैकनाईज्ड ट्रांसफर स्टेशन का शुभारंभ किया गया।
- यह स्टेशन ठोस कचरा प्रबंधन एवं स्वच्छता में सहायक है।
- स्टेशन की विशेषताएं-
    - इसकी क्षमता 150 टन प्रति दिवस है। यह स्टेशन बोट (बिल्ड-ऑपरेट-ट्रांसफर) मॉडल पर बनाया गया है।
    - इसमें 3 नग रिफ्यूज काम्पेक्षन यूनिट, 5 नग हुक लोडर वाहन तथा 7 नग कन्टेनर है।
    - वार्डो से आने वाले समस्त वाहनों के वजन के लिये तुलाचौकी लगाया गया है।
- वर्तमान में मालवीय नगर जोन के डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण वाहनों के लिये झालाना में 100 टन प्रति दिवस (100 TPD) का मैकेनाइज्ड ट्रांसफर स्टेशन संचालित है।

## राजस्थान होमस्टे (पेइंग गेस्ट हाउस) योजना-2026 में संशोधन-

- राजस्थान सरकार ने 7 जुलाई, 2026 को राजस्थान होमस्टे (पेइंग गेस्ट हाउस) योजना-2026 में संशोधन किये है।
- इन संशोधनों का उद्देश्य राज्य में पर्यटन क्षेत्र में 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' और डिजिटल गवर्नेंस को बढ़ावा देना है।
- **संशोधन-**
  - होमस्टे (पेइंग गेस्ट हाउस) के पंजीकरण एवं नवीनीकरण की प्रक्रिया को पूरी तरह ऑनलाइन कर दिया गया है।
  - ऑनलाइन आवेदन किये जाने और दस्तावेजों के पूर्ण होने की स्थिति में 7 दिनों के भीतर अस्थायी पंजीकरण प्रदान किया जाएगा।
  - **पंजीकरण मानदंडो में किये गए बदलाव-**

| मानदंड | पूर्व प्रावधान | नवीन प्रावधान |
|---|---|---|
| अधिकतम कमरों की संख्या | अधिकतम 5 कमरे | अधिकतम 8 कमरे |
| आवास मालिक की अनिवार्यता | मकान मालिक का रहना अनिवार्य था | मकान मालिक के रहने की अनिवार्यता समाप्त |
| संचालन का माध्यम | स्वयं द्वारा संचालन अनिवार्य | केयरटेकर के माध्यम से संचालन संभव |

- **राजस्थान होमस्टे (पेइंग गेस्ट हाउस) योजना-2026**
  - प्रारम्भ- फरवरी, 2026
  - विभाग/मंत्रालय- पर्यटन विभाग, राजस्थान सरकार
  - **उद्देश्य-**
    - पर्यटन का विकेंद्रीकरण करना
    - पर्यटकों को किफायती दरों पर सुरक्षित और घर जैसा आरामदायक वातावरण उपलब्ध कराना।
    - स्थानीय निवासियों, विशेषकर ग्रामीण परिवारों, छोटे निवेशकों और महिला उद्यमियों के लिए आजीविका व स्वरोजगार के नए अवसर पैदा करना।

## जीरो फेटेलिटी डिस्ट्रिक्ट एक्शन प्लान-

- हाल ही में कोटा-बूंदी क्षेत्र में सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों को शून्य के करीब लाने के लिए जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया।
- यह प्लान या पहल लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के निर्देशों पर शुरू हुआ है, जिसका उद्देश्य कोटा-बूंदी को देश का पहला 'जीरो फेटेलिटी संसदीय क्षेत्र' बनाना है। इस प्लान के निर्माण और क्रियान्वयन में 'सेव लाइफ फाउंडेशन' जिला प्रशासन का सहयोग करेगी।

## राजस्थान और इंटरनेशनल सोलर अलायंस के बीच ऐतिहासिक समझौता-

- हाल ही में राजस्थान सरकार और इंटरनेशनल सोलर अलायंस ने 8 जुलाई, 2026 को 'फ्रेमवर्क फॉर एक्शन-एडवांस क्लीन एनर्जी, ड्रिवन सस्टेनेबल डवलपमेंट' नामक ऐतिहासिक समझौते पर हस्ताक्षर किए है।
- **समझौता** - Framework for Action - Advanced Clean Energy, Driven Sustainable Development
- हस्ताक्षरकर्ता- राज्य की ऊर्जा सचिव सुश्री आरती डोगरा एवं आईएसए के महानिदेशक आशीष खन्ना
- राजस्थान विश्व का पहला ऐसा प्रांत/राज्य है जिसके साथ इंटरनेशनल सोलर अलायंस ने इस प्रकार का फ्रेमवर्क फॉर एक्शन हस्ताक्षरित किया है।
- **समझौते के मुख्य उद्देश्य-**
  - राजस्थान के लिए वर्ष 2030-35 की भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए एक व्यापक प्लान तैयार किया जाएगा।
  - सौर ऊर्जा के बढ़ते हिस्से को ग्रिड में सही तरीके से समाहित करने के लिए एनर्जी स्टोरेज (भंडारण), डिमांड साइड मैनेजमेंट, डिजिटलाइजेशन और स्मार्ट ग्रिड जैसे उपाय किए जाएंगे।
- समझौते के अंतर्गत अजमेर विद्युत वितरण निगम में 'डिजिटल ट्विन तकनीक' पर आधारित एक पायलट परियोजना भी प्रारम्भ की जाएगी।
- **इंटरनेशनल सोलर अलायंस (ISA)**
  - स्थापना- वर्ष 2015 में पेरिस में
  - मुख्यालय- गुरुग्राम, हरियाणा
  - सदस्य- 128 देश
  - यह एक वैश्विक अंतरराष्ट्रीय संगठन है जो सौर ऊर्जा के तेजी से विस्तार को सुनिश्चित करने के लिए समर्पित है।
  - इसे भारत और फ्रांस की संयुक्त पहल के रूप में पेरिस जलवायु सम्मेलन के दौरान स्थापित किया गया था।

## वाणिज्यिक कर विभाग ने फेसलेस एवं रैंडमाइज्ड स्क्रूटनी व्यवस्था लागू की-

- हाल ही में राज्य सरकार ने वाणिज्यिक कर विभाग में 'फेसलेस एवं रैंडमाइज्ड स्क्रूटनी व्यवस्था' लागू की है। इस व्यवस्था के तहत कर विवरणियों की स्क्रूटनी के लिए मामलों का चयन और आवंटन पूरी तरह से कंप्यूटर आधारित रैंडम प्रणाली द्वारा किया जाएगा।
- इससे करदाताओं और विभागीय अधिकारियों के बीच सीधा संपर्क समाप्त होगा और पूरी प्रक्रिया अधिक निष्पक्ष तथा पारदर्शी बनेगी।

## केंद्रीय सड़क परिवहन एवं मंत्री के राजस्थान दौरे के दौरान प्रदेश को मिली नवीन सौगात-

- हाल ही में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं मंत्री नितिन गडकरी ने 8 जुलाई, 2026 को राजस्थान दौरे के दौरान प्रदेश को राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की सौगात प्रदान की।

- **प्रमुख सौगात-**
    - लिंक रोड (एनएच-52 से मुकुंदरा)- मुकुंदरा वाइल्ड लाइफ़ सेंचुरी को बाईपास करते हुए एनएच-52 को 8-लेन दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे से जोड़ने के लिए लिंक का निर्माण किया जाएगा। इसकी अनुमानित लागत लगभग ₹550 करोड़ है।
    - ग्रीनफील्ड संपर्क मार्ग- कोटा को वाया बालापुरा दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे से जोड़ने के लिए 21 किलोमीटर लंबा, 4-लेन ग्रीनफील्ड संपर्क मार्ग का निर्माण किया जाएगा।
    - अटल एक्सप्रेसवे (पूर्व प्रस्तावित चंबल एक्सप्रेस हाइवे)- कोटा से इटावा तक चंबल नदी के समानांतर एक नए एक्सप्रेसवे का निर्माण किया जाएगा।

## राज्य में अन्य पिछड़ा वर्ग परिवारों का सर्वेक्षण-

- हाल ही में राजस्थान राज्य अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग द्वारा राज्य में अन्य पिछड़ा वर्ग के राजनीतिक प्रतिनिधित्व के संबंध में समसामयिक एवं अनुभवजन्य अध्ययन किया गया।
- सर्वेक्षण का उद्देश्य-
    - राज्य में ओबीसी की वर्तमान सामाजिक, शैक्षणिक, आर्थिक, जनसांख्यिकीय और विशेष रूप से स्थानीय निकायों में राजनीतिक प्रतिनिधित्व से जुड़े सटीक व अद्यतन आंकड़े जुटाना।
    - इसके आधार पर आयोग राज्य सरकार को विधिसम्मत एवं वैज्ञानिक अनुशंसाएँ प्रस्तुत करेगा।
- सर्वेक्षण की अवधि-
    - 10 जुलाई से 23 जुलाई, 2026 तक
- सर्वेक्षण कार्य को डिजिटल और पारदर्शी बनाने के लिए आयोग द्वारा विशेष रूप से 'राजधारा सर्वे मोबाइल ऐप' विकसित किया गया है।

## '100 आइकन्स ऑफ राजस्थान' पहल-

- हाल ही में उद्योग एवं वाणिज्य विभाग द्वारा '100 आइकन्स ऑफ राजस्थान' पहल शुरू की है। इस पहल का उद्देश्य राज्य के आर्थिक, औद्योगिक एवं सामाजिक विकास में उल्लेखनीय योगदान देने वाले प्रेरणादायी व्यक्तित्वों की पहचान कर उन्हें सम्मानित करना है।
- इस पहल के तहत प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 100 विशिष्ट व्यक्तियों का चयन किया जाएगा। इसमें 55 वर्ष से कम आयु की 55 महिलाओं तथा 45 वर्ष से कम आयु के 45 पुरुषों का चयन किया जाएगा।

## शिक्षा विभाग और पिरामल फाउंडेशन के बीच एमओयू-

- 16 जुलाई, 2026 को शिक्षा विभाग और पिरामल फाउंडेशन के बीच एमओयू हस्ताक्षरित हुआ।
- हस्ताक्षरित एमओयू का उद्देश्य- प्रदेश की स्कूली शिक्षा प्रणाली को नवीन तकनीकीयुक्त और भविष्योन्मुख जैसे महत्वपूर्ण सुधार करना।
- इसके जरिए कक्षा 8 से 12 तक के विद्यार्थियों के लर्निंग आउटकम में उल्लेखनीय सुधार लाना और पीएएल डैशबोर्ड के माध्यम से डेटा और डेटाबेस गवर्नेंस को भी पहले से कहीं अधिक मजबूत और व्यवस्थित किया जाएगा।
- इस एमओयू के अंतर्गत पिरामल फाउंडेशन टेक्निकल सपोर्ट यूनिट के रूप में काम कर राज्य में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं पर्सनलाइज्ड एडेप्टिव लर्निंग आधारित डिजिटल शिक्षा को सुदृढ़ करने के लिए तकनीकी सहयोग प्रदान करेगा।

## विधान गौरव यात्रा- भूतपूर्व एवं वर्तमान सदस्यों का सम्मेलन-




- आयोजन तिथि- 15 जुलाई, 2026
- आयोजन स्थल- राजस्थान विधान सभा
- यह राजस्थान विधान सभा 75वें स्थापना वर्ष के उपलक्ष्य में अमृत महोत्सव के अंतर्गत आयोजित हुआ।
- अध्यक्षता- वासुदेव देवनानी (राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष)
- उद्देश्य- विधायकों को एक साझा मंच प्रदान करना, पुरानी यादों को ताज़ा करना और युवा प्रतिनिधियों को वरिष्ठ जनसेवकों के अनुभवों से लाभान्वित करना।
- इस सम्मेलन के समापन समारोह में भारत के उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।
- **राजस्थान विधानसभा के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित होंने वाले कार्यक्रम-**
    - कुल कार्यक्रम- चार (यह एक वर्ष तक चलने वाले अमृत महोत्सव के तहत समर्पित होंगे।)

### कार्यक्रम-

- प्रथम कार्यक्रम- जुलाई माह में विधान गौरव यात्रा- भूतपूर्व एवं वर्तमान सदस्यों का सम्मेलन के रूप में आयोजित हुआ।

- दूसरा कार्यक्रम- अक्टूबर माह में, देशभर की महिला विधायकों का सम्मेलन होगा।
- तृतीय कार्यक्रम- जनवरी माह में, युवाओं को संसदीय शिष्टाचार के बारे में जानकारी देनें के लिए सम्मेलन होगा।
- चतुर्थ कार्यक्रम- यह समापन समारोह के रूप में होगा जिसमें देशभर के विधायी नेतृत्व की सहभागिता होगी।

- इस विशेष आयोजन में 410 जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। इसमें 237 पूर्व विधायक, 163 वर्तमान विधायक और 10 अन्य ऐसे पूर्व विधायक भी शामिल हुए जिन्होंने इस कार्यक्रम में अपना पंजीकरण नहीं कराया था।

## सुर्ख़ियों में- पंच गौरव कार्यक्रम-

- 17 जुलाई, 2026 को मुख्य सचिव श्री वी. श्रीनिवास की अध्यक्षता में पंच गौरव कार्यक्रम की प्रगति और दिशा-निर्देशों पर समीक्षा बैठक आयोजित हुई। इस बैठक पंच गौरव कार्यक्रम प्रगति के प्रभावी मूल्यांकन के लिए तीन चरणों में मापनी लक्ष्य तय किये गये-
  - समयावधि और लक्ष्य (वर्ष 2024-25 को आधार वर्ष मानते हुए)-

| समयावधि | लक्षित वर्ष | उद्देश्य |
|---|---|---|
| अल्पकालीन | वर्ष 2026-27 | प्राथमिक और त्वरित विकास कार्यों को गति देना। |
| मध्यकालीन | वर्ष 2029-30 | मध्यावधि विकास संकेतकों का सतत मूल्यांकन। |
| दीर्घकालीन | वर्ष 2047 | जिले के समग्र रूपांतरण और दीर्घकालिक कार्ययोजना की नींव। |

इस कार्यक्रम के लिए विभिन्न विभागों विशेष कोषों जैसे MPLAD (सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना), MLALADS (विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास योजना), DMFT (डिस्ट्रिक्ट मिनरल फाउंडेशन ट्रस्ट), CSR और उद्योग संगठनों का सहयोग का उपयोग लेने के निर्देश दिए गये।

## राजस्थान को आठ पुनर्विकसित अमृत स्टेशनों की सौगात-

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 17 जुलाई, 2026 को पंजाब के जालंधर से 20 राज्यों के 75 पुनर्विकसित अमृत स्टेशनों को राष्ट्र को समर्पित किया।
- इन पुनर्विकसित अमृत स्टेशनों में राजस्थान के आठ अमृत स्टेशन है जो निम्न है-

1. गोटन अमृत स्टेशन
2. डीग अमृत स्टेशन
3. सोमेसर अमृत स्टेशन
4. दौसा अमृत स्टेशन
5. खैरथल अमृत स्टेशन
6. बाड़मेर अमृत स्टेशन
7. जैसलमेर अमृत स्टेशन
8. गंगापुर सिटी अमृत स्टेशन

- **राजस्थान में रेलवे के सन्दर्भ में तथ्य-**
  - राजस्थान में रेलवे के लिए वर्ष 2026-27 में 10 हजार 228 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता का प्रावधान किया गया है।
  - राजस्थान में 5 जोड़ी वंदे भारत एक्सप्रेस सेवाएं संचालित हो रही हैं।
  - राजस्थान में 4 हजार 623 करोड़ रुपये की लागत से 85 स्टेशनों का विकास किया जा रहा है।
  - राजस्थान में जयपुर से दरभंगा अमृत भारत एक्सप्रेस सेवा प्रारम्भ की गई है।
  - खातीपुरा में 205 करोड़ रुपये की लागत से 205 करोड़ रुपये की लागत से मेगा कोचिंग टर्मिनल शुरू हुआ है।

## जल जीवन मिशन 2.0 के लिए राजस्थान को 537 करोड़ रुपए की वित्तीय स्वीकृत-

- भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय ने जल जीवन मिशन 2.0 के अंतर्गत राजस्थान को ₹537.70 करोड़ से अधिक की केंद्रीय सहायता राशि स्वीकृत की है। यह राशि राज्य को प्रथम चरण की समाप्ति एवं द्वितीय चरण के प्रारंभ के बीच अपने संसाधनों से किए गए अतिरिक्त व्यय की प्रतिपूर्ति के रूप में प्राप्त होगी।
- केंद्रीय सहायता का वर्गवार आवंटन (₹537.70 करोड़)-
  - सामान्य क्षेत्र - ₹307.45 करोड़
  - अनुसूचित जाति घटक - ₹177.73 करोड़
  - अनुसूचित जनजाति घटक - ₹52.52 करोड़
- Note- केंद्र एवं राज्य सरकार की 50:50 भागीदारी से संचालित इस योजना की अवधि को केंद्र सरकार द्वारा दिसंबर, 2028 तक बढ़ा दिया गया है।

## निवेश अनुकूलता सूचकांक में राजस्थान का प्रदर्शन-

- नीति आयोग द्वारा जारी निवेश अनुकूलता सूचकांक में राजस्थान को विभिन्न श्रेणियों में अलग-अलग स्थान प्राप्त हुए है।
  - समग्र रैंकिंग - 10वां स्थान
  - बड़े राज्यों की श्रेणी में - 8वां स्थान (अग्रणी राज्य)
  - नियामकीय सुगमता - 2वां स्थान।
  - निवेश प्रोत्साहन नीतियां - 3वां स्थान।
  - संसाधन - बड़े राज्यों में 5वां स्थान

## मुख्यमंत्री युवा सुयोग का शुभारंभ कार्यक्रम-

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 21 जुलाई, 2026 को मुख्यमंत्री निवास पर मुख्यमंत्री युवा सुयोग का शुभारंभ किया।
- यह कार्यक्रम खेल-खेल में युवाओं को राष्ट्र निर्माण, खेल और कौशल विकास से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इसमें क्रिकेट, वॉलीबॉल, कबड्डी और फुटबॉल जैसे सामूहिक खेलों के माध्यम से प्रदेश की प्रत्येक पंचायत और वार्ड में युवा नेतृत्व विकसित होगा और वे अपनी प्रतिभा के अनुरूप आगे बढ़ेंगे।

- जिला स्तर पर 'सुयोग युवा क्लब' बनाए जाएंगे, जो सीधे पंचायत और वार्ड स्तर के क्लबों से जुड़ेंगे। इसकी शुरुआत बगरू विधानसभा क्षेत्र और बारां जिले से पायलट प्रोजेक्ट के रूप में की जा रही है।

## जोधपुरी मोजरी को मिला जीआई टैग-



- जोधपुर की पारंपरिक एवं विश्व प्रसिद्ध 'मोजरी क्राफ्ट ऑफ जोधपुर' को भौगोलिक संकेतक (जीआई टैग) प्रदान किया गया है।
- जीयोग्राफिकल इंडिकेशन रजिस्ट्री ने इसके लिए प्रमाण पत्र जोधपुर हैंडीक्राफ्ट एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन तथा ग्राम विकास सेवा संस्थान को प्रदान किया।
- वर्तमान में जोधपुर मोजरी एवं लेदर उत्पादों का घरेलू बाजार लगभग 100 करोड़ रुपए का है, जबकि करीब 10 करोड़ रुपए का निर्यात किया जा रहा है।

## राजस्थान के जीआई टैग प्राप्त उत्पाद-

| नाम | गुड्स | स्थान |
|---|---|---|
| बगरू प्रिंट | हैंडिक्राफ्ट | जयपुर |
| बीकानेरी भुजिया | फूड | बीकानेर |
| ब्लू पॉटरी | हैंडिक्राफ्ट | जयपुर |
| ब्लू पॉटरी (लोगो) | हैंडिक्राफ्ट | जयपुर |
| कठपुतली | हैंडिक्राफ्ट | राजस्थान |
| कठपुतली (लोगो) | हैंडिक्राफ्ट | राजस्थान |
| कोटा डोरिया | हैंडिक्राफ्ट | कोटा |
| कोटा डोरिया (लोगो) | हैंडिक्राफ्ट | कोटा |
| मकराना संगमरमर | हैंडिक्राफ्ट | नागौर |
| मोलेला मिट्टी कला | हैंडिक्राफ्ट | नाथद्वारा |
| मोलेला मिट्टी कला (लोगो) | हैंडिक्राफ्ट | नाथद्वारा |
| फुलकारी | हैंडिक्राफ्ट | |
| सांगानेरी प्रिंट | हैंडिक्राफ्ट | जयपुर |
| थेवा कला | हैंडिक्राफ्ट | प्रतापगढ़ |
| पोकरण पॉटरी | हैंडिक्राफ्ट | जैसलमेर |
| सोजत मेहँदी | एग्रीकल्चरल | पाली |
| पिछवाई कला | हैंडिक्राफ्ट | नाथद्वारा |
| जोधपुरी बंधेज | हैंडिक्राफ्ट | जोधपुर |
| कोफ्तगिरी | हैंडिक्राफ्ट | उदयपुर |
| उस्ता कला | हैंडिक्राफ्ट | बीकानेर |
| कशीदाकारी क्राफ्ट | हैंडिक्राफ्ट | बीकानेर |
| सांगरी | फूड स्टफ | राजस्थान |
| नागौरी अश्वगंधा | एग्रीकल्चरल | नागौर |
| जोधपुरी मोजरी | हैंडिक्राफ्ट | जोधपुर |

## भौगोलिक संकेतक (जी.आई.) टैग-

- यह किसी क्षेत्र के उत्पाद की विशिष्ट भौगोलिक उत्पत्ति, गुणवत्ता और प्रतिष्ठा का आधार या गारंटी है जो बौद्धिक संपदा अधिकार के रूप में है।
- यह टैग 10 वर्षों के लिए मान्य होता है।

## सहकारी भण्डारों को प्रदान की गयी रैंकिंग-

- सहकारिता विभाग के शासन सचिव डॉ. समित शर्मा ने 22 जुलाई, 2026 को घोषणा की है कि विभाग प्रति माह 9 बिन्दुओं के आधार पर सभी जिला सहकारी उपभोक्ता होलसेल भण्डारों की रैंकिंग जारी करेगा तथा वर्ष के अन्त में सर्वश्रेष्ठ भण्डारों को सम्मानित किया जायेगा।
- **वर्तमान मासिक रैंकिंग और स्थान-**
  - उत्कृष्ट श्रेणी (Top 10)- अजमेर, बीकानेर, कोटा, उदयपुर, बाड़मेर, भरतपुर, जोधपुर, कॉनफेड जयपुर, ब्यावर और हनुमानगढ़।
  - बहुत अच्छा श्रेणी- 7 भण्डार
  - अच्छा श्रेणी- 8 भण्डार
  - संतोषजनक श्रेणी- 7 भण्डार
  - असंतोषजनक श्रेणी- 2 भण्डार

## डी-रेगुलेशन फेज-1 की मासिक इम्पैक्ट एसेसमेंट स्टडी रिपोर्ट (जून माह)-

- 17 जुलाई, 2026 को मुख्य सचिव कार्यालय के तहत गठित 'डी-रेगुलेशन सेल' ने जून माह की मासिक इम्पैक्ट एसेसमेंट रिपोर्ट जारी की है।
- **रिपोर्ट के निष्कर्ष-**
  - जून माह में रियल एस्टेट, नवीकरणीय ऊर्जा, टेक्स्टाइल, पर्यटन, तथा रत्न एवं आभूषण क्षेत्रों में ₹1.03 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए।

- **अग्रणी जिले-** शीर्ष निवेश केंद्र- जयपुर, जोधपुर, अजमेर एवं कोटा।
  - तेजी से उभरते जिले- डीडवाना-कुचामन, सिरोही, ब्यावर, करौली और फलोदी में स्वीकृत आवेदनों में पिछले माह की तुलना में 50% से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई।
- औद्योगिक इकाइयों की तकनीकी और संचालनात्मक भूमिकाओं में 26% से 32% महिला कार्यबल की भागीदारी दर्ज की गई है।
- **डी-रेगुलेशन सेल-**
  - यह विशेष प्रशासनिक प्रकोष्ठ है।
  - यह मुख्य सचिव कार्यालय के अंतर्गत गठित है।
  - उद्देश्य-
    - राज्य में व्यापार सुगमता को बढ़ावा देना।
    - राजनिवेश पोर्टल के माध्यम से मंजूरियों में तेजी लाना।
    - उद्यमियों तथा नागरिकों पर से अनावश्यक प्रशासनिक अनुपालन के बोझ को कम करना।

## राजस्थान में बने सर्वाधिक लम्बाई के नेशनल एक्सप्रेस-वे-

- राजस्थान नेशनल हाई-स्पीड कॉरिडोर और ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे के निर्माण से सबसे अधिक लाभान्वित हुआ है।
- प्रदेश में 1 हजार 192 किलोमीटर लम्बाई के एक्सप्रेसवे का निर्माण हुआ है, यह देश के किसी भी अन्य राज्य से अधिक है।
- यह जानकारी केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री ने राज्यसभा में एक लिखित उत्तर में उल्लेखित की है।

## राजस्थान अंगदान संकल्प अभियान में देश में दूसरे स्थान पर-

- राष्ट्रीय स्तर पर राजस्थान पूरे देश में अंगदान संकल्प अभियान में दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। 22 जुलाई 2026 तक प्रदेश में 1,08,904 नागरिकों ने अंगदान का संकल्प लिया है।

- **शीर्ष स्थान महाराष्ट्र**
- जिलों का प्रदर्शन- कुल संकल्पों के आधार पर शीर्ष जिले-

1. झुंझुनूं - 13,619 (प्रथम स्थान)
2. हनुमानगढ़- 12,828
3. चूरू - 10,780
4. जयपुर - 8,152
5. अजमेर - 6,722

## राजस्थान में 1 लाख रुपये या उससे अधिक की साइबर ठगी में स्वतः दर्ज होगी ई-जीरो एफआईआर-

- राजस्थान पुलिस नें राजस्थान में ₹1 लाख या उससे अधिक की साइबर वित्तीय ठगी पर शिकायत दर्ज होने पर स्वतः ई-जीरो एफआईआर दर्ज होने को मंजूरी प्रदान की है। यह व्यवस्था 23 जुलाई 2026 से पूरे राजस्थान में लागू कर दी गई है।
- पहले ई-एफआईआर की यह सीमा ₹5 लाख थी, जिसे अब घटाकर ₹1 लाख कर दिया गया है ताकि अधिक से अधिक पीड़ित इसका लाभ उठा सकें।
- शिकायत दर्ज होते ही पुलिस बिना शिकायतकर्ता के भौतिक हस्ताक्षर का इंतजार किए बैंक खातों को फ्रीज करने, संदिग्ध राशि होल्ड कराने, CDR/IPDR और CCTV फुटेज जुटाने की कार्रवाई शुरू कर देगी तथा शिकायतकर्ता को ई-जीरो एफआईआर दर्ज होने के 72 घंटे के भीतर संबंधित थाने जाकर एफआईआर की प्रति पर हस्ताक्षर करने होंगे।
- **कार्यप्रणाली और क्षेत्राधिकार-**

| धोखाधड़ी की राशि | अनुसंधान एवं पंजीकरण करने वाली इकाई |
|---|---|
| ₹1 करोड़ या अधिक | राज्य स्तरीय साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन, जयपुर |
| ₹1 लाख से ₹1 करोड़ तक | संबंधित जिला साइबर पुलिस थाना या स्थानीय पुलिस थाना |

## आईसीडी जोधपुर से पहली पूर्णतः भरी हुई कंटेनर रेक रवाना

- राजसिको द्वारा संचालित इनलैंड कंटेनर डिपो, जोधपुर ने पहली बार ऐसी ट्रेन (रेक) का संचालन किया गया, जिसके सभी कंटेनर पूरी तरह से निर्यात माल से भरे हुए थे और इसमें एक भी खाली कंटेनर नहीं था।
- अब तक जोधपुर से 552 निर्यात कंटेनर गुजरात के मुंद्रा पोर्ट के लिए भेजे जा चुके हैं।

## फागी में शक्ति संगम नारी कौशल केंद्र एवं आरआरआर केंद्र का शुभारंभ-

- जयपुर जिले के फागी ब्लॉक में ग्रामीण महिलाओं के कौशल विकास, आजीविका संवर्धन और अपशिष्ट प्रबंधन को बढ़ावा देने के लिए 'शक्ति संगम नारी कौशल केंद्र' एवं 'आरआरआर केंद्र' का भव्य शुभारंभ किया गया।
- यह केंद्र जिला परिषद जयपुर, फिनोवा कैपिटल प्राइवेट लिमिटेड (₹10 लाख का CSR सहयोग) और शक्ति संगम संस्था के संयुक्त प्रयास से स्थापित हुआ है। इसका उद्देश्य सरकारी प्रयासों और कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के समन्वय से हरित अर्थव्यवस्था और महिला स्वावलंबन को नई दिशा देना।

## राजस्थान पीएम सेतु के क्रियान्वयन में उत्तर भारत का पहला एवं देश का पाँचवां राज्य बना-

- प्रधानमंत्री के 'स्किल इंडिया मिशन' और 'विकसित भारत-2047' के तहत राजस्थान पीएम सेतु योजना को लागू करने वाला उत्तर भारत का पहला और देश का पाँचवाँ राज्य बन गया है।
- Note- मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई 'स्टेट स्टीयरिंग कमेटी' की बैठक में भिवाड़ी क्लस्टर के लिए प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है।

- **पीएम सेतु (PM SETU)-**
  - प्ररम्भ- 4 अक्टूबर, 2025
  - मंत्रालय- कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय
  - मॉडल- हब-एंड-स्पोक मॉडल
  - लक्ष्य- 5 वर्षों में देश की 1,000 राजकीय आईटीआई का कायाकल्प करना।
  - कुल बजट- ₹60,000 करोड़ (5 वर्ष)
  - **वित्तीय भागीदारी-**
    - केंद्र सरकार- 50 प्रतिशत
    - राज्य सरकार- 33 प्रतिशत
    - निजी उद्योग- 17 प्रतिशत
- PM-SETU- Pradhan Mantri Skilling and Employability Transformation through Upgraded ITIs

## सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर माइंस-

- राजस्थान राज्य खान विभाग की ओर से जयपुर में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर माइंस स्थापित किया जाएगा। इस म्यूजियम में प्रदेश के प्रधान खनिज, सेरेमिक्स, रेयर अर्थ एलिमेंट्स, क्रिटिकल मिनरल्स के सैंपल रखे जायेंगे तथा इसे रिसर्च और अध्ययन के लिए भी खोला जाएगा। वर्तमान में प्रदेश में 82 प्रकार के खनिज हैं जिनमें से 57 प्रकार के खनिजों का दोहन किया जा रहा है।

## जयपुर दुनिया का छठा सबसे खुशहाल शहर-

- अंतरराष्ट्रीय मीडिया प्लेटफॉर्म टाइम आउट की ओर से जारी द वर्ड्स हैप्पिएस्ट सिटीज 2026 सूची में जयपुर को दुनिया का छठा सबसे खुशहाल शहर बताया गया है।
- जयपुर टॉप-10 में जगह बनाने वाला भारत का एकमात्र शहर है।
- **शीर्ष दस शहर-**

1. बाथ (ब्रिटेन)
2. पनामा सिटी (पनामा)
3. ग्वाडलाहारा (मेक्सिको)
4. मेडेलिन (कोलंबिया)
5. क्राको (पोलैंड)
6. जयपुर (भारत)
7. शिकागो (अमेरिका)
8. केपटाउन (दक्षिण अफ्रीका)
9. शंघाई (चीन)
10. गोथेनबर्ग (स्वीडन)

## प्रदेश के 11 विश्वविद्यालयों में खुलेंगे राजस्थानी भाषा अध्ययन केंद्र-

- हाल ही में राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे ने प्रदेश के 11 राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालयों में 'राजस्थानी भाषा अध्ययन केंद्र' स्थापित करने के निर्देश दिए हैं।
- **इन विश्वविद्यालय में स्थापित होनें केंद्र-**

| क्र. सं. | विश्वविद्यालय का नाम | स्थान |
|---|---|---|
| 1 | राजस्थान विश्वविद्यालय | जयपुर |
| 2 | जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय | जोधपुर |
| 3 | मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय | उदयपुर |
| 4 | महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय | अजमेर |
| 5 | कोटा विश्वविद्यालय | कोटा |
| 6 | महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय | बीकानेर |
| 7 | वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय | कोटा |
| 8 | गोविंद गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय | बांसवाड़ा |
| 9 | पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय | सीकर |
| 10 | महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय | भरतपुर |
| 11 | राजऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय | अलवर |

## 'वेस्ट टू आर्ट' वेलकम गेट परियोजना-

- यह जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जयपुर शहर के सौंदर्यीकरण और सांस्कृतिक पहचान को बढ़ावा देने के लिए शुरू की गई पहल है।
- जयपुर के तीन प्रमुख प्रवेश मार्गों पर 'वेस्ट टू आर्ट' की थीम पर भव्य स्वागत द्वार बनाए जाएंगे।
- उद्देश्य- पर्यटन को बढ़ावा देना, पर्यावरण संरक्षण का संदेश देना और राजस्थान की संस्कृति व अतिथि सत्कार की परंपरा को प्रदर्शित करना।
- अनुमानित लागत- ₹5.36 करोड़।
- प्रस्तावित स्वागत द्वार और उनकी सांस्कृतिक थीम

| | स्थान/मार्ग | थीम और सांस्कृतिक स्वरूप |
|---|---|---|
| 1 | दिल्ली कुंडा मोड़ से आमेर मार्ग | 'खम्मा घणी'- प्रदेश की आत्मीय परंपरा और अतिथि सत्कार का प्रतीक। |
| 2 | घाट की गुणी टोल प्लाजा | 'लहरिया' डिज़ाइन- राजस्थान की रंग-बिरंगी सांस्कृतिक विरासत और लोककला। |
| 3 | गंगा मार्ग (न्यू जयपुर के सामने) | "पधारो म्हारे देस"- पारंपरिक राजस्थानी वेशभूषा में आकृतियों द्वारा स्वागत। |

## राज्य में 'भारत टैक्सी' का शुभारंभ

- शुभारम्भ तिथि- 25 जुलाई, 2026
- शुभारम्भ स्थल- एचसीएम रीपा, जयपुर।
- शुभारंभकर्ता- मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा एवं केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री श्री मुरलीधर मोहोल।

- मूल अवधारणा- 'सहकार से समृद्धि' एवं 'सारथी ही मालिक' (चालक स्वयं सह-स्वामी)।
- प्रमुख समझौता ज्ञापन- सहकार टैक्सी को-ऑपरेटिव द्वारा RCDF, नगर निगम जयपुर, जयपुर मेट्रो एवं RSRTC के साथ।
- सामाजिक सुरक्षा- पंजीकृत सारथियों के लिए ₹5 लाख तक का दुर्घटना बीमा।
- **'भारत टैक्सी' की प्रमुख विशेषताएं-**
  - यह देश का पहला सहकारिता आधारित मोबिलिटी प्लेटफॉर्म है, जो चालकों (सारथी) को केवल सेवा प्रदाता न बनाकर संस्था का साझेदार और सह-स्वामी बनाता है।W
  - कमीशन मुक्त आय- इस व्यवस्था में चालकों से किसी भी प्रकार का अतिरिक्त कमीशन या कटौती नहीं की जाएगी, जिससे उनकी पूरी मेहनत का लाभ सीधे उन्हें मिलेगा।
  - लाभांश में हिस्सेदारी- भुगतान सीधे प्राप्त होने के साथ-साथ चालकों को संस्था के लाभांश में भी हिस्सेदारी दी जाएगी।
  - सुरक्षा एवं अधिकार- सारथियों के अधिकारों और भविष्य की सुरक्षा के लिए ₹5 लाख तक का दुर्घटना बीमा कवर प्रदान किया गया है।
  - राजस्थान दिल्ली, गुजरात और महाराष्ट्र के बाद चौथा राज्य बना है।

## रीको और RVCF के मध्य 'कंट्रीब्यूशन एग्रीमेंट' हस्ताक्षरित

- हाल ही में रीको ने राजस्थान में स्टार्टअप्स और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को वित्तीय संबल प्रदान करने के उद्देश्य से राजस्थान वेंचर कैपिटल फंड के 'इंडिया ग्रोथ फंड-IV' के लिए योगदान अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। इस नए समझौते के तहत रीको 'इंडिया ग्रोथ फंड-IV में 30 करोड़ रुपये का अतिरिक्त निवेश करेगा।
- 30 करोड़ रुपये के अतिरिक्त निवेश के बाद 'इंडिया ग्रोथ फंड-IV' में रीको की कुल निवेश प्रतिबद्धता बढ़कर 75 करोड़ रुपये हो गई है।
- **इससे संबंधित प्रमुख तथ्य-**

| | |
|---|---|
| संबंधित संस्थान | रीको एवं राजस्थान वेंचर कैपिटल फंड (RVCF) |
| संबंधित फंड | RVCF इंडिया ग्रोथ फंड-IV |
| रीको का अतिरिक्त निवेश | ₹30 करोड़ |
| रीको की कुल निवेश प्रतिबद्धता | ₹75 करोड़ |
| फंड का कुल आकार | ₹250 करोड़ |
| लक्ष्य | इस वर्ष 25 स्टार्टअप्स की सहायता (मुख्यमंत्री घोषणा) |
| प्रमुख लक्षित क्षेत्र | फिनटेक, एग्रीटेक, हेल्थकेयर, क्लीन एनर्जी, मैन्युफैक्चरिंग, डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन |

## राजस्थान में चार नए औद्योगिक पार्कों के प्रस्ताव को मंजूरी-

- हाल ही में मुख्य सचिव की अध्यक्षता में आयोजित राज्य स्तरीय समिति की बैठक में 'भव्य योजना' के अंतर्गत रीको द्वारा विकसित किए जा रहे चार नए औद्योगिक पार्कों के प्रस्तावों की समीक्षा कर उन्हें अंतिम अनुमोदन हेतु उद्योग संवर्धन एवं आंतरिक व्यापार विभाग भारत सरकार को भेजने की स्वीकृति प्रदान की गई।
- **प्रस्तावित औद्योगिक पार्क-**
  1. केबीएनआईआर इंडस्ट्रियल पार्क- कोटपूतली-बहरोड़
  2. दौसा-बांदीकुई इंडस्ट्रियल पार्क- दौसा
  3. भोज्यारा इंडस्ट्रियल पार्क- जयपुर
  4. उदयपुर कलां इंडस्ट्रियल पार्क- किशनगढ़, अजमेर
- **प्रस्तावित औद्योगिक पार्कों के सन्दर्भ अन्य तथ्य-**
  - क्षेत्रफल- लगभग 2 हजार एकड़
  - संभावित निवेश- ₹8,000 करोड़ से ₹10,000 करोड़।
  - रोजगार सृजन- 45,000 से अधिक लोगों के लिए प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर।
- **भारत औद्योगिक विकास योजना (भव्य)-**
  - अधिसूचना तिथि- 10 अप्रैल 2026
  - अवधि- वित्तीय वर्ष 2026-27 से 2031-32 तक
  - वित्तीय प्रावधान- ₹33,600 करोड़
  - लक्ष्य- देश भर में 100 विश्वस्तरीय औद्योगिक पार्कों का विकास करना।

## राजस्थान पुलिस एवं यूनिवर्सिटी ऑफ मैनचेस्टर (यू.के.) के मध्य समझौता ज्ञापन-



- राजस्थान पुलिस ने पुलिस कल्याण, मानसिक स्वास्थ्य, प्रशिक्षण एवं अनुसंधान के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक पहल करते हुए राजस्थान पुलिस अकादमी (आरपीए) एवं यूनिवर्सिटी ऑफ मैनचेस्टर (यूके) के मध्य 28 जुलाई, 2026 को समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित किया गया।
- विषय- पुलिस कल्याण, मानसिक स्वास्थ्य, प्रशिक्षण एवं वैश्विक अनुसंधान

■ **प्रमुख तथ्य-**

| बिंदु | विवरण |
|---|---|
| समझौता पक्ष | राजस्थान पुलिस अकादमी एवं यूनिवर्सिटी ऑफ मैनचेस्टर |
| मुख्य उद्देश्य | पुलिस कल्याण, मानसिक स्वास्थ्य, तनाव प्रबंधन, क्षमता वृद्धि एवं संयुक्त अनुसंधान |
| प्राथमिक सहयोग विभाग | स्कूल ऑफ हेल्थ साइंसेज (यूनिवर्सिटी ऑफ मैनचेस्टर) |
| प्रभावी अवधि | 5 वर्ष (परस्पर सहमति से विस्तार योग्य) |

■ **समझौता के तहत किये उठाये जाने वाले कदम-**
- ❍ मानसिक स्वास्थ्य और तनाव प्रबंधन पर विशेष अध्ययन किया जायेंगे।
- ❍ शैक्षणिक एवं क्षमता निर्माण कार्यक्रम संचालित किये जायेंगे।

## राजस्थान बना 'रेयर अर्थ एलिमेंट्स' हेतु देश का पहला एक्सप्लोरेशन लाइसेंस जारी करने वाला राज्य-

- राजस्थान के खान एवं भूविज्ञान विभाग ने रेयर अर्थ एलिमेंट तथा एसोसिएटेड खनिजों के वैज्ञानिक अन्वेषण हेतु देश के पहले एक्सप्लोरेशन लाइसेंस की संविदा निष्पादित की है।
- वर्ष 2024 में क्रिटिकल और स्ट्रेटेजिक खनिजों के खोज व खनन कार्य को गति देने के लिए केंद्र सरकार द्वारा नीलामी प्रक्रिया की नींव रखी गयी थी।
- इसके तहत बालोतरा और जोधपुर जिले के नवातला-देवीगढ़ क्षेत्र में आरईई-एसोसिएटेड मिनरलाइजेशन ब्लॉक की सफल नीलामी की गई।
- नीलामी में मैसर्स सेन्ट्रल माईन प्लानिंग एण्ड डिजाईन इंस्टीट्यूट लि. के सफल रहने के बाद राज्य के खान विभाग द्वारा संविदा निष्पादित कर आधिकारिक स्वीकृति जारी की गई।

■ **रेयर अर्थ एलिमेंट्स-**
- ❍ रेयर अर्थ एलिमेंट्स 17 तत्वों का समूह हैं, जिनमें 15 लैंथेनाइड्स, साथ में स्कैंडियम और यट्रियम शामिल हैं। इनमें उच्च घनता, चुंबकीय शक्ति और विद्युत चालकता जैसी विशेषताएँ होती हैं।
- ❍ **उपयोग-**
  - इलेक्ट्रिक वाहन एवं सेमीकंडक्टर निर्माण
  - दूरसंचार
  - रक्षा एवं अंतरिक्ष अनुसंधान
  - अक्षय ऊर्जा एवं इलेक्ट्रॉनिक्स

## सात जिलों में स्थापित होंगे कॉमन इन्क्यूबेशन सेंटर-

- राजस्थान राज्य सरकार द्वारा 29 जुलाई, 2026 को प्रदेश के सात जिलों में फसल विशेष के कॉमन इन्क्यूबेशन सेंटर स्थापित करने के लिए 14 करोड़ रुपये स्वीकृत किए हैं।
- इन केंद्रों के माध्यम से स्थानीय स्तर पर उत्पादों के प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन, पैकेजिंग एवं विपणन को नई गति मिलेगी।
- यह कदम एक जिला-एक उत्पाद और पंच गौरव कार्यक्रम के तहत कृषि आधारित उद्यमिता को प्रोत्साहित करेगा।
- स्थापित होने वाले कॉमन इन्क्यूबेशन सेंटर-
  1. बारां - लहसुन
  2. चित्तौड़गढ़ - सीताफल
  3. जालोर - अनार
  4. झालावाड़ - संतरा
  5. जयपुर - आंवला
  6. अजमेर - गुलाब
  7. जैसलमेर - खजूर

## आठ जिलों में स्थाई लोक अदालतों के गठन का अनुमोदन-

- हाल ही में राज्य सरकार ने प्रदेश के आठ जिलों में स्थाई लोक अदालतों के गठन का अनुमोदन किया है।

■ **आठ जिले-**
1. फलौदी
2. डीडवाना-कुचामन
3. खैरथल-तिजारा
4. ब्यावर
5. बाड़मेर
6. डीग
7. कोटपूतली-बहरोड़
8. सलूम्बर

■ **स्थाई लोक अदालत-**
- ❍ गठन- विधि सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 की धारा 22-बी
- ❍ **संरचना-**
  - एक अध्यक्ष
  - दो सदस्य

■ **अन्य तथ्य-**
- यह अदालत परिवहन, डाक, तार आदि जैसी सार्वजनिक उपयोगिता सेवाओं से संबंधित मामलों के सुलह और निपटारे के लिए अनिवार्य पूर्व-मुकदमेबाजी तंत्र प्रदान करती है।
- स्थायी लोक अदालतों का अधिकार क्षेत्र एक करोड़ रुपये तक है। स्थायी लोक अदालत का निर्णय अंतिम और सभी पक्षों पर बाध्यकारी होता है।

### राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल-

- राजस्थान राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल हो गया है।
- **राष्ट्रीय स्तर पर राजस्थान की स्थिति-**
  - क्लस्टर गठन- प्रदेश में अब तक 2,380 क्लस्टर गठित किए गए हैं, जो आंध्र प्रदेश के बाद भारत में सर्वाधिक हैं।
  - किसान जुड़ाव- क्लस्टरों के माध्यम से 2.12 लाख से अधिक किसान जुड़ चुके हैं जो आंध्र प्रदेश व उत्तर प्रदेश के बाद देश में सर्वाधिक।
  - क्षेत्रफल कवरेज- राज्य में 91,166 हेक्टेयर क्षेत्र में प्राकृतिक खेती को सफलतापूर्वक अपनाया जा चुका है।

### फॉलो-अप शिविर-

- आयोजन तिथि- 21 जुलाई से 31 अगस्त, 2026 (ग्रामीण सेवा शिविर-2026 एवं शहरी सेवा शिविर-2026 की सफलता के बाद)
- आयोजन- सम्पूर्ण राज्य में
- इस शिविर में 22 विभागों की सहभागिता होगी।
- उद्देश्य- ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में त्वरित राहत पहुंचाने तथा लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदेशवासियों तक पहुंचाना।
- ग्रामीण सेवा शिविर-2026 एवं शहरी सेवा शिविर-2026 दौरान हस्तांतरित शक्तियां फॉलोअप शिविर में भी जारी रहेंगी।

### ओफियोग्लोसम चतुर्भुजी-

- राजस्थान के मेनाल क्षेत्र (भीलवाड़ा-चित्तौड़गढ़ सीमा क्षेत्र) में फर्न की 'ओफियोग्लोसम चतुर्भुजी' नामक नई प्रजाति की खोजी गयी है।
- यह प्रजाति मिट्टी के कटाव को रोकने, मिटटी की उर्वरता बनाए रखने, घाव, सूजन और त्वचा रोगों के उपचार में किया जाता है।
- नई प्रजाति का नाम 'ओफियोग्लोसम चतुर्भुजी' राजस्थान के वरिष्ठ वनस्पति वैज्ञानिक एवं महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर के पूर्व कुलपति प्रो. चतुर्भुज गेना के सम्मान में रखा गया है।

### सुर्ख़ियों में- मुखबिर प्रोत्साहन योजना

- 8 जुलाई, 2026 को आबकारी आयुक्त ने प्रदेश सरकार की मुखबिर प्रोत्साहन योजना के तहत वर्षों से लंबित 30 प्रकरणों का अल्प समयावधि में निस्तारण करते हुए अनुमानित 18 लाख रुपए की राशि की स्वीकृति प्रदान की है।
- **मुखबिर प्रोत्साहन योजना-**
  - इस योजना के तहत अवैध मदिरा के निर्माण, भंडारण, परिवहन और बिक्री से जुड़ी सूचना देने वाले मुखबिर की पहचान को पूरी तरह गोपनीय रखा जाता है।
  - पात्रता और नियम- यदि मुखबिर की सूचना से 10 लाख रुपए या उससे अधिक की अनुमानित राजस्व हानि रुकती है, तो उसे 4 प्रतिशत तक रिवार्ड राशि दी जाती है।
  - पुरस्कार राशि की अधिकतम सीमा- 15 लाख रुपए
  - योजनान्तर्गत प्रक्रिया- संबंधित जिला आबकारी अधिकारी की अनुशंसा पर इन प्रकरणों को अंतिम मंजूरी के लिए मुख्यालय उदयपुर भेजा जाता है।

### सुर्ख़ियों में- नुकरा घोड़ा-



- राष्ट्रीय अश्व अनुसंधान केंद्र, बीकानेर ने नुकरा घोड़े की नस्ल के वैज्ञानिक सर्वेक्षण, दस्तावेजीकरण और पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू की है।
- नुकरा घोड़ा देश की नौवीं आधिकारिक पंजीकृत घोड़ा नस्ल बन सकता है।
- वर्तमान में देश में करीब पन्द्रह हजार नुकरा घोड़े है। इनमें नौ हजार पंजाब में, तीन हजार राजस्थान में पाए जाते हैं।
- **नस्ल की विशेषता-**
  - विशिष्ट शारीरिक बनावट और शांत स्वभाव।
  - कानों का विशेष लचीलापन।
  - दूधिया सफेद रंगत, गुलाबी नाक और होंठ तथा मजबूत एवं संतुलित कद-काठी।
  - ऊंचाई लगभग 160 से 170 सेंटीमीटर।
  - तेज चाल और अधिक सहनशक्ति।
  - शरीर पर एक-दो काले निशान, जिन्हें स्थानीय भाषा में 'फुलकारी' कहा जाता है।
- **देश में मान्यता प्राप्त 8 नस्ल-**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | मारवाड़ी | - | राजस्थान (मारवाड़ क्षेत्र) |
| 2. | काठियावाड़ी | - | गुजरात (सौराष्ट्र क्षेत्र) |
| 3. | भीमथड़ी | - | महाराष्ट्र (पुणे, सतारा, सोलापुर और अहमदनगर) |
| 4. | भूटिया | - | सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश |
| 5. | मणिपुरी | - | मणिपुर |
| 6. | स्पीति | - | हिमाचल प्रदेश |
| 7. | ज़ांस्करी | - | लद्दाख (लद्दाख/जम्मू-कश्मीर क्षेत्र) |
| 8. | कच्छी-सिंधी | - | गुजरात और राजस्थान |

# महोत्सव/सम्मेलन/अभियान/आपरेशन

## राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित हुआ 'राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस सम्मेलन'-

- राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर, जयपुर में 1-2 जुलाई, 2026 को ई-गवर्नेंस पर राष्ट्रीय सम्मेलन (एनसीईजी) के 29वें संस्करण का आयोजन किया गया।
- इस सम्मेलन का विषय "विकसित भारत 2047: एआई एनेबल्ड, डेटा ड्रिवेन एंड सिक्योर डिजिटल गवर्नेन्स" था।
- इस सम्मेलन का आयोजन प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय और राजस्थान सरकार द्वारा किया गया था। इसका उद्देश्य ई-गवर्नेंस के क्षेत्र में सहयोग को बढ़ावा देना, सर्वोत्तम प्रथाओं को प्रदर्शित करना और सार्वजनिक सेवा वितरण के लिए भारत में डिजिटल शासन के नवीनतम पहलुओं पर विचार-विमर्श करना था।
- **सम्मेलन में लाँच अन्य पहल-**
  - ई-मित्र व्हाट्सएप सेवा
  - राजस्थान इनोवेशन चैलेंज
  - राजस्थान लैंग्वेज मॉडल ट्रेनिंग हैकाथान
  - स्वचालित नागरिक सेवा प्रदायगी मंच स्मार्ट राजस्थान परियोजना
  - **अन्य तथ्य-** राज्य में नवाचार को प्रोत्साहन देने के लिए 9 इन्क्यूबेशन सेंटर और 65 लॉन्चपैड स्थापित किए गये हैं।

## कॉमनवेल्थ पीस मीडिएशन एंड रुल ऑफ लॉ कॉन्फ्रेंस-2026-

- आयोजन तिथि 31 जुलाई से 2 अगस्त, 2026
- आयोजन स्थल- द ललित होटल, जयपुर
- **आयोजक-**
  - राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण
  - कॉमनवेल्थ लॉयर्स एसोसिएशन
  - सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन
  - निवारण- मेडिएटर्स ऑफ सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया
- **उद्घाटन-** 31 जुलाई, 2026, मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत द्वारा
- समापन समारोह- 2 अगस्त, 2026, अध्यक्षता- जस्टिस विक्रम नाथ (जज, सुप्रीम कोर्ट एवं कार्यकारी अध्यक्ष, एनएएलएसए)
- **विषय-** कॉमनवेल्थ पीस मीडिएशन एंड रूल ऑफ लॉ
- **मुख्य संरक्षक-** न्यायमूर्ति संजीव प्रकाश शर्मा (कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश, राजस्थान उच्च न्यायालय) और श्री हरि ओम अत्री (सदस्य सचिव, आरएसएलएसए)
- **उद्देश्य-** विवादों के शांतिपूर्ण व त्वरित समाधान के रूप में मध्यस्थता को बढ़ावा देना, वैश्विक न्यायिक सहयोग स्थापित करना और न्याय प्रणाली को अधिक जन-केंद्रित बनाना।
- इस कॉन्फ्रेंस के समापन पर 'जयपुर डिक्लेरेशन ऑन पीस मेडिएशन-2026' को अंगीकृत किया गया।

## विदेश संपर्क- स्टेट आउटरीच कॉन्फ्रेंस का आयोजन-

- आयोजन तिथि- 16 जुलाई, 2026
- आयोजन स्थल- राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (आरआईसी), जयपुर
- आयोजक- विदेश मंत्रालय, भारत सरकार एवं राजस्थान सरकार के संयुक्त तत्वावधान में
- आयोजन के लिए नोडल विभाग- राजस्थान फाउंडेशन तथा 'राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रवासी राजस्थानी कार्य विभाग'
- **सह-अध्यक्षता-**
  1. श्रीमती श्रीप्रिया रंगनाथन, सचिव (सीपीवी एवं ओआईए), विदेश मंत्रालय, भारत सरकार
  2. श्री वी. श्रीनिवास, मुख्य सचिव, राजस्थान सरकार
- 'विदेश संपर्क-स्टेट आउटरीच कॉन्फ्रेंस' का आयोजन राजस्थान में पहली बार हुआ है।
- **उद्देश्य-**
  - लोगों और संबंधित हितधारकों को वैध तरीके से विदेश जाने के प्रति जागरूक करना।
  - फर्जी एजेंटों और अवैध प्रवासन के तरीकों से बचाव के उपायों की जानकारी देना।
  - विदेशों में कार्यरत भारतीय नागरिकों एवं श्रमिकों के हितों और कल्याण को सुनिश्चित करना।
  - विदेश मंत्रालय की कांसुलर, पासपोर्ट, वीजा एवं प्रवासी भारतीय से संबंधित योजनाओं और पहलों की जानकारी उपलब्ध कराना।
- राजस्थान में यह कार्यक्रम पहली बार आयोजित किया गया है।
- **विदेश संपर्क कार्यक्रम-** शुभारंभ- वर्ष 2017 में
- **संबंधित मंत्रालय-** भारत का विदेश मंत्रालय

## प्रेरणा पखवाड़ा-

- राज्य में 1 जुलाई, 2026 को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जन्म जयन्ती समारोह के उपलक्ष्य में प्रेरणा पखवाड़ा का आयोजन किया गया।
- प्रेरणा पखवाड़ा का आयोजन 1 जुलाई-15 जुलाई, 2026 के मध्य किया जा रहा है। इस पखवाड़े के तहत मुख्य सचिव श्री वी. श्रीनिवास ने राजस्थान विश्वविद्यालय के कन्वोकेशन सेंटर परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम की शुरूआत की।
- **डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी-** जन्म- 6 जुलाई, 1901 को कलकत्ता में (बंगाली ब्राह्मण परिवार में)।

- **प्रमुख तथ्य**
  - प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के मंत्रिमंडल में उद्योग और आपूर्ति मंत्री रहे।
  - कलकत्ता विश्वविद्यालय के सबसे कम उम्र के कुलपति (वर्ष 1934 में 33 वर्ष की आयु में)
  - भाजपा के पूर्ववर्ती भारतीय जनसंघ की स्थापना की।
  - जम्मू-कश्मीर को दिये गए विशेष दर्जे का विरोध किया।

## राज्यव्यापी विशेष हेलमेट जागरूकता एवं प्रवर्तन अभियान-

- आयोजन तिथि- 2 - 16 जुलाई, 2026 (15 दिवसीय)
- अभियान प्रवर्तक- राजस्थान पुलिस
- उद्देश्य - राजस्थान की सड़कों को सुरक्षित बनाने और दुपहिया वाहन दुर्घटनाओं में होने वाली अकाल मौतों को रोकना।
- Note- राजस्थान राज्य सड़क सुरक्षा रणनीति एवं कार्ययोजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु वर्ष 2030 तक राज्य में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं और मृत्युदर को चरणबद्ध तरीके से 50 प्रतिशत तक कम करने का लक्ष्य निर्धारित है।

## लोकमंथन-2026 (कर्टन रेजर कार्यक्रम)-

- संस्करण- 5वां संस्करण
- आयोजन तिथि- 01 जुलाई 2026
- आयोजन स्थल- कॉन्स्टिट्यूशन क्लब, जयपुर
- मुख्य थीम- 'हम भारत के लोग'
- उद्देश्य- राष्ट्र सर्वोपरि की भावना से प्रेरित विचारकों, कर्मशील लोगों, लोक कलाकारों, कारीगरों, शिक्षाविदों, नीति निर्माताओं और युवाओं को एक साझा मंच प्रदान करना।
- **लोकमंथन-** इसकी शुरुआत वर्ष 2016 में भोपाल से 'उपनिवेशवाद से मुक्ति' विषय के साथ हुई थी।

## विशेष सड़क सुरक्षा अनुपालन एवं प्रवर्तन अभियान-

- उद्देश्य- सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, जन-जागरूकता बढ़ाना तथा नागरिकों के सुरक्षित आवागमन के अधिकार को सुदृढ़ करना।
- यह अभियान राजस्थान उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश एवं राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यकारी अध्यक्ष न्यायमूर्ति संजीव प्रकाश शर्मा की प्रेरणा तथा राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव हरीओम अत्री की पहल पर शुरू किया गया है।
- इस अभियान के दौरान जिला प्रशासन, परिवहन विभाग, पुलिस विभाग एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की संयुक्त निरीक्षण टीमें विशेष रूप से स्लीपर एवं लग्जरी बसों का निरीक्षण करेंगी।

## राष्ट्रीय एग्रीकल्चर लीडरशिप अवार्ड समारोह-

- संस्करण- 17वां
- आयोजन- 8 जुलाई, 2026
- स्थल- नई दिल्ली
- आयोजक- एग्रीकल्चर टुडे ग्रुप
- पुरस्कार प्रदाता- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े
- विजेता- यह पुरस्कार दो प्रमुख श्रेणियों के अंतर्गत उत्तर प्रदेश और गुजरात को प्रदान किए गए।
- **एग्रीकल्चर लीडरशिप अवॉर्ड-**
  - प्रारम्भ- वर्ष 2008 में
  - संस्थापक- एग्रीकल्चर टुडे ग्रुप
  - यह पुरस्कार कृषि वैज्ञानिक डॉ. एम. एस. स्वामीनाथन के सुझाव पर शुरू किया गया था।

## राज्य के डेटा की साइबर सुरक्षा सुदृढ़ करने के लिए राज्य स्तरीय परामर्श कार्यशाला-

- आयोजन तिथि- 10 जुलाई, 2026
- आयोजन स्थल- सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर रेवेन्यू रिसर्च एंड एनालिसिस, जयपुर
- विषय- Strengthening Cybersecurity Frameworks for State Data
- आयोजन- सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग, राजस्थान सरकार द्वारा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार तथा राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस प्रभाग के सहयोग से।
- राष्ट्रीय परामर्श प्रक्रिया के तृतीय चरण के अंतर्गत आयोजित।
- उद्देश्य- साइबर खतरों से प्रभावी ढंग से निपटने, साइबर रेजिलिएंस को मजबूत करने, विभागों के मध्य समन्वय बढ़ाने तथा सर्वोत्तम राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रथाओं को अपनाना।

## महिला सुरक्षा संकल्प अभियान-

- आयोजन तिथि- 1 जुलाई से 29 जुलाई 2026
- आयोजन स्थल- सम्पूर्ण राजस्थान में
- आयोजक- राजस्थान पुलिस
- उद्देश्य- महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण।
- इस राज्यव्यापी अभियान के माध्यम से राजस्थान के सभी पुलिस जिलों में व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

## प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा सत्र की प्रथम त्रैमासिक सेक्टर बैठक-

- आयोजन तिथि- 16 जुलाई 2026
- आयोजक- समेकित बाल विकास सेवा, महिला एवं बाल विकास विभाग, राजस्थान
- उद्देश्य- आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और महिला पर्यवेक्षकों का क्षमतावर्धन कर आधारशिला पाठ्यक्रम का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना।

## कृषि मूल्य श्रृंखलाओं में निवेश बढ़ाने एवं एफपीओ को वित्तीय सहायता पर राज्य स्तरीय कार्यशाला-

- आयोजन तिथि- 17 जुलाई, 2026
- आयोजन स्थल- योजना भवन, जयपुर
- आयोजक- राजस्थान इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रांसफॉर्मेशन एंड इनोवेशन (रीति)
- विषय- कृषि मूल्य शृंखलाओं एवं किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) के लिए बैंकिंग सहायता।
- उद्देश्य- कृषि अवसंरचना, मूल्य संवर्धन, खाद्य प्रसंस्करण, भंडारण, लॉजिस्टिक्स तथा किसान उत्पादक संगठनों के लिए संस्थागत वित्त तक पहुंच को सुदृढ़ बनाकर किसानों की आय में वृद्धि, कृषि उत्पादकता और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करना।

## इंटरनेशनल वेडिंग एंड टूरिज्म कॉन्क्लेव-

- आयोजन तिथि- 19 जुलाई, 2026
- आयोजन स्थल- कूकस, जयपुर
- उद्देश्य- राज्य में पर्यटन स्थलों को भी वेडिंग डेस्टिनेशन के रूप में विकसित करके पर्यटन को बढ़ावा।

## सुधार उत्सव एवं चिंतन शिविर 2026-

- आयोजन तिथि- 4-5 जुलाई 2026
- आयोजन स्थल- आबूराज, राजस्थान
- आयोजक- केन्द्रीय विधिक कार्य विभाग तथा विधायी विभाग द्वारा संयुक्त रूप से
- उद्देश्य- मंत्रालय की प्रमुख उपलब्धियों की समीक्षा करना, महत्वपूर्ण विधिक एवं संस्थागत सुधारों को रेखांकित करना तथा विकसित भारत @2047 के विज़न के अनुरूप आधुनिक, कुशल एवं नागरिक-केंद्रित विधिक व्यवस्था के निर्माण के लिए भावी कार्ययोजना पर विचार-विमर्श करना।

## राजस्थान वाटर कॉन्क्लेव-2026




- आयोजन तिथि-24 जुलाई, 2026
- आयोजन स्थल- जयपुर में
- आयोजक- द इकोनॉमिक टाइम्स
- उद्घाटन- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा
- उद्देश्य- राज्य में जल सुरक्षा, जल संरक्षण और आधुनिक जल प्रबंधन की नीतियों पर चर्चा करना।

## स्वयं सहायता समूहों के लिए निर्यात संवर्धन पर क्षमता निर्माण कार्यशाला-

- आयोजन तिथि-24 जुलाई, 2026
- आयोजन स्थल- कॉन्स्टिट्यूशनल क्लब, जयपुर
- आयोजक- राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद (राजीविका)
- उद्देश्य- स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) की महिला शिल्पकारों एवं ग्रामीण उद्यमियों को निर्यात की संभावनाओं, वैश्विक बाजारों की आवश्यकताओं तथा निर्यात प्रक्रिया की व्यावहारिक जानकारी दे कर उन्हें अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुँच के लिए सक्षम बनाना।

## यूएनसीसीडी कोप-17 का प्री-कोप संवाद-

- आयोजन तिथि- 26 जुलाई, 2026
- आयोजन स्थल- ग्रैंड शेखावाटी होटल, चूरू
- पहलकर्ता- केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री श्री अर्जुन राम मेघवाल।
- विषय-'ए कंट्री ऑफ द गंग कैनाल : लैंड, वाटर एंड क्लाइमेट रेसिलियंस इन द थार डेजर्ट'।
- अवसर- गंगनहर की स्थापना के शताब्दी वर्ष (1927–2027) का प्रारंभ।
- आयोजक- अशोका ट्रस्ट फॉर रिसर्च इन इकॉलॉजी एंड द एनवायरनमेंट तथा पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय का संयुक्त प्रयास।

## टीबी उन्मूलन अभियान-

- दृष्टिकोण- "निरामय राजस्थान" और "टीबी मुक्त भारत" संकल्प।
- विशेष अभियान- टीबी मुक्त भारत 100 दिवसीय विशेष अभियान 24 मार्च से 5 जुलाई 2026 तक चलाया गया।
- प्रमुख उपलब्धि (2025)- प्रदेश की 6,547 ग्राम पंचायतें 'टीबी मुक्त' घोषित की गईं।
- **राज्य-विशिष्ट सक्रिय क्षय रोग खोज अभियान-** 100 दिवसीय अभियान की सफलता के बाद 14 जुलाई 2026 से ACF अभियान शुरू किया गया (जिसकी समय-सीमा 7 अगस्त 2026 तक विस्तारित की गई।
- Note- वर्ष 2025 में राजस्थान की 6,547 ग्राम पंचायतों को 'टीबी मुक्त' घोषित किया गया।

## मीट द ऑथर' (लेखक से मिलिए) कार्यक्रम-

- आयोजन तिथि- 26 जुलाई, 2026
- आयोजन स्थल- सूचना केंद्र, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, जयपुर
- आयोजक- राजस्थान साहित्य अकादमी, उदयपुर एवं शरण्या सेवा संस्थान, उदयपुर के संयुक्त तत्वावधान में

### "स्वस्थ एवं शिक्षित महिला सशक्त राष्ट्र" पर कार्यशाला -

- आयोजन तिथि- 30 और 31 जुलाई, 2026
- आयोजन स्थल- सिआम ऑडिटोरियम, कोटा
- आयोजक- कृषि विश्वविद्यालय कोटा एवं शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में
- उद्देश्य- महिलाओं का स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वरोजगार और जैविक खेती से जुड़ाव को सुनिश्चित किया जाना।

### 'दारू नहीं दूध' अभियान-

- फ्रांस के मोंटपेलियर शहर में आयोजित 7वें यूरोपियन सोशल मार्केटिंग कॉन्फ्रेंस में 'दारू नहीं दूध' अभियान को भारत की एकमात्र केस स्टडी के रूप में प्रस्तुत किया गया है।
- अभियान-
  - प्रारम्भ- वर्ष 2003-04 में
  - स्थान- राजस्थान विश्वविद्यालय के
  - प्रारम्भकर्ता- राजस्थान युवा छात्र संस्था और इंडियन अस्थमा केयर सोसाइटी
  - उद्देश्य- युवाओं को शराब से दूर रखना।

### इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन इलेक्शंस, मीडिया एंड वोटर एजुकेशन: स्ट्रेंथनिंग डेमोक्रेसी थ्रू इन्फॉर्म्ड पार्टिसिपेशन

- आयोजन तिथि- 15 जुलाई, 2026
- आयोजन स्थल- जयपुर
- विषय- इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन इलेक्शंस, मीडिया एंड वोटर एजुकेशन: स्ट्रेंथनिंग डेमोक्रेसी थ्रू इन्फॉर्म्ड पार्टिसिपेशन
- आयोजक- मुख्य निर्वाचन अधिकारी, राजस्थान द्वारा भारत निर्वाचन आयोग के 'आईआईआईडीईएम' (नई दिल्ली) तथा नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, जोधपुर के सहयोग से।
- वैश्विक सहभागिता- भारत, जॉर्जिया, क्रोएशिया, उज्बेकिस्तान, नेपाल, फिलीपींस और गुयाना
- घोषणा- इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब का विस्तार देशव्यापी अभियान के रूप में किया जाएगा और देश के प्रत्येक विद्यालय में इसकी स्थापना होगी।
- वर्तमान में मुख्य निर्वाचन अधिकारी, राजस्थान श्री नवीन महाजन है।

### 'आओ गांव चलें' अभियान-

- पाली जिला प्रशासन का अभियान है।
- उद्देश्य- अपने गाँव की मिट्टी से बिछड़े लोगों को फिर गाँव की मिटटी से जोड़ना।
- हाल ही में राज्य सरकार ने अभियान की सफलता से प्रभावित होकर सभी जिलों में प्रवासी प्रकोष्ठ गठित करने के निर्देश दिए हैं।



# चर्चित व्यक्ति/स्थान/अन्य

## श्री केसरी चंद मालू-

- यह राजस्थान के जाने-माने संगीतकार और वीणा कैसेट्स के संस्थापक थे, इनका हाल ही में निधन हो गया।
- इनका जन्म वर्ष 1946 में सुजानगढ़ (चूरू) में हुआ था।
- इन्होंने राजस्थानी लोक संगीत-संस्कृति को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।
- **सम्मान-**
  - समग्र कला साधना अवॉर्ड (राजस्थान संगीत नाटक अकादमी)
  - डागर घराना अवॉर्ड (महाराणा मेवाड़ फाउंडेशन)
- इन्होंने घूमर, चीरमी, और कांगसियो जैसे सदाबहार राजस्थानी गीतों के एलबम प्रोड्यूस किए।

## ब्रह्मदेव कुमावत-

- यह पूर्व संसदीय सचिव एवं मसूदा के पूर्व विधायक (कांग्रेस) थे जिनका हाल ही में निधन हो गया।
- साल 2008 के विधानसभा चुनावों में उन्होंने निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में जीत हासिल की थी और बाद में कांग्रेस को समर्थन दिया था।

## रीडिंग प्रमोशन कैम्पेन-

- विद्यार्थियों की बुनियादी शिक्षा को बेहतर बनाने एवं पठन को सहज बनाने के लिए मुख्यमंत्री 'मिशन पढ़ो राजस्थान' के अंतर्गत रीडिंग प्रमोशन कैम्पेन का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम के तहत प्रदेश के समस्त विद्यालयों में प्रतिदिन 7वें कालांश में पठन किया जाएगा।

## दर्शना राजपुरोहित-

- यह राजस्थान बाड़वा, पाली निवासी है, इन्होंने राष्ट्रीय युवा संसद 3.0 में राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान पाया।
- दर्शना ने सदन में सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर की भूमिका निभाते हुए महिला सशक्तीकरण एवं समान प्रतिनिधित्व विधेयक, 2026 पेश किया था।

## डॉ. जयेश नारायण भानु-

- यह जयपुर के प्रसिद्ध कवि व लेखक हैं। इनको साहित्य सम्राट अकादमी की ओर से 'इंटरनेशनल लिटरेरी अवॉर्ड 2026' के तहत सर्वश्रेष्ठ लेखक के पुरस्कार से नवाजा गया है। उन्हें यह सम्मान उनकी स्वरचित लोकप्रिय कहानी 'एक आखिरी खत' के लिए दिया गया।

## शाहराह- द रॉयल रूट-

- यह जयपुर निवासी अभिनेता एवं फिल्म निर्माता राहुल सूद की डॉक्यूमेंट्री फिल्म है।
- इस फिल्म का दुर्गापुर इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल-2026 में इंटरनेशनल डॉक्यूमेंट्री फिल्म कैटेगिरी के अवॉर्ड सेक्शन में चयन हुआ है।
- यह फिल्म आमेर से अजमेर तक फैले व्यापार मार्ग पर स्थित 450 वर्ष पुरानी मीनारों व सरायों के इतिहास, महत्व और वर्तमान स्थिति पर आधारित है।

## नीरू यादव-

- यह राजस्थान के झुंझुनू जिले की लांबी अहीर ग्राम पंचायत की सरपंच हैं, जिन्हें देश भर में "हॉकी वाली सरपंच" के नाम से जाना जाता है।
- इन्होंने ब्रिक्स वीमन मिनिस्ट्रियल मीटिंग-2026 में ग्रासरूट लीडर के रूप में भाग लिया तथा राजस्थान के ग्रामीण विकास मॉडल, महिला नेतृत्व और सामाजिक नवाचारों के अनुभव साझा किया।।

## हीरानंद कटारिया को गुरुकुल सम्मान-

- पूर्व अंतरराष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी एवं भारतीय वूशु संघ के उपाध्यक्ष हीरानंद कटारिया को खेलों में उत्कृष्ट योगदान के लिए गुरुकुल सम्मान-2026 से सम्मानित किया गया।
- यह सम्मान गुरुकुल योग संस्थान-जयपुर द्वारा प्रदान किया गया।
- हीरानंद कटारिया भारतीय वूशू संघ के उपाध्यक्ष एवं राजस्थान वूशु संघ के अध्यक्ष रह चुके है।

## एंजेल कुंवर-

- यह राजस्थान के सिरोही जिले के झाड़ोली स्थित स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल की छात्रा हैं। इनका चयन अंतरराष्ट्रीय शक्तिसैट मून मिशन के लिए हुआ है।

## 75 इयर्स ऑफ एनडीए-

- यह जयपुर निवासी फिल्म निर्देशक तनुज भाटिया और उनकी पत्नी तनुका लाघाटे द्वारा निर्मित डॉक्यूमेंट्री है।
- इस डॉक्यूमेंट्री को 72वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों में बेस्ट एडिटिंग श्रेणी में डॉक्यूमेंट्री पुरस्कार दिए जाने की घोषणा हुई है।
- यह डॉक्यूमेंट्री राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के गौरवशाली इतिहास पर आधारित है।

## 'राजस्थान में सहकारिता' नामक पुस्तक-

- रचियता- जयप्रकाश यादव
- विमोचन तिथि- 3 जुलाई, 2026
- इस पुस्तक का विमोचन सहकारिता एवं नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री गौतम कुमार दक द्वारा किया गया।
- इस पुस्तक में राजस्थान में सहकारिता आंदोलन के इतिहास, विकास, उपलब्धियों और वर्तमान परिदृश्य को एक स्थान पर समाहित किया गया है।

# खेल/खेल व्यक्तित्व

## अंशुमान चौधरी, अन्वी राठौर और मनन शर्मा-

- यह जयपुर निवासी बैडमिंटन खिलाड़ी है जिनका चयन बैडमिंटन एशिया अंडर-15 एवं अंडर-17 जूनियर चैंपियनशिप-2026 के लिए भारतीय टीम में हुआ है।
- ये तीनों खिलाड़ी 8 से 13 सितंबर,2026 के मध्य आयोजित होनी वाली प्रतिस्पर्धा में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।
- **खिलाड़ी - प्रतिस्पर्धा श्रेणी**
  - अंशुमान चौधरी - अंडर-17 बॉयज सिंगल्स स्पर्धा
  - अन्वी राठौर अंडर - अंडर-15 और अंडर-17 गर्ल्स सिंगल्स स्पर्धा
  - मनन शर्मा अंडर - 15 मिक्स्ड डबल्स स्पर्धा

## अंतरराष्ट्रीय तीरंदाजी टूर्नामेंट में राजस्थान के तीरंदाजों का चयन-

- भारतीय तीरंदाजी संघ की ओर से भारतीय खेल प्राधिकरण, सोनीपत (हरियाणा) में आयोजित चयन ट्रायल के आधार पर राजस्थान के पांच तीरंदाजों का विभिन्न अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए भारतीय टीम में चयन हुआ है।
- **चयनित खिलाडी और टूर्नामेंट-**
  - अनुज कुमार- सब-जूनियर रिकर्व बालक वर्ग में (एशियाई युवा तीरंदाजी चैंपियनशिप-दुबई)
  - आर्यन पारीक- सब-जूनियर कंपाउंड बालक वर्ग में (एशियाई युवा तीरंदाजी चैंपियनशिप-दुबई)
  - प्रांजल ठोलिया एवं खुशी कुमावत (दोनों का तीनों में)-
    - एशियाई युवा तीरंदाजी चैंपियनशिप-दुबई
    - कोरिया आमंत्रण तीरंदाजी प्रतियोगिता (केएए इनविटेशनल टूर्नामेंट)
    - एशिया कप तीरंदाजी प्रतियोगिता-चीन एवं इराक
  - सचिन चेहची- एशिया कप तीरंदाजी प्रतियोगिता-चीन एवं इराक

## एशिया जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप जयपुर के तीन शटलरों का चयन-

- हाल ही में जयपुर के शटलर अंशुमान चौधरी, अन्वी राठौर और मनन शर्मा का भारतीय टीम में बैडमिंटन एशिया अंडर-15 एवं अंडर-17 जूनियर चैंपियनशिप के लिए चयन हुआ है।
- यह चैंपियनशिप 8 से 13 सितंबर, 2026 तक चीन में आयोजित होगी।

| | खिलाड़ी | - | श्रेणी |
|---|---|---|---|
| 1. | अंशुमान चौधरी | - | अंडर-17 बॉयज सिंगल्स |
| 2. | अन्वी राठौर अंडर | - | 15 और अंडर-17 गर्ल्स सिंगल्स |
| 3. | मनन शर्मा अंडर | - | 15 मिक्स्ड डबल्स स्पर्धा |

## अंडर-23 नेशनल रेसलिंग चैंपियनशिप-

- हरियाणा के रोहतक में के आयोजित अंडर-23 नेशनल रेसलिंग चैंपियनशिप में राजस्थान के पहलवानों ने एक स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य पदक सहित कुल चार पदक जीते है।
- **विजेता-**
  - स्वर्ण पदक- अश्विनी विश्नोई (68 किलोग्राम वर्ग)
  - रजत पदक- कोमल वर्मा (50 किलोग्राम महिला फ्रीस्टाइल)
  - **कांस्य पदक-** निशा सैनी (57 किलोग्राम)<br>माया माली (72 किलोग्राम)

## संयोगिता शेखावत-

- यह जयपुर की युवा शूटर है। इनका इटली के लोनाटो में होने वाले इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन जूनियर विश्वकप-2026 की स्कीट शूटिंग स्पर्धा के लिए भारतीय टीम में चयन हुआ है।

## कायरा भाटिया-

- यह जयपुर निवासी तैराक है। इन्होंने हरियाणा के हिसार में आयोजित ऑल इंडिया IPSC एक्वेटिक चैंपियनशिप-2026-27 में पांच स्वर्ण पदक जीते है।

## उमा चौधरी-

- यह राजस्थान की एथलेटिक्स है।
- इन्होंने ओडिशा में आयोजित 65वीं राष्ट्रीय इंटर स्टेट सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप की महिला भाला फेंक स्पर्धा में रजत पदक (53.06 मीटर) जीता है।
- राजस्थान की खिलाड़ी संजना चौधरी 50.79 मीटर का सर्वश्रेष्ठ थ्रो कर सातवें स्थान पर रहीं।

## ओपी शर्मा और भूपेंद्र सिंह भाटी-

- यह राजस्थान के निवासी है।
- इनको लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड-लंदन में इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेले गये महिला टी-20 क्रिकेट विश्व कप मुकाबले के लिए स्टैटिस्टिशियन (ओपी शर्मा) और स्कोरर (भूपेंद्र सिंह भाटी) के रूप में कमेंट्री पैनल में शामिल किया गया है।

## अजीम तारिक-

- यह निंबाहेड़ा (चितौड़गढ़) के निवासी है जो फ़ुटबाल खिलाड़ी है।

- इनका भारतीय टीम में स्पेशल ओलिंपिक यूनिफाइड फुटबॉल वर्ल्ड कप-2026 के लिए चयन हुआ था।
- यह प्रतियोगिता 5 से 12 जुलाई, 2026 तक पेरिस (फ्रांस) के चार्लेटी स्टेडियम में आयोजित हुई।

### निलेश कुमार-

- यह राजस्थान के निवासी है। इन्होनें भूटान में आयोजित साउथ एशियन बॉडी बिल्डिंग चैम्पियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए कांस्य पदक जीता था।

### सुरभि मिश्रा-

- यह जयपुर निवासी पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी है। इनको कनाडा के ओंटारियो में आयोजित होने वाली विश्व जूनियर स्क्वैश चैंपियनशिप 2026 के लिए भारतीय टीम का कोच नियुक्त किया गया है।

### वान्या बोहरा और शिवाय डोबवार-

- यह जयपुर निवासी स्केटर्स है। इनका हाल ही में एशियन ओपन शॉर्ट ट्रैक स्पीड स्केटिंग ट्रॉफी-2026 के लिए भारतीय टीम में चयन हुआ है।

### राहुल शर्मा-

- यह राजस्थान के निवासी है। इन्होंने सर्बिया में आयोजित वर्ल्ड शूटिंग पैरा स्पोर्ट वर्ल्ड कप 2026 में 10 मीटर एयर पिस्टल स्टैंडर्ड (SH1) स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता है।

### मोना अग्रवाल-

- यह राजस्थान की मोना अग्रवाल है। इन्होंने सर्बिया में आयोजित वर्ल्ड शूटिंग पैरा स्पोर्ट वर्ल्ड कप 2026 में SH1 वर्ग की R2 10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग स्पर्धा में कांस्य पदक जीता है।
- इनको अर्जुन पुरस्कार-2024 से भी सम्मानित किया गया था।

## विविध तथ्य

- राजस्थान में विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका मिशन-ग्रामीण (वीबी जी राम जी योजना) का राज्य स्तरीय जन सम्मेलन ब्यावर जिले की मसूदा कृषि उपज मण्डी में आयोजित किया गया।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पचपदरा के मंडापुरा में एचपीसीएल के नए फ्लैगशिप रिटेल आउटलेट का किया उद्घाटन किया है।
- सप्तम राज्य वित्त आयोग की प्रक्रियाधीन रिपोर्ट की प्रगति की समीक्षा हेतु 3 जुलाई, 2026 को वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरुण चतुर्वेदी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गयी।
- अजमेर विकास प्राधिकरण द्वारा पंचशील विजयाराजे नगर के निकट निर्माणाधीन मल्टीपरपज स्टेडियम का नामकरण डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर जयपुर स्थित वुडलैंड पार्क, जोधपुर स्थित सेंट्रल पार्क, कोटा के रामचंद्रपुरा अटवाल नगर स्थित पार्क तथा उदयपुर की सेक्टर-12 योजना स्थित पार्क का नामकरण डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नाम पर किया जाने की घोषणा की है।
- राजस्थान सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत समेकित बाल विकास सेवाएँ निदेशालय ने पोषण अभियान को गति देने के लिए जुलाई, अगस्त और सितंबर 2026 के महीनों में प्रदेश की आंगनबाड़ियों में विशेष समुदाय आधारित कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश जारी किए हैं।
- ऑपरेशन विषवाहिनी- यह राजस्थान पुलिस की एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने नशे के कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहा अभियान है।
- ऑपरेशन त्रिनेत्र- यह ऑपरेशन राजस्थान पुलिस द्वारा नशा तस्करों के आर्थिक तंत्र को तोड़ने के लिए चलाया जा रहा है।
- ऑपरेशन गरुड़व्यूह-2- यह महिला सुरक्षा के साथ-साथ युवाओं और समाज को नशे के जाल से बचाने के लिए कोटा पुलिस द्वारा चलाया गया विशेष अभियान है।
- राज्य सरकार ने अजमेर के हाथीखेड़ा क्षेत्र में 20 करोड़ की लागत से बालिका सैनिक स्कूल बनाने पर सहमति प्रदान की है।
- राजस्थान में जनजाति बच्चों के लिए डिजिटल लाइब्रेरी स्थापना को लेकर टीआरआई और भारत संचार निगम लिमिटेड के मध्य समझौता हुआ है।
- मुख्य सचिव श्री वी. श्रीनिवास की अध्यक्षता में राजस्थान संरक्षित क्षेत्र संरक्षण समिति की बैठक में वर्ष 2026-27 के लिए रुपये 144.43 करोड़ की वार्षिक बजट एवं कार्ययोजना को अनुमोदित किया गया।
- राजस्थान सरकार ने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने एवं मातृ मृत्यु दर को और कम करने के लिए प्रदेशभर में सभी गर्भवती महिलाओं के लिए स्वास्थ्य मानकों की सघन स्क्रीनिंग के लिए 15 जुलाई (5 दिवसीय अभियान) से चलाया गया।

- जोधपुर डिस्कॉम ने गुंदोज ग्राम में 132 केवी ग्रिड सब स्टेशन (जीएसएस) के निर्माण के लिए 76.02 करोड़ रुपये की वित्तीय और प्रशासनिक स्वीकृति जारी की है।
- ब्रिक्स संगठन से जुड़े देशों के उद्योग और व्यापार मंत्रियों की बैठक आगामी 6 से 7 अगस्त, 2026 को जयपुर के रामबाग पैलेस में आयोजित होगी।
- वीबी जी राम जी योजना में श्रम नियोजन (लेबर डिप्लोयमेंट) में राजस्थान देशभर में पहले स्थान पर है।
- नई दिल्ली में 14 से 17 जुलाई तक आयोजित भारत टेक्स 2026 में राजस्थान सरकार का पवेलियन जयपुर के गुलाबी नगर की थीम पर तैयार किया गया है। इसका भव्य प्रवेश द्वार ऐतिहासिक अजमेरी गेट की तर्ज पर बनाया गया है।
- जयपुर जिला परिषद ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जिला उत्थान योजना में वन मंडल रेंज, आमेर में ईको-टूरिज्म साइट के विकास कार्य हेतु ₹12.50 लाख की वित्तीय स्वीकृति जारी की।
- विश्व युवा कौशल दिवस (15 जुलाई, 2026 को) के अवसर पर राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर, जयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- राजस्थान ने हरित ऊर्जा के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल कर 1 हजार मेगावाट रूफटॉप सोलर स्थापित क्षमता का कीर्तिमान बनाया है।
- रीको ने प्रत्यक्ष आवंटन योजना-2025 और ई-नीलामी के माध्यम से औद्योगिक भूखंड लेने वाले उद्यमियों को मध्यवर्ती माइलस्टोन के लिए रीको डिस्पोजल ऑफ लैंड रूल्स, 1979 के नियम 3(एजे) और नियम 21 में आंशिक संशोधन कर नियमों में बदलाव किया है।
- जल अर्पण कार्यक्रम- यह जल जीवन मिशन के तहत एक सामुदायिक उत्सव है, जिसका उद्देश्य गांवों में पूरी हो चुकी पेयजल योजनाओं का स्वामित्व (संचालन और रखरखाव) स्थानीय ग्राम पंचायतों को सौंपना है।
- मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में 20 जुलाई, 2026 को राज उन्नति की सातवीं बैठक आयोजित हुई।
- राजस्थान सरकार ने ग्रामीण एवं शहरी सेवा शिविर 31 अगस्त, 2026 तक आयोजित किए जाने की घोषणा की है।
- उद्योग एवं वाणिज्य विभाग मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड ने 20 जुलाई, 2026 को अलवर में टैफे मोटर्स एण्ड ट्रैक्टर्स लिमिटेड के विनिर्माण संयंत्र में डॉयट्स इंजन उत्पादन इकाई का उद्घाटन किया।
- मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना (मा योजना) की आउटबाउंड पोर्टेबिलिटी के माध्यम से प्रदेशवासियों देश में कर्नाटक और तमिलनाडू के अलावा सभी राज्यों में इस योजना के तहत मिलने वाली सुविधा का को प्राप्त कर सकते है।
- राजस्थान ललित कला अकादमी, जयपुर द्वारा इस वर्ष 67वीं वार्षिक कला प्रदर्शनी का आयोजन किया जायेगा।
- राजस्थान ने प्रधान खनिजों के 141 खनिज ब्लॉकों की ई-नीलामी के साथ प्रधान खनिजों की नीलामी में देशभर में पहला स्थान हासिल किया है।
- राजस्थान सरकार को विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा विश्व तंबाकू निषेध दिवस अवार्ड-2026 से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान वर्ष 2025-26 के दौरान राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन, नवाचारों और जनसहभागिता आधारित गतिविधियों के लिए प्रदान किया गया है।
- 25 जुलाई, 2026 को सवाई मान सिंह अस्पताल परिसर स्थित चरक भवन में प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र का शुभारम्भ किया गया। कानफैड द्वारा अस्पताल परिसर में यह दूसरा स्टोर प्रारम्भ किया है।
- हरित एवं सौंदर्यीकरण अभियान- यह जयपुर विकास प्राधिकरण का अभियान है। इस अभियान के तहत जयपुर की प्रमुख सड़कों, डिवाइडरों, चौराहों एवं पार्कों को विश्वस्तरीय लैंडस्केप में तब्दील करने के लिए वैज्ञानिक एवं सुनियोजित तकनीक से पौधारोपण किया जा रहा है।
- सुर्ख़ियों में 'सुमनोहरा बावड़ी'- यह बावड़ी जोधपुर के मण्डोर में स्थित प्राचीन एवं ऐतिहासिक बावड़ियों में से एक है। इसका राजस्थान सरकार द्वारा संरक्षण किया जायेगा।
- 27 जुलाई, 2026 को खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के विकास को गति देने के मुख्य सचिव की अध्यक्षता एवं केंद्र सरकार के खाद्य प्रसंस्करण उद्योग सचिव की उपस्थिति में स्टेकहोल्डर कंसल्टेशन बैठक आयोजित की गयी।
- प्रधानमंत्री जन धन खातों में जमा राशि के मामले में राजस्थान देशभर में चौथे स्थान पर है।
- जयपुर में 12-13 अगस्त, 2026 को ब्रिक्स देशों के वित्त मंत्रियों एवं केंद्रीय बैंक गवर्नरों की बैठक आयोजित होगी।
- सपनों की उड़ान' कार्यक्रम- इस कार्यक्रम के तहत मुख्यमंत्री ने राज्य के युवाओं से संवाद स्थापित किया।
- इस वर्ष राज्य स्तरीय स्वाधीनता दिवस समारोह-2026 का आयोजन बीकानेर में किया जायेगा।

- जागरूक मतदाता-जनतंत्र का प्रहरी- यहराज्य निर्वाचन आयोग, राजस्थान द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के तहत आयोजित राज्य स्तरीय निबंध प्रतियोगिता थी।
- गुरू वंदन कार्यक्रम- यह गुरू पूर्णिमा पर देवस्थान विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम' था। इस कार्यक्रम में संतों का वंदन एवं सम्मान किया गया था।
- 29 जुलाई, 2026 को मुख्य सचिव की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में संविधान के अनुच्छेद 275(1) के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 196.39 करोड़ रुपये के वार्षिक बजट प्रस्तावों का अनुमोदन किया गया। इसका उद्देश्य राजस्थान के दूरस्थ एवं जनजातीय बहुल क्षेत्रों के समावेशी विकास को नई दिशा देना है।
- 30 जुलाई, 2026 को संस्कृति युवा संस्था की ओर से "राजस्थान गौरव सम्मान समारोह" आयोजित किया गया।
- महात्मा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ गवर्नेंस एंड सोशल साइंसेज, जयपुर द्वारा 30 जुलाई, 2026 को "नई किरण नशा मुक्ति परामर्श केन्द्र" की प्रभावी संचालन क्षमता निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया गया।
- राजस्थान विधानसभा का षष्ठम सत्र 20 अगस्त, 2026 को प्रारम्भ होगा।
- अंगदान जागरूकता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों के लिए राजस्थान को भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अंतर्गत नेशनल ऑर्गन एंड टिश्यू ट्रांसप्लांट ऑर्गेनाइजेशन ने 16वें इंडियन ऑर्गन डोनेशन डे के अवसर पर राजस्थान को स्टेट अवॉर्ड फॉर एक्सीलेंस इन ऑर्गन डोनेशन अवेयरनेस से सम्मानित करने की घोषणा की गयी।
- 31 जुलाई, 2026 को स्वायत्त शासन विभाग ने स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 के अंतर्गत राज्य स्तरीय कार्यशाला एवं वेबिनार का आयोजन किया।
- आरयूएचएस प्रदेश का पहला ऐसा मेडिकल कॉलेज बना है जहां कॉक्लियर इम्प्लांट क्लिनिक प्रारम्भ हुआ है।
- राजस्थान की राजधानी जयपुर को टाइमआउट द्वारा जारी 2026 की दुनिया के दस सबसे खुशहाल शहरों की सूची में छठा स्थान प्रदान किया गया है।
- स्पर्श मुहिम- यह अजमेर जिले में चलाई गयी मुहिम है। इसमें बच्चों की सुरक्षा को बढ़ावा देने और बच्चों को गलत स्पर्श के खिलाफ आवाज उठाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।
- अशोक शर्मा- यह जयपुर निवासी तूफानी गेंदबाज है। इन्हें जिम्बाब्वे के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए भारत की 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है।
- भारतीय प्रबंध संस्थान (आइआइएम) उदयपुर देश का पहला आइआइएम बना है जिसमें हिंदी में बैचलर कोर्स शुरू किया गया है।
- जयपुर निवासी दिव्यांशी जैन ने नीदरलैंड्स में आयोजित डच जूनियर ओपन 2026 स्क्वैश टूर्नामेंट में अंडर-13 वर्ग का खिताब जीता है।
- जयपुर निवासी अनामिका कंवर का एफआइएच वर्ल्ड पैरा हॉकी चैंपियनशिप के लिए भारतीम टीम में चयन हुआ है।
- राजस्थान के विश्वविद्यालयों में मराठी भाषा के लिए 'शास्त्रीय मराठी भाषा अध्ययन केन्द्र' खोले जाने के लिए लोकभवन ने सभी विश्वविद्यालयों को पत्र लिखकर शास्त्रीय मराठी भाषा के अध्ययन के लिए केन्द्र स्थापित करने का आदेश दिया है।
- हाउस ऑफ लॉर्ड्स में पूर्व सांसद गज सिंह को समाजसेवा, कूटनीतिक उपलब्धियों तथा भारत-ब्रिटेन संबंधों को मजबूत बनाने में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया।
- भारत सरकार ने राजस्थान को जल जीवन मिशन (जेजेएम) 2.0 के तहत लगभग 486 करोड़ की राशि जारी करने की मंजूरी प्रदान की है।
- राजस्थान सरकार ने राजस्थान इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, जयपुर के लिए दो महत्वपूर्ण प्रशासनिक मंजूरियां जारी की है। संस्थान के संचालन के लिए 10 नए पद सृजित किए है।
- सीकर के माओंदा क्षेत्र 150 वर्ष बाद रेगिस्तानी पौधे ट्रिबुलस सिस्टोइड्स (स्थानीय नाम- बड़ी कांटी) की प्राकृतिक आवास में पुन: खोज हुई है।
- अजमेर की आकांक्षा चौधरी मिसेज इंडिया-2026 का ताज अपने नाम किया है।
- राजस्थान में देश का पहला 'रेयर अर्थ एलिमेंट' एक्सप्लोरेशन लाइसेंस जारी किया गया है।
- हाल ही में देश की पहली वंदे भारत गुड्स ट्रेन का ट्रायल कोटा-नागदा-सवाई माधोपुर रेलखंड पर अधिकतम 145 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से किया जा रहा है।

# अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य

## संयुक्त राष्ट्र सतत विकास रिपोर्ट 2026-




- जारीकर्ता- संयुक्त राष्ट्र सतत विकास समाधान नेटवर्क

| वैश्विक परिदृश्य | |
|---|---|
| **शीर्ष स्थान प्राप्त देश-** | **निम्न स्थान प्राप्त देश-** |
| फ़िनलैंड (1st)<br>स्वीडन (2nd)<br>डेनमार्क (3rd) | चाड<br>मध्य अफ्रीकी गणराज्य<br>दक्षिण सूडान |

**भारत के सन्दर्भ में परिदृश्य**

- भारत की वैश्विक रैंक- 94वीं
- यह भारत का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। 2015 से अब तक भारत ने 18 स्थानों (112वें से 94वें) का सुधार किया है।
- स्कोर- 68.3 समग्र स्कोर
- **भारत के समक्ष प्रमुख चुनौतियाँ-**
- भारत 17 में से सात प्रमुख एसडीजी में गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहा है-
  - एसडीजी-2 (शून्य भुखमरी)- यह सबसे गंभीर संकट है।
    - चाइल्ड वेस्टिंग बढ़कर 19 प्रतिशत (दुनिया में सबसे अधिक) हो गई है।
    - चाइल्ड स्टंटिंग 29.3 प्रतिशत और कुपोषण 12 प्रतिशत पर है।
  - एसडीजी-16 (शांति, न्याय और सशक्त संस्थाएँ)- प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक स्कोर 2015 के 59.51 से घटकर 2026 में 31.96 हो गया है।
  - एसडीजी-3 (उत्तम स्वास्थ्य)- वायु प्रदूषण और गैर-संचारी रोगों से जुड़ी मृत्यु दर में स्थिति खराब हुई है।
  - एसडीजी-12 एवं 13 (पर्यावरण व जलवायु)- जीवाश्म ईंधन और सीमेंट उत्पादन के कारण प्रति व्यक्ति $CO_2$ उत्सर्जन 2.21 टन के रिकॉर्ड स्तर पर पहुँचने से गिरावट आई है।

### भारत की सफलता के क्षेत्र-

- एसडीजी-7- बिजली तक पहुँच का विस्तार।
- एसडीजी-9- मोबाइल ब्रॉडबैंड और इंटरनेट उपयोग में उल्लेखनीय वृद्धि।

### वैश्विक एवं क्षेत्रीय परिदृश्य में भारत की स्थिति-

- 2015 में सतत विकास लक्ष्यों को अपनाए जाने के बाद से पूर्व और दक्षिण एशिया के देशों ने सर्वाधिक प्रगति दर्ज की है।
- विश्व की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में भारत (+18 स्थान) और चीन (+14 स्थान) ने 2015 के बाद से सबसे बड़ा सुधार दर्ज किया है।
- रैंकिंग में उल्लेखनीय सुधार के बावजूद भारत भूटान, मालदीव, नेपाल और श्रीलंका से पीछे है।

### सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी)-

- 17 परस्पर संबद्ध लक्ष्य और उनके 169 उपलक्ष्य हैं।
- वर्ष 2015 में संयुक्त राष्ट्र के 193 सदस्य देशों द्वारा 'सतत विकास एजेंडा 2030' के तहत इन्हें अपनाया गया।
- उद्देश्य- गरीबी, असमानता, जलवायु परिवर्तन और पर्यावरणीय क्षरण जैसी वैश्विक चुनौतियों को समाप्त कर 2030 तक शांति, समृद्धि और सतत विकास हासिल करना।
- **मूल सिद्धांत-**
  - सार्वभौमिकता और एकीकरण
  - कोई भी पीछे न छूटे
  - बहु-हितधारक भागीदारी
  - वैश्विक सतत विकास रिपोर्ट के माध्यम से नियमित निगरानी

### भारत का घरेलू एसडीजी ढाँचा-

- **नीति आयोग-**
  - भारत में एसडीजी के कार्यान्वयन और निगरानी की नोडल एजेंसी।
  - एसडीजी इंडिया इंडेक्स एवं डैशबोर्ड' का संचालन करता है।
- **सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय-**
  - राष्ट्रीय संकेतक ढाँचे के तहत 277 संकेतकों के माध्यम से देश में प्रगति की डेटा ट्रैकिंग करता है।
  - नीति आयोग और यूएन आवासीय समन्वयक कार्यालय के साथ डेटा फॉर डेवलपमेंट कोऑर्डिनेशन फोरम द्वारा समर्थित।
- **3. पंचायती राज मंत्रालय**
  - जमीनी स्तर पर एसडीजी के स्थानीयकरण के लिए जिम्मेदार।

## ग्लोबल एयर पावर रैंकिंग-2026-

- जारीकर्ता- विश्व वायु सेना प्रबंधन एजेंसी
- इस रैंकिंग ए निर्धारण में किसी देश की एयर पाव का मूल्यांकन उसके विमानों की कुल संख्या, उनकी गुणवत्ता और इन्वेंट्री के सामान्य मिश्रण के आधार पर किया जाता है इस सूची में अमेरिका की अलग-अलग सैन्य शाखाओं (एयरफोर्स, नेवी, आर्मी और मरीन कॉप्स) ने टॉप पाँच में से चार स्थानों पर कब्जा जमाया है।
- भारतीय वायुसेना ने चीनी वायुसेना और जापानी वायुसेना को पीछे छोड़ते हुए छठा स्थान हासिल किया है।

| रैंक | देश | सेना/वायु सेना की शाखा | टीवीआर |
|---|---|---|---|
| 1 | अमेरिका | संयुक्त राज्य वायु सेना | 242.9 |
| 2 | अमेरिका | संयुक्त राज्य नौसेना | 142.4 |
| 3 | रूस | रूसी वायु सेना | 114.2 |
| 4 | अमेरिका | संयुक्त राज्य अमेरिका की सेना | 112.6 |
| 5 | अमेरिका | संयुक्त राज्य अमेरिका की मरीन सेना | 85.3 |
| 6 | भारत | भारतीय वायु सेना | 69.4 |
| 7 | चीन | चीनी वायु सेना | 63.8 |
| 8 | जापान | जापानी वायु सेना | 58.1 |
| 9 | इजरायल | इजरायली वायु सेना | 56.3 |
| 10 | फ्रांस | फ्रांसीसी वायु सेना | 55.3 |

## क्यूएस बेस्ट स्टूडेंट सिटीज रैंकिंग 2027-

- हाल हमें क्यूएस बेस्ट स्टूडेंट सिटीज 2027 की रैंकिंग जारी की गयी है। इसमें दक्षिण कोरिया की राजधानी सियोल ने 100 के परफेक्ट स्कोर के साथ पहला स्थान हासिल किया है।
- **भारत के शहर-**
  - मुंबई - ग्लोबल रैंक 91 - स्कोर 61.8
  - नई दिल्ली - ग्लोबल रैंक 99 - स्कोर 60.3
  - बेंगलुरु - ग्लोबल रैंक 114 - स्कोर 56.1
  - चेन्नई - ग्लोबल रैंक 123 - स्कोर 54

## एथनिक यूनिटी एंड प्रोग्रेस प्रमोशन लॉ-

- चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने देश में 1 जुलाई, 2026 से एथनिक यूनिटी एंड प्रोग्रेस प्रमोशन लॉ लागू कर दिया है।
- उद्देश्य- भाषा, शिक्षा, संस्कृति और राष्ट्रीय पहचान को एक जैसा बनाना।
- इससे चीन में निवासरत अल्पसंख्यकों की पहचान कमजोर पड़ सकती है।

## प्रधानमंत्री की इंडोनेशिया यात्रा-

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 6 से 8 जुलाई, 2026 तक इंडोनेशिया की आधिकारिक यात्रा पर रहे।
- यह प्रधानमंत्री की इंडोनेशिया की चौथी यात्रा है और मई, 2018 में भारत-इंडोनेशिया संबंधों को व्यापक रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक उन्नत किए जाने के बाद उनकी पहली द्विपक्षीय यात्रा है।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इंडोनेशिया का सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'बिंतांग आदिपूर्ण' भी प्रदान किया गया।
- **समझौता ज्ञापन-**
  - ब्रह्मोस मिसाइल प्रणाली पर सहयोग।
  - वायु से वायु मिसाइल सहयोग समझौता।
  - शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए बाह्य अंतरिक्ष के अन्वेषण और उपयोग के क्षेत्र में सहयोग संबंधी ढांचागत समझौते का विस्तार।
  - इंडोनेशिया में स्टेनलेस स्टील स्लैब निर्माण संयंत्र की स्थापना के लिए स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एसएआईएल) और पं. क्राकाटाऊ स्टील के बीच रणनीतिक संयुक्त उद्यम।
- **घोषणाएं-**
  - योग्याकार्ता के प्रंबानन मंदिर परिसर के संरक्षण और जीर्णोद्धार के लिए भारत की ओर से सहायता।
  - इंडोनेशिया को 100 टन उच्च गुणवत्ता वाले डीडब्ल्यूआर 162 गेहूं के बीजों की आपूर्ति।
  - "टैगोर-देवंतारा सांस्कृतिक और शैक्षिक कूटनीति वर्ष" का स्म_ रणोत्सव।
  - भारत में ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स (ओएनडीसी) आर्किटेक्चर पर आधारित इंडोनेशिया ओपन नेटवर्क (आईओ-एन) का शुभारंभ।
  - इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट-बैंगलोर इंडोनेशिया में अपना परिसर स्थापित करेगा।

## प्रधानमंत्री की ऑस्ट्रेलिया यात्रा-



- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 8 से 10 जुलाई, 2026 तक ऑस्ट्रेलिया की आधिकारिक यात्रा पर रहे।
- इस यात्रा के दौरान दोनों देशों ने यूरेनियम आपूर्ति समझौते, रक्षा व सुरक्षा सहयोग (जेडीडीएससी) और साइबर सुरक्षा (पीएसीटीएस) जैसे 18 प्रमुख समझौतों पर सहमति व्यक्त की।

### यात्रा के परिणाम-

- रक्षा एवं सुरक्षा सहयोग पर संयुक्त घोषणा (जेडीडीएससी)-
  - यह संयुक्त सुरक्षा घोषणा (2009) का नवीनीकरण करती है।
  - इसमें बलों की अंतरसंचालनीयता, क्षमता निर्माण, समुद्री क्षेत्र, रक्षा औद्योगिक सहयोग, साइबर सुरक्षा और प्रौद्योगिकी, आतंकवाद विरोधी उपाय, रक्षा जोखिम प्रबंधन में एकीकृत दृष्टिकोण की सहयोग के क्षेत्रों के रूप में पहचान की गई है।
- **समुद्री सुरक्षा सहयोग प्रारूप (एमएससीआर)-**
  - सूचना साझाकरण, क्षमता विकास और परिचालन समन्वय को बढ़ावा देकर समुद्री सुरक्षा सहयोग को बढ़ाता है।
- **भारत-ऑस्ट्रेलिया नागरिक परमाणु समझौता-**
  - यह वर्ष 2014 में हस्ताक्षरित भारत-ऑस्ट्रेलिया नागरिक परमाणु समझौते को कार्यान्वित करता है।
  - ऑस्ट्रेलिया से भारत को यूरेनियम की आपूर्ति को सक्षम बनाता है।
- **साइबर, महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों और आपूर्ति श्रृंखलाओं के लिए ऑस्ट्रेलिया-भारत साझेदारी (पीएसीटीएस)-**
  - यह साइबर और साइबर-सक्षम महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकी सहयोग पर 2020 के प्रारूप समझौते पर आधारित है।
  - इसका उद्देश्य राष्ट्रीय और क्षेत्रीय सुरक्षा को समर्थन देना, महत्वपूर्ण आपूर्ति श्रृंखलाओं को अधिक अनुकूल बनाने के लिए सहयोग को बढ़ावा देना है।
- **रूफटॉप सोलर ट्रेनिंग अकादमी का संचालन-**
  - यह परियोजना गांधीनगर स्थित पंडित दीनदयाल ऊर्जा विश्वविद्यालय में जलवायु परिवर्तन, पर्यावरण एवं जल विभाग, भारत की हरित रोजगार क्षेत्र कौशल परिषद और रि-न्यू के सहयोग से स्थापित और संचालित की गई है।
  - इसका उद्देश्य 2000 महिलाओं और युवाओं को सौर तकनीशियन/इंस्टॉलर/सहायक के रूप में प्रशिक्षित करना है।
- **ऑस्ट्रेलिया-कनाडा-भारत प्रौद्योगिकी और नवाचार (एसीआईटीआई) साझेदारी के अंतर्गत समझौता ज्ञापन-**
  - इसका उद्देश्य ऑस्ट्रेलिया-कनाडा-भारत प्रौद्योगिकी और नवाचार (एसीआईटीआई) साझेदारी के अंतर्गत उभरती प्रौद्योगिकियों और नवाचार में त्रिपक्षीय सहयोग को बढ़ावा देना है।
- **विक्टोरिया विश्वविद्यालय को स्वीकृति पत्र-** विक्टोरिया विश्वविद्यालय को गुरुग्राम में अपना परिसर स्थापित करने और संचालित करने की अनुमति।
- फ्लिंडर्स विश्वविद्यालय को भारत (बेंगलुरु) में अपना परिसर स्थापित करने के लिए आशय पत्र (एलओआई) सौंपा गया है।
- भारतीय कलाकृतियों की वापसी- भारत की 3 प्राचीन वस्तुएं वापस लाई गईं।
  - 11वीं-12वीं शताब्दी की नंदी की ग्रेनाइट मूर्ति
  - भद्रकाली के साथ 11वीं शताब्दी का कांस्य त्रिशूल
  - 12वीं शताब्दी की भगवान मुरुगन (स्कंद) की बेसाल्ट प्रतिमा

## प्रधानमंत्री की न्यूजीलैंड यात्रा-

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन के निमंत्रण पर 10 से 11 जुलाई, 2026 तक न्यूज़ीलैंड की आधिकारिक यात्रा पर रहे।

### समझौते-

- हिंद-प्रशांत क्षेत्र में रक्षा संवाद, समन्वय और रसद सहायता बढ़ाने के लिए भारत के रक्षा मंत्रालय व भारतीय नौसेना तथा न्यूजीलैंड रक्षा बल के बीच समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित हुआ।
- संयुक्त नौवहन चार्ट बनाने, डेटा साझा करने और क्षमता विकास के लिए समझौता।
- आतंकवाद से निपटने, सूचनाओं का आदान-प्रदान करने और आपसी समन्वय स्थापित करने के लिए एक कार्य समूह की स्थापना।
- भारत के राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और न्यूजीलैंड की राष्ट्रीय आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी के बीच भूकंप, सुनामी और तटीय खतरों से निपटने के लिए सहयोग।
- गुजरात के लोथल में राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर  के विकास हेतु सहयोग तथा कला व संस्कृति के क्षेत्र में आदान-प्रदान।

### घोषणाएं-

- रणनीतिक साझेदारी और 2030 का रोडमैप- दोनों देशों ने अपने संबंधों को 'रणनीतिक साझेदारी' का दर्जा दिया है।
- द्विपक्षीय व्यापार का लक्ष्य-2030 तक आपसी व्यापार को बढ़ाकर 7 बिलियन न्यूजीलैंड डॉलर (₹35,000 करोड़) करने का लक्ष्य रखा गया है।
- समुद्री सुरक्षा- समुद्री सुरक्षा संवाद की शुरुआत की गई है और न्यूजीलैंड ने 'हिंद प्रशांत महासागर पहल' (IPOI) के तहत समुद्री सुरक्षा को प्राथमिकता दी है।

## 16वें भारत-जापान वार्षिक शिखर सम्मेलन का आयोजन-

- आयोजन तिथि- 1 से 3 जुलाई 2026
- आयोजन स्थल- नई दिल्ली
- नेतृत्व- भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और जापान की प्रधानमंत्री साने ताकाइची
- यह जापानी पीएम ताकाइची की पहली आधिकारिक भारत यात्रा थी।

### शिखर सम्मेलन के परिणाम-

- **रक्षा और तकनीकी सह-विकास (UNICORN प्रोजेक्ट)-**
  - दोनों देशों के बीच UNICORN (Unified Complex Radio Antenna) परियोजना के तकनीकी पहलुओं पर सहमति बनी, जो भारत और जापान के बीच पहला रक्षा सह-विकास समझौता है।
- **आर्थिक सुरक्षा-**
  - आर्थिक सुरक्षा सहयोग पर संयुक्त घोषणा जारी की गई।
  - सेमीकंडक्टर, क्रिटिकल मिनरल्स , फार्मास्यूटिकल्स, आईसीटी और स्वच्छ ऊर्जा में सप्लाई चेन को मजबूत करने और किसी एक देश पर निर्भरता कम करने पर जोर दिया गया।
- **कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं डिजिटल साझेदारी-**
  - भारत के IndiaAI Mission और जापान के GENIAC Initiative के बीच सहयोग।
  - बड़ी भाषा मॉडल के विकास के लिए आईआईटी-बॉम्बे, भारतजेन और जापान के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इंफॉर्मेटिक्स के बीच एमओयू।
- **स्वच्छ ऊर्जा-**
  - ओडिशा में क्लीन अमोनिया प्रोजेक्ट को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता।
  - बैटरीज और ग्रीन हाइड्रोजन के क्षेत्र में नए समझौतों पर हस्ताक्षर।
- **निवेश और अवसंरचना-**
  - जापान से अगले 10 वर्षों में 10 ट्रिलियन येन का निवेश आकर्षित करने का लक्ष्य।
  - मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड रेल परियोजना की प्रगति की समीक्षा।
  - रेलवे, ऑटोमोटिव और लॉजिस्टिक्स क्षेत्रों को गति देने के लिए न्यू जनरेशन मोबिलिटी पार्टनरशिप की शुरुआत।

## भारत की राष्ट्रपति का मोल्दोवा गणराज्य, उत्तरी मैसेडोनिया गणराज्य और रोमानिया का आधिकारिक दौरा-

- भारत के राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 19-25 जुलाई, 2026 तक मोल्दोवा गणराज्य, उत्तरी मैसेडोनिया गणराज्य और रोमानिया की राजकीय यात्राएँ पर रही।
- **मोल्दोवा गणराज्य की यात्रा के परिणाम-**
  - यह किसी भी भारतीय राष्ट्रपति की मोल्दोवा की पहली राजकीय यात्रा है।
  - भारत ने मोल्दोवा के पेशेवरों के लिए भारतीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग प्रशिक्षण स्लॉट की संख्या दोगुनी करने का निर्णय लिया है, जिसमें एआई और उभरती प्रौद्योगिकियों के विशेष पाठ्यक्रम शामिल हैं।
  - द्विपक्षीय व्यापार, निवेश और आपूर्ति शृंखलाओं के लिए भारत-मोल्दोवा व्यापार मंच को संबोधित किया।
- **उत्तरी मैसेडोनिया गणराज्य की यात्रा के परिणाम-**
  - भारत ने उत्तर मैसेडोनिया की आपदा-रोधी अवसंरचना के लिये गठबंधन, अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन तथा वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन में शामिल होने की प्रतिबद्धता का सम्मान किया है।
  - भारत ने उत्तरी मैसेडोनिया के लिए भारतीय तकनीकी एवं आर्थिक सहयोग प्रशिक्षण स्लॉट की संख्या दोगुनी करने की घोषणा की, जिसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के विशेष पाठ्यक्रम भी शामिल हैं।
- **रोमानिया की यात्रा के परिणाम-**
  - भारत-रोमानिया व्यापार मंच को संबोधित करते हुए 'विकसित भारत 2047' के विजन के तहत निवेश का आह्वान किया गया।

## प्रोजेक्ट फ्रेया-

- हाल ही में यूक्रेन और नौ पश्चिमी देशों ने मिलकर प्रोजेक्ट फ्रेया नामक हवाई रक्षा गठबंधन की घोषणा की है।
- यह गठबंधन यूरोप के लिए रूसी बैलिस्टिक मिसाइलों के खतरों को कम करने के एकीकृत मिसाइल सुरक्षा कवच विकसित करेगा।
- इसमें यूक्रेन, फ्रांस, जर्मनी, ब्रिटेन, इटली, स्पेन, नॉर्वे, स्वीडन, डेनमार्क, नीदरलैंड देश शामिल हैं।

## रॉबर्ट और मटिल्डा-

- यह ह्यूमनॉइड रोबोट्स है।
- इनकी रूस की राजधानी मॉस्को की पुश्किन लाइब्रेरी में प्रतीकात्मक शादी करवाई गयी है हालांकि यह विवाह कानूनी रूप से वैध नहीं था।
- उद्देश्य- आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और उन्नत रोबोटिक तकनीक के प्रति लोगों की रुचि बढ़ाना और इसे बड़े स्तर पर प्रचारित करना।

## यूएस फेडरल रिजर्व की 'स्पेशल टास्क फोर्स' में भारतीय मूल के तीन अर्थशास्त्रियों की नियुक्ति-



- अमेरिका के केंद्रीय बैंक यूएस फेडरल रिजर्व की मौद्रिक नीति की समीक्षा व उसमें बदलाव के लिए गठित पाँच सदस्यी स्पेशल टास्क फोर्स में भारतीय मूल के तीन अर्थशास्त्रियों को नियुक्ति किया गया है।

## नियुक्ति भारतीय मूल के अर्थशास्त्री-

- **राज चेट्टी-**
  - सदस्य, लिक्विडिटी डिपेंडेंस पैनल
  - इनको बाजार में पैसे के बहाव से जुड़े पैनल में लिया गया है।
  - यह मौजूदा बैलेंस शीट व्यवस्था की लागत, फायदों और असर की डेटा आधारित आकलन पेश करेंगे।
- **रघुराम राजन-**
  - सह-प्रमुख, बैलेंस शीट पॉलिसी टास्क फोर्स
  - भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर और भारत सरकार के पूर्व मुख्य आर्थिक सलाहकार राजन को बैलेंस शीट पॉलिसी टास्क फोर्स की सह-कमान सौंपी गई है।
  - यह फेडरल रिजर्व की बैलेंस शीट के खर्चों, लाभों और इसके संस्थागत प्रभावों की बारीकी से जांच करेंगे।
- **आशा शर्मा-**
  - प्रमुख, उत्पादकता एवं रोजगार टास्क फोर्स
  - भारत में जन्मीं-अमरीका में पली-बढ़ीं माइक्रोसॉफ्ट की गेमिंग यूनिट 'एक्सबॉक्स' की सीईओ।
  - आशा अमरीकी बाजार में रोजगार और उत्पादकता के नए आयामों पर अपनी रिपोर्ट फेड को सौंपेंगी।

## भारत-इजराइल द्विपक्षीय निवेश समझौता-

### भारत-इजराइल द्विपक्षीय निवेश समझौता-

- भारत और इजराइल के मध्य 8 सितंबर, 2025 को हस्ताक्षरित द्विपक्षीय निवेश समझौता 4 जुलाई, 2026 से लागू हो गया।
- भारत के नए मॉडल निवेश संधि के तहत द्विपक्षीय निवेश समझौता पर हस्ताक्षर करने वाला इजराइल OECD का पहला सदस्य देश है।
- यह नया समझौता 1996 की पुरानी संधि का स्थान लेता है, जिसे भारत ने अपनी नई निवेश नीति के तहत 2017 में निरस्त कर दिया था।

### समझौते के प्रावधान-

| | |
|---|---|
| 1. निवेश की परिभाषा एवं दायरा- | ▪ पोर्टफोलियो निवेश और सट्टा परिसंपत्तियों को इस संधि के संरक्षण से बाहर रखा गया है।<br>▪ केवल वही निवेश संरक्षित होंगे जो मेजबान देश के घरेलू कानूनों के अनुरूप किए गए हों। |
| 2. विनियमन का संप्रभु अधिकार- | ▪ दोनों देशों के पास जनस्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण, कराधान और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए नियमों को लागू करने का अधिकार रहेगा।<br>▪ ट्रीटी शॉपिंग को रोकने के लिए शेल कंपनियों को इस संधि के लाभों से वंचित किया गया है। |
| 3. विवाद निपटान तंत्र- | ▪ निवेशकों को अंतर्राष्ट्रीय मध्यस्थता में जाने से पहले मेजबान देश के घरेलू न्यायिक उपायों का उपयोग करना अनिवार्य होगा।<br>▪ अंतर्राष्ट्रीय मध्यस्थता केवल तभी शुरू हो सकती है जब घरेलू न्यायिक प्रक्रिया पूरी हो जाए या 5 वर्ष की अवधि बीत जाए (जो भी पहले हो)। |
| 4. कराधान एवं राष्ट्रीय सुरक्षा अपवाद- | ▪ कर संबंधी विवादों को सामान्यतः अंतर्राष्ट्रीय मध्यस्थता के दायरे से बाहर रखा गया है।<br>▪ राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े फैसलों को न्यायिक समीक्षा और मध्यस्थता न्यायाधिकरण के अधिकार क्षेत्र से बाहर रखा गया है। |

## विविध तथ्य-

- अमेरिका के कोलोराडो में 'पुरगेतोस्यिस' नाम के 6.6 करोड़ साल पुराने स्तनपायी जीव के दांत खोजे गये है।
- हाल ही में विश्व बैंक ने श्रीलंका को निम्न-मध्यम आय से उच्च-मध्यम आय वाली अर्थव्यवस्था की श्रेणी में शामिल किया। साल 2022 के आर्थिक संकट के बाद यह देश के लिए बड़ी उपलब्धि है।
- हाल ही में भारत-इजरायल का द्विपक्षीय निवेश समझौता लागू हुआ। इसका उद्देश्य दोनों देशों के बीच निवेश को सुरक्षित व पारदर्शी बनाना है। अब निवेश से जुड़े कानूनी विवादों के समाधान की समय सीमा 5 साल से 3 साल कर दी गई है।
- स्विस वेल्थ मैनेजर जूलियस बेयर ग्रुप लिमिटेड की सालाना रिपोर्ट के मुताबिक सिंगापुर लगातार चौथे साल अमीरों के लिए दुनिया का सबसे महंगा शहर रहा है। इस रिपोर्ट में भारत के मुंबई को 22वां सबसे महंगा शहर बताया गया है।

- अमेरिका ने सीरिया को 'आतंकवाद के राज्य प्रायोजक' सूची से हटाने की घोषणा की है। इस सूची से हटने के बाद सीरिया पर लगे वित्तीय और सैन्य निर्यात प्रतिबंध हट जाएंगे।
- हाल ही में जापान की राष्ट्रपति सनाए ताकाइची ने नेशनल इंटेलिजेंस ब्यूरो नाम से राष्ट्रीय खुफिया एजेंसी बनाने के लिए 3,885 करोड़ रु. के बजट को मंजूरी दी है। जापान ने दूसरे विश्व युद्ध के बाद पहली बार अपनी खुफिया एजेंसी बनाने की घोषणा की है।
- अमेरिका के न्यूयॉर्क राज्य ने 50 मेगावॉट या उससे अधिक बिजली खपत वाले नए डेटा सेंटरों पर एक साल की रोक लगाने की घोषणा की है।
- मॉरिशस, आइसीसी का 111वां सदस्य देश बनेगा।
- हाल ही में चीन ने विश्व एआइ सहयोग संगठन बनाने की घोषणा की है। यह संगठन ऐसा मंच तैयार करेगा जहाँ एआइ से जुड़ी जरूरतों और तकनीकों को जोड़ने का काम होगा।
- अमेरिका के ओशकोश में दुनिया के सबसे बड़े विमानन उत्सव 'ईएए एयरवेंचर ओशकोश' आयोजित किया गया। इसे विमानन जगत का महाकुम्भ कहा जाता है। यह 20 से 26 जुलाई, 2026 तक आयोजित हुआ।
- अमरीका में पहली स्कूल में मानव जैसा दिखने वाला रोबोट 11वीं और 12वीं के छात्रों को पढ़ाने में शिक्षकों की सहायता करेगा। इस रोबोट का का नाम 'सैली' रखा गया है।
- हाल ही में फ्रांस ने 15 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया के उपयोग को प्रतिबंधित कर दिया है।
- अमेरिका ने सऊदी अरब से 30 वर्ष के लिए नागरिक परमाणु सहयोग समझौता हस्ताक्षरित किया है।
- हाल ही में स्पेन सरकार ने भीषण वनाग्निके कारण 'राष्ट्रीय आपातकाल' घोषित किया है।
- मोहम्मद शहाबुद्दीन- यह बांग्लादेश के 22वें राष्ट्रपति थे जिन्होंने हाल ही में अपने पद से इस्तीफा दिया है।
- एपल पुन: दुनिया की सबसे मूल्यवान लिस्टेड कंपनी बन गई है। इसने एआई चिप कंपनी एनवीडिया को पीछे छोड़ते हुए शीर्ष स्थान प्राप्त किया है।
- अमेरिकी सीनेट ने जे. क्लेटन को अमरीका के अगले राष्ट्रीय खुफिया निदेशक के रूप में नियुक्त किया है। वे पूर्व निदेशक तुलसी गेबार्ड की जगह लेंगे।



# राष्ट्रीय परिदृश्य

## लोक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) संशोधन अधिनियम, 2026-

| लोकसभा में पारित | राज्यसभा में पारित- | राष्ट्रपति की स्वीकृति- |
|---|---|---|
| 29 जुलाई, 2026 | 30 जुलाई, 2026 | 31 जुलाई, 2026 |

- यह अधिनियम लोक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 2024 में संशोधन करता है।
- **उद्देश्य-** लोक परीक्षा धोखाधड़ी के मामलें में दोषियों के लिए कड़ी सज़ा सुनिश्चित करना, जांच एवं न्यायिक प्रक्रिया को अधिक तेज़ और प्रभावी बनाना तथा प्रभावित अभ्यर्थियों को समयबद्ध एवं स्पष्ट न्याय उपलब्ध कराना।
- यह परीक्षा में धोखाधड़ी, प्रश्न-पत्र लीक और संगठित परीक्षा घोटालों पर अंकुश लगाने के लिए भारत का पहला समर्पित कानून है।

### दंड संबंधी प्रावधानों में तुलना (2024 अधिनियम बनाम 2026 विधेयक)

| अपराध की श्रेणी | पहले की स्थिति (2024 अधिनियम) | अब नया प्रावधान (2026 विधेयक) |
|---|---|---|
| व्यक्तिगत अपराधी | • 3 से 5 वर्ष का कारावास<br>• ₹10 लाख तक का जुर्माना | • 5 से 10 वर्ष का कारावास<br>• ₹50 लाख तक का जुर्माना |
| सेवा प्रदाता | • ₹1 करोड़ तक का जुर्माना<br>• 4 वर्ष का प्रतिबंध | • ₹5 करोड़ तक का जुर्माना<br>• 8 वर्ष का प्रतिबंध |
| निदेशक/वरिष्ठ प्रबंधन की जवाबदेही | • 3 से 10 वर्ष का कारावास<br>• ₹1 करोड़ का जुर्माना | • 5 से 10 वर्ष का कारावास<br>• ₹5 करोड़ का जुर्माना |
| संगठित अपराध/सिंडिकेट | • 5 से 10 वर्ष का कारावास<br>• न्यूनतम ₹1 करोड़ जुर्माना | • 7 से 10 वर्ष का कारावास<br>• न्यूनतम ₹10 करोड़ का जुर्माना |

### त्वरित एवं केंद्रित जांच व्यवस्था-

- केंद्र सरकार संगठित परीक्षा अपराधों की जांच हेतु समर्पित एसटीएफs का गठन कर सकेगी।
- जांच एजेंसी/पुलिस/एसटीएफ को एफआईआर दर्ज होने या मामला हस्तांतरित होने की तिथि से 2 माह के भीतर अनिवार्य रूप से जांच पूरी करनी होगी।
- **न्यायिक प्रक्रिया एवं विशेष फ़ास्ट ट्रैक न्यायालय-** प्रत्येक राज्य एवं केंद्र शासित प्रदेश (उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के परामर्श से) सत्र न्यायालयों को विशेष फास्ट ट्रैक न्यायालय के रूप में अधिसूचित करेंगे।
- **समयबद्ध सुनवाई-**
  - आरोप-पत्र दाखिल होने के 3 माह के भीतर मामले का निपटारा/निर्णय आवश्यक होगा।
  - दैनिक आधार पर बिना किसी अनावश्यक स्थगन के सुनवाई होगी।
- लंबित मुकदमों का स्थानांतरण- पुराने सभी लंबित मामलों को इन न्यायालयों में स्थानांतरित कर 3 माह में निस्तारित किया जाएगा।
- विशेष लोक अभियोजक- प्रभावी पैरवी के लिए विशेष वकीलों की नियुक्ति की जाएगी।
- **अपील प्रक्रिया-**निर्णय या आदेश के विरुद्ध अपील केवल उच्च न्यायालय की दो न्यायाधीशों की पीठ के समक्ष होगी।
- **समय-सीमा-** सामान्यतः निर्णय के 30 दिनों के भीतर अपील दायर करनी होगी (अधिकतम 90 दिन की सीमा, जिसके बाद कोई अपील स्वीकार नहीं होगी)। उच्च न्यायालय को अपील स्वीकार होने के 3 महीने के भीतर इसका निस्तारण करना होगा।

# विकसित भारत- गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) अधिनियम, 2025-

## युविकसित भारत- गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) अधिनियम, 2025-

- हाल ही में ग्रामीण भारत के समग्र विकास और ग्रामीण परिवारों की आजीविका को सुनिश्चित किये जाने के उद्देश्य से 1 जुलाई, 2026 को विकसित भारत- गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) अधिनियम, 2025 सम्पूर्ण देश में लागू हुआ।
- केंन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आंध्र प्रदेश के तिरुपति जिले के मुक्कावरीपल्ली गाँव से "विकसित भारत- जी राम जी योजना" का 2 जुलाई, 2026 राष्ट्रीय शुभारंभ किया।



### विकसित भारत- गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) अधिनियम, 2025

- लोकसभा में प्रस्तावित- 16 दिसम्बर, 2026
- लोकसभा में पारित- 18 दिसम्बर, 2026
- राज्यसभा में पारित- 18 दिसम्बर, 2026
- राष्ट्रपति की मंजूरी- 21 दिसम्बर, 2026
- अधिसूचित- 11 मई 2026
- देश में लागू- 1 जुलाई, 2026

### कार्य क्षेत्र- इस अधिनियम के तहत होने वाले निर्माण और कार्य चार प्रमुख क्षेत्रों पर केंद्रित होंगे-

1. **जल सुरक्षा कार्य-** जल संरक्षण, कैचमेंट एरिया डेवलपमेंट और पारंपरिक जल निकायों का जीर्णोद्धार।
2. **मूल ग्रामीण अवसंरचना-** गांव की सड़कें, जल निकासी और संपर्क मार्ग।
3. **आजीविका से जुड़ी अवसंरचना-** स्वयं सहायता समूहों (SHGs), कृषि व संबद्ध गतिविधियों के विकास हेतु आवश्यक ढांचा।
4. **मौसम एवं जलवायु अनुकूलन कार्य-** चरम मौसमी घटनाओं (बाढ़/सूखा आदि) के प्रभाव को कम करने वाले निर्माण।

### तकनीक का इस्तेमाल-

- लेन-देन के लिए बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण।
- योजना की निगरानी के लिए जियोस्पेशियल तकनीक।
- रियल-टाइम ट्रैकिंग के लिए मोबाइल एप्लिकेशन-आधारित डैशबोर्ड।
- हर हफ्ते सार्वजनिक रुप से जानकारी साझा करने की व्यवस्था।

### उद्देश्य-

- ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका सुरक्षा को मजबूत करना।
- टिकाऊ परिसंपत्तियों का निर्माण करना।
- ग्रामीण भारत को 'विकसित भारत @2047' के लक्ष्य से जोड़ना।

**प्रायोजित-** केंद्र प्रायोजित, इसमें केंद्र और राज्यों के बीच जिम्मेदारियां साझा की जाएंगी।

**प्रतिस्थापन अधिनियम-** वर्ष 2005 के 'महात्मा गांधी रष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम' (मनरेगा)।

**रोजगार की अवधि-** एक वित्तीय वर्ष में 125 दिनों का रोजगार।

**मांग आधारित रोजगार-** पात्र व्यक्ति द्वारा आवेदन किये जाने पर ग्राम पंचायत स्तर पर तय समय सीमा के भीतर काम उपलब्ध कराया जाएगा।

**बेरोजगारी भत्ता-** काम नहीं मिलने की स्थिति में राज्य सरकार द्वारा नियमानुसार बेरोजगारी भत्ता दिया जायेंगा।

**ब्रेक या पॉज विंडो-** अधिकतम 60 दिन (राज्यों को वित्तीय वर्ष में बुवाई और कटाई के मुख्य समय के दौरान)

**वित्त पोषण-** 60:40 (केंद्र-राज्य लागत-साझाकरण अनुपात)

- Note- भारत के उत्तर-पूर्वी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए 90:10 केंद्र-राज्य लागत-साझाकरण अनुपात

**ब्रेक/पॉज विंडो-** अधिकतम 60 दिन (राज्यों को वित्तीय वर्ष में बुवाई और कटाई के समय के दौरान)

**मजदूरी का भुगतान माध्यम-** डायरेक्ट बेनिफिट ट्रान्सफर के जरिए सीधे बैंक या डाकघर खातों में

**मजदूरी का भुगतान दिवस-** हर हफ्ते या 15 दिनों के भीतर होगा।

वित्त वर्ष 2026-27 के लिए आवंटित केन्द्रीय बजट- ₹95,692.31 करोड़ रुपये

### मनरेगा, 2005 बनाम वीबी-जी राम जी, 2025 तुलनात्मक सारांश-

| स्तम्भ | महात्मा गांधी नरेगा, 2005 | वीबी-जी राम जी, 2025 |
|---|---|---|
| गारंटीकृत रोजगार | एक वित्तीय वर्ष में 100 दिन | एक वित्तीय वर्ष में 125 दिन। |
| वित्त पोषण मॉडल | विभाजित (मजदूरी, सामग्री, आदि के लिए अलग-अलग नियम) | एकीकृत साझाकरण (अधिकांश राज्यों के लिए 60:40) |
| अतिरिक्त व्यय | कोई विशिष्ट प्रावधान नहीं। | मानक आवंटन से अधिक होने पर राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाएगा। |
| कार्य का ढांचा | ग्राम पंचायत द्वारा परियोजनाओं की पहचान। | चार विषयगत क्षेत्रों पर केंदित; पीएम गति शक्ति के साथ एकीकृत। |
| कृषि मौसम | कोई विशिष्ट प्रावधान नहीं। | 60 दिनों तक के लिए कार्य पर रोक का प्रावधान। |
| निगरानी | केंद्र और राज्य परिषदें। | राष्ट्रीय और राज्य संचालन समितियों का अतिरिक्त गठन। |
| प्रौद्योगिकी | समय के साथ जोड़ा गया। | बायोमेट्रिक, जियोस्पेशियल, मोबाइल डैशबोर्ड अनिवार्य। |

## देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन-




- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 17 जुलाई, 2026 को हरियाणा के जींद से सोनीपत के बीच देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

### विशेषताएं-

- कोच/डिब्बे- 10 कोच
- 1200 KW हाइड्रोजन ईंधन सेल प्रणोदन प्रणाली से संचालित।
- **गति-** डिजाइन गति -110 किलोमीटर प्रति घंटे
  - संचालित गति- 75 किलोमीटर प्रति घंटे अधिकतम
- यात्री क्षमता- लगभग 2,600
- चरण - प्रोटोटाइप निर्माण के माध्यम से डिजाइन चरण से विकसित।
- हाइड्रोजन ट्रेन परियोजना को अनुसंधान, डिजाइन और मानक संगठन के डिजाइन अनुमोदन और तकनीकी विशिष्टताओं के अनुसार विकसित किया गया है।

### प्रयुक्त तकनीक-

- हाइड्रोजन ईंधन सेल तकनीक हाइड्रोजन का उपयोग करके रासायनिक प्रतिक्रिया के माध्यम से बिजली का उत्पादन करती है।
- इसमें प्राथमिक ऊर्जा स्रोत एक प्रोटॉन एक्सचेंज मेम्ब्रेन फ्यूल सेल है। यह एक ईंधन सेल है जो प्रोटॉन-कंडक्टिंग परफ्लुओरोसल्फोनिक एसिड पॉलिमर झिल्ली में हाइड्रोजन और ऑक्सीजन की प्रतिक्रिया कराकर बिजली उत्पन्न करता है।
- यह प्रक्रिया उप-उत्पाद के रूप में केवल जल वाष्प और गर्मी पैदा करती है।

### हाइड्रोजन

  - हाइड्रोजन एक उच्च ऊर्जा वाला ईंधन है जो डीजल की 43 एमजे/किग्रा की तुलना में 120 एमजे/किग्रा (मेगाजूल प्रति किलोग्राम) ईंधन देता है।
  - यह प्रबंधनीय कार्बन पदचिह्न के साथ कम रखरखाव वाला ईंधन है।

- इस ट्रेन के उद्घाटन के साथ भारत हाइड्रोजन से चलने वाले रेल परिवहन वाले देशों के चुनिंदा समूह में शामिल हो जाएगा। वर्तमान में इसमें जर्मनी, जापान, चीन और अमेरिका शामिल हैं।

## सारनाथ, यूनेस्को विश्व धरोहर सूची में शामिल-




- 25 जुलाई, 2026 को दक्षिण कोरिया के बुसान में आयोजित विश्व धरोहर समिति के 48वें सत्र में भारत द्वारा वर्ष 2025-26 चक्र के लिए नामित "प्राचीन बौद्ध स्थल सारनाथ" को यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल कर लिया गया है।
- यह यूनेस्को विश्व धरोहर सूची में मान्यता प्राप्त करने वाला भारत का 45वां स्थल है।

### सारनाथ का महत्व-

### ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्त्व

  - धर्मचक्र प्रवर्तन- बोधगया में ज्ञान प्राप्ति के बाद भगवान बुद्ध ने सारनाथ (मृगदाव/ऋषिपत्तन) में अपना पहला उपदेश दिया था।
  - संघ का जन्मस्थान- यहीं से बौद्ध भिक्षु संघ की शुरुआत हुई और आर्य अष्टांगिक मार्ग का प्रतिपादन किया गया।
  - चार प्रमुख तीर्थ- बौद्ध धर्म के चार पवित्र स्थलों (लुंबिनी, बोधगया, सारनाथ और कुशीनगर) में से अब तीन स्थल यूनेस्को की सूची में शामिल हो चुके हैं।

- यूनेस्को सूची में सम्मिलित क्षेत्र में सारनाथ के निम्नलिखित प्रमुख स्थल शामिल हैं-
  - चौखंडी स्तूप- वह स्थान जहाँ बुद्ध अपने प्रथम पाँच शिष्यों से मिले थे।
  - धमेख स्तूप- विशाल बेलनाकार स्तूप जो प्रथम उपदेश के सटीक स्थल को चिह्नित करता है।
  - धर्मराजिका स्तूप- सम्राट अशोक द्वारा बुद्ध के अवशेषों को रखने के लिए निर्मित।
  - मूलगंधकुटी विहार- सारनाथ में बुद्ध का प्रथम 'वर्षावास' (निवास स्थल)।
  - अशोक स्तंभ- 3वीं शताब्दी ईसा पूर्व का स्तंभ, जिसका सिंह शीर्ष भारत का राष्ट्रीय प्रतीक।
- इस सूची में 45 स्थलों के साथ भारत दुनिया भर में छठे और एशिया-पैसिफिक क्षेत्र में दूसरे स्थान पर है, जहाँ सबसे ज़्यादा विश्व धरोहर स्थल हैं। भारत के **69 स्थल विश्व धरोहर की संभावित सूची में भी शामिल** है।

## "स्ट्रेटेजिक रोडमैप फॉर मेकिंग आयुर्वेद ग्लोबल" पर रिपोर्ट-




- नीति आयोग ने 2 जुलाई, 2026 को "स्ट्रेटेजिक रोडमैप फॉर मेकिंग आयुर्वेद ग्लोबल" शीर्षक से रिपोर्ट जारी की है।
- इस रिपोर्ट में वैश्विक स्तर पर आयुर्वेद की वर्तमान स्थिति का व्यापक आकलन प्रस्तुत किया गया है तथा आयुर्वेद को विश्व स्तर पर स्थापित करने के लिए चरणबद्ध रोडमैप की रूपरेखा प्रस्तुत की गई है।
- रिपोर्ट में आयुर्वेद के वैश्वीकरण के लिए तीन-स्तंभीय रूपरेखा प्रस्तुत की गई है, जिसमें शामिल हैं-
- **उपलब्धता-**
  - वैश्विक स्तर पर काम करने के तरीके और कार्यबल, वैश्विक निर्यात और विनिर्माण, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अनुसंधान एवं विकास, और वैश्विक मानकों के अनुरूप आयुर्वेद शिक्षा।
- **स्वीकार्यता-**
  - नियमों एवं दिशानिर्देशों का पालन, अंतरराष्ट्रीय सहयोग (शैक्षणिक और औद्योगिक), बीमा कवरेज, और स्थानीय आवश्यकताओं एवं सांस्कृतिक परिस्थितियों के अनुरूप आयुर्वेद को अनुकूल बनाना।
- **प्रसार-**
  - आयुर्वेद की रणनीतिक ब्रांडिंग एवं वैश्विक पहचान को मजबूत करना। अंतरराष्ट्रीय पहचान और प्रचार, चिकित्सा मूल्य पर्यटन और वैश्विक संस्थाओं में आयुर्वेद की उपस्थिति सुनिश्चित करना।
- यह रिपोर्ट "एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य" की भारत की व्यापक प्रतिबद्धता को भी प्रतिबिंबित करती है।

## 'विकसित उड़ान' का शुभारंभ-

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जोधपुर हवाई अड्डे से 4 जुलाई, 2026 को उड़ान (उड़े देश का आम नागरिक) योजना के अगले चरण 'विकसित उड़ान' का शुभारंभ किया।
- **विकसित उड़ान-**
  - केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा मंजूरी- 25 मार्च, 2026
  - शुभारम्भ- 4 जुलाई, 2026
  - परिव्यय- लगभग 29,000 करोड़
  - अवधि- 10 वर्ष
  - उद्देश्य- द्वितीय और तृतीय श्रेणी के शहरों तथा दूरस्थ क्षेत्रों में हवाई यात्रा को बढ़ावा देना।
- **इसके तहत-**
  - 12,159 करोड़ रुपये के निवेश के साथ मौजूदा अनवोंद्ध हवाई जहाजों से 100 एयरोड्रोम के विकास के माध्यम से क्षेत्रीय विमानन बुनियादी ढांचे के विस्तार।
  - क्षेत्रीय हवाई अड्डों के लिए संचालन और रखरखाव सहायता, 3,661 करोड़ रुपये के निवेश के साथ 200 आधुनिक हेलीपैड के विकास और क्षेत्रीय एयरलाइन संचालन को बनाए रखने के लिए 10,043 करोड़ रुपये की निरंतर व्यवहार्यता अंतर निधि प्रदान।

## परीक्षा सुधार पर हाई-पावर्ड टास्क फोर्स गठित-




- हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने परीक्षा प्रणाली में सुधार के लिए हाई पावर्ड टास्क फोर्स के गठन का ऐलान किया।
- इस हाई पावर्ड टास्क फोर्स की अध्यक्षता इंफोसिस के चेयरमैन नंदन नीलेकणि करेंगे।

## टास्क फोर्स में सम्मिलित सदस्य-

- **अध्यक्षता-** नंदन नीलेकणि-
- **सदस्य-**
  - प्रो. वी. कामकोटी- निदेशक, आईआईटी मद्रास
  - डॉ. एस सोमनाथ- इसरो के पूर्व अध्यक्ष
  - अनीता करवाल- पूर्व अध्यक्ष, सीबीएसई
  - तपन डेका- पूरब आईबी निदेशक
  - अमृत लाल मीणा- वरिष्ठ आईएएस अधिकारी और लॉजिस्टिक्स विशेषज्ञ

## आयुर्वेद शिक्षा, अनुसंधान, वैज्ञानिक संचार और डिजिटल प्रशासन को मजबूत करने के उद्देश्य से नवीन पहल प्रारम्भ-

- आयुष मंत्रालय ने 3 जुलाई, 2026 को अनुसंधान, शिक्षा, वैज्ञानिक लेखन और डिजिटल परिवर्तन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से तीन प्रमुख पहलों को प्रारम्भ किया है।
- यह पहल देश में साक्ष्य-आधारित आयुर्वेद अनुसंधान तंत्र को और मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

### प्रमुख पहल-

- **आयुर्वेद प्रबोधिनी ग्रंथमाला के अंतर्गत अनुसंधान पद्धति पाठ्यपुस्तक-**
  - यह 50 शोध वैज्ञानिकों और संकाय सदस्यों द्वारा लिखित पाठ्यपुस्तक है जो NCISM द्वारा स्नातकोत्तर और डॉक्टरेट आयुष शिक्षा के लिए निर्धारित परिणाम-आधारित गतिशील पाठ्यक्रम के अनुरूप तैयार की गई है।
- **CCRAS प्रयत्न 2026-27 के लिए रुचि की अभिव्यक्ति का शुभारंभ-**
  - इस का उद्देश्य संरचित, संस्था-आधारित कार्यशालाओं के माध्यम से वैज्ञानिक लेखन और प्रकाशन कौशल को बढ़ाना है।
- **CCRAS डिजिटल ईकोसिस्टम डैशबोर्ड-**
  - यह डैशबोर्ड को सुलभता, पारदर्शिता और जनसंपर्क को बेहतर बनाने के साथ-साथ अनुसंधान परिणामों और संस्थागत संसाधनों के प्रसार को सुगम बनाने के लिए विकसित किया गया है।
- **CCRAS- Central Council for Research in Ayurvedic Sciences**

## भारत की प्रथम "प्वाइंट-इन-स्पेस" इंस्ट्रूमेंट अप्रोच प्रक्रिया को मंजूरी-

- 

- हाल ही में भारत की प्रथम प्राइवेट प्वाइंट-इन-स्पेस इंस्ट्रूमेंट अप्रोच प्रक्रिया को उंडावल्ली हेलीपोर्ट (आंध्र प्रदेश) पर हेलीकॉप्टर परिचालन के लिए मंजूरी प्रदान की गई।
- प्वाइंट-इन-स्पेस को भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा विकसित किया गया है तथा नागर विमानन महानिदेशालय (DGCA) द्वारा मंजूरी दी गई है।
- यह प्रक्रिया नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) के नियमों और अंतरराष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन (ICAO) के मानकों के पूरी तरह अनुकूल है।

### प्वाइंट-इन-स्पेस तकनीक-

- यह उन्नत, उपग्रह-आधारित हेलीकॉप्टर नेविगेशन प्रणाली है, जिससे बिना पारंपरिक लैंडिंग इंफ्रास्ट्रक्चर के भी हेलीकॉप्टर सुरक्षित लैंड कर सकते हैं।
- यह प्रतिकूल मौसम और उन क्षेत्रों में अत्यंत लाभकारी है जहाँ भूमि-आधारित नेविगेशन सहायता उपलब्ध नहीं होती। इसके माध्यम से इंस्ट्रूमेंट फ्लाइट रूल्स के तहत सुरक्षित और सटीक उड़ान संभव होगी।

## अमृतसर से हब एंड स्पोक इंटरनेशनल फ्लाइट ऑपरेशन सुविधा का शुभारंभ हुआ-

- 28 जुलाई, 2026 को नागर विमानन मंत्रालय ने अमृतसर से हब एंड स्पोक अंतरराष्ट्रीय उड़ान संचालन सुविधा का शुभारंभ किया।
- इस सुविधा के साथ ही यह देश का दूसरा ऐसा हवाई अड्डा बन गया है जो अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के आवागमन के लिए भारत के प्रारंभिक हब एंड स्पोक फ्रेमवर्क में शामिल हुआ है।
- इससे पहले, 25 जून 2026 को वाराणसी में भारत के प्रथम हब एंड स्पोक ऑपरेशन का सफलतापूर्वक शुभारंभ किया गया था।
- **हब एंड स्पोक ऑपरेशन-** हब एंड स्पोक इंटरनेशनल फ्लाइट ऑपरेशन एक ऐसा विमानन नेटवर्क सिस्टम है, जिसमें छोटे शहरों के यात्रियों को एक केंद्रीय बड़े हवाई अड्डे तक लाया जाता है और फिर वहां से उन्हें अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के जरिए आगे उनके गंतव्य तक भेजा जाता है।

## केंद्र सरकार ने 'पीएम-अजय' को जारी रखने का प्रस्ताव रखा-

- केंद्र सरकार ने पीएम-अजय को वर्ष 2026-31 के लिए वित्तीय परिव्यय में वृद्धि के साथ जारी रखने का प्रस्ताव रखा है।

### पीएम-अजय-

- पूर्ण नाम- प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना
- प्रारम्भ- वित्त वर्ष 2021-22 में
- मंत्रालय- सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय
- वित्तपोषित- केंद्र सरकार द्वारा शत-प्रतिशत वित्तपोषित
- उद्देश्य- अनुसूचित जातियों (एससी) का सामाजिक-आर्थिक उत्थान करना।

- यह योजना तीन पूर्ववर्ती केंद्र प्रायोजित योजनाओं के विलय का परिणाम है-
  1. प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना (पीएमएजीवाई)
  2. बाबू जगजीवन राम छात्रावास योजना (बीजेआरसीवाई)
  3. अनुसूचित जाति उपयोजना के लिए विशेष केंद्रीय सहायता (एससीए से एससीएसपी)
- 29 जुलाई, 2026 को केन्द्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2026 के 10वें संस्करण की थीम 'स्केल विदाउट बाउंड्रीज़'(सीमाओं से परे विस्तार) का अनावरण किया।

## दानवीर पहल का शुभारंभ-

- 29 जुलाई, 2026 को पंचायती राज मंत्रालय ने नई दिल्ली में देशभर की ग्राम पंचायतों के डिजिटल बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से नागरिक सहभागिता पहल 'दानवीर' का शुभारंभ किया।
- पंचायती राज मंत्रालय की इस पहल का विकास राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र और डिजीहाट के सहयोग से विकसित किया गया है।

### दानवीर-

- यह पारदर्शी, पूर्णतः डिजिटल और सत्यापन योग्य मंच है।
- इसके माध्यम से नागरिक और संस्थाएं स्वैच्छिक रूप से ग्राम पंचायतों को कंप्यूटर एवं डिजिटल उपकरण दान कर सकते हैं।

### स्मरणीय तथ्य सारणी-

| प्रमुख बिंदु | विवरण |
|---|---|
| पहल का नाम | दानवीर |
| संबंधित मंत्रालय | पंचायती राज मंत्रालय, भारत सरकार |
| शुभारंभ तिथि | 29 जुलाई, 2026 |
| शुभारंभकर्ता | श्री विवेक भारद्वाज (सचिव, पंचायती राज मंत्रालय) |
| तकनीकी विकास भागीदार | राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र एवं डिजीहाट |
| संबंधित मोबाइल ऐप | 'मेरी पंचायत' ऐप |
| मुख्य उद्देश्य | ग्राम पंचायतों में कंप्यूटरों की कमी को दूर कर डिजिटल बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ बनाना |

## राष्ट्रीय अपतटीय अन्वेषण योजना- 'समुद्र मंथन'-




- 31 जुलाई, 2026 को केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय अपतटीय अन्वेषण योजना- 'समुद्र मंथन' को मंजूरी प्रदान की है।
- यह एक केन्द्रीय क्षेत्र की योजना है।
- मंत्रालय- पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय
- वित्तीय व्यय- 84,084 करोड़ रुपये
- कार्यान्वयन अवधि- वित्त वर्ष 2030-31 तक
- उद्देश्य- भारत की अपतटीय ऊर्जा क्षमता का बेहतर उपयोग करना।

### योजना के कार्यक्षेत्र-

- बड़े पैमाने पर उच्च गुणवत्ता वाले भूकंपीय डेटा एकत्र करना और उसकी व्याख्या करना।
- गहरे व अत्यंत गहरे पानी में तेजी से अन्वेषण ड्रिलिंग और नए खोजे गए बेसिन में वैज्ञानिक ड्रिलिंग।
- अपतटीय उत्पादन और निकासी के लिए साझा इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास।
- तेल व गैस मैन्यूफैक्चरिंग तथा सेवा परिक्षेत्र की स्थापना, क्षमता विकास, डिजिटल कार्यक्रम प्रबंधन और अंतरराष्ट्रीय सहयोग।

### लाभ-

| क्षेत्र | अपेक्षित परिणाम |
|---|---|
| संसाधन भंडार | 600 मिलियन मीट्रिक टन ऑयल इक्विवेलेंट से अधिक के भंडार जमा होने की प्रक्रिया में तेजी। |
| ऊर्जा सुरक्षा | घरेलू स्तर पर तेल एवं गैस का उत्पादन बढ़ने से भारत की आत्मनिर्भरता और दीर्घकालिक ऊर्जा सुरक्षा मजबूत होगी। |
| आर्थिक विकास | बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन, निजी व रणनीतिक सार्वजनिक निवेश को बढ़ावा और लंबे समय के आर्थिक अवसर। |
| तकनीक व निर्माण | 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' के तहत घरेलू मैन्यूफैक्चरिंग और विश्वस्तरीय अप_ तटीय प्रौद्योगिकी का विकास। |

## प्रधानमंत्री सूर्य सरोवर योजना (पीएम-एसएसवाई)-

- 31 जुलाई, 2026 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री सूर्य सरोवर योजना (पीएम-एसएसवाई) को मंजूरी प्रदान की है।
- योजना के तहत वित्तीयन राशि का प्रावधान- 5,070 करोड़ रुपये

### लक्ष्य क्षमता-

- 5,000 मेगावाट के फ्लोटिंग सोलर पीवी प्रोजेक्ट।
- 10,000 मेगावाट घंटे की ऊर्जा भंडारण प्रणाली (कम से कम 2 घंटे का बैटरी स्टोरेज)

### समयसीमा-

- परियोजना अवधि- वित्त वर्ष 2026-27 से 2030-31 तक
- परियोजनागत वित्तीय सहायता अवधि- वित्त वर्ष 2032-33 तक
- इस परियोजना के सफल कमीशनिंग के बाद पात्र फ्लोटिंग सोलर फोटोवोल्टाइक परियोजनाओं को 1 करोड़ रुपये प्रति मेगावाट की केंद्रीय वित्तीय सहायता तथा बाथिमेट्री, हाइड्रोग्राफी, पर्यावरणीय अध्ययन आदि के लिए 50 लाख रुपये प्रति परियोजना तक की सहायता भी प्रदान की जायेगी।




### योजना से लाभ-

| क्षेत्र | परिणाम या प्रभाव |
|---|---|
| क्षमता विस्तार | देश में वर्तमान लगभग 700 MW फ्लोटिंग सोलर क्षमता में 5,000 MW की भारी वृद्धि होगी। |
| भूमि संरक्षण | दुर्लभ भूमि संसाधनों पर दबाव कम होगा।<br>जलाशयों व औद्योगिक तालाबों का बहुउद्देशीय उपयोग होगा। |
| पर्यावरण संरक्षण | प्रतिवर्ष लगभग 10 मिलियन टन कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन में कमी आएगी। |
| रोजगार सृजन | परियोजना मूल्य श्रृंखला में लगभग 16,000 से 17,000 पूर्णकालिक रोजगार के अवसर बनेंगे। |
| ग्रिड स्थिरता | ऊर्जा भंडारण प्रणाली के जुड़ने से ग्रिड की विश्वसनीयता और बिजली आपूर्ति में सुधार होगा। |
| घरेलू विनिर्माण | 'आत्मनिर्भर भारत' के तहत फ्लोटेशन सिस्टम, PV सेल, मॉड्यूल और बैटरियों के स्थानीय निर्माण को बढ़ावा मिलेगा। |

- Note- नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ सोलर एनर्जी के अनुसार भारत के जल निकायों में 102.18 गीगावॉट फ्लोटिंग सोलर की क्षमता उपलब्ध है।

## भारत और मालदीव के बीच फवारा-यूपीआई सीमा पार भुगतान कॉरिडोर आरम्भ-

- मालदीव मोनेटरी अथॉरिटी (एमएमए) ने 30 जुलाई 2026 को मालदीव की तत्काल भुगतान प्रणाली 'फवारा' और भारत के एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) के बीच एकीकरण के सफल शुभारंभ की घोषणा की।
- साझेदार संस्थाएं- मालदीव मोनेटरी अथॉरिटी, भारतीय रिज़र्व बैंक और एनपीसीआई इंटरनेशनल पेमेंट्स लिमिटेड

### विशेषताएं-

- रियल टाइम ट्रांसफर- मालदीव के नागरिक 'फवारा' का उपयोग करके भारत में लाभार्थियों को तुरंत धनराशि भेज सकते हैं।
- मुद्रा रूपांतरण- लेनदेन की शुरुआत मालदीवियन रुफिया में होती है और भारत में प्राप्तकर्ता के खाते में यह भारतीय रुपये में जमा होता है।
- शुरुआती बैंक- इसे दो बैंकों बैंक ऑफ मालदीव पीएलसी और मालदीव इस्लामिक बैंक पीएलसी के साथ शुरू किया गया है।
- अनुमत प्रेषण- इसके तहत व्यक्ति-से-व्यक्ति हस्तांतरण के माध्यम से परिवार के भरण-पोषण और अनुमत उपहारों से संबंधित प्रेषण किया जा सकता है।
- भारत का यूपीआई वर्तमान में दस देशों में स्वीकार किया जाता है- कंबोडिया, सिंगापुर, संयुक्त अरब अमीरात, फ्रांस, मॉरीशस, नेपाल, भूटान, कतर, श्रीलंका, ग्रीस।

## दिल्ली सरकार ने मौसमी वायु प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए स्थायी शीतकालीन प्रदूषण मास्टर प्लान अधिसूचित किया-

- दिल्ली सरकार ने राष्ट्रीय राजधानी में मौसमी वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए स्थायी शीतकालीन प्रदूषण मास्टर प्लान अधिसूचित किया है। यह प्लान हर साल 1 नवंबर से 28 फरवरी तक लागू रहेगा।

### प्रावधान-

- वैध प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र के बिना वाहनों को पूरे वर्ष दिल्ली के पेट्रोल पंपों, सीएनजी और एलपीजी स्टेशनों पर ईंधन की आपूर्ति नहीं की जाएगी।
- 1 नवंबर से 31 जनवरी तक बीएस-वीआई उत्सर्जन मानकों से नीचे के गैर-दिल्ली पंजीकृत वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा।
- अधिकृत पार्किंग सुविधाओं पर पार्किंग शुल्क 1 नवंबर से 28 फरवरी तक दोगुना होगा।
- सरकारी और निजी कार्यालयों के 50 प्रतिशत कर्मचारी 1 नवंबर से 31 जनवरी तक घर से काम करेंगे।
- व्यस्त समय में यातायात की भीड़ को कम करने के लिए कार्यालय के समय में भी बदलाव किया जाएगा।
- 1 नवंबर से 31 जनवरी तक विध्वंस कार्य और धूल उत्पन्न करने वाली खुली निर्माण गतिविधियाँ प्रतिबंधित रहेंगी।
- बड़े वाणिज्यिक भवनों और प्रमुख निर्माण स्थलों को एंटी-स्मॉग गन या मिस्ट सिस्टम स्थापित करना अनिवार्य होगा।
- कचरे को खुले में जलाने के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।

## स्वर प्रेरणा वीथिका-

- आकाशवाणी ने 1 जुलाई, 2026 को आकाशवाणी और भारत के महान संगीतकारों के बीच अटूट संबंधों को समर्पित 'स्वर प्रेरणा वीथिका' नामक फोटो गैलरी का अनावरण किया। इस फोटो गैलरी का उद्घाटन पद्म विभूषण पंडित हरिप्रसाद चौरसिया ने किया।
- यह आकाशवाणी के 90 वर्ष पूरे होने के अवसर पर और वर्ष 2027 में भारत में रेडियो प्रसारण के 100 वर्ष पूरे होने की तैयारी के तहत शुरू की गयी है।

## मिजोरम के "प्राकृतिक इतिहास संग्रहालय" को 'निर्दिष्ट भंडार' का दर्जा-

- पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने मिजोरम विश्वविद्यालय, आइजोल स्थित प्राकृतिक इतिहास संग्रहालय को 21वें निर्दिष्ट भंडार के रूप में अधिसूचित किया है।
- केन्द्रीय मंत्रालय ने यह अधिसूचना जैविक विविधता अधिनियम, 2002 की धारा 39 के तहत की है।
- यह संग्रहालय भारत-बर्मा जैव विविधता हॉटस्पॉट में स्थित है।
- यह संग्रहालय टेरिडोफाइट्स, मैक्रोफंगी, सरीसृप, उभयचर, मछलियां, पतंगे, भृंग और तितलियों जैसे जीवों के जैविक नमूनों का संरक्षण करेगा।
- **निर्दिष्ट भंडार-** यह भारत के जैव विविधता प्रशासन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। ये जैविक विविधता अधिनियम, 2002 के तहत प्राप्त प्रामाणिक जैविक नमूनों का सुरक्षित संग्रह, संरक्षण, अभिलेखीकरण और वैज्ञानिक प्रबंधन करते हैं।

## ट्राइबएक्स-

- 7 जुलाई, 2026 को जनजातीय कार्य मंत्री जुएल ओराम ने ओडिशा के भुवनेश्वर में 'जनजातीय अनुसंधान संस्थानों (टीआरआई) को सशक्त बनाने' के बारे में आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला के दौरान 'ट्राइबएक्स' को लॉंच किया है।
- यह जनजातीय शिक्षा को डिजिटल रूप देने और भारत की समृद्ध पारंपरिक विरासत को संरक्षित करने की एक अहम पहल के तहत लॉंच किया गया है।
- यह जनजातीय कला, संस्कृति, पारंपरिक ज्ञान और कौशल विकास के प्रति समर्पित यह अपनी तरह का पहला डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म है।
- यह प्लेटफॉर्म अभी चित्रकला, हस्तशिल्प, हथकरघा, कलाकृतियां और पारंपरिक वाद्ययंत्र सहित जनजातीय कला के विभिन्न रूपों पर आधारित 20 मुफ्त सर्टिफिकेट कोर्स उपलब्ध कराएगा, और इसे 100 से अधिक मुफ्त सर्टिफिकेट कोर्स तक बढ़ाने की योजना है।

# यूनिफाइड डिस्ट्रिक्ट इंफॉर्मेशन सिस्टम फॉर एजुकेशन प्लस (यूडीआईएसई+) 2025-26 की रिपोर्ट

## यूनिफाइड डिस्ट्रिक्ट इंफॉर्मेशन सिस्टम फॉर एजुकेशन प्लस (यूडीआईएसई+) 2025-26 की रिपोर्ट

- केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने 7 जुलाई, 2026 को भारत में स्कूली शिक्षा पर यूनिफाइड डिस्ट्रिक्ट इंफॉर्मेशन सिस्टम फॉर एजुकेशन प्लस (यूडीआईएसई+) 2025-26 की रिपोर्ट जारी की है।

### रिपोर्ट के मुख्य निष्कर्ष-

**1. शिक्षकों की संख्या में वृद्धि-**

- वर्ष 2025-26 में शिक्षकों की संख्या बढ़कर 1.02 करोड़ हो गई है, जो 2022-23 (94.83 लाख) की तुलना में 8.3% अधिक है।

**2. छात्र-शिक्षक अनुपात (PTR)-**

- राष्ट्रीय शिक्षा नीति द्वारा अनुशंसित 30:1 के मानक की तुलना में PTR में सुधार हुआ है-
  - फाउंडेशनल स्तर पर- 10:1
  - प्रिपरेटरी स्तर पर- 12:1
  - मिडिल स्तर पर- 17:1
  - सेकेंडरी स्तर पर- 21:1

**3. ड्रॉपआउट दर-**

- ड्रॉपआउट दर में कमी आई है-
  - प्रारंभिक स्तर पर- 2024-25 के 2.3% से घटकर 1.8% हो गई।
  - माध्यमिक स्तर पर- 2024-25 के 8.2% से घटकर 7.0% हो गई।

**4. सकल नामांकन अनुपात (GER)**

- माध्यमिक स्तर पर GER- 2024-25 के 68.5% से बढ़कर 71.7% हो गया है।

**5. अवधारण दर-**

- माध्यमिक स्तर पर- 47.2% से बढ़कर 51.9% हो गई है।
- मिडिल स्तर पर- 82.8% से बढ़कर 83.7% हो गई है।

**6. ट्रांज़िशन दर-**

- छात्रों का एक कक्षा/चरण से अगले चरण में प्रवेश करने की दर में सुधार हुआ है-
  - फाउंडेशनल से प्रिपरेटरी- 99.2%
  - प्रिपरेटरी से मिडिल- 93.8%
  - मिडिल से सेकेंडरी- 88.3%

**7. एकल शिक्षक और शून्य नामांकन विद्यालयों में कमी-**

- एकल शिक्षक विद्यालय- संख्या घटकर 1,00,843 रह गई है (3% की कमी)।
- शून्य नामांकन विद्यालय- संख्या घटकर 5,663 रह गई है (लगभग 29% की गिरावट)।

## मानव-वन्यजीव संघर्ष उत्कृष्टता केंद्र और राष्ट्रीय पोर्टल का शुभारंभ-

- केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने 10 जुलाई, 2026 को कोयंबटूर में मानव-वन्यजीव संघर्ष उत्कृष्टता केंद्र तथा मानव-वन्यजीव संघर्ष पर राष्ट्रीय पोर्टल का शुभारंभ।

### उत्कृष्टता केंद्र-

- यह केंद्र मानव-वन्यजीव संघर्ष के वैज्ञानिक और साक्ष्य-आधारित प्रबंधन, क्षमता निर्माण, नीतिगत समर्थन और नवाचार के लिए एक राष्ट्रीय मंच के रूप में कार्य करेगा।

### राष्ट्रीय पोर्टल-

- डेटा प्रबंधन, ज्ञान साझा करने और त्वरित निर्णय लेने के उद्देश्य से एक समर्पित डिजिटल प्लेटफॉर्म का शुभारंभ किया गया।
- इसके अलावा पर्यावरण मंत्री ने 'भारत में मानव-वन्यजीव संघर्ष की वर्तमान स्थिति- एक अवलोकन' का पहला संस्करण भी जारी किया।

## डिजिटल जोखिम रिपोर्ट 2025-26-




- संस्करण- दूसरा संस्करण
- जारी तिथि- 13 जुलाई, 2026
- जारीकर्ता- इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय
- उद्देश्य- भारत के बैंकिंग, वित्तीय और डिजिटल भुगतान इकोसिस्टम को साइबर खतरों से सुरक्षित रखना और सुरक्षा तंत्र को मजबूत बनाना।

## ई-वीएसपी पोर्टल-

- 15 जुलाई, 2026 को विधि और न्याय राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने नई दिल्ली में विधि साहित्य प्रकाशन के ई-वीएसपी पोर्टल का शुभारंभ किया। यह पोर्टल उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों के महत्वपूर्ण निर्णयों, कानूनी पत्रिकाओं, संदर्भ पुस्तकों और अन्य विधि संबंधी साहित्य को हिंदी भाषा में ऑनलाइन उपलब्ध कराकर वैधानिक ज्ञान की डिजिटल पहुंच के विस्तार में सहायक होगा।

## 'म्यूजियम ऑफ़ वर्ड' के पहले फेज का उद्घाटन-

- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 19 जुलाई, 2026 को कोलकाता के राष्ट्रीय पुस्तकालय परिसर में म्यूजियम ऑफ़ वर्ड के पहले फेज का उद्घाटन किया गया था। यह भारत की भाषाओं, शब्दों एवं देश की बहुभाषी विरासत को समर्पित है। इसे केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय के अंतर्गत भारतीय राष्ट्रीय पुस्तकालय द्वारा विकसित किया गया है।

## 'भाषिनी राजयम'-

- डिजिटल इंडिया भाषिनी प्रभाग ने 21 जुलाई, 2026 को 'भाषिनी राजयम' का शुभारंभ किया है।
- इस पहल का मुख्य उद्देश्य कोंकणी और अन्य भारतीय भाषाओं में वॉयस-आधारित डिजिटल सार्वजनिक सेवाओं को मजबूत करना है।

## देश का पहला सिक्स लेन अंडरपास-

- भारत में वाराणसी एयरपोर्ट के नए टर्मिनल पर चालू रनवे के नीचे देश का पहला सिक्स लेन का अंडरपास बनेगा।
- यह अंडरपास करीब 450 मीटर लंबा होगा।
- इस अंडरपास का पूर्ण निर्माण सितंबर, 2027 तक होगा।

## उत्तराखंड देश का छठा पूर्ण साक्षर राज्य बना-

- राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 व उल्लास कार्यक्रम के तहत उत्तराखंड देश का छठा पूर्ण साक्षर राज्य बन गया।
- उत्तराखंड के राज्यपाल गुरमीत सिंह ने केंद्रीय मानक पूरे होने पर राज्य को पूर्ण साक्षर राज्य घोषित किया। इससे पहले मिजोरम, गोवा, त्रिपुरा, हिमाचल प्रदेश व सिक्किम को यह दर्जा प्राप्त हो चुका है।

## नलतरंग-



- भारत सरकार की संगीत नाटक अकादमी ने मैहर वाद्यवृंद के वाद्ययंत्र 'नलतरंग' को राष्ट्रीय अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सूची में शामिल किया है।

### नलतरंग-

- यह भारतीय वाद्य यंत्र है। इसे उस्ताद अलाउद्दीन खान ने जलतरंग की तर्ज पर बंदूक की नलियों का उपयोग करके बनाया था।
- इसे एक प्रकार का घनवाद्य माना जाता है।
- मैहर वाद्यवृंद की स्थापना 1918 में संगीत सम्राट उस्ताद बाबा अलाउद्दीन खां ने की थी।

## फॉर्च्यून इंडिया 'मोस्ट पावरफुल वुमन' 2026-

- फॉर्च्यून इंडिया ने 10 जुलाई, 2026 को वर्ष 2026 की 'मोस्ट पावरफुल वुमन' की सूची जारी की है।
- इस सूचि में देश की उन सौ महिलाओं को शामिल किया गया है जिन्होंने कारोबार, टेक्नोलॉजी, हेल्थकेयर, मीडिया और सार्वजनिक जीवन में प्रभावशाली नेतृत्व दिखाया है।
- **शीर्ष पावरफुल वुमन-**
  1. नीता अंबानी- रिलायंस फाउंडेशन की चेयरपर्सन
  2. रोशनी नाडार मल्होत्रा- एचसीएल टेक की चेयरपर्सन
  3. रेड्डी सिस्टर्स- अपोलो हॉस्पिटल्स समूह
  4. सावित्री जिंदल- जिंदल ग्रुप
  5. प्रीति अडानी- अडानी फाउंडेशन की अध्यक्ष

## एडीआर रिपोर्ट- 14 मुख्यमंत्रियों पर आपराधिक मामले

- हाल ही में एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने देश के राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों की संपत्ति और आपराधिक मामलों को लेकर रिपोर्ट जारी की है।
- इसके अनुसार कर्नाटक के सीएम डीके शिवकुमार सबसे धनी सीएम है। उनके पास कुल 1413 करोड़ रुपए की संपत्ति है।
- वहीं सबसे कम संपत्ति वाले मुख्यमंत्रियों में पहले पायदान पर जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला हैं। उनके पास 55 लाख रुपए की संपत्ति है जबकि तीसरे स्थान पर राजस्थान के सीएम भजनलाल शर्मा है। उनके पास 1.46 करोड़ रुपए की संपत्ति है।

## हुरुन इंडिया वुमन लीडर्स लिस्ट-2026-

- हाल ही में हुरुन इंडिया वुमन लीडर्स लिस्ट-2026 में देश की 117 प्रभावशाली महिलाओं को 12 श्रेणियों में स्थान दिया गया है।
- इस लीडर्स लिस्ट में मीना बिंद्रा शीर्ष पर रही।
- **शीर्ष महिलाओं की सूची-**
- **मीना बिंद्रा-**
  - कंपनी- बीबा (BIBA)
  - श्रेणी- फैशन-लाइफस्टाइल
- **तुषारा शंकर-**
  - कंपनी- लुपिन (Lupin)
  - श्रेणी- सोशल चेंज मेकर्स
- **वैशाली निगम-**
  - कंपनी- रीन्यू पावर (ReNew Power)
  - श्रेणी- न्यू इकोनॉमी
- **प्रीथा रेड्डी-**
  - कंपनी- अपोलो हॉस्पिटल (Apollo Hospitals)
  - श्रेणी- वेटरंस (Veterans)
- **सुधा मूर्ति-**
  - कंपनी/क्षेत्र- साहित्य (Literature)
  - श्रेणी- ऑथर्स (लेखक)
- **अनन्या बिड़ला-**
  - कंपनी/क्षेत्र- बिजनेस
  - श्रेणी- सो. मीडिया इन्फ्लुएंसर
- **फाये डिसूजा-**
  - कंपनी/क्षेत्र- पत्रकारिता (Journalism)
  - श्रेणी- स्वतंत्र पत्रकार
- **कनिका शोरी-**
  - कंपनी- स्क्वायर यार्ड्स (Square Yards)
  - श्रेणी- स्टार्टअप फाउंडर्स
- **रोशनी नादर-**
  - कंपनी- एचसीएल (HCL)
  - श्रेणी- वेल्थ मल्टीप्लायर्स
- **प्रिया नायर-**
  - कंपनी- एचयूएल (HUL)
  - श्रेणी- प्रोफेशनल सीईओ

## राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण (संशोधन) विधेयक, 2026-

- हाल ही में संसद ने राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण (संशोधन) विधेयक, 2026 पारित किया है।

### उद्देश्य-

- राष्ट्र गीत वंदे मातरम् को विधिक संरक्षण प्रदान करना।
- राष्ट्र गीत के गायन को जानबूझकर रोकना अथवा उसके गायन में संलग्न सभा में व्यवधान उत्पन्न करने को दंडनीय अपराध बनाना।
- **दंड-** तीन वर्ष तक के कारावास, अथवा जुर्माने, अथवा दोनों से दंडनीय।
  - संशोधन- यह विधेयक राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण अधिनियम, 1971 की धारा 3 में संशोधन करता है।

### वंदे मातरम्-

- अर्थ- "माँ, मैं आपको नमन करता हूँ"
- रचनाकार- बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय
- प्रकाशन-7 नवंबर, 1875 को साहित्यिक पत्रिका बंगदर्शन में।
- इसे वर्ष 1882 में प्रकाशित उपन्यास आनंदमठ में शामिल किया गया।

## विविध तथ्य-

- केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान ने वसंतराव नाइक मराठवाड़ा कृषि विद्यापीठ, महाराष्ट्र में कॉमन इन्क्यूबेशन सेंटर का उद्घाटन किया। यह केंद्र 'आत्मनिर्भर भारत अभियान' के तहत खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय और महाराष्ट्र सरकार के सहयोग से स्थापित किया गया है।
- बिहार के मुंगेर में लगभग 700 वर्ष पुराना अनुमानित एक बरगद का पेड़ मिला है। रेडियोकार्बन डेटिंग के उपयोग से इसे सबसे पुराना और सटीक तिथि वाल बरगद का पेड़ माना गया है।
- सीएसआईआर-राष्ट्रीय रसायन प्रयोगशाला-पुणे में अत्याधुनिक कौशल विकास केंद्र का आधिकारिक तौर पर उद्घाटन किया गया है।
- केंद्र सरकार ने अटल वयो अभ्युदय योजना के तहत 202 परियोजनाओं के लिए सहायता अनुदान के रूप में 24.06 करोड़ रूपये जारी किए है।
- 4 जुलाई, 2026 को प्रधानमंत्री ने गुजरात के साणंद में सीजी सेमी आउटसोर्स्ड सेमीकंडक्टर असेंबली एंड टेस्ट सुविधा का उद्घाटन किया।
- केन्द्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने 'मादक पदार्थों की मांग में कमी लाने की राष्ट्रीय कार्य योजना' शुरू की है। इस योजना का उद्देश्य रोकथाम, जागरूकता पैदा करना, क्षमता विकास, उपचार, पुनर्वास और सामाजिक पुनर्एकीकरण है।
- केन्द्रीय वस्त्र मंत्रालय के विकास आयुक्त कार्यालय ने हैंडलूम हैकाथॉन, 2026-"बुनाई नवाचार" नामक एक राष्ट्रीय नवाचार प्रतियोगिता शुरू की है, जिसका उद्देश्य भारत के हथकरघा क्षेत्र को मजबूत करने के लिए प्रौद्योगिकी, डिजाइन, उद्यमिता और टिकाऊ समाधानों का उपयोग करना है।
- भारत के उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने 12 जुलाई, 2026 को समाज सुधारक और स्वतंत्रता सेनानी मन्नथु पद्मनाभन की प्रतिमा का अनावरण किया और दिल्ली में मन्नम इंटरनेशनल सेंटर में मन्नम स्मृति मंडपम का उद्घाटन किया।
- गांधीनगर लोकसभा क्षेत्र में मियावाकी पद्धति के तहत एक घंटे में 3.61 लाख से अधिक पौधारोपण कर Guinness World Record स्थापित किया गया है।
- सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने 14 जुलाई, 2026 कोलकाता के रवींद्र सदन में 31वें 'दिव्य कला मेला' का उद्घाटन किया।
- 15 जुलाई, 2026 को औषधीय पौधों के क्षेत्र में अनुसंधान और नवाचार को मजबूत करने के लिए राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड, आयुष मंत्रालय और दिल्ली विश्वविद्यालय ने एमओयू हस्ताक्षरित किया है।
- राष्ट्रीय वर्षा सिंचित क्षेत्र प्राधिकरण ने विश्व बैंक समर्थित रिवार्ड कार्यक्रम के तहत 15 जुलाई, 2026 को राजस्थान की राजधानी जयपुर में "जल ग्रहण विकास योजना और निगरानी के लिए उपग्रह और ड्रोन-आधारित सर्वेक्षण" पर एक विचार-मंथन कार्यशाला का आयोजन किया।
- भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद ने 16 जुलाई, 2026 को नई दिल्ली में अपना 98वां स्थापना दिवस मनाया।
- 16 जुलाई, 2026 – 16 जुलाई, 2027 केंद्रीय वैज्ञानिक औद्योगिक अनुसंधान और केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान ने अपने वर्ष भर चलने वाले प्लेटिनम जयंती उत्सव का शुभारंभ किया है।
- मेरा युवा भारत के माध्यम से 16 जुलाई, 2026 को युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय ने इंस्टीट्यूट ऑफ लिवर एंड बाइलियरी साइंसेज़ के सहयोग से 'जागरूक जिगर- नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत' विषय पर राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया।
- हाल ही में 16 जुलाई, 2026 को दमन में नए कार्यान्वित नमो हवाई अड्डे से दमन-दिल्ली-दमन मार्ग पर नविन उड़ान को प्रारम्भ किया गया है।
- 17 जुलाई, 2026 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चंडीगढ़ स्थित स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (पीजीआईएमईआर) में अत्याधुनिक मातृ एवं शिशु केन्द्र तथा अत्याधुनिक तंत्रिका विज्ञान (न्यूरोसाइंसेज़) केन्द्र का उद्घाटन किया।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 18 जुलाई, 2026 को अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत 75 पुनर्विकसित रेलवे स्टेशनों का उद्घाटन किया।
- 21 जुलाई, 2026 को राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीवीईटी) ने जीडी गोयनका विश्वविद्यालय को अवॉर्डिंग बॉडी के रूप में एनसीवीईटी मान्यता प्रदान करने हेतु जीडी गोयनका विश्वविद्यालय के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।
- वर्तमान में बाईस्स विधानसभाओं में राष्ट्रीय ई-विधान एप्लीकेशन (नेवा) सेवा केंद्र स्थापित किए जा चुके हैं।
- महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने 23 जुलाई, 2026 को 'भारत टैक्सी' सेवा का महाराष्ट्र में शुभारंभ किया।
- हाल ही में श्री रवनीत सिंह (रेल और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री) और श्री धर्मेंद्र प्रधान (शिक्षा मंत्री) ने केन्द्रीय मंत्रिपरिषद से इस्तीफा दे दिया।
- वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट पहल के तहत वर्तमान में देश के 773 जिलों में 1,244 उत्पादों की पहचान की जा चुकी है।
- अनुकूलन कार्यक्रम प्रारंभ- 25 जुलाई, 2026 को वर्ष 2026 के राज्यसभा के द्विवार्षिक चुनावों में नव निर्वाचित या मनोनीत राज्यसभा सदस्यों के लिए यह कार्यक्रम शुरू किया गया।
- दिशा 2.0- न्याय तक समग्र पहुंच के लिए अभिनव समाधान डिजाइनिंग (दिशा) 2.0 योजना एक केंद्रीय क्षेत्र योजना है जिसे वर्ष 2026-31 की अवधि के लिए पूरे भारत में लागू किया जाएगा।

- 31 जुलाई, 2026 को केंद्रीय मंत्री प्रो. एस. पी. सिंह बघेल ने नई दिल्ली में "51 कहानियां बदलाव की, पंचायत सुराज की" नामक संकलन जारी किया।
- हाल ही में भारत सरकार ने विदेश सचिव विक्रम मिस्री का कार्यकाल एक साल बढ़ा दिया है। वह 14 जुलाई के बाद भी अगले एक वर्ष तक विदेश सचिव बने रहेंगे।
- भारत सरकार ने जस्टिस प्रकाश प्रभाकर नवलकर की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय समिति का गठन किया है। यह समिति अवैध अप्रवासन और आबादी में असामान्य बदलावों का अध्ययन करेगी।
- केरल सरकार 'को-केरलम' नाम से अपनी एयरलाइन सेवा शुरू करेगी। इसका उद्देश्य आम लोगों को कम कीमत पर हवाई यात्रा उपलब्ध कराना है।
- गुजरात में पहली बार कोरियाई तकनीक से दो एयर-फिल्ड रबर डैम बनाए जा रहे हैं। ये हेरण और अंबिका नदियों पर बन रहे हैं।
- विश्व के 205 बड़े शहरों में अहमदाबाद विश्व का दूसरा सबसे ज्यादा हीट-रिस्क वाला शहर सूचित किया गया है।
- मुख्यमंत्री कैशलैस शिक्षक चिकित्सा योजना (गुरु दक्षिणा)- यह उत्तर प्रदेश सरकार की योजना है जिसके तहत सरकारी शिक्षकों को हर साल पाँच लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज मिलेगा।
- अमरनाथ यात्रा देश की पहली 'जीरो लैंडफिल पिलग्रिमेज' यात्रा बनी है।
- असम विधानसभा के बजट सत्र से हिंदी को आधिकारिक भाषा के रूप में शामिल किया जाएगा। असम की विधानसभा में असमिया, अंग्रेजी और बोडो के साथ हिंदी का भी उपयोग किया जाएगा।
- तमिलनाडु के तेनकाशी जिले के मलैयडिपट्टी क्षेत्र में पुरातत्व विभाग की टीम को उत्खनन के दौरान 2,500 वर्ष पुराना सीढ़ीदार कुआं खोजा है।
- कर्नाटक सरकार ने बेंगलूरु में देश का पहला सरकारी एआइ विश्वविद्यालय स्थापित किये जाने की घोषणा की है।
- भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की वर्ष 2028-29 के कार्यकाल की अस्थायी सदस्यता के लिए आधिकारिक अभियान शुरू किया है। इस अभियान का मुख्य दृष्टिकोण SHANTI (सिक्योरिंग होलिस्टिक ऐड्वैन्स्मन्ट थ्रू नॉर्म्स, ट्रस्ट, इन्टेग्रिटी) विजन पर आधारित है।
- गुजरात के ऊंझा जीरा और ऊंझा सौंफ को भारत सरकार द्वारा जी.आई. टैग प्रदान किया गया है।
- भारत सरकार ने देश में इंजीनियरिंग बायोलॉजी का कोर्स शुरू करने की घोषणा की है।
- वैश्विक शोध संस्था क्लाइमेट सेंट्रल की रिपोर्ट के अनुसार भारत जलवायु परिवर्तन से होने वाले 'स्लीप लॉस' (नींद की कमी) का वैश्विक हॉटस्पॉट बन गया।
- पंजाब राज्य ने देश में पहली बार ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए जेलों में अलग बैरक बनाने की घोषणा की है।
- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने हावड़ा (पश्चिम बंगाल) में दुनिया के सबसे बड़े दही उत्पादन प्लांट की वर्चुअल आधारशिला रखी। यहाँ 30 लाख लीटर दूध प्रोसेस होगा।
- कर्नाटक सरकार ने वर्ष 2026-27 से राज्य के सरकारी हाई स्कूलों में तीसरी भाषा की जगह एआई को कौशल शिक्षा के रूप में पढ़ाने की घोषणा की है।
- एनएचएआई ने 'मार्ग मित्र' एआई हेल्प सेंटर शुरू किया। यह नेशनल हाईवे पर यात्रा करने वालों के लिए सिंगल विंडो प्लेटफॉर्म होगा।
- मुंबई में ठाणे का क्रीक फ्लेमिंगो अभयारण्य के अंदर देश का पहला एआई पावर्ड पक्षी अभयारण्य बनाये जाने की घोषणा की गयी है।
- हाल ही में संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी स्टेट ऑफ फूड सिक्योरिटी एंड न्यूट्रिशन इन द वर्ल्ड-2026 रिपोर्ट के अनुसार करीब 52 करोड़ भारतीय नियमित रूप से स्वस्थ और संतुलित भोजन खरीदने में सक्षम नहीं है।
- पर्यटन क्षेत्र की मैग्जीन ट्रैवल एंड लीजर के 2026 रीडर्स चॉइस अवॉर्ड्स के तहत किये गये सर्वे में दुनिया के 25 सर्वश्रेष्ठ पर्यटन शहरों की सूची में उदयपुर को 12वां और जयपुर को 16वां स्थान प्रदान किया गया है।
- साइबर वित्तीय धोखाधड़ी के मामलों में ई-जीरो एफआईआर दर्ज करने में दिल्ली 18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में पहले स्थान पर है।
- केरल ने वर्ष 2030 तक सांप के काटने से होने वाली मौतों और गंभीर मामलों को रोकने के लिए स्टेट एक्शन प्लान फॉर प्रिवेंशन एंड कंट्रोल ऑफ स्नेकबाइट एनवेनोमिंग लागू किया है।
- हाल ही में मेघालय सरकार ने इलेक्ट्रिक वाहन नीति 2026 को मंजूरी दी। इसके तहत इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने पर 25,000 रु. तक की प्रोत्साहन राशि मिलेगी और पंजीकरण शुल्क पूरी तरह माफ रहेगा।
- केरल सरकार ने प्राथमिक स्कूलों में तकनीक को बढ़ावा देने के लिए 'डिजिटल स्क्वायर' पहल शुरू की है। इस पहल का उद्देश्य बच्चों में गेमिंग तथा एनिमेशन जैसे कौशल विकसित करना है।
- जवाहर पर्वतारोहण एवं शीतकालीन खेल संस्थान (जेआईएम एंड डब्ल्यूएस), पहलगाम ने लद्दाख के रुमत्से फू क्षेत्र में स्थित ख्याम त्सो पर्वतमाला पर 22 सदस्यीय पर्वतारोहण अभियान का आयोजन किया।

- 31 जुलाई, 2026 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 2026-27 से 2030-31 की अवधि के लिए 36,441 करोड़ रुपये के संयुक्त परिव्यय के साथ विस्तारित खेलो इंडिया योजना और राष्ट्रीय खेल संघों को बढ़ी हुई सहायता को मंजूरी प्रदान की है।
- पश्चिम बंगाल समान नागरिक संहिता के मसौदा विधेयक की समीक्षा के लिए सुप्रीम कोर्ट की पूर्व जज न्यायमूर्ति रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय समिति का गठन किया है।
- अनुराग कुमार- यह दिल्ली के पुलिस कमिश्नर है जो जन्तर-मन्तर पर हालिया प्रदर्शनों में पुलिस द्वारा की गयी कारवाई के बाद चर्चा में रहे है।
- अमरीका के शिकागो में 27 से 29 जुलाई, 2026 को आयोजित हुई एनसीएसएल (नेशनल कॉन्फ्रेंस ऑफ स्टेट लेजिस्लेचर्स) समिट में पाली विधायक भीमराज भाटी और कामां विधायक नौक्षम चौधरी ने प्रतिनिधित्व किया।



# आर्थिक परिदृश्य

## निवेश अनुकूलता सूचकांक-

- जारीकर्ता- नीति आयोग
- उद्देश्य- राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा निवेश हेतु सक्षम, अनुकूल और टिकाऊ वातावरण बनाने की क्षमता का साक्ष्य-आधारित एवं तुलनात्मक आकलन करना।
- मूल्यांकन में शामिल- 28 राज्य और 8 केंद्र शासित प्रदेश।
- कुल संकेतक- 84 संकेतक
- **स्तंभ स्तंभ- मूल्यांकन के 8 स्तंभ है-**
  1. अवसंरचना
  2. कारोबारी वातावरण
  3. संसाधन
  4. सरकारी नीति
  5. नियामकीय सुगमता
  6. संस्थागत वातावरण
  7. वित्तीय सुदृढ़ता
  8. पर्यावरणीय लचक
- **स्कोर-आधारित प्रदर्शन श्रेणियां-**

| श्रेणी | अंक | प्रमुख राज्य / निष्कर्ष |
|---|---|---|
| **शीर्ष प्रदर्शनकर्ता** | 50 से अधिक अंक | गुजरात, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, गोवा और ओडिशा |
| **अग्रणी राज्य** | 45 - 50 अंक | कुल 15 राज्य शामिल |
| **उभरते प्रदर्शनकर्ता** | 40 - 45 अंक | कुल 8 राज्य / केंद्र शासित प्रदेश |
| **आकांक्षी राज्य** | 40 से कम अंक | कुल 8 राज्य / केंद्र शासित प्रदेश |

### समकक्ष समूह के आधार पर रैंकिंग-

➢ **बड़े राज्य-**
  1. प्रथम- गुजरात
  2. द्वितीय- महाराष्ट्र
  3. तृतीय- तमिलनाडु

- **पर्वतीय एवं पूर्वोत्तर राज्य-**
  1. प्रथम- उत्तराखंड
  2. द्वितीय- असम
  3. तृतीय- हिमाचल प्रदेश
- **नगर राज्य एवं केंद्र शासित प्रदेश-**
  1. प्रथम- गोवा
  2. द्वितीय- दिल्ली
  3. तृतीय- चंडीगढ़
- **सूचकांक का महत्व एवं उपयोगिता**
  - यह केवल एक आवधिक मूल्यांकन नहीं है, बल्कि राज्यों के लिए एक रणनीतिक सुधार साधन के रूप में कार्य करता है।
  - यह राज्यों को एक-दूसरे के प्रदर्शन और सर्वोत्तम पद्धतियों से सीखने तथा स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित करता है।
  - नीति-निर्माताओं को राज्य-स्तरीय कमियों को पहचानने और लक्षित सुधार लागू करने में सहायता मिलती है।
  - निवेशकों को विभिन्न राज्यों में उपलब्ध सुविधाओं, अवसंरचना क्षमता और कारोबारी माहौल का निष्पक्ष आकलन प्राप्त होता है।
  - 'विकसित भारत @2047' के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए निजी, घरेलू एवं विदेशी निवेश को आकर्षित करने हेतु राज्य-स्तरीय पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करता है।

## मोबाइल फोन विनिर्माण योजना का प्रारम्भ-

- 15 जुलाई, 2026 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मोबाइल फोन विनिर्माण योजना (एमपीएमएस) को मंजूरी दी है।
- कुल बजटीय परिव्यय- ₹62,500 करोड़
- योजना की अवधि- 5 वर्ष (वित्तीय वर्ष 2026-27 से वित्तीय वर्ष 2030-31 तक)
- पूर्ववर्ती योजना- बड़े पैमाने पर इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण के लिए उत्पादन-आधारित प्रोत्साहन (PLI-LSEM) योजना (जिसकी अवधि 31 मार्च 2026 तक थी)।
- लक्ष्य उत्पादन- ₹39,00,000 करोड़ (₹39 लाख करोड़)
- प्रत्यक्ष रोजगार सृजन- लगभग 60,000
- **उद्देश्य-**
  - प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करना।
  - देश में विनिर्माण के माध्यम से बड़े पैमाने पर आर्थिक मूल्य प्राप्त करना।
  - डिजाइन तथा अनुसंधान एवं विकास में भारतीय पेटेंट तैयार करना एवं स्वदेशी ब्रांडों का निर्माण करना।

- **प्रोत्साहन संरचना-**

| क्र.सं. | प्रोत्साहन की श्रेणी | प्रोत्साहन दर | उद्देश्य |
|---|---|---|---|
| 1 | पात्र बिक्री पर प्रोत्साहन | 2.25% - 5% | देश में मोबाइल फोन के घरेलू विनिर्माण हेतु प्रोत्साहन। |
| 2 | घरेलू सोर्सिंग प्रोत्साहन (अतिरिक्त) | 1.5% तक | प्रमुख कंपोनेंट्स/सब-असेंबली की स्वदेशी सोर्सिंग करने पर। |
| 3 | डिजाइन एवं आर.एंड डी. प्रोत्साहन (अतिरिक्त) | 3% | भारतीय ब्रांड बनाने, उत्पाद डिज़ाइन और अनुसंधान व विकास हेतु। |

- **अन्य महत्वपूर्ण तथ्य-**
  - भारत विश्व का दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल फोन विनिर्माता बन गया है।
  - वर्तमान में भारत में उपयोग किए जाने वाले 99.2% मोबाइल फोन का निर्माण स्वदेशी रूप से हो रहा है।
  - वर्ष 2025 में स्मार्टफोन भारत से निर्यात होने वाला सबसे बड़ा उत्पाद वर्ग बन गया है।

## सेमीकॉन 2.0 को मंजूरी-

- 15 जुलाई, 2026 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने देश के सेमीकंडक्टर डिजाइन और विनिर्माण प्रणाली विकसित करने के लिए सेमीकॉन 2.0 को मंजूरी दी है।
- इसके लिए कुल 1,27,500 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया गया है।
- **सेमीकॉन 2.0 के मुख्य स्तंभ- इसके 6 स्तम्भ है-**
  1. डिजाइन- भारत को सेमीकंडक्टर चिप डिजाइन बौद्धिक सम्पदा क्षेत्र में आगे बढ़ाना और चिप/सिस्टम निर्माण को मजबूती देना।
  2. मशीनें और सामग्रियां- चिप निर्माण के लिए आवश्यक मशीनों, रसायनों, गैसों और अनुसंधान एवं विकास में लगी कंपनियों को प्रोत्साहन देना।
  3. अधिक फैब- सिलिकॉन, कंपाउंड, डिस्क्रीट और डिस्प्ले फैब्स आकर्षित करना।
  4. ATMP/OSAT उद्योग- उन्नत पैकेजिंग प्रौद्योगिकियों को भारत लाने के लिए प्रोत्साहन देना।
  5. अनुसंधान एवं विकास- 28nm-110nm नोड्स से आगे बढ़कर अधिक एडवांस्ड नोड्स और तकनीकों का वैश्विक केंद्रों के साथ मिलकर विकास करना।
  6. प्रतिभा विकास- विश्वविद्यालय स्तर पर प्रशिक्षण का विस्तार।

## भारत डब्ल्यूटीओ के मत्स्य पालन सब्सिडी समझौते का पक्षकार बना-

- भारत ने 20 जुलाई, 2026 को विश्व व्यापार संगठन के मत्स्य पालन सब्सिडी समझौते को आधिकारिक रूप से स्वीकार कर लिया।
- भारत इस स्वीकृति पत्र को जमा करने वाला विश्व व्यापार संगठन का 123वां सदस्य देश बन गया है।
- यह निर्णय तटीय समुदायों की आजीविका, खाद्य सुरक्षा, रोजगार तथा संपोषित मत्स्य प्रबंधन के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।
- **समझौते के सन्दर्भ में प्रमुख तथ्य-**
  - यह समझौता जून, 2022 के 12वें विश्व व्यापार संगठन मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में पारित हुआ था और दो-तिहाई सदस्यों की मंजूरी के बाद 15 सितंबर, 2025 से लागू हुआ।
  - यह अवैध, अनधिकृत और अनियमित मछलियां पकड़ने तथा अत्यधिक दोहन के लिए दी जाने वाली सरकारी सब्सिडी पर रोक लगाता है।
  - यह समझौता केवल समुद्री मछलियां पकड़ने पर केंद्रित है। जलीय कृषि और अंतर्देशीय मत्स्य पालन इसके दायरे से बाहर हैं।
  - यह समझौता दूर-दराज के समुद्री क्षेत्रों में औद्योगिक स्तर पर मछली पकड़ने वाले बेड़ों को मिलने वाली सब्सिडी पर लगाम लगाता है, जिससे भारत के पारंपरिक और लघु-स्तरीय मछुआरों के हितों की रक्षा होती है।
  - मत्स्य पालन सब्सिडी के विवादों का निपटारा डब्ल्यूटीओ के विवाद निपटान नियमों के अनुसार किया जाएगा।

## "गोल्डन स्पाइस" मिशन का शुभारंभ-

- 21 जुलाई, 2026 को केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने मेघालय के मुख्यमंत्री कॉनराड के. संगमा के साथ मेघालय राज्य में हल्दी की खेती और मूल्य श्रृंखला विकास के लिए मिशन गोल्डन स्पाइस - एकीकृत लकाडोंग हल्दी मूल्य श्रृंखला संवर्धन परियोजना" का शुभारंभ किया।
- वित्तीय व्यय- ₹175.45 करोड़
- अवधि- पांच साल (2025–2030)
- उद्देश्य- मेघालय की जीआई-टैग वाली लाकाडोंग हल्दी को बढ़ावा देना है।
- मिशन का नेतृत्व- एमडीओएनईआर और उत्तर पूर्वी परिषद (एनईसी)
- **इस मिशन को दो चरणों में लागू किया जाएगा-**
  - पहला चरण- वैल्यू-चेन को मजबूत करना।
  - दूसरा चरण- विस्तार और बड़े पैमाने पर काम करना।

## मंत्रिमंडल ने रसायन पार्क योजना "भारत औद्योगिक विकास योजना रसायन (भव्य रसायन)" को मंजूरी दी-

- हाल ही में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने देश में तीन समर्पित रासायनिक पार्क स्थापित करने के लिए भारत औद्योगिक विकास योजना रसायन या भव्य-रसायन योजना को मंजूरी दी है।
- योजना की घोषणा- केंद्रीय बजट वर्ष 2026-27 में
- वित्तीय आवंटन- 3,030 करोड़ रुपये
  - अवसंरचना व उपयोगिताएँ- ₹3,000 करोड़
  - प्रशासनिक व्यय- ₹30 करोड़
- अवधि- पाँच वर्ष (वित्त वर्ष 2026-27 से 2030-31 तक)
- पार्क का क्षेत्रफल- न्यूनतम 8 वर्ग किलोमीटर (कम से कम 2,000 एकड़) का निर्बाध भूमि क्षेत्र
- अनुदान ढांचा- राज्य सरकार द्वारा न्यूनतम ₹500 करोड़ का योगदान देने पर केंद्र सरकार प्रति पार्क ₹1,000 करोड़ तक का अनुदान प्रदान करेगी।
- **आवश्यक बुनियादी सुविधाएँ-**
  - सामान्य अपशिष्ट उपचार संयंत्र।
  - उपचार, भंडारण और निपटान सुविधा।
  - जल आपूर्ति एवं वितरण प्रणाली।
  - विलायक पुनर्प्राप्ति और आसवन सुविधाएँ।
  - भाप उत्पादन और वितरण नेटवर्क।
  - पाइपलाइन नेटवर्क, लॉजिस्टिक्स और वेयरहाउसिंग सुविधाएँ।
- **योजना के लाभ-**
  - अपस्ट्रीम, डाउनस्ट्रीम और सहायक उद्योगों की संपूर्ण मूल्य श्रृंखला मजबूत होगी, जिससे संसाधनों का कुशल उपयोग होगा और लॉजिस्टिक्स लागत घटेगी।
  - साझा बुनियादी सुविधाओं से लागत में कमी आएगी, जिससे भारतीय उद्योग वैश्विक स्तर पर अधिक प्रतिस्पर्धी बनेगा।
  - भारतीय रसायन उद्योग वैश्विक मूल्य श्रृंखला से बेहतर तरीके से जुड़ सकेगा।
  - केंद्रीकृत अपशिष्ट प्रबंधन सुविधाओं से पर्यावरण नियमों का बेहतर अनुपालन होगा और टिकाऊ विकास को बढ़ावा मिलेगा।
  - रसायन क्षेत्र के विकास से अन्य संबंधित उद्योगों में सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा, बड़े पैमाने पर रोजगार पैदा होंगे और 2047 तक 'विकसित भारत' का लक्ष्य हासिल करने में मदद मिलेगी।

## भारत की पहली सीधी वाणिज्यिक कंटेनर मालगाड़ी नेपाल पहुंची-

- 28 जुलाई, 2026 को भारतीय रेल ने कोलकाता बंदरगाह (भारत) से बिराटनगर सीमा शुल्क यार्ड (नेपाल) तक पहली सीधी वाणिज्यिक कंटेनर मालगाड़ी का सफल परिचालन किया।
- इस ट्रेन (40 डिब्बें)का परिचालन संशोधित भारत-नेपाल रेल पारगमन प्रोटोकॉल के तहत किया गया है जिसमें कैनोला की खेप ले जाई गयी।
- Note- जून, 2023 में भारत के प्रधानमंत्री और नेपाल के तत्कालीन प्रधानमंत्री द्वारा जोगबानी (भारत)-बिराटनगर (नेपाल) ब्रॉड-गेज रेल लिंक का उद्घाटन किया गया था। नवंबर, 2025 में संशोधित लेटर ऑफ एक्सचेंज पर हस्ताक्षर के बाद बिराटनगर के लिए यह सीधी वाणिज्यिक रेल सेवा शुरू हुई।
- **महत्व-**
  - आयात और निर्यात माल की आवाजाही को बढ़ावा मिलेगा, जिससे दोनों देशों के निर्यातकों, आयातकों, लॉजिस्टिक संचालकों और उद्योगों को लाभ होगा।
  - सीमा पार व्यापार की दक्षता, विश्वसनीयता और प्रतिस्पर्धात्मकता में सुधार होगा।
  - यह पहल भारतीय रेल के अंतरराष्ट्रीय रेल संपर्क बढ़ाने, आधुनिक परिवहन इन्फ्रास्ट्रक्चर निर्मित करने और कारोबारी सुगमता लाने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

## बीईएमसीओ-आईसीएस सीफेयरर वर्कफोर्स रिपोर्ट 2026-

- बीआईएमसीओ-आईसीएस सीफेयरर वर्कफोर्स रिपोर्ट-2026 के अनुसार भारत वैश्विक नौवहन उद्योग को 3,11,936 समुद्री पेशेवर उपलब्ध कराकर दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा समुद्री कर्मियों का आपूर्तिकर्ता देश बन गया है।
- वैश्विक समुद्री कार्यबल में भारत की कुल हिस्सेदारी 12.16% हो गई है। वर्तमान में भारत वैश्विक समुद्री कार्यबल में फिलीपींस के बाद द्वितीय स्थान पर है।
- **भारतीय समुद्री कार्यबल का श्रेणीवार विभाजन-**
  - अधिकारी वर्ग- भारत 1,40,718 अधिकारियों की आपूर्ति करता है, जो दुनिया के कुल अधिकारी कार्यबल का 13.41% है।
  - रेटिंग्स- वाणिज्यिक जहाजों पर सेवाएं दे रहे 1,71,218 भारतीय नाविक वैश्विक रेटिंग्स का 11.29% हिस्सा हैं।
- **बीईएमसीओ-आईसीएस सीफेयरर वर्कफोर्स रिपोर्ट-**
  - जारीकर्ता- बीईएमसीओ और इंटरनेशनल चैंबर ऑफ शिपिंग द्वारा
  - इसका प्रकाशन प्रति पांच साल में होता है।
  - पहला संस्करण- 1990 में
  - रिपोर्ट- यह नाविकों की वैश्विक आपूर्ति और मांग का सबसे व्यापक आकलन को प्रस्तुत करती है।

## केंद्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री-किसान योजना को 2026-27 से 2030-31 तक जारी रखने की मंजूरी दी-

- 31 जुलाई, 2026 को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री-किसान योजना को वर्ष 2026-27 से 2030-31 तक जारी रखने को मंजूरी प्रदान की है।

- इस योजना की विस्तारित अवधि के लिए के लिए कुल 3.15 लाख करोड़ रुपये का वित्तीय आवंटन स्वीकृत किया गया है।
- **पीएम-किसान-**
  - पूर्ण नाम- प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि
  - लाँच- फरवरी, 2019
  - लाभ- पात्र भूमिधारक किसान परिवारों को प्रति वर्ष 6,000 रुपये की वित्तीय सहायता तीन समान किस्तों में सीधे उनके बैंक खातों में हस्तांतरित की जाती है।

## 'FCRA 2.0 पोर्टल और e-OCI प्रणाली लाँच-

- हाल ही में भारत सरकार ने FCRA 2.0 पोर्टल और e-OCI (इलेक्ट्रॉनिक ओवरसीज सिटीजन ऑफ इंडिया) कार्ड का शुभारंभ किया।
- उद्देश्य- विदेशी अंशदान विनियमन और प्रवासी भारतीयों की सेवाओं को पूरी तरह डिजिटल और सरल बनाना।
- **FCRA 2.0 पोर्टल-**
  - **यह** FCRA के तहत सभी प्रक्रियाओं को ऑनलाइन करता है।
  - विदेशी फंड की रियल-टाइम निगरानी करता है।
- **e-OCI कार्ड (इलेक्ट्रॉनिक ओवरसीज सिटीजन ऑफ इंडिया)-**
  - प्रवासी भारतीय के लिए प्रक्रियागत ऑनलाइन प्रणाली के रूप में कार्य।
  - 20 वर्ष की आयु के बाद नया पासपोर्ट मिलने पर ओसीआई बुकलेट को बार-बार दोबारा जारी कराने की जरूरत खत्म कर दी गई है।

## माचा चाय का व्यावसायिक उत्पादन शुरू-

- भारत में पहली बार असम के छोटा तिंगराई टी एस्टेट में माचा चाय का व्यावसायिक उत्पादन शुरू हुआ है।
- माचा, जापान की पारंपरिक ग्रीन टी का बारीक पाउडर है।
- इसमें सामान्य ग्रीन टी की तुलना में अधिक एंटीऑक्सीडेंट और पोषक तत्व पाए जाते हैं।

## असंगठित क्षेत्र के उद्यमों का वार्षिक सर्वेक्षण (एएसयूएसई)-2025

- हाल ही में राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने असंगठित क्षेत्र के उद्यमों का वार्षिक सर्वेक्षण (एएसयूएसई)-2025 रिपोर्ट जारी की है।
- **रिपोर्ट के प्रमुख निष्कर्ष-**
  - देश के 46 बड़े शहरों में लगभग 39 लाख अनौपचारिक प्रतिष्ठान हैं, जिनमें 1.98 करोड़ श्रमिक कार्यरत हैं।
  - ये शहर देश के कुल अनौपचारिक उद्यमों का 13 प्रतिशत, रोजगार का 16 प्रतिशत और ग्रॉस वैल्यू एडेड का 21 प्रतिशत हिस्सा कवर करते हैं।
  - सबसे अधिक अनौपचारिक श्रमिक हैदराबाद (15.7 लाख) में है।
  - सबसे अधिक अनौपचारिक उद्यम कोलकाता (8.84 लाख) में है।
  - कुल अनौपचारिक श्रमिकों में 26% (52 लाख) महिलाएं हैं।
  - महिलाओं की भागीदारी विशाखापत्तनम (42.5%) और सूरत (41.4%) में सबसे अधिक है जबकि श्रीनगर (10.5%) में सबसे कम है।
  - पिंपरी-चिंचवाड़, हैदराबाद और दिल्ली में प्रति श्रमिक ग्रॉस वैल्यू एडेड सबसे अधिक है।
  - औसत वार्षिक वेतन जयपुर में सबसे अधिक (₹2.33 लाख प्रतिवर्ष) है।

## विश्व निवेश रिपोर्ट 2026-

- अंकटाड द्वारा जारी विश्व निवेश रिपोर्ट 2026 के अनुसार भारत वर्ष 2025 में एफडीआई के मामले में 11वें स्थान पर पहुंच गया।
- **भारत के सन्दर्भ में रिपोर्ट के निष्कर्ष-**
  - भारत वैश्विक स्तर पर एफडीआई आकर्षित करने वाले देशों में 11वें स्थान पर पहुँच गया है।
  - भारत ने वर्ष 2025 में 38.89 अरब अमेरिकी डॉलर का एफडीआई आकर्षित किया, जो वर्ष 2024 (27.09 अरब डॉलर) की तुलना में 44% की वृद्धि दर्शाता है।
  - भारत में घोषित कुल ग्रीनफील्ड निवेश का मूल्य घटकर 74.12 अरब डॉलर (2025) रह गया, जो 2024 में 111.14 अरब डॉलर था।
  - भारतीय कंपनियों द्वारा विदेशों में किया जाने वाला एफडीआई वर्ष 2024 के 24.26 अरब डॉलर से 47% बढ़कर वर्ष 2025 में 35.66 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया।

| संकेतक | वर्ष 2024 | वर्ष 2025 | परिवर्तन |
|---|---|---|---|
| भारत में एफडीआई अंतर्वाह | 27.09B$ | 38.89B$ | +44% की वृद्धि (वैश्विक रैंक- 11वाँ) |
| भारत का बाह्य एफडीआई | 24.26B$ | 35.66B$ | +47% की वृद्धि (वैश्विक रैंक- 18वाँ) |
| घोषित ग्रीनफील्ड निवेश (भारत में) | 111.14B$ | 74.12B$ | कमी |

**UNCTAD (UN Conference on Trade and Development)**

- संयुक्त राष्ट्र व्यापार और विकास सम्मेलन
- स्थापना- वर्ष 1964
- मुख्यालय- जिनेवा, स्विट्जरलैंड
- सदस्य देश- 195 राज्य।

## भारत का पहला दूरसंचार विनिर्माण क्षेत्र-

- केन्द्रीय संचार मंत्रालय के दूरसंचार विभाग और मध्य प्रदेश सरकार ने 30 जुलाई, 2026 को भारत के पहले दूरसंचार विनिर्माण क्षेत्र के प्रथम चरण की स्थापना के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये है।
- इस समझौते के तहत भारत का पहला दूरसंचार विनिर्माण क्षेत्र मध्य प्रदेश के ग्वालियर में स्थापित किया जा रहा है।
- इसकी परिकल्पना 350 एकड़ में फैले एक एकीकृत प्लग-एंड-प्ले औद्योगिक क्लस्टर के रूप में की गई है।
- इसके लिए एक विशेष प्रयोजन वाहन के गठन होगा, जिसमें मध्य प्रदेश सरकार की 51 प्रतिशत हिस्सेदारी तथा दूरसंचार विभाग की 49 प्रतिशत हिस्सेदारी होगी।
- केंद्र सरकार प्रथम चरण के लिए 100 प्रतिशत वित्तीय सहायता प्रदान कर रही है। इसके अंतर्गत मुख्य अवसंरचना के विकास के लिए 493 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। वहीं, मध्य प्रदेश सरकार ने इस परियोजना के लिए लगभग 170 एकड़ भूमि निःशुल्क उपलब्ध कराने सहित महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया है।
- उद्देश्य- भारत के घरेलू दूरसंचार विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करना।

## इंडियाज़ नेक्स्ट ग्रोथ फ्रंटियर- रिड्यूसिंग एंटी-कॉम्पिटिटिव मार्केट डिस्टॉर्शन्स टू बिल्ड ऑन इंडियाज़ 2010–2023 रिफ़ॉर्म प्रोग्रेस रिपोर्ट-

- जारीकर्ता- कॉम्पेटेरे फाउंडेशन फॉर ट्रेड एंड कॉम्पिटिशन पॉलिसी (CTIL के सहयोग से)
- मूल सूचकांक- मार्केट डिस्टॉर्शन्स परफ़ॉर्मेंस इंडेक्स
- भारत की वर्तमान रैंकिंग (2023)- 57वाँ स्थान (वर्ष 2010 में 82वाँ स्थान)
- मूल्यांकन की अवधि- वर्ष 2010 से वर्ष 2023 तक
- **मूल्यांकन के मुख्य स्तंभ-**
  1. संपत्ति अधिकारों का संरक्षण
  2. घरेलू प्रतिस्पर्धा
  3. अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा

## आत्मनिर्भर भारत के लिए यूरिया-2026 (एनआईपीयू-2026) के लिए राष्ट्रीय निवेश नीति को मंजूरी-

- प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति ने यूरिया क्षेत्र में नए निवेश को आकर्षित करने और देश को यूरिया उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने के लिए उर्वरक विभाग के 'आत्मनिर्भर भारत के लिए यूरिया-2026 (NIPU-2026)' संबंधी राष्ट्रीय निवेश नीति के प्रस्ताव को मंजूरी दी है।
- यह नीति देश में गैस आधारित नई यूरिया विनिर्माण इकाइयां लगाने के लिए निवेश को बढ़ावा देगी तथा स्वदेशी यूरिया उत्पादन को बढ़ाकर भारत की आयात पर निर्भरता को कम करना।
- NIP-2012 की तुलना में NIPU-2026 के तहत लगाए गए प्रत्येक नए प्लांट से ₹250 करोड़ से अधिक की बचत होने का अनुमान है।
- वर्तमान में भारत में कुल 269.42 एलएमटी की रीअसेस्ड/इंस्टॉल्ड क्षमता वाली 33 यूरिया विनिर्माण इकाइयां संचालित हैं।

## पोरबंदर में स्थापित होगा ग्रीनफील्ड शिपबिल्डिंग क्लस्टर-

- पत्तन, पोत और जलमार्ग मंत्रालय ने जहाज निर्माण विकास योजना के तहत गुजरात में दो बड़ी रणनीतिक समुद्री परियोजनाओं को सैद्धांतिक मंजूरी दी है।
- **1. पोरबंदर में ग्रीनफील्ड जहाज निर्माण क्लस्टर-**
  - स्थान- कुच्छ खाड़ी, पोरबंदर जिला, गुजरात (क्षेत्रफल- लगभग 2,000 एकड़)
  - संचालन- पत्तन, पोत और जलमार्ग मंत्रालय और गुजरात समुद्री बोर्ड का संयुक्त स्पेशल पर्पस व्हीकल
  - विशेषताएं- आधुनिक शिपयार्ड, सहायक विनिर्माण इकाइयां, साझा बुनियादी ढांचा और क्षमता विकास केंद्र।
  - क्षमता- 1.2 से 1.5 मिलियन ग्रॉस टन भार की वार्षिक उत्पादन क्षमता वाले बड़े वाणिज्यिक जहाजों का निर्माण।
- **2. वाडीनार में अत्याधुनिक जहाज मरम्मत सुविधा-**
  - लागत- ₹1,570 करोड़
  - निर्माता- कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड और दीनदयाल पोर्ट अथॉरिटी द्वारा संयुक्त विकास।
  - महत्व- 300 मीटर तक लंबे जहाजों की मरम्मत संभव होगी, जिससे विदेशी यार्डों पर भारत की निर्भरता काफी कम होगी।

## परिवर्तन योजना-

- हाल ही में केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में पुराने और अत्यधिक प्रदूषण फैलाने वाले ट्रकों एवं बसों को BS-VI मानकों वाले अथवा इलेक्ट्रिक वाहनों से बदलने की प्रक्रिया को गति देने के लिए परिवर्तन योजना के परिचालन संबंधी दिशा-निर्देशों को मंजूरी प्रदान की है।

### योजना के सन्दर्भ में प्रमुख तथ्य-

- कुल स्वीकृत बजट- ₹9,585 करोड़ (केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा स्वीकृत)
- केंद्रीय बजटीय सहायता: ₹5,041 करोड़ (केंद्र सरकार द्वारा प्रदान)
- कार्यान्वयन एजेंसी- सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा निष्पादित।
- वित्तीय नोडल एजेंसी- राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड
- शामिल राज्य/क्षेत्र- दिल्ली, राजस्थान, हरियाणा और उत्तर प्रदेश

### लाभार्थियों को मिलने वाले प्रमुख प्रोत्साहन-

- ब्याज सब्सिडी- वाहन ऋण पर 5% की ब्याज सब्सिडी।
- OEM छूट- मूल उपकरण निर्माताओं (OEMs) द्वारा पात्र नए वाहनों पर न्यूनतम 8% की छूट।
- ईंधन वाउचर सहायता- डीज़ल या सीएनजी वाहनों से बदलने वाले पात्र वाहनों के लिए मासिक ईंधन वाउचर।
- इलेक्ट्रिक वाहन प्रोत्साहन- ईवी से बदलने पर एकमुश्त वित्तीय सहायता तथा सर्टिफिकेट ऑफ डिपॉजिट ट्रेडिंग की सुविधा।
- टैक्स एवं फीस में छूट- राजस्थान, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और दिल्ली सरकारों द्वारा नए वाहनों पर 10 वर्षों के लिए मोटर वाहन कर में रियायत तथा पंजीकरण शुल्क में 100% छूट।

- PARIVARTAN- Programme for Accelerated Renewal and Incentivization of Vehicle Assets for Reducing Transport Air Pollution and Network Emissions

## 2035 तक भारत को बायो-इकोनॉमी पावरहाउस बनाने का रोडमैप जारी-

- 16 जुलाई, 2026 को नीति आयोग ने नई दिल्ली के नैशनल मीडिया सेंटर में '2035 तक भारत को एक अग्रणी बायो-इकोनॉमी पावरहाउस बनाने का रोडमैप' लॉन्च किया।
- जारीकर्ता- नीति आयोग
- सहयोगी संस्थान- जैव प्रौद्योगिकी विभाग, एसोसिएशन ऑफ बायोटेक्नोलॉजी लेड एंटरप्राइजेज, उद्योग प्रतिनिधि व शिक्षाविद।

### बायो-इकोनॉमी लक्ष्य एवं आंकड़े-

| वर्ष | बायो-इकोनॉमी आकार | जीडीपी योगदान / लक्ष्य |
|---|---|---|
| 2014 | $10 बिलियन | प्रारंभिक चरण |
| 2025 | $195.3 बिलियन | राष्ट्रीय GDP का 4.8% |
| 2035 (लक्ष्य) | $691 बिलियन | मिशन-मोड रोडमैप लक्ष्य |
| 2047 (लक्ष्य) | $2.6 ट्रिलियन | 30 मिलियन (3 करोड़) से अधिक उच्च-मूल्य नौकरियों का सृजन |

- छह 'नेशनल बायो-मिशन'- देश की वैज्ञानिक और मैन्युफैक्चरिंग क्षमताओं को बड़े पैमाने पर राष्ट्रीय प्रभाव में बदलने के लिए 6 विशेष प्लेटफॉर्म डिजाइन किए गए हैं-
  1. जेनेइंडिया- आनुवंशिकी व उन्नत चिकित्सा अनुसंधान।
  2. एग्रीबायो 2.0- जलवायु-अनुकूल फसलें और बायो-इनपुट्स।
  3. बायोएक्स फाउंड्री- एआई-सक्षम बायोफाउंड्री और डिजिटल बायोलॉजी।
  4. वन हेल्थ ग्रिड- एकीकृत बीमारी निगरानी व महामारी की तैयारी।
  5. समुद्री जैव प्रौद्योगिकी- समुद्री बायो-प्रोडक्ट्स और ब्लू इकोनॉमी।
  6. बायोफार्मा नेक्स्ट- सेल, जीन थेरेपी, बायोलॉजिक्स, बायोसिमिलर, वैक्सीन और अगली पीढ़ी की बायो-मैन्युफैक्चरिंग।

### वित्तपोषण एवं अवसंरचना संबंधी प्रमुख प्रस्ताव-

- बायो-इकोनॉमी डेवलपमेंट फंड- मौजूदा ₹1 लाख करोड़ के अनुसंधान, विकास व नवाचार ढांचे के अंतर्गत ₹50,000 करोड़ के विशेष कोष का निर्माण।

## विश्वास, 2026-

- केंद्र सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के अधीन कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने "विश्वास, 2026" नामक एकमुश्त विवाद समाधान पहल शुरू की है।
- इसका उद्देश्य कर्मचारी भविष्य निधि एवं विविध प्रावधान अधिनियम, 1952 की धारा 14बी और सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020 की धारा 128 के तहत क्षतिपूर्ति/जुर्माना लगाने से संबंधित विवादों का सौहार्दपूर्ण निपटारा करना है।

## मेटलर्जिकल एंड इंजीनियरिंग कंसल्टेंट्स (इंडिया) लिमिटेड-

- इस्पात मंत्रालय ने अनुसूची-ए के अंतर्गत आने वाले पीएसयू मेटलर्जिकल एंड इंजीनियरिंग कंसल्टेंट्स (इंडिया) लिमिटेड (मेकॉन) को मिनीरत्न श्रेणी-I का दर्जा देने की मंजूरी प्रदान की है।

### मेकॉन-

- स्थापित- वर्ष 1959
- मुख्यालय- रांची में
- यह देश की प्रमुख इंजीनियरिंग, परामर्श, परियोजना प्रबंधन और ठेका देने वाल पीएसयू है।
- पीएसयू को उनके होने वाले लाभ और नेट वर्थ के आधार पर तीन श्रेणियों में वर्गीकृत किया जाता है-
  1. महारत्न
  2. नवरत्न
  3. मिनीरत्न- मिनीरत्न को श्रेणी-I तथा श्रेणी-II में वर्गीकृत किया गया है।
- **मिनीरत्न श्रेणी-I दर्जा प्राप्त करने के मानदंड**
  a. विगत तीन वर्षों में निरंतर लाभ अर्जित किया हो।
  b. सकारात्मक निवल मूल्य हो।
  c. विगत तीन वर्षों में कम-से-कम एक वर्ष में कर पूर्व 30 करोड़ रूपए या अधिक का लाभ अर्जित किया हो।

## शी-लीप्स-

- हाल ही में केंद्र सरकार ने नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय ग्रामीण विकास सम्मेलन में शी-लीप्स एप्लीकेशन का शुभारंभ किया।
- इसका उद्देश्य एक मजबूत और अधिक दीर्घकालिक ग्रामीण अर्थव्यवस्था का निर्माण करना।
- इसे शी-लीप्स मोबाइल एप्लिकेशन को "डिजिटल इंडिया कॉर्पोरेशन" द्वारा तैयार किया गया है और इसे एलओकेओएस प्लेटफॉर्म के अंतर्गत कार्यान्वित किया गया है।
- शी-लीप्स को 34 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में कार्यान्वित किया जाएगा।
- यह भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए एक डिजिटल मंच है।
- शी-लीप्स ग्रामीण महिलाओं के लिए आजीविका सृजन, उद्यम विकास और वित्तीय समावेशन का समर्थन करता है तथा यह कृषि और गैर-कृषि दोनों प्रकार के ग्रामीण उद्यमों को सहायता प्रदान करता है।
- SHE-LEAPS- Self-Help Entrepreneur-Livelihoods and Enterprise Application for Prosperity and Sustainability

## 'प्रगति' (PRAGATI) प्रोजेक्ट का शुभारंभ-

- 7 जुलाई. 2026 को केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राष्ट्रीय पहल 'प्रगति' (PRAGATI) लॉन्च की।

### लक्ष्य-

- 20,000 ग्रामीण युवाओं को कृषि-उद्यमी बनाना।
- देश भर के 20 लाख छोटे और सीमांत किसानों की आय, उत्पादकता और आजीविका में व्यापक सुधार लाना।

### लक्षित क्षेत्र-

- उत्पादन बढ़ाते हुए लागत घटाना, फसल विविधीकरण और वैल्यू एडिशन को सुनिश्चित किया जाना।
- बागवानी, पशुपालन, मत्स्य पालन और मधुमक्खी पालन के जरिए आय में वृद्धि करना।
- मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन, कृषि में मशीनीकरण, ड्रोन का उपयोग और डिजिटल सलाह का विस्तार करना।

### प्रोजेक्ट का विस्तार-

- यह पहल मुख्य रूप से मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, असम और झारखंड जैसे कृषि प्रधान राज्यों में लागू की जाएगी।

## कामराजार बंदरगाह-

- हाल ही में कामराजार बंदरगाह 18-मीटर ड्राफ्ट क्षमता वाला भारत का दूसरा बंदरगाह (विशाखापत्तनम बंदरगाह के बाद) बना है।
- इसके लिए 'कैपिटल ड्रेजिंग चरण-VI' परियोजना के तहत बाहरी पहुंच मार्ग की गहराई को 20.0 मीटर से बढ़ाकर 23.0 मीटर और आंतरिक प्रवेश मार्ग को 22.0 मीटर किया गया है।
- यह बंदरगाह 18.0 मीटर के परिचालन ड्राफ्ट के साथ अब 1,70,000 टन तक के पूरी तरह से लदे कैपसाइज विशाल जहाजों को संभालने में सक्षम है।
- इस परियोजना में लगभग ₹440 करोड़ का निवेश किया गया है।

### कामराजर बंदरगाह-




- यह सीप्लेन कार्गो हब और भारत का पहला निगमित प्रमुख बंदरगाह है।
- भौगोलिक अवस्थिति- कोरोमंडल तट, पूर्वी तट (चेन्नई)
- स्थापना- मार्च, 1999 में
- भारतीय बंदरगाह अधिनियम, 1908 के तहत इसे औपचारिक रूप से भारत का 12वां प्रमुख बंदरगाह घोषित किया गया।
- वाणिज्यिक परिचालन- 1 फरवरी, 2001

## गहरे समुद्र में टिकाऊ मत्स्य पालन- 'अधिकार पत्र' का राष्ट्रीय शुभारंभ

- भारत सरकार के मत्स्य पालन विभाग द्वारा 9 जुलाई, 2026 को ओडिशा के भुवनेश्वर में 'गहरे समुद्र में मछली पकड़ने के टिकाऊ तरीकों के लिए अधिकार पत्र का राष्ट्रीय शुभारंभ कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- इस अवसर पर भारत के उप-राष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने अधिकार पत्र का औपचारिक शुभारंभ किया और 'ओडिशा गहरे समुद्र में मत्स्य पालन मिशन (2026–2036) दस्तावेज' भी जारी किया।
- अधिकार पत्र क्या है?-
  - यह अधिकार पत्र 'भारतीय ध्वज वाले मछली पकड़ने वाले जहाजों द्वारा गहरे समुद्र में मत्स्य पालन के टिकाऊ तरीकों के लिए दिशा-निर्देश, 2025' के तहत एक अनिवार्य और पारदर्शी ढांचा है।

**विशेषताएं-**

- यह विशेष जहाज के नाम पर जारी होता है और इसे किसी अन्य को ट्रांसफर (हस्तांतरित) नहीं किया जा सकता।
- इसे 'रीयलक्राफ्ट फिशिंग वेसल रजिस्ट्रेशन पोर्टल' से जोड़ा गया है, जिससे जहाजों की रीयल-टाइम ट्रैकिंग, निगरानी और पारदर्शी संचालन संभव होगा।
- यह न्यूनतम शुल्क पर जारी/नवीनीकृत होता है तथा डिजिटल माध्यम से प्रक्रियात्मक बाधाओं को खत्म करता है।

- **ओडिशा गहरे समुद्र में मत्स्य पालन मिशन (2026–2036)-**
  - यह ओडिशा सरकार की एक प्रमुख 'ब्लू इकोनॉमी' पहल है।
  - ओडिशा को गहरे समुद्र में मछली पकड़ने और समुद्री निर्यात के अग्रणी केंद्र के रूप में स्थापित करना।
  - आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर, मूल्य श्रृंखला का विकास, वैज्ञानिक मत्स्य प्रबंधन और बाजार संपर्कों के माध्यम से रोजगार व मछुआरों की आय में वृद्धि करना।

**ओडिशा और मत्स्य उत्पादन-**

- ओडिशा देश के प्रमुख मत्स्य उत्पादक राज्यों में से एक है।
- ओडिशा की लगभग 95 प्रतिशत आबादी मछली का सेवन करती है, जिसकी प्रति व्यक्ति खपत 19.16 किलोग्राम है।
- वर्ष 2025-26 तक ओडिशा ने 12.70 लाख मीट्रिक टन (एमटी) मछली का उत्पादन किया था।
- वर्ष 2025-26 के दौरान राज्य ने 5,428.67 करोड़ रुपये मूल्य का 1,00,897 मीट्रिक टन समुद्री खाद्य निर्यात किया, जिसमें मुख्य रूप से झींगा और अन्य उच्च मूल्य वाली मत्स्य प्रजातियों का योगदान रहा।

- वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान भारत ने ₹73,890 करोड़ मूल्य का समुद्री खाद्य निर्यात किया।

## विविध तथ्य

- कार्यक्रम के अंतर्गत भोपाल-कानपुर आर्थिक गलियारे में 117.7 किलोमीटर लंबे कानपुर-कबराई एक्सेस-कंट्रोल्ड ग्रीनफील्ड राजमार्ग के निर्माण को मंजूरी दी है।
- भारतीय रेलवें ने दक्षिण पूर्व मध्य रेल के रायपुर डिवीजन के दुर्ग-तारोकी खंड के 13 स्टेशनों पर 226 करोड़ रुपये की लागत से इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग प्रणाली की स्थापना को मंजूरी दी।
- एनएचएआई ने एनएच-48 पर मनोहरपुर टोल प्लाजा, जयपुर पर मल्टी-लेन फ्री फ्लो आधारित टोलिंग प्रणाली की शुरुआत की है।
- केंद्र सरकार ने औषधि नियम, 1945 में संशोधन कर सेल कोशिका या स्टेम सेल-व्युत्पन्न उत्पादों, जीन चिकित्सीय उत्पादों तथा जीनोट्रांसप्लांट को केंद्रीकृत लाइसेंस अनुमोदन प्राधिकरण ढांचे के दायरे में शामिल किया है।
- मानस (मादक पदार्थ निषेध आसूचना केन्द्र)- यह राष्ट्रीय नारकोटिक्स हेल्पलाइन है। इस मंच के माध्यम से नागरिक नशीले पदार्थों से जुड़ी गतिविधियों की गोपनीय सूचना दे सकते हैं, परामर्श ले सकते हैं तथा किसी भी समय पुनर्वास संबंधी सहायता तक पहुँच सकते हैं।
- राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी उद्यमिता एवं प्रबंधन संस्थान,कुंडली ने 2 जुलाई, 2026 को खाद्य प्रौद्योगिकी, खाद्य प्रसंस्करण, नवाचार और उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अकादमिक और अनुसंधान सहयोग को सुदृढ़ करने के लक्ष्य से न्यूजीलैंड के मैसी विश्वविद्यालय के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए।
- 6 जुलाई, 2026 को केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री ने चमड़ा और फुटवियर उद्योग से अगले पांच से छह वर्षों में कम से कम 15 अरब अमेरिकी डॉलर के निर्यात का लक्ष्य रखने का आह्वान किया है।
- भारत सरकार ने औषधि नियम, 1945 के तहत नवी मुंबई हवाई अड्डे को औषधियों के आयात द्वार के रूप में अधिसूचित किया है। इस नए संशोधन के साथ प्रवेश द्वारों (सड़क/रेल/जहाज/हवाई मार्ग) की कुल संख्या 42 हो गई है।
- साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तर दायित्व पहल 'एसईसीएल के सुश्रुत' भारत के राजपत्र में अधिसूचित होने वाली किसी भी कोयला सार्वजनिक उपक्रम की पहली सीएसआर योजना बनी है।
- एनएलडीएसएल (राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास निगम की संचालन शाखा) और पंजाब सरकार के उद्योग एवं वाणिज्य निदेशालय ने यूनिफाइड लॉजिस्टिक्स इंटरफेस प्लेटफॉर्म -यूएलआईपी द्वारा पंजाब के पारितंत्र में डिजिटल बदलाव के लिए 7 जुलाई, 2026 को एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

- केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री श्री पीयूष गोयल ने भारत-स्पेन आर्थिक साझेदारी को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से 14 जुलाई, 2026 को उच्च स्तरीय बैठकों के साथ स्पेन यात्रा का शुभारंभ किया
- आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने 15 जुलाई, 2026 को रेल मंत्रालय की लगभग 3,907 करोड़ रुपये की कुल लागत वाली 2 परियोजनाओं को मंजूरी दी है। परियोजना नाम- पारादीप-हरिदासपुर, राजखरसावां-डांगोअपोसी।
- व्यापार और निवेश विधि केंद्र ने भारतीय उद्योग परिसंघ के सहयोग से 16 जुलाई, 2026 को नई दिल्ली में 'गोइंग ग्लोबल: ए प्रैक्टिकल गाइड फॉर इंडियन एमएसएमई' नामक मार्गदर्शिका का विमोचन किया।
- केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने 13-18 जुलाई, 2026 तक स्पेन, बेल्जियम, फिनलैंड और एस्टोनिया की पांच दिवसीय यात्रा पर रहे। इस यात्रा का उद्देश्य यूरोप के साथ भारत की आर्थिक साझेदारी को गहरा करना, निवेश संबंधों में विस्तार करना, प्रौद्योगिकी सहयोग को सुदृढ़ करना और व्यापार-से-व्यापार संबंधों को प्रोत्साहन देना था।
- नेशनल कोल गैसीकरण मिशन के तहत वर्ष 2030 तक 100 मिलियन टन कोल गैसीकरण क्षमता का हासिल करने का लक्ष्य रखा गया।
- भारत-इज़राइल मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए वार्ता का दूसरा दौर 20 से 23 जुलाई, 2026 तक नई दिल्ली के वाणिज्य भवन में संपन्न हुआ।
- केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने 27 जुलाई, 2026 को खिलौना सेक्टर को सहयोग देने और 2032 तक ग्लोबल खिलौना बाजार में 5 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने के लक्ष्य को पाने के लिए जरूरी उपायों की पहचान करने के मकसद से एक टास्क फोर्स बनाने की घोषणा की।
- वित्त वर्ष 2025-26 में भारत का निर्यात रिकॉर्ड 863.1 बिलियन डॉलर तक रहा। इसमें वस्तु निर्यात 441.8 बिलियन डॉलर और सेवा निर्यात 421.3 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया है।
- भारत सरकार ने 1 अगस्त, 2026 से पूरे देश में चीनी व्यापारियों के लिए स्टॉक रखने की सीमा लागू करने का निर्णय लिया है। यह आदेश 30 नवंबर, 2026 तक लागू रहेगा।
- 30 जुलाई, 2026 को केन्द्रीय पर्यटन मंत्रालय ने इंटरग्लोब एविएशन लिमिटेड के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते का उद्देश्य भारत को एक पसंदीदा वैश्विक पर्यटन गंतव्य के रूप में बढ़ावा देना है।
- 30 जुलाई, 2026 को इन्वेस्ट इंडिया ने एशिया पैसिफिक मेडिकल टेक्नोलॉजी एसोसिएशन (एपीएसीएमईडी) के भारत के चिकित्सा प्रौद्योगिकी क्षेत्र (मेडटेक) में निवेश, नवाचार और सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित किया है।
- रिजर्व बैंक ऑफ़ इंडिया के अनुसार भारत में घरेलू क्षेत्र का कुल कर्ज GDP के 45.5% तक पहुंच गया है। इसकी वजह पर्सनल लोन और क्रेडिट कार्ड जैसे नॉन-हाउसिंग रिटेल लोन में बढ़ोतरी है।
- सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने इंडेक्स ऑफ सर्विसेज प्रोडक्शन पर तकनीकी सलाहकार समिति की रिपोर्ट जारी की। इसका आधार वर्ष 2024-25 रखा गया है। यह देश के औपचारिक सेवा क्षेत्र के मासिक प्रदर्शन को मापने वाला पहला सूचकांक होगा।
- ग्रोहे-हुरुन इंडिया रियल एस्टेट रिच लिस्ट-2026 के अनुसार 'गौतम अदाणी परिवार' देश का सबसे अमीर रियल एस्टेट कारोबारी बना।
- प्लास्टिक के नोट- भारतीय रिजर्व बैंक की नोट मुद्रण शाखा ने पॉलीमर सबस्ट्रेट शीट्स के लिए ग्लोबल टेंडर जारी किया है।
- नीति आयोग ने भारत को वर्ष 2035 तक दुनिया की शीर्ष तीन बायो टेक्नोलॉजी शक्तियों में शामिल करने के लिए एक रोडमैप जारी किया है। इसके तहत ₹ 50,000 करोड़ का 'बायोइकोनॉमी ग्रोथ फंड' बनाने का प्रस्ताव है।
- हाल ही में इंटरनेट एंड मोबाइल एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने ई-कॉमर्स काउंसिल ऑफ इंडिया लॉन्च की।
- हाल हीमें नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ने इलेक्ट्रॉनिक गोल्ड रिसीट्स सेगमेंट लॉन्च किया। इससे सोने के कारोबार को अधिक पारदर्शी और व्यवस्थित बनेगा।
- अमेरिकी निवेश बैंक 'हॉलियन लोकी' की आईपीएल वैल्यूएशन स्टडी के अनुसार रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) बिजनेस और ब्रांड वैल्यू दोनों पैमानों पर शीर्ष स्थान पर है।
- नेपाल की राजधानी काठमांडू में आयोजित इवेंट मैनेजमेंट फेडरेशन के 'ईएमएफ ग्लोबल एसीई-2026' सम्मेलन में डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ मुख्य अतिथि एवं ज्यूरी चेयर के रूप में शामिल हुए थे।
- ब्रिटेन के जोश केर ने लंदन डायमंड लीग में पुरुषों की माइल रेस का विश्व रेकॉर्ड तोड़ते हुए 3 मिनट 42.66 सेकंड का समय लेकर हिशाम अल गेरौज के 27 साल पुराने रेकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया।

# विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी

## रक्षा-प्रौद्योगिकी

### आईएनएस-महेंद्रगिरि




- भारतीय नौसेना ने 11 जुलाई, 2026 को आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में आयोजित एक समारोह में स्वदेशी रूप से निर्मित उन्नत स्टील्थ फ्रिगेट 'आईएनएस महेन्द्रगिरि' को अपने पूर्वी बेड़े में शामिल किया।
- डिजाइन- वॉरशिप डिजाइन ब्यूरो द्वारा
- निर्माण- मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड, मुंबई द्वारा
- नामकरण- पूर्वी घाट की 'महेंद्रगिरि' पर्वत श्रृंखला के नाम पर।
- निर्माण सामग्री- 75% से अधिक स्वदेशी सामग्री का उपयोग
  - इसके निर्माण में देश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों और रक्षा उद्योगों का बड़ा योगदान रहा है।
  - विस्थापन- लगभग 6,670 टन
  - गति- 28 समुद्री मील प्रति घंटे

#### तकनीक समावेशन-

  - रडार से बचने की क्षमता।
  - उच्च स्तर के ऑटोमेशन।
  - एडवांस्ड स्टील्थ तकनीक।
  - आधुनिक कंबाइंड डीजल या गैस प्रोपल्शन सिस्टम।
  - सतह-से-सतह और सतह-से-हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणालियां।
- एंटी-सबमरीन वॉरफेयर सिस्टम और उन्नत इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर क्षमता।
- **इंटीग्रेटेड कॉम्बैट मैनेजमेंट सिस्टम।**
  - उपयोगिता- एंटी-एयर, एंटी-सरफेस और एंटी-सबमरीन ऑपरेशन्स के साथ-साथ मानवीय सहायता एवं आपदा राहत और खोज व बचाव अभियानों में उपयोगी।
- यह प्रोजेक्ट 17ए के तहत निर्मित छठा स्टील्थ फ्रिगेट है अन्य पाँच निम्न है-
  1. आईएनएस नीलगिरि
  2. आईएनएस उदयगिरि
  3. आईएनएस हिमगिरि
  4. आईएनएस तारागिरि
  5. आईएनएस दुनागिरि

### आईएनएस मालवन-

- हाल ही में माहे श्रेणी के आईएनएस मालवन को 22 जुलाई, 2026 को कारवार में कमीशन किया गया।
- **विशेषता-**
  - यह पनडुब्बी-रोधी पोत है जो उथले पानी के जलपोतों में दूसरा है।
  - निर्मित- कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड (सीएसएल), कोच्चि द्वारा
  - इसके निर्माण में 80 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री का उपयोग किया गया है।
  - नामकरण- महाराष्ट्र के तटीय शहर मालवन से लिया गया है, जो छत्रपति शिवाजी महाराज की समुद्री विरासत से जुड़ा क्षेत्र है।

### 350 किलोग्राम थ्रस्ट क्लास वाले पहले स्वदेशी एक्सपेंडेबल टर्बो जेट इंजन का सफल विकास-



- हाल ही में 350 किलोग्राम थ्रस्ट क्लास का भारत का पहला स्वदेशी 'एक्सपेंडेबल टर्बो जेट इंजन' सफलतापूर्वक विकसित और असेंबल किया गया है। इसका निर्माण और असेंबली का कार्य हैदराबाद स्थित आजाद इंजीनियरिंग ने गैस टर्बाइन रिसर्च एस्टेब्लिशमेंट के डिजाइन के आधार पर पूर्ण किया है।

**महत्व-**

| | |
|---|---|
| तकनीकी जटिलता | जेट इंजन तकनीक में महारत हासिल करना उन्नत मेटलर्जी, उच्च सटीकता और कठिन विनिर्माण मानकों के कारण बेहद जटिल माना जाता है। |
| सामरिक उपयोग | एक्सपेंडेबल टर्बो जेट इंजन का इस्तेमाल मुख्य रूप से मानवरहित हवाई वाहनों, मिसाइल प्रणालियों और ड्रोन में किया जाता है। |
| औद्योगिक क्षमता | यह सफलता यह दर्शाती है कि भारतीय निजी क्षेत्र अब जटिल रक्षा और एयरोस्पेस घटकों के निर्माण में पूरी तरह सक्षम है। |

## मिसाइल 'कुशा' का पहला सफल उड़ान परीक्षण-

- 23 जुलाई 2026 को डीआरडीओ ने ओडिशा तट के पास एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से लंबी दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल 'कुशा' का पहला सफल उड़ान परीक्षण किया।
- इसका विकास डीआरडीओ की विभिन्न प्रयोगशालाओं और उद्योग साझेदारों द्वारा किया गया है।
- 'कुशा' मिसाइल प्रणाली लड़ाकू विमानों, मिसाइलों, मानव रहित हवाई वाहनों (यूएवी) और बड़े दुश्मन विमानों सहित विभिन्न प्रकार के हवाई खतरों को व्यापक दूरी और ऊंचाई के दायरे में निष्क्रिय करने में सक्षम है।

## एंटी-सबमरीन वॉरफेयर शैलो वाटर क्राफ्ट्स मछलीपटनम का जलावतरण-

- 29 जुलाई 2026 को एंटी-सबमरीन वॉरफेयर शैलो वाटर क्राफ्ट्स 'मछलीपटनम' का औपचारिक जलावतरण किया गया।
- निर्मित- कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड
- नामकरण- ऐतिहासिक बंदरगाह शहर 'मछलीपटनम' के नाम पर

**विशेषता-**

  - पनडुब्बी रोधी युद्ध- उथले पानी में दुश्मनों की पनडुब्बियों का पता लगाने और उनसे निपटने की क्षमता।
  - समुद्र के भीतर निगरानी- तटीय जल में प्रभावी अंडरवाटर सर्विलांस सुविधा।
  - निम्न तीव्रता वाले समुद्री अभियान को सफलतापूर्वक अंजाम देने में सक्षम।
  - बारूदी सुरुंगों को नष्ट करने की विशेष क्षमता से युक्त।
- इसके निर्माण में 80 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री का उपयोग किया गया है, जो रक्षा विनिर्माण के क्षेत्र में 'आत्मनिर्भर भारत' की प्रतिबद्धता को मजबूत करता है।

## दूसरे स्वदेशी गोताखोरी सहायता पोत 'निपुण' को नौसेना को सौंपा गया-



- 30 जुलाई, 2026 को हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड द्वारा निर्मित दूसरा डाइविंग सपोर्ट वेसल 'निपुण' को विशाखापत्तनम में भारतीय नौसेना को सौंप दिया गया।
- **विशेषताएं -**
  - नाम का अर्थ- 'कुशल, दक्ष और किसी विशेष कार्य में पारंगत'
  - स्वदेशी निर्माण- लगभग 75 प्रतिशत हिस्सा स्वदेशी सामग्री से निर्मित
  - वर्गीकरण मानक- इसका डिजाइन और निर्माण इंडियन रजिस्टर ऑफ शिपिंग के वर्गीकरण मानकों के अनुरूप।
    1. सैचुरेशन डाइविंग- अत्याधुनिक गोताखोरी उपकरणों से लैस, जो गहरे समुद्र में लंबे और जटिल गोताखोरी अभियानों में सक्षम बनाते हैं।
    2. साइड डाइविंग स्टेज- गोताखोरों के सुरक्षित और प्रभावी संचालन के लिए एक समर्पित साइड डाइविंग स्टेज की सुविधा उपलब्ध है।
    3. रिमोटली ऑपरेटर व्हीकल- पानी के नीचे निगरानी, खोज और बचाव अभियानों में गोताखोरों की वास्तविक समय सहायता करता है।
    4. डीप सबमर्जेंस रेस्क्यू वेसल- आपातकालीन स्थितियों में संकटग्रस्त पनडुब्बियों से नौसेना कर्मियों को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए मुख्य सहायक जहाज के रूप में कार्य करता है।

## सेना प्रमुख ने स्वदेशी एक्सट्रीम वेदर ग्रेड डीजल लॉन्च किया-

- 31 जुलाई, 2026 को सेना प्रमुख जनरल धीरज सेठ ने नई दिल्ली में स्वदेशी रूप से विकसित एक्सट्रीम वेदर ग्रेड (एक्सडब्ल्यूजी) डीजल लॉन्च किया। इस विशेष डीजल को भारतीय सेना और तेल विपणन कंपनियों द्वारा संयुक्त रूप से विकसित किया गया है।
- यह विशेष डीजल चरम जलवायु परिस्थितियों में लड़ाकू और रसद वाहनों की गतिशीलता, सुरक्षा और परिचालन क्षमता को बढ़ाएगा।
- इसका उपयोग उच्च ऊंचाई वाले और भीषण शीत ऋतु वाले क्षेत्रों में व्यापक नागरिक उपयोग के लिए भी किया जा सकेगा।
- पारंपरिक डीजल बहुत कम तापमान पर गाढ़ा होकर ईंधन फिल्टर को जाम कर सकता है, जिससे ऊंचाई वाले और बर्फीले इलाकों में वाहनों के संचालन में बाधा आ सकती है जबकि एक्सडब्ल्यूजी डीजल इस समस्या का समाधान करता है और माइनस 42 डिग्री सेल्सियस तक के तापमान पर भी प्रभावी रहता है।
- इसके बीएस-6 मानकों और आईएस-1460:2025 विनिर्देशों के अनुरूप होने के कारण इसे भारतीय सेना के वर्तमान वाहन बेड़े में बिना किसी इंजन संशोधन या पुनः मानकीकरण के उपयोग किया जा सकता है।

## यूनिकॉर्न मस्तूल तकनीक-

- यूनिकॉर्न मस्तूल (यूनिफाइड कॉम्प्लेक्स रेडियो एंटीना) हाई-टेक स्टील्थ एंटीना तकनीक है, जो दुश्मन के रडार को चकमा देने में मदद करती है।
- इस तकनीक में युद्धपोत के संचार, रडार और अन्य रेडियो एंटीना को एक ही जगह लगाया जाता है।
- वर्तमान में युद्धपोतों पर अलग-अलग काम के लिए कई एंटीना लगे होते हैं, जिससे उनका रडार सिग्नेचर बढ़ जाता है और दुश्मन के रडार पर उनकी पहचान आसान हो जाती है।
- यूनिकॉर्न तकनीक इन सभी एंटीना को एक ही टावर में समेट देती है। इससे जहाज का रडार सिग्नेचर कम हो जाता है, उसकी लोकेशन छिपाना आसान होता है तथा दुश्मन के रडार के लिए उसे पकड़ना या ट्रैक करना मुश्किल होता है।

## सॉल्व-

- 3 जुलाई, 2026 को इसरो ने श्रीहरिकोटा से सॉल्व (सब-ऑर्बिटल लॉन्च व्हीकल फॉर एक्सपेरिमेंट्स) के सॉलिड मोटर का पहला सफल जमीनी परीक्षण किया। यह मानव अंतरिक्ष मिशन 'गगनयान' के अंतरिक्ष यात्रियों को सुरक्षित धरती पर वापस लाने में उपयोगी होगा।




- **सॉल्व-**
  - सॉल्व इसरो द्वारा विशेष रूप से तैयार किया गया नया टेस्ट रॉकेट है।
  - इसका काम गगनयान के 'क्रू मॉड्यूल' को हवा में ले जाकर उसके पैराशूट सिस्टम का परीक्षण करना है।
  - रॉकेट क्रू मॉड्यूल को 10 से 17 किलोमीटर की ऊँचाई तक ले जाएगा। वहाँ से मॉड्यूल अलग होगा और समुद्र में लैंड करने से पहले उसकी गति को धीमा करने के लिए कुल 10 पैराशूट तैनात किए जाएंगे।

## JL-3 मिसाइल-

- यह चीन की मिसाइल है जिसका चीन ने प्रशांत महासागर में परमाणु पनडुब्बी से सफल परीक्षण किया है।
- मारक क्षमता- 8,000 किमी से अधिक

## बाज बटालियन-

- भारतीय सेना ने ड्रोन क्षमता को मजबूत करने और ड्रोन के संचालन के लिए 'बाज' बटालियन बनाने की घोषणा की है।
- इस बटालियन को सेना की एविएशन कोर के तहत रखा जाएगा।
- इनका काम लंबी दूरी तक निगरानी रखना, लक्ष्य की पहचान करना और जरूरत पड़ने पर हमला करना होगा।
- यह बटालियन अमरीका से खरीदे जा रहे एमक्यू-9बी, इजरायल के हेरॉन और हर्मीस के साथ-साथ देश में विकसित ड्रोन का भी संचालन करेगी।

## पिनाका रॉकेट का सफल उड़ान परीक्षण-



- डीआरडीओ ने 8 जुलाई, 2026 को चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज में लंबी दूरी के निर्देशित रॉकेट पिनाका का सफल उड़ान परीक्षण किया। इस रॉकेट का परीक्षण उपयोगकर्ता द्वारा निर्धारित न्यूनतम 60 किलोमीटर की मारक क्षमता के लिए किया गया।
- इस रॉकेट का डिजाइन व विकास रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन के आयुध अनुसंधान और विकास प्रतिष्ठान ने उच्च ऊर्जा सामग्री अनुसंधान प्रयोगशाला के साथ मिलकर किया है।

### अन्य विशेषता-

- मारक क्षमता- लगभग 120 किलोमीटर
- यह रॉकेट बैकवर्ड कम्पैटिबल हैं अर्थात इन्हें बिना किसी महत्वपूर्ण संरचनात्मक परिवर्तन के मौजूदा लॉन्च सिस्टम में फिट किया जा सकता है।

## डीएसी ने 52,000 करोड़ रुपये के पूंजीगत अधिग्रहण प्रस्तावों को मंजूरी दी-

- 3 जुलाई, 2026 को रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) ने रक्षा बलों के लिए लगभग 52,000 करोड़ रुपये की लागत के विभिन्न अधिग्रहण प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की।
- **भारतीय सेना के लिए-**
  1. यूएवी इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणाली आकाश तरंग- यह सेना की टुकड़ियों को हवाई हमलों से प्रभावी सुरक्षा प्रदान करेगा।
  2. मानव-चालित टैंक-रोधी निर्देशित मिसाइल प्रणाली- यह शत्रु के मशीनीकृत खतरों का मुकाबला करने के लिए पैदल सेना की क्षमता को बढ़ाएगा।
  3. मध्यम दूरी की सतह से वायु में मार करने वाली मिसाइल हथियार प्रणाली- यह विभिन्न प्रकार के दूर से किए जाने वाले हवाई हमलों के खिलाफ मध्यम दूरी की हवाई रक्षा प्रदान करेगी।
  4. बहुत कम दूरी की वायु रक्षा प्रणाली (वी-शोराड्स)- यह बहु-स्पेक्ट्रल संवेदन क्षमता से लैस है जो सेना की जवाबी कार्रवाई की क्षमता और प्रभावशीलता को बढ़ाएगा।
  5. टैंकों के लिए सक्रिय सुरक्षा प्रणाली- यह टैंकों की रक्षा प्रणाली को मजबूत करने और काफी समय तक उनकी क्षमता को बढ़ाने में सक्षम होगी।
  6. जेट आधारित कामिकेज़ ड्रोन प्रणाली- यह अधिक मारक क्षमता और दीर्घअवधि तक बेहतर इलेक्ट्रॉनिक युद्ध क्षमता प्रदान करते हैं तथा ये लागत प्रभावी भी हैं।
- **भारतीय नौसेना के लिए-**
  1. मल्टी इन्फ्लुएंस ग्राउंड माइन- दुश्मन की पैंतरेबाजी को नाकाम करने में समक्ष
  2. नौसेना शिपबोर्न अनमैन्ड एरियल सिस्टम- भारतीय नौसेना की स्थितिजन्य सतर्कता को बढ़ाएगी।
  3. इलेक्ट्रिक प्रोपल्शन सिस्टम के लिए भूमि आधारित परीक्षण सुविधा (एलबीटीएफ)- भारतीय नौसेना की परिसंपत्तियों के मोटर्स और संबंधित प्रणोदक प्रणाली की परीक्षण संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करेगी।
- **भारतीय वायु सेना के लिए-**
  1. फिक्स्ड-विंग बेस्ड हाई एल्टीट्यूड स्यूडो सैटेलाइट- भारतीय वायु सेना के लिए निरंतर खुफिया जानकारी, निगरानी और टोही, दूरसंचार और दूर संवेदी कार्य करेगा।

### समुद्र प्रदक्षिणा-

- हाल ही में रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने 22 जुलाई, 2026 को पहली बार आयोजित त्रि-सेवा सर्व-महिला विश्व परिक्रमा नौकायन अभियान 'समुद्र प्रदक्षिणा' की सफल वापसी पर दल का औपचारिक स्वागत किया। इस अभियान में भारतीय सेना के नौकायन पोत आईएएसवी-त्रिवेणी के माध्यम से तीनों सेनाओं की नौ महिला अधिकारियों ने चार महासागरों में लगभग 25,500 समुद्री मील की दूरी तय करते हुए 314 दिनों की सफल यात्रा पूर्ण की है।
- इस अभियान का वर्चुअल शुभारंभ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 11 सितंबर, 2025 को मुंबई से किया था।

# अंतरिक्ष-प्रौद्योगिकी

### विक्रम-1 के सफल प्रक्षेपण-



- हैदराबाद की स्काईरूट एयरोस्पेस ने भारत का पहला प्राइवेट ऑर्बिटल रॉकेट विक्रम-1 सफलता पूर्वक लॉन्च किया। यह टेस्ट पहले ही प्रयास में सफल रहा है।
- **विक्रम-1-**
  - निर्माता संस्था- स्काईरूट एयरोस्पेस
  - आयोजन तिथि- 18 जुलाई, 2026 को
  - लाँच स्थल- सतीश धवन स्पेस सेंटर, श्रीहरिकोटा (आंध्रप्रदेश)
  - पेलोड क्षमता- लगभग 350 किलोग्राम लो अर्थ ऑर्बिट में
  - व्हीकल लम्बाई- लगभग 22 मीटर
- यह देश का पहला प्राइवेट तौर पर विकसित ऑर्बिटल लॉन्च व्हीकल है
- इसे पूरी तरह से कार्बन कम्पोजिट स्ट्रक्चर, सॉलिड-फ्यूल बूस्टर और 3डी-प्रिंटेड लिक्विड इंजन से बनाया गया है।
- रॉकेट का अधिकांश ढांचा उन्नत कार्बन फाइबर सामग्री से निर्मित है, जिससे यह हल्का और अत्यंत मजबूत बनता है।
- **स्काईरूट एयरोस्पेस-**
  - स्थापना- वर्ष 2018 में
  - यह अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत की पहली यूनिकॉर्न कंपनी बन गई।
  - इससे पहले विक्रम-एस (2022) नामक एक सबऑर्बिटल मिशन लॉन्च किया गया था।

## अनिल मेनन-



- यह भारतीय मूल के नासा के अंतरिक्ष यात्री है। इन्होंने 14 जुलाई, 2026 को रूस के सोयुज एमएस-29 अंतरिक्ष यान से अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए उड़ान भरी।
- यह उनकी पहली अंतरिक्ष यात्रा थी। वे आठ महीने तक अंतरिक्ष में रहेंगे तथा स्पेस में मानव शरीर पर पड़ने वाले असर पर अध्ययन करेंगे।

# जैव-प्रौद्योगिकी, सूचना-प्रौद्योगिकी व अन्य प्रौद्योगिकी

## वैनगार्ड-

- यह दुनिया का पहला आधुनिक अंडरवाटर होम है जिसे वैज्ञानिकों के लिए अमेरिका के फ्लोरिडा में बनाया गया है। इसे ब्रिटिश ओशन टेक्नोलॉजी कंपनी DEEP द्वारा बनाया गया जो समुद्र तल से 17 मीटर नीचे है। इसमें एक साथ चार वैज्ञानिक पाँच या उससे अधिक दिन तक रह सकते हैं।
- इसका उपयोग कोरल रीफ संरक्षण, जलवायु परिवर्तन पर शोध और अंतरिक्ष यात्रियों की ट्रेनिंग के लिए किया जायेगा।

## स्पडसेल (कृत्रिम कोशिका)-

- अमेरिका के मिनेसोटा विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने कृत्रिम कोशिका बनाने में सफलता हासिल की है। इस नई कोशिका का नाम 'स्पड-सेल' रखा है। यह कोशिका भोजन ग्रहण, वृद्धि, स्वयं में विभाजन, और दूसरी कोशिकाओं से प्रतिस्पर्धा कर सकती है।
- इसे कोशिका को लगभग 100 तरह के प्रोटीन, वसा और 36 जीनों की मदद से तैयार किया गया है। हालांकि इसे अभी पूरी तरह जीवित नहीं माना जा रहा, लेकिन इसमें जीवन के कई अहम गुण मौजूद हैं।
- यह कोशिका अभी पूरी तरह आत्मनिर्भर नहीं है। यह अपने राइबोसोम (प्रोटीन बनाने वाली संरचना) खुद नहीं बना सकती है।

## प्लेसेंटा ऑन-चिप-

- नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर रिसर्च ऑन वूमेन हेल्थ, मुंबई और आईआईटी बॉम्बे ने प्लेसेंटा ऑन-चिप विकसित की है।
- यह लैब में तैयार माइक्रो-सिस्टम है जो पारदर्शी प्लास्टिक से बनी है और प्रयोगशाला में मानव प्लेसेंटा के प्रमुख कार्यों को दोहराती है।
- इससे गर्भावस्था की जटिलताओं को समझने, दवाओं का भ्रूण पर असर आदि का परीक्षण किया जा सकेगा।

## यूवर्ल्ड यू 1

- यह इंसान जैसा दिखने वाला आधुनिक रोबोट है। इसे चीन की कंपनी ने बनाया हैं। यह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से बातचीत कर सकता है।
- इसकी त्वचा छूने में असली जैसी लगती है और यह इंसानों की तरह 90 प्रतिशत हरकतें कर सकता है।

## आईआईटी बॉम्बे ने बाढ़ की चेतावनी देने वाला नया एआई सिस्टम बनाया-

- आईआईटी बॉम्बे के शोधकर्ताओं ने संवेदनशील इलाकों के लिए एक उन्नत एआई-आधारित बाढ़ चेतावनी सिस्टम तैयार किया है।

- यह सिस्टम सैटेलाइट रडार डेटा और मशीन लर्निंग की मदद से 30 मीटर रिजॉल्यूशन पर बाढ़ का सटीक अनुमान लगाता है।
- यह एआई सिस्टम 93 प्रतिशत से अधिक सटीकता के साथ बाढ़-प्रवण क्षेत्रों की पहचान करता है।

## एविकली-

- हाल ही में डेनमार्क की दवा कंपनी नोवो नॉर्डिस्क ने भारत में हफ्ते में एक बार लगने वाला दुनिया का पहला बेसल इंसुलिन 'एविकली' लॉन्च किया है। यह टाइप-1 और टाइप-2 डायबिटीज के मरीजों के लिए उपलब्ध होगा।

## सीएस-68 किस्म-

- यह फतेहपुर कृषि अनुसंधान केंद्र व आईसीआर-करनाल के वैज्ञानिक द्वारा विकसित सरसौ की किस्म है। यह किस्म प्रतिकूल और सर्द-गर्म जलवायु में भी सामान्य सरसों के मुकाबले दोगुनी पैदावार देगी।

## सिटी फ्लड अलर्ट प्लेटफॉर्म-

- हाल ही में आंध्रप्रदेश की सरकार ने शहरी बाढ़ की सटीक भविष्यवाणी के लिए एआई 'सिटी फ्लड अलर्ट' प्लेटफॉर्म लाँच किया है।
- यह सिस्टम 48 घंटे पहले बारिश का अनुमान और छह घंटे पहले बाढ़ की चेतावनी दे सकता है। इस प्लेटफॉर्म की शुरुआत विजयवाड़ा से हुई है, जहां बुडामेरु नदी से बाढ़ का खतरा रहता है।

## भारतीय मानक समय (आईएसटी) प्रसार प्रदर्शन नेटवर्क का उद्घाटन-

- 16 जुलाई 2026 को बेंगलुरु स्थित क्षेत्रीय संदर्भ मानक प्रयोगशाला में "व्हाइट रैबिट टेक्नोलॉजी" पर आधारित भारतीय मानक समय (आईएसटी) प्रसार प्रदर्शन नेटवर्क का उद्घाटन किया गया। इसे उपभोक्ता मामलों के विभाग, सीएसआईआर-नेशनल फिजिकल लेबोरेटरी और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन द्वारा संयुक्त रूप से विकसित किया गया है।
- यह प्रदर्शन नेटवर्क, प्रिसिजन टाइम प्रोटोकॉल पर आधारित 'व्हाइट रैबिट टेक्नोलॉजी' का उपयोग करके **यूटीसी (एनपीएलआई)-ट्रेसेबल इंडियन स्टैण्डर्ड टाइम** के सुरक्षित प्रसार को संभव बनाता है।

## 56वें अंतर्राष्ट्रीय भौतिकी ओलंपियाड 2026-

- भारतीय टीम ने कोलंबिया के बुकारामांगा में आयोजित 56वें अंतर्राष्ट्रीय भौतिकी ओलंपियाड 2026 में पांच सदस्यों ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया है।
- भारतने 87देशोंके381छात्रों केबीचचीन, कज़ाकिस्तान, रूस, दक्षिण कोरिया और ताइवान के साथ संयुक्त रूप से विश्व में पहला स्थान हासिल किया।
- **पदक जीतने वाले भारतीय छात्र-**
  - कनिष्क जैन- पुणे, महाराष्ट्र
  - रिद्धेश अनंत बेंडाले- इंदौर, मध्य प्रदेश
  - ऋषित गर्ग- द्वारका, नई दिल्ली
  - श्रेष्ठ सुरैया- मुंबई, महाराष्ट्र
  - स्वरित जोशी- अहमदाबाद, गुजरात
- **प्रतियोगिता में टीम गाइडेंस व मेंटर्स-**
  - टीम लीडर्स- प्रो. अन्वेश मजूमदार और डॉ. लीना जोशी।
  - साइंटिफिक ऑब्जर्वर- प्रो. आनंद दासगुप्ता और सुश्री निशा केलकर।

## 37वां अंतरराष्ट्रीय जीव विज्ञान ओलम्पियाड-

- संस्करण- 37वां
- आयोजन तिथि-12 से 19 जुलाई, 2026
- आयोजन स्थल- विलनियस, लिथुआनिया
- भारत का प्रदर्शन-
- **चार भारतीय छात्रों ने 1 स्वर्ण और 3 रजत जीते है-**

1. भव्या गुंवाल (महेन्द्रगढ़, हरियाणा) - स्वर्ण पदक
2. सौमिल मैटि (हावड़ा, पश्चिम बंगाल) - रजत पदक
3. निशित कलानी (पाली, राजस्थान) - रजत पदक
4. अनमोल कुमार (मंसा, पंजाब) - रजत पदक

## 58वां अंतरराष्ट्रीय रसायन विज्ञान ओलम्पियाड-

- संस्करण- 58वां
- आयोजन तिथि-10 से 19 जुलाई, 2026
- आयोजन स्थल- ताशकंद, उज़्बेकिस्तान
- भारत का प्रदर्शन-
- **भारत के चारों छात्रों ने स्वर्ण पदक अपने नाम किये-**

1. देबदत्त प्रियदर्शी (भुवनेश्वर, ओडिशा) - स्वर्ण
2. हर्षित सिंगला (मंडी गोबिंदगढ़, पंजाब) - स्वर्ण
3. कबीर छिल्लर (दिल्ली) - स्वर्ण
4. संदीप कुची (हैदराबाद, तेलंगाना) - स्वर्ण

## 67वां अंतरराष्ट्रीय गणित विज्ञान ओलम्पियाड-

- संस्करण- 67वां
- आयोजन स्थल- शंघाई, चीन

### भारत का प्रदर्शन-

- भारत की छह प्रतिभागियों वाली टीम ने 2 स्वर्ण और 4 रजत पदक जीते।

- 117 देशों में से भारतीय टीम की (अनौपचारिक) रैंकिंग 7वीं है।
- **भारतीय पदक विजेता-**

| | | |
|---|---|---|
| 1. श्री आरव गुप्ता (दिल्ली) | - | स्वर्ण |
| 2. श्री एबेल जॉर्ज मैथ्यू (कर्नाटक) | - | स्वर्ण |
| 3. श्री बैरव मुरुगन (कर्नाटक) | - | रजत |
| 4. श्री कनव तलवार (दिल्ली) | - | रजत |
| 5. सुश्री संजना फिलो चाको (केरल) | - | रजत |
| 6. सुश्री श्रेया शांतनु मुंधड़ा (मुंबई) | - | रजत |

## विविध तथ्य-

- संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय नौसेना समीक्षा 250 और सेल4थ 250 समारोहों में भारतीय नौसेना का प्रशिक्षण पोत आईएनएस सुदर्शनी ने हिस्सा लिया।
- नासा ने चंद्रमा पर स्थायी मानव मौजूदगी की तैयारी के लिए 600 मिलियन डॉलर के नए समझौतों की घोषणा की। इसके तहत 2028 के अंत तक 4 रोबोटिक लैंडर मिशन भेजे जाएंगे।
- माइक्रोसॉफ्ट, सिंगटेल और टाटा कम्युनिकेशंस ने मिलकर 1-2SEA' सबमरीन केबल सिस्टम बनाने का समझौता किया। करीब 3,600 किमी लंबी यह केबल भारत को मलेशिया और सिंगापुर के एआई हब से जोड़ेगी। भारत में इसके दो लैंडिंग पॉइंट मछलीपट्टनम और दक्षिण चेन्नई में स्थापित होंगे।
- जर्मनी के हैम्बर्ग में आयोजित सुपरकंप्यूटिंग कॉन्फ्रेंस आईएससी-2026 के अनुसार चीन द्वारा विकसित 'लाइनशाइन सुपरकंप्यूटर' ने ग्लोबल टॉप 500 लिस्ट में पहला स्थान हासिल किया है। इसने अमेरिका के 'एल कैपिटान' को पीछे छोड़ दिया है।
- हाल ही में भारत में पहली बार निर्मित मरीन जेट (एमजेपी) हाई-स्पीड वाटरजेट प्रणाली का गोवा में सफल परीक्षण किया गया।
- हाल ही में रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन ने स्वदेशी क्वांटम की डिस्ट्रीब्यूशन प्रणाली का सैन्य फील्ड ट्रायल पूर्ण किया है।
- देश में पहली बार अत्याधुनिक तकनीक की मदद से उधना रेलवे स्टेशन पर प्लेटफॉर्म संख्या छह पर मात्र नौ घंटे में रेलवे अंडर ब्रिज (आरयूबी) का निर्माण किया गया है।
- हाल ही में केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन ने फैटी लिवर की गंभीर बीमारी मेटाबोलिक डिसफंक्शन-असोसिएटेड स्टीटोहेपेटाइटिस के इलाज के लिए वेगोवी इंजेक्शन को मंजूरी दी है। यह देश की पहली स्वीकृत GLP-1 थेरेपी है।
- ड्रग कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया ने देश में पहली डेंगू वैक्सीन के इस्तेमाल को मंजूरी प्रदान की है।
- हाल ही में भोपाल के गांधी मेडिकल कॉलेज के डेंटल सर्जरी विभाग ने एआइ आधारित ओरल कैंसर स्क्रीनिंग डिवाइस विकसित की है।

# खेल परिदृश्य

## फुटबॉल

### फीफा वर्ल्ड कप-2026

- संस्करण- 23वां
- आयोजन तिथि- 11 जून व 19 जुलाई, 2026
- आयोजन दिसव- 39 दिन
- आयोजन स्थल- अमेरिका, कनाडा, मैक्सिको
- प्रतिभागी टीम- 48 टीम
- मैच- 104 मैच
- यह फीफा के सदस्य संघों की राष्ट्रीय टीमों द्वारा खेला जाने वाला चतुर्वार्षिक अंतरराष्ट्रीय पुरुष फुटबॉल चैम्पियनशिप है। इसकी संयुक्त मेजबानी 16 शहर कर रहे हैं- 11 संयुक्त राज्य अमेरिका में, 3 मेक्सिको में और 2 कनाडा में।
- **विजेता- स्पेन**
- उपविजेता- **अर्जेंटीना** फीफा वर्ल्ड कप फाइनल में स्पेन ने अर्जेंटीना को 1-0 से हराया है।
- फीफा का गोल्डन ग्लव अवॉर्ड- उनाई सिमोन को
- फीफा का यंग प्लेयर अवॉर्ड- पाउ कुबारसी को
- फीफा का गोल्डन बूट अवॉर्ड- किलियन एम्बाप्पे को
- फीफा का गोल्डन बॉल अवॉर्ड- रोड्री

### फीफा विश्व कप 2026- टीम ऑफ द टूर्नामेंट

- फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फीफा ने 'फीफा विश्व कप-2026' की टीम ऑफ द टूर्नामेंट की घोषणा की है।
- **फीफा बेस्ट इलेवन सूची**

| पोजीशन | खिलाड़ी | देश |
|---|---|---|
| गोलकीपर | बेंटो / वोइज़िन्हा | केप वर्डे |
| डिफेंडर | मार्क कुकुरेला | स्पेन |
| डिफेंडर | लिसांड्रो मार्टिनेज | अर्जेंटीना |
| डिफेंडर | डेयोट उपामेकानो | फ्रांस |
| डिफेंडर | पेड्रो पोरो | स्पेन |
| मिडफील्डर | रोड्री | स्पेन |
| मिडफील्डर | जूड बेलिंगहैम | इंग्लैंड |
| मिडफील्डर | माइकल ओलिस | फ्रांस |
| फॉरवर्ड | किलियन एम्बापे | फ्रांस |
| फॉरवर्ड | अर्लिंग हालैंड | नॉर्वे |
| फॉरवर्ड | लियोनेल मेसी | अर्जेंटीना |

### नेमार-

- यह ब्राजील के स्टार फुटबॉलर है। इन्होनें अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास लेने की घोषणा की है।
- नेमार ने ब्राजील के लिए 130 मैचों में 80 गोल दागे हैं।

## क्रिकेट

### आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप-2026




- संस्करण- 10वां
- आयोजन तिथि- 12 जून-5 जुलाई, 2026
- **आयोजक-** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद

- आयोजन स्थल- इंग्लैंड और वेल्स
- प्रतिभागी टीम- 12 टीम
- विजेता- ऑस्ट्रेलिया
- उपविजेता- इंग्लैंड
    - ऑस्ट्रेलिया ने फाइनल में मेजबान इंग्लैंड को सात विकेट से हराया।
    - ऑस्ट्रेलिया ने रिकॉर्ड सातवीं बार (वर्ष 2010, 2012, 2014, 2018, 2020, 2023, 2026) वर्ल्ड टाइटल अपने नाम किया है।

### बेथ मूनी-

- यह ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट की स्टार ओपनर है जो दुनिया की नंबर-1 टी-20 बल्लेबाज बन गई हैं।
- बेथ मूनी 785 रेटिंग पॉइंट के साथ पांचवीं बार शीर्ष पर पहुंची हैं।

### टैमी ब्यूमोंट-

- यह इंग्लैंड की महिला क्रिकेटर है जिन्होंने इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास का ऐलान किया है।
- इन्होंने वनडे में इंग्लैंड के लिए सर्वाधिक बारह शतक बनाए हैं।

### यस्तिका भाटिया-

- यह भारतीय महिला टीम की विकेटकीपर और बल्लेबाज है।
- वह लॉर्ड्स के 'ऑनर्स बोर्ड' पर नाम दर्ज कराने वाली भारतीय महिला बल्लेबाज बनीं। इन्होंने 158 गेंदों पर 113 रन की पारी खेली।

### हीथर नाइट-

- यह इंग्लैंड महिला टीम की पूर्व कप्तान है जिन्होंने हाल ही में इंटरनेशनल क्रिकेट से सन्यास की घोषणा की है। वह तीनों फॉर्मेट में इंग्लैंड के लिए सर्वाधिक 320 मैच खेलने वाली खिलाड़ी हैं।

### जस्टिन ग्रीव्स-

- वेस्टइंडीज (कैरेबियाई) पेस ऑलराउंडर है।
- यह पाकिस्तान के साथ खेले गये टेस्ट मैच में लगातार '5 विकेट मेडन (लगातार 5 ओवरों में बिना कोई रन दिए विकेट लेना)' फेंकने वाले दुनिया के पहले खिलाड़ी बन गए हैं।

### अजिंक्य रहाणे-

- यह भारतीय क्रिकेट टीम के मिडिल ऑर्डर के बल्लेबाज और पूर्व टेस्ट उप-कप्तान है। इन्होनें हाल ही में इंटरनेशनल क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से संन्यास लिया है।
- रहाणे ने वनडे में वर्ष 2011 और टेस्ट में वर्ष 2013 में डेब्यू किया था।

## शतरंज

### अश्वथ एस.-

- यह तमिलनाडु निवासी शतरंज के खिलाड़ी है।
- यह 17 साल की उम्र में भारत के 98वें ग्रैंडमास्टर बने है।

### व्लादिमीर क्रैमनिक-

- यह रूसी शतरंज ग्रैंडमास्टर और पूर्व विश्व चैंपियन हैं। इनको अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फिडे) ने एक साल (न्यूनतम) के लिए निलंबित कर दिया।

### वी.एस. रथनवेल-

- यह कोयंबटूर के 25 वर्षीय शतरंज खिलाड़ी है।
- यह भारत के 99वें ग्रैंडमास्टर बने है।

### बोधना सिवानंदन-

- यह भारतीय मूल की 11 वर्षीय शतरंज खिलाड़ी है। इन्होनें फ्रांस में आयोजित डोल ट्रॉफी टूर्नामेंट में अपना पहला इंटरनेशनल मास्टर (आइएम) नॉर्म हासिल करते हुए दिग्गज शतरंज खिलाड़ी जूडित पोलगार का 38 साल पुराना रेकॉर्ड तोड़ दिया।
- बोधना ने यह उपलब्धि महज 11 वर्ष की उम्र में हासिल की, जबकि पोलगार ने अप्रेल 1988 में 11 वर्ष 9 महीने की आयु में अपना पहला आइएम नॉर्म बनाया था।

## हॉकी

### मार्शल अर्जन सिंह स्मृति हॉकी टूर्नामेंट-2026-

- संस्करण- 7वां
- आयोजन तिथि- 23 जून से 3 जुलाई, 2026
- आयोजन स्थल- अमित सिंह बख्शी हॉकी स्टेडियम, वायु सेना स्टेशन जलाहल्ली में
- प्रतिभागी टीम- 16 टीम
- **फाइनल मुकाबला-**
    - भारतीय वायु सेना और भारतीय नौसेना के बीच खेला गया।
    - विजेता- भारतीय वायु सेना (2-1 से जीत)
    - उपविजेता- भारतीय नौसेना
- विजेता टीम को 10,00,000 रुपये तथा उपविजेता टीम को 8,00,000 रुपये की नकद पुरस्कार राशि प्रदान की गई।

## बैडमिन्टन

### जापान ओपन 2026 बैडमिंटन-




- संस्करण- 43वाँ
- आयोजन तिथि- 14 और 19 जुलाई, 2026
- आयोजन स्थल- टोक्यो, जापान में
- श्रेणी/स्तर- सुपर 750

#### विजेता और उप-विजेता-

- **पुरुष एकल-**
  - विजेता- क्रिस्टो पोपोव (फ्रांस)
  - उप-विजेता- कोकी वातानाबे (जापान)
- **महिला एकल-**
  - विजेता- पी. वी. सिंधु (भारत)
  - उप-विजेता- अकाने यामागुची (जापान)
- **पुरुष युगल**
  - विजेता- फजर अल्फियान-मुहम्मद शोहीबुल फिक्री (इंडोनेशिया)
  - उप-विजेता- किम वोन-हो-सियो सेउंग-जे (दक्षिण कोरिया)
- **महिला युगल-**
  - विजेता- काँग ही-योंग-किम ह्ये-जिओंग (दक्षिण कोरिया)
  - उप-विजेता- जिया यिफ़ान-झांग शुशियन (चीन)
- **मिश्रित युगल-**
  - विजेता- हुआंग डोंगपिंग-फेंग यांज़े (चीन)
  - उप-विजेता- से यिंग सूएट-तांग चुन मैन (हांगकांग)

- Note- भारतीय बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु ने जापान की तीन बार की विश्व चैंपियन अकाने यामागुची को हराकर (21-17, 21-17) जापान ओपन-2026 का खिताब अपने नाम किया।

## टेनिस

### विंबलडन 2026-

- आयोजन तिथि- 29 जून से 12 जुलाई, 2026
- आयोजन स्थल- ऑल इंग्लैंड लॉन टेनिस एंड क्रोके क्लब, लंदन
- कोर्ट- घास का कोर्ट
- **विजेता-**
- **एकल-**
  - पुरुष एकल- जैनिक सिनर (इटली)
  - महिला एकल- लिंडा नोस्कोवा (चेक गणराज्य)
- **युगल-**
  - पुरुष युगल- हैरी हेलियोवारा (फिनलैंड) और हेनरी पैटन (ब्रिटेन)
  - महिला युगल- गुआ हानियो (चीन) और क्रिस्टीना मलाडेनोविक (फ्रांस)
- **मिश्रित-**
  - मिश्रित युगल- मार्सेलो एरेवलो (अल सल्वाडोर) और जेना ओस्टापेंको (लातविया)

## कुश्ती

### अंडर-15 एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप 2026-

- आयोजन तिथि- 27 जून-5 जुलाई, 2026
- आयोजन स्थल- पटाया, थाईलैंड
- इस में 15 वर्ष से कम आयु वर्ग के लिए फ्रीस्टाइल, ग्रीको-रोमन और महिला कुश्ती श्रेणियाँ आयोजित की गयी।
- इस चैंपियनशिप में भारत ने कुल 21 पदक (8 स्वर्ण, 6 रजत और 7 कांस्य) अपने नाम किये।

### अंडर-20 एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप 2026-

- आयोजन तिथि- जुलाई, 2026
- आयोजन स्थल- पटाया, थाईलैंड
- इस चैंपियनशिप में भारत ने कुल 20 पदक (4 स्वर्ण, 7 रजत और 9 कांस्य) अपने नाम किये।

## अन्य

### अनाहत सिंह-

- यह भारतीय स्क्वैश खिलाड़ी है। इन्होंने वर्ल्ड स्क्वॉश जूनियर चैंपियनशिप के विमन कैटेगरी के सिंगल्स में मिस्र की रुकैया सालेम को हराकर जूनियर वर्ग में खिताब जीता है।
- वह यह खिताब जीतने वाली पहली भारतीय बनी हैं तथा वर्ष 2005 में जोशना चिनप्पा के उपविजेता रहने के रिकॉर्ड को भी तोड़ा है।

### अनिमेष कुजूर-

- यह 23 वर्षीय भारतीय धावक है जिन्होंने जर्मनी में आयोजित 'फास्ट आर्म्स फास्ट लेग्स' मीट में सिर्फ 10.14 सेकंड में 100 मीटर रेस पूरी की। वह भारत के बहार 100 मीटर रेस में सबसे तेज समय निकालने वाले भारतीय धावक बन गए हैं।

### नीरू ढांडा-

- यह हरियाणा निवासी भारतीय शूटर है जिसने आईएसएसएफ शॉटगन वर्ल्ड कप में ट्रैप स्पर्धा में गोल्ड मेडल जीता है। नीरू वर्ल्ड कप में इंडिविजुअल ट्रैप गोल्ड जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनी हैं।

### डेम सारा स्टोरे-



- यह ब्रिटेन की 48 वर्षीय पैरालंपिक साइकिलिस्ट खिलाड़ी हैं जिन्होंने संन्यास की घोषणा की है।
- यह ब्रिटेन के इतिहास की सबसे सफल पैरालंपिक खिलाड़ी हैं।
- इन्होंने 19 स्वर्ण सहित 30 पैरालंपिक पदक जीते है।

### संग्राम सिंह-

- यह भारत के स्टार मिक्स्ड मार्शल आर्टिस्ट है। इन्होंने हाल ही में पाकिस्तान के मोहम्मद आबिद अली को सिर्फ 1 मिनट 20 सेकंड में नॉकआउट कर स्ट्राइक एशिया चैम्पियनशिप का खिताब अपने नाम किया है।

## विविध तथ्य-

- अमेरिका ने फीफा वर्ल्ड कप इतिहास में सबसे ज्यादा संयुक्त दर्शक संख्या वाले मेजबान देश का रिकॉर्ड अपने नाम किया है
- एथलेटिक्स इंटीग्रिटी (एआइयू) की डोपिंग उल्लंघन करने वालों की वैश्विक सूची में भारत (162 मामलों) शीर्ष स्थान पर है। इस सूची में केन्या दूसरे, रूस तीसरे स्थान पर है।
- इंग्लैंड की सोफी एक्लेस्टोन टी-20 विश्व कप में सर्वाधिक विकेट लेने वाली स्पिन गेंदबाज बनी है।
- भारतीय क्रिकेटर शुभमन गिल को जून महीने के लिए आईसीसी पुरुष प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड के लिए नामित किया गया है। इस पुरस्कार के लिए शुभमन गिल को पांचवीं बार नामांकित किया गया है।
- हाल ही में 19 वर्षीय एंड्रिया किमी एंटोनेली ने सिल्वरस्टोन में ब्रिटिश ग्रांप्री स्प्रिंट रेस जीती है। एंटोनेली ने लुईस हैमिल्टन को पीछे छोड़कर फॉर्मूला-1 ड्राइवर्स चैंपियनशिप में बढ़त बनाई है।
- भारत के शीर्ष वरीय ग्रैंडमास्टर अभिजीत गुप्ता ने पुणे अंतरराष्ट्रीय ग्रैंडमास्टर राउंड रोबिन शतरंज टूर्नामेंट में 7.5 अंक के साथ खिताब जीत लिया।
- जेडेन एडम्स- यह दक्षिण अफ्रीका के 25 वर्षीय फुटबॉलर थे जिनका हाल ही में निधन हुआ है।
- भारत के मानव ठक्कर और मानुष शाह अंतरराष्ट्रीय टेबल टेनिस संघ की पुरुषों की युगल रैंकिंग में नंबर-2 पर पहुंच गए हैं।
- भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के सचिव देवाजीत सैकिया को आइसीसी की नवगठित गवर्नेंस रिव्यू कमेटी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।
- भारत के 15 वर्षीय क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे कम उम्र में अर्धशतक लगाने का विश्व रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने जिम्बाब्वे के खिलाफ टी20 मैच में 15 साल 118 दिन की उम्र में यह उपलब्धि हासिल की। उन्होंने 18 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया।
- भारतीय शतरंज के दिग्गज विश्वनाथन आनंद को अंतरिम रूप से इंटरनेशनल चेस फेडरेशन (फिडे) का अध्यक्ष बनाया गया है।
- चीन के हांग्जो में आयोजित आईएसएसएफ वर्ल्ड कप (राइफल/पिस्तौल/शॉटगन) में भारत की ईशा सिंह ने महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक तथा मनु भाकर ने इसी स्पर्धा में कांस्य पदक जीता है।
- वर्ल्ड चेस चैम्पियनशिप-2026 का मुकाबला जेनेवा (स्विट्जरलैंड) में 25 नवंबर से 15 दिसंबर, 2026 तक होगा। इसमें भारत के मौजूदा वर्ल्ड चैम्पियन डी गुकेश का सामना उज्बेकिस्तान के चैलेंजर जावोखिर सिंदारोव से होगा।

# पुरस्कार एवं सम्मान

## वर्ष 2024 के लिए 72वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों की घोषणा-

- 18 जुलाई, 2026 को वर्ष 2024 के लिए 72वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों के विजेताओं की घोषणा की गई।
- ये पुरस्कार भारतीय सिनेमा में फीचर फील्मों, नॉन-फीचर फ़िल्मों और सिनेमा पर लिखे गए लेखों में बेहतरीन उपलब्धियों को सम्मान देते हैं।
- **फीचर फिल्म श्रेणी-**

| पुरस्कार की श्रेणी | फिल्म का नाम | पुरस्कार पाने वाला |
|---|---|---|
| सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म | आर्टिकल 370 (हिंदी) | निर्देशक- आदित्य सुहास जंभाले |
| नए निर्देशक की सर्वश्रेष्ठ फिल्म | स्वातंत्र्य वीर सावरकर (हिंदी) | निर्देशक- रणदीप हुडा |
| सर्वश्रेष्ठ लोकप्रिय फिल्म (बेहतरीन मनोरंजन) | कल्कि 2898 एडी (तेलुगु) | निर्माता- वैजयंती मूवीज<br>निर्देशक- नाग अश्विन सिंगिरेड्डी |
| सर्वश्रेष्ठ बाल फिल्म | 35- चिन्ना कथा कादु (तेलुगु) | निदेशक- नंद किशोर इमानी |
| सर्वोत्तम निर्देशन | अमरन (तमिल) | निर्देशक- राजकुमार पेरियासामी |
| सर्वश्रेष्ठ अभिनेता (मुख्य भूमिका) | ब्रह्मयुगम् (मलयालम) | अभिनेता- ममूटी |
| | चंदू चैम्पियन (हिंदी) | अभिनेता- कार्तिक आर्यन |
| सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री (मुख्य भूमिका) | आर्टिकल 370 (हिंदी) | अभिनेत्री- यामी गौतम |
| सर्वश्रेष्ठ अभिनेता (सहायक भूमिका) | भक्षक (हिंदी) | सहायक अभिनेता- संजय मिश्रा |
| सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री (सहायक भूमिका) | महाराजा (तमिल) | सहायक अभिनेत्री- सचना नामिदास |
| | मिथ्या (कन्नड़) | सहायक अभिनेत्री- रूपाश्री वरकाडी |
| मुख्य भूमिका में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री (बाल कलाकार) | मिथ्या (कन्नड़) | बाल कलाकार- आतिश एस शेट्टी |
| | 35- चिन्ना कथा कादु (तेलुगु) | बाल कलाकार- अरुणदेव पोथुला |
| | ओंको की कोठीं (बंगाली) | **बाल कलाकार-** रिद्धिमान बनर्जी, तपोमोय देब, गीताश्री चक्रवर्ती |
| सर्वश्रेष्ठ पुरुष पार्श्वगायक | घराट गणपति (मराठी) | पुरुष पार्श्व गायक- अभय जोधपुरकर<br>(गीत के लिए- नवसाची गौरी माजी) |
| सर्वश्रेष्ठ महिला पार्श्व गायिका | ए. आर. एम. (मलयालम) | महिला पार्श्व गायिका- वायकोम विजयालक्ष्मी<br>(गीत के लिए- अंगु वाना कोनिलु) |
| सर्वश्रेष्ठ संगीत निर्देशन | 1. आर्टिकल 370 (हिंदी) | संगीत निर्देशक (गीत)- शाश्वत सचदेव |
| | 2. अमरन (तमिल) | संगीत निर्देशक (पृष्ठभूमि संगीत)- जी. वी. प्रकाश कुमार |
| सर्वश्रेष्ठ गीत | मैदान (हिंदी) | जाने दो |
| सर्वश्रेष्ठ कोरियोग्राफी | स्त्री-2 (हिंदी) | गीतकार- मनोज मुंतशिर (गीत- जाने दो के लिए) |
| सर्वश्रेष्ठ एक्शन निर्देशन (स्टंट कोरियोग्राफी) | महाराजा (तमिल) | कोरियोग्राफर- विजय गांगुली (गीत- आज की रात के लिए) |

## नॉन-फीचर फिल्म श्रेणी-

| पुरस्कार की श्रेणी | फ़िल्म का शीर्षक | पुरस्कार विजेता |
|---|---|---|
| सर्वश्रेष्ठ नॉन-फीचर फिल्म | भंगार (मराठी एवं अंग्रेजी) | निर्माता एवं निर्देशक- सुमीरा रॉय |
| किसी निर्देशक की सर्वश्रेष्ठ पहली फ़िल्म | आंगेन (संथाली) | निर्देशक- रवि राज मुर्मू |
| सर्वश्रेष्ठ एनिमेशन फ़िल्म | टच्ड एज़ वॉटर (मूक) | निर्माता एवं एनिमेटर- जोशी बेनेडिक्ट |
| सर्वश्रेष्ठ लघु फ़िल्म (30 मिनट तक) | हमसफ़र (मराठी) | निर्माता- अनुष्का मोशन पिक्चर्स एंड एंटरटेनमेंट्स निर्देशक- अभिजीत अरविंद दलवी |
| सर्वश्रेष्ठ निर्देशन | स्टैच्यू ऑफ यूनिटी - एकता का प्रतीक (हिंदी) | निर्देशक- आनंद एल. राय |

- सर्वश्रेष्ठ फ़िल्म समीक्षक का पुरस्कार- संजीव श्रीवास्तव (हिंदी)
- 72वें राष्ट्रीय फ़िल्म पुरस्कार, 2024 फ़ीचर फ़िल्म जूरी का अध्यक्ष- श्री जयराज

## विश्वविद्यालयों और कॉलेजों के लिए 17वीं राष्ट्रीय युवा संसद प्रतियोगिता 2024-25 पुरस्कार-

- 7 जुलाई, 2026 को विश्वविद्यालयों और कॉलेजों के लिए 17वीं राष्ट्रीय युवा संसद प्रतियोगिता, 2024-25 का पुरस्कार वितरण समारोह नई दिल्ली में आयोजित किया गया।
- **प्रतियोगिता में समूह स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विश्वविद्यालय/कॉलेज** ⟶

| क्रम सं. | विश्वविद्यालय/कॉलेज का नाम |
|---|---|
| 1 | डीएवी कॉलेज, जालंधर, पंजाब |
| 2 | जादवपुर विश्वविद्यालय, कोलकाता, पश्चिम बंगाल |
| 3 | शिवाजी विश्वविद्यालय, कोल्हापुर, महाराष्ट्र |
| 4 | पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय, बठिंडा |
| 5 | एसएसएमआरवी कॉलेज, बेंगलुरु, कर्नाटक |
| 6 | चाणक्य राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, पटना, बिहार |
| 7 | कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र, हरियाणा |

## 6G एलायंस एवं 5G प्रयोगशाला उत्कृष्टता पुरस्कार-

- केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्यसिंधिया ने 28 जुलाई, 2026 को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में 'भारत 6जी एलायंस' की प्रगति की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। इस अवसर 5जी प्रयोगशाला उत्कृष्टता पुरस्कार भी प्रदान किए गए।
- **भारत 6जी एलायंस-**
  - भारत 6जी एलायंस (बी6जीए) कई तरह के हितधारकों को एक साथ लाने वाला एक सहयोगी प्लेटफॉर्म है।
  - यह भारत में विश्व स्तरीय और भविष्य के लिए तैयार 6जी इकोसिस्टम बनाने के लिए शिक्षा क्षेत्र, उद्योग, स्टार्टअप्स और सरकारी संस्थानों को एक साथ लाता है।
  - आरएंडडी, नवाचार और मानकीकरण पर ध्यान केंद्रित करते हुए, बी6जीए अगली पीढ़ी की संचार तकनीक में वैश्विक नेतृत्व के भारत के विजन को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाता है।
- **भारत 6G विज़न-**
  - जारी- 22 मार्च, 2023
  - उद्देश्य- वर्ष 2030 तक भारत को 6G तकनीक के डिज़ाइन, विकास और क्रियान्वयन में एक वैश्विक लीडर बनाना।
- **5G प्रयोगशाला उत्कृष्टता पुरस्कार-**
  - जनवरी से जून., 2026 की अवधि के दौरान 5G/5G-Advanced तकनीक के उपयोग, नवाचार, परीक्षण, अनुसंधान और कौशल विकास में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले संस्थानों को यह पुरस्कार दिए गए-

| पुरस्कार श्रेणी | रैंक 1 | रैंक 2 | रैंक 3 |
|---|---|---|---|
| 5जी प्रयोगशाला उत्कृष्टता पुरस्कार | आईआईटीडीएम कुर्नूल | डीकेटीई टेक्सटाइल एंड इंजीनियरिंग इंस्टीट्यूट, महाराष्ट्र | आईआईटी रुड़की |
| 5जी प्रयोगशाला उपयोग उत्कृष्टता पुरस्कार | आईआईटीडीएम कुर्नूल | आईआईटी रोपड़ | पीईसी चंडीगढ़ |
| 5जी प्रयोगशाला भागीदारी उत्कृष्टता पुरस्कार | आईआईटीडीएम कुर्नूल | आईआईटी रूड़की | टीएचडीसी इंस्टीट्यूट ऑफ़ हाइड्रोपावर इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, टिहरी |
| 5जी प्रयोगशाला नवाचार उत्कृष्टता पुरस्कार | आईआईटीडीएम कुर्नूल | डीकेटीई टेक्सटाइल एंड इंजीनियरिंग इंस्टीट्यूट, महाराष्ट्र | आईआईआईटी दिल्ली |

- आईआईटीडीएम कुर्नूल ने सभी चार श्रेणियों में पहला स्थान हासिल किया है।

## दीनदयाल उपाध्याय दूरसंचार उत्कृष्टता पुरस्कार-

- 29 जुलाई, 2026 को केंद्रीय संचार मंत्री ने दूरसंचार तकनीक के क्षेत्र में बेहतरीन योगदान के लिए दो संगठनों को 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय दूरसंचार उत्कृष्टता पुरस्कार-2025' प्रदान किए।
- पुरस्कार पाने वाले संगठन-
  1. अमंत्या टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड
  2. फिनारा
- **पंडित दीनदयाल उपाध्याय दूरसंचार उत्कृष्टता पुरस्कारों के बारे में-**
  - स्थापना- दूरसंचार विभाग, केन्द्रीय संचार मंत्रालय
  - उद्देश्य- दूरसंचार क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देना और दूरसंचार कौशल इकोसिस्टम को प्रेरित करना।
  - इसके तहत भारत के उन सफल दूरसंचार कुशल लोगों और संस्थानों को हर साल सम्मानित किया जाता है, जिन्होंने दूरसंचार नवाचार, दूरसंचार कौशल, दूरसंचार सेवा, दूरसंचार विनिर्माण और दूरसंचार एप्लीकेशन जैसे क्षेत्रों में बेहतरीन और शानदार योगदान दिया है।

## एस.एस. राजामौली-

- भारतीय फिल्म निर्देशक एसएस राजामौली को फ्रांस में लुमिएर म्यूजियम में 'वॉल ऑफ फिल्ममेकर्स' पर जगह देकर उन्हें सम्मानित किया गया है। इसे फिल्म जगत के सबसे प्रतिष्ठित सम्मानों में माना जाता है।
- **वॉल ऑफ फिल्ममेकर्स-**
  - फ्रांस के ल्योन शहर में स्थित प्रसिद्ध स्मारक है।
  - इस पर विश्व सिनेमा में उल्लेखनीय योगदान देने वाले चुनिंदा फिल्मकारों के नाम स्थायी रूप से दर्ज किए जाते हैं।

## गोल्डन लायन फॉर करिअर अचीवमेंट पुरस्कार-

- हॉलीवुड के अभिनेता और निर्देशक जॉर्ज क्लूनी को 83वें वेनिस अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में 'गोल्डन लायन फॉर करिअर अचीवमेंट' पुरस्कार दिया जाएगा।
- **83वें वेनिस अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव-**
  - आयोजन तिथि- 2 से 12 सितंबर, 2026
  - आयोजन- वेनिस, इटली
  - ये महोत्सव वर्ष 1932 में शुरू हुआ था।

## सौरव गांगुली आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल-

- पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली को एडिनबर्ग में आईसीसी के वार्षिक सम्मेलन में 'आईसीसी हॉल ऑफ फेम' में शामिल किया गया। वह इस सूची में जगह बनाने वाले 12वें भारतीय क्रिकेटर बन गए।
- **आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल अन्य भारतीय खिलाड़ी-**

**ICC हॉल ऑफ फेम में शामिल भारतीय क्रिकेटर**

| क्रमांक | क्रिकेटर | साल |
|---|---|---|
| 1 | बिशन सिंह बेदी | 2009 |
| 2 | कपिल देव | 2009 |
| 3 | सुनील गावस्कर | 2009 |
| 4 | अनिल कुंबले | 2015 |
| 5 | राहुल द्रविड़ | 2018 |
| 6 | सचिन तेंदुलकर | 2019 |
| 7 | वीनू मांकड़ | 2021 |
| 8 | वीरेंद्र सहवाग | 2023 |
| 9 | डायना एडुल्जी | 2023 |
| 10 | नीतू डेविड | 2024 |
| 11 | महेंद्र सिंह धोनी | 2025 |
| 12 | सौरव गांगुली* | 2026 |

## स्नेहबिलिटी राष्ट्रीय पुरस्कार-2026-

- हाल ही में डिसेबिलिटी राइट्स एक्टिविस्ट डॉ. हेमंत गोयल को 'स्नेहबिलिटी राष्ट्रीय पुरस्कार-2026' से सम्मानित किया गया है।
- यह सम्मान डॉ. गोयल मध्यप्रदेश के नागदा में स्नेह संस्था के 18वें स्थापना दिवस समारोह में आयोजित कार्यक्रम में प्रदान किया गया।
- **स्नेहबिलिटी राष्ट्रीय पुरस्कार-** यह दिव्यांगता के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवा कार्य करने वाले व्यक्तियों और संस्थाओं को सम्मानित करने के लिए दिया जाता है।

## 60वाँ ज्ञानपीठ पुरस्कार-

- तमिल कवि एवं गीतकार आर. वैरामुथु को 60वें ज्ञानपीठ पुरस्कार (वर्ष 2025) से सम्मानित किया गया है।
- वे ज्ञानपीठ पुरस्कार प्राप्त करने वाले तीसरे तमिल साहित्यकार हैं।
- इनको कल्लिकट्टु इथिकासम के लिये वर्ष 2003 में साहित्य अकादमी पुरस्कार भी प्राप्त हो चुका है।
- **ज्ञानपीठ पुरस्कार**
  - स्थापना- वर्ष 1961 में
  - संस्थापक- भारतीय ज्ञानपीठ
  - यह भारत का सर्वोच्च साहित्यिक सम्मान है।
  - इसे भारतीय साहित्य का नोबेल पुरस्कार कहा जाता है।
  - यह पुरस्कार आठवीं अनुसूची में शामिल सभी भाषाओं के साथ-साथ अंग्रेज़ी भाषा को भी सम्मिलित करता है।

## फील्ड्स मेडल-2026-




- हाल ही में वर्ष 2026 का प्रतिष्ठित फील्ड्स मेडल चार गणितज्ञों को प्रदान किया गया।
- **फील्ड्स मेडल से सम्मानित गणितज्ञ-**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | हांग वांग | - | चीन की गणितज्ञ |
| 2. | यू डेंग | - | चीनी गणितज्ञ (शिकागो विश्वविद्यालय से जुड़े) |
| 3. | जॉन पार्डन | - | अमेरिकी गणितज्ञ |
| 4. | जैकब त्सिमरमैन | - | कनाडाई गणितज्ञ |

- **फील्ड्स मेडल-**
  - स्थापना- वर्ष 1936
  - प्रदाता- अंतरराष्ट्रीय गणितज्ञ कांग्रेस
  - यह प्रति चार वर्ष के अंतराल पर प्रदान किया जाता है।
  - उद्देश्य- गणित के क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट कार्यों तथा भविष्य में महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ हासिल करने की संभावना को सम्मानित करना।

## समृद्ध ग्राम- भारतनेट द्वारा समर्थित एकीकृत भौतिक डिजिटल सेवा वितरण मॉडल-




- हाल ही में दूरसंचार विभाग के प्रोजेक्ट "समृद्ध ग्राम- भारतनेट द्वारा समर्थित एकीकृत भौतिक डिजिटल सेवा वितरण मॉडल" को वैश्विक विजेता घोषित करते हुए पुरस्कार प्रदान किया गया है।
- यह पुरस्कार प्रतिष्ठित "वर्ल्ड समिट ऑन द इन्फॉर्मेशन सोसाइटी(डब्ल्यूएसआईएस) पुरस्कार 2026" के एक्शन लाइन सी6- एनेबलिंग एनवायरनमेंट श्रेणी के अंतर्गत दिया गया है।
- यह पुरस्कार जिनेवा में आयोजित डब्ल्यूएसआईएस फोरम 2026 के दौरान प्रदान किया गया।
- **समृद्ध ग्रामः-भारतनेट द्वारा समर्थित एकीकृत भौतिक-डिजिटल सेवा वितरण मॉडल-**
  - यह दूरसंचार विभाग की एक प्रमुख ग्रामीण डिजिटल परिवर्तन पहल है।
  - यह मॉडल भारतनेट ब्रॉडबैंड नेटवर्क की हाई-स्पीड कनेक्टिविटी का उपयोग करके गांवों में ही स्वास्थ्य, शिक्षा और ई-शासन जैसी कई सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराता है।

## FIU-IND को 'बेस्ट एगमोंट केस अवार्ड 2026' में उपविजेता का पुरस्कार-

- अजरबैजान के बाकू में आयोजित 'एगमोंट समूह के पूर्ण सत्र' के दौरान वित्तीय खुफिया इकाई-भारत (FIU-IND) द्वारा बड़े पैमाने पर किए गए एक साइबर धोखाधड़ी और मनी लॉन्ड्रिंग मामले के सफल पर्दाफाश के लिए 'सर्वश्रेष्ठ एगमोंट केस पुरस्कार-2026' में पुरस्कृत किया गया है।
- **एगमोंट समूह-**
  - यह दुनिया भर की 180 से अधिक वित्तीय खुफिया इकाइयों का एक अंतरराष्ट्रीय संगठन है।
  - यह मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकवाद के वित्तपोषण से निपटने के लिए सुरक्षित सूचना साझाकरण और सहयोग प्रदान करता है।

## भारत सम्मान-2026-

- दिल्ली में आयोजित समारोह में वनस्थली विद्यापीठ, जयपुर की छात्रा व युवा साहित्यकार प्रतीक्षा यादव को प्रतिष्ठित 'भारत सम्मान 2026' से नवाजा गया। इनको यह सम्मान साहित्य, हिंदी भाषा संवर्धन और ओजस्वी वक्तृत्व के लिए दिया गया।

## विविध तथ्य-

- भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद की पहल राष्ट्रीय स्वास्थ्य अनुसंधान प्राथमिकता परियोजना-आईसीएमआर-माइंड्स को राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस पुरस्कारों में श्रेणी 2 में स्वर्ण पुरस्कार प्राप्त हुआ है।
- ऑस्ट्रेलिया की ला ट्रोब यूनिवर्सिटी ने अभिनेत्री रानी मुखर्जी को मानद 'डॉक्टर ऑफ लेटर्स' उपाधि प्रदान की है। यह सम्मान सिनेमा में उनके लगभग तीन दशक के योगदान व सामाजिक मुद्दों पर आधारित फिल्मों के लिए दिया गया है।
- लोक कलाकार उस्ताद समंदर खान मांगणियार को वर्ष 2024 के प्रतिष्ठित संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।
- अमेरिकी फिल्म निर्माता जेम्स ग्रे को स्विट्जरलैंड में होने वाले 79वें लोकानों फिल्म फेस्टिवल में 'पाडों अल्ला करियर अवार्ड' दिया जाएगा। इनको यह सम्मान 9 अगस्त, 2062 को दिया जाएगा।
- हाल ही में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोवाल को लोकमान्य तिलक राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए चुना गया। उनकों यह पुरस्कार 1 अगस्त, 2026 को पुणे में लोकमान्य तिलक की 106 वीं पुण्यतिथि पर दिया जाएगा।

# सम्मेलन/बैठक /मेला/महोत्सव/प्रदर्शनी

## अंतरराष्ट्रीय

### भारत-माली निर्यात संवर्धन मंच का आयोजन-

- संस्करण- प्रथम
- आयोजन तिथि-
- आयोजन स्थल- बमाको, माली
- अध्यक्षता- मेजर जनरल अब्दुलाये माइगा (माली की अंतरिम सरकार के प्रधानमंत्री)
- विषय- "व्यापार और रणनीतिक साझेदारी को सुदृढ़ बनाना।"
- उद्देश्य- द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों को और मजबूत बनाने
- माली ने दिसंबर, 2026 में निवेश मंच आयोजित करने की घोषणा की है।
- **अन्य तथ्य-**
  - भारत और माली के द्विपक्षीय व्यापार में वृद्धि दर्ज की गई है। वित्त वर्ष 2025-26 में यह 326.61 मिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक रहा, जो पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 55 प्रतिशत अधिक है।
  - माली से भारत को होने वाले प्रमुख निर्यातों में कच्चा कपास, तैयार चमड़ा, काजू, सीसा, गोंद अरबी और तिल शामिल हैं।
  - भारत से माली को औषधियां, सूती वस्त्र, दोपहिया और तिपहिया वाहन और साइकिलों का निर्यात किया जाता है।

### भारत-फ्रांस आर्थिक और वित्तीय वार्ता-

- आयोजन तिथि- 3 जुलाई, 2026
- आयोजन स्थल- फ्रांस
- आयोजक- भारत और फ्रांस
- अध्यक्षता- केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण और फ्रांस के वित्त मंत्री रोलैंड लेस्क्योर
- इस वार्ता में भारत और फ्रांस ने महत्वपूर्ण खनिजों, आर्थिक संप्रभुता और सुरक्षा नीतियों के क्षेत्रों में आपसी सहयोग बढ़ाने की संभावनाओं पर चर्चा की और दोनों देशों के बीच वित्तीय उद्योगों के आपसी जुड़ाव को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।
- फरवरी, 2026 में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की भारत यात्रा के दौरान, उन्होंने और भारत के प्रधानमंत्री ने वर्ष 2026 में इस वार्ता को करने का संकल्प लिया था।

### उपभोक्ता संरक्षण कानून और नीति पर अंतर-सरकारी विशेषज्ञ समूह (आईजीई) का सत्र-

- सत्र या संस्करण- 9वां
- आयोजन तिथि- 6 से 8 जुलाई, 2026
- आयोजन स्थल- जिनेवा, स्विट्जरलैंड
- आयोजक- संयुक्त राष्ट्र व्यापार और विकास (अंकटाड)
- अध्यक्षता- भारत
- उद्देश्य- संयुक्त राष्ट्र उपभोक्ता संरक्षण दिशानिर्देशों (UN Guidelines for Consumer Protection) के कार्यान्वयन की निगरानी करना, वैश्विक बाजारों में उपभोक्ता कानूनों के प्रवर्तन पर चर्चा करना और सदस्य देशों के बीच आपसी सहयोग को बढ़ावा देना।
- भारत सरकार की ओर से उपभोक्ता मामले विभाग की सचिव श्रीमती निधि खरे प्रतिनिधित्व करेंगी। इसमें संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा दिसंबर, 2025 में अपनाए गए संयुक्त राष्ट्र उपभोक्ता उत्पाद सुरक्षा सिद्धांतों का शुभारंभ हुआ।

### उपभोक्ता संरक्षण कानून और नीति पर अंतर-सरकारी विशेषज्ञ समूह-

- यह संयुक्त राष्ट्र उपभोक्ता संरक्षण दिशा निर्देशों के तहत गठित अंतर-सरकारी विशेषज्ञ समूह (आईजीई) है जो उपभोक्ता संरक्षण कानून और नीति पर सहयोग और संवाद के लिए प्रमुख अंतर-सरकारी मंच है।

### भारत-ऑस्ट्रेलिया वार्षिक शिखर सम्मेलन-

- बैठक क्रम/संस्करण- तीसरी
- आयोजन तिथि- 8-10 जुलाई, 2026
- आयोजन स्थल- मेलबर्न, ऑस्ट्रेलिया

### प्रतिनिधिमंडल-

- भारतीय नेतृत्व- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी
- ऑस्ट्रेलिया का नेतृत्व- एंथनी श्री अल्बनीज
- उद्देश्य- भारत-ऑस्ट्रेलिया के मध्य व्यापार और निवेश, रक्षा और सुरक्षा, महत्वपूर्ण खनिज, साइबर और उभरती प्रौद्योगिकियां, अंतरिक्ष, नागरिक परमाणु ऊर्जा, स्वच्छ ऊर्जा आदि क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ावा देना।

### वर्ल्ड समिट ऑन द इन्फॉर्मेशन सोसाइटी (डब्ल्यूएसआईएस) फोरम-2026-

- आयोजन तिथि- 6 से 10 जुलाई, 2026
- आयोजन स्थल- जिनेवा स्विट्जरलैंड
- आयोजक- अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ
- यह फोरम डिजिटल विकास और उभरती प्रौद्योगिकियों के लिए विश्व का अग्रणी बहु-हितधारक मंच है।

### भारत-जापान रक्षा नीति संवाद-

- संस्करण- 8वां
- आयोजन तिथि- 13 जुलाई 2026
- आयोजन स्थल- टोक्यो, जापान
- **नेतृत्व-**
  - भारत- रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह
  - जापान- अंतर्राष्ट्रीय मामलों के रक्षा उप मंत्री कानो कोजी
- उद्देश्य- रक्षा औद्योगिक सहयोग, तकनीकी नवाचार, साइबर सुरक्षा, अंतरिक्ष और साझा रणनीतिक हितों को सहेजना।

### कोडेक्स एलिमेंटेरियस आयोग की बैठक-

- संस्करण/बैठक क्रम- 49वें
- आयोजन तिथि- 6 से 10 जुलाई, 2026
- आयोजन स्थल- जिनेवा
- अध्यक्षता- भारत
- उद्देश्य- उपभोक्ता स्वास्थ्य की रक्षा करना, खाद्य व्यापार में निष्पक्ष प्रथाओं को बढ़ावा देना और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एकसमान खाद्य सुरक्षा मानक तय करना।
- बैठक में सात कोडेक्स मानकों और दिशा-निर्देशों को अपनाया।
- आयोग ने काजू की गिरी के लिए कोडेक्स मानक विकसित करने के भारत के प्रस्ताव को मंजूरी दी।
- **कोडेक्स एलिमेंटेरियस आयोग-**
  - स्थापना- वर्ष 1963
  - संस्थापक- खाद्य और कृषि संगठन और विश्व स्वास्थ्य संगठन
  - एक अंतरराष्ट्रीय खाद्य मानक निकाय है
  - उद्देश्य- उपभोक्ता स्वास्थ्य की रक्षा और निष्पक्ष खाद्य व्यापार सुनिश्चित करना।

### डब्ल्यूटीओ की व्यापार नीति समीक्षा-

- संस्करण- 8वीं
- आयोजन तिथि- 21-23 जुलाई, 2026
- आयोजन स्थल- जिनेवा, स्विट्ज़रलैंड
- आयोजक- विश्व व्यापार संगठन
- भारत का नेतृत्व- राजेश अग्रवाल (वाणिज्य सचिव)
- विश्व व्यापार संगठन की व्यापार नीति समीक्षा सदस्य देशों की व्यापार और आर्थिक नीतियों की पारदर्शी जांच करने वाला एक मुख्य तंत्र है।
- इसके तहत सभी सदस्य देशों के व्यापार नियमों और कामकाज का एक निश्चित अंतराल पर मूल्यांकन किया जाता है।

### एआई फॉर गुड ग्लोबल समिट-2026-

- आयोजन तिथि- 7-10 जुलाई, 2026
- आयोजन स्थल- जिनेवा, स्विट्ज़रलैंड
- आयोजक- अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ द्वारा
- उद्देश्य- सतत विकास लक्ष्यों को गति देना और मानवता के लाभ के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता के व्यावहारिक अनुप्रयोगों की पहचान करना।
- यह दुनिया में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की दशा और दिशा तय करने के लिए एक हाई-प्रोफाइल ग्लोबल समिट है।
- Note- भारत से रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी और एयरटेल के सुनील भारती मित्तल इसके संस्थापक सदस्य हैं।

### भारत–मलेशिया उप-समिति की बैठक-

- संस्करण- 12वां
- आयोजन तिथि- 1 जुलाई, 2026
- आयोजन स्थल- नई दिल्ली
- सह-अध्यक्षता- अमिताभ प्रसाद (रक्षा मंत्रालय में संयुक्त सचिव) और आमेर महमूद बिन अब्दुल रहमान (मलेशियाई सशस्त्र बलों के रक्षा संचालन एवं प्रशिक्षण के सहायक चीफ ऑफ स्टाफ)
- उद्देश्य- भारत व मलेशिया के बीच सैन्य सहयोग को और सुदृढ़ बनाना।

### भारत-कोस्टा रिका संयुक्त आर्थिक और व्यापार समिति की बैठक-

- बैठक क्रम/संस्करण- प्रथम
- आयोजन तिथि- 6-7 जुलाई 2026
- आयोजन- वर्चुअल माध्यम
- अध्यक्षता- श्री विमल आनंद (भारत) और एड्रियाना कास्त्रो (कोस्टा रिका)
- उद्देश्य- द्विपक्षीय व्यापार और निवेश संबंधों की समीक्षा करके आर्थिक और व्यापार हितों को बढ़ावा देना।

### भारत और रवांडा के बीच संयुक्त रक्षा सहयोग समिति की बैठक

- बैठक क्रम/संस्करण- दूसरी
- आयोजन तिथि- 6-7 जुलाई 2026
- आयोजन- नई दिल्ली
- अध्यक्षता- अमिताभ प्रसाद (भारत) और जनरल लुई कानोबायर (रवांडा)
- उद्देश्य- दोनों पक्षों के मध्य सैन्य प्रशिक्षण, सैन्य अभ्यास, चिकित्सा सहयोग और रक्षा उद्योगों के क्षेत्र में साझेदारी का विस्तार करना और वर्त्तमान साझेदारी को और मजबूत करना।

### आसियान-भारत व्यापार समझौता संयुक्त समिति की बैठक-

- बैठक का क्रम/संस्करण- 13वीं
- आयोजन तिथि- 6 से 10 जुलाई, 2026
- आयोजन स्थल- वाणिज्य भवन, नई दिल्ली
- ये बैठकें हाइब्रिड प्रारूप में आयोजित की जा रही हैं।
- आसियान भारत के प्रमुख व्यापारिक साझेदारों में से एक है, जो भारत के वैश्विक व्यापार का लगभग 11 प्रतिशत हिस्सा है।
- भारत और आसियान के बीच द्विपक्षीय व्यापार 2025-26 के दौरान 128 अरब डॉलर तक पहुंच गया है।

### भारत-म्यांमार के बीच राष्ट्रीय स्तर की बैठक-

- बैठक क्रम/संस्करण- 23वीं
- आयोजन तिथि- 7 और 8 जुलाई, 2026
- आयोजन स्थल- नई दिल्ली
- प्रतिनिधिमंडल-
  - भारतीय नेतृत्व- गृह सचिव श्री गोविंद मोहन
  - म्यांमार का नेतृत्व- गृह मंत्रालय में उप मंत्री मेजर जनरल मिन थू
- उद्देश्य- द्विपक्षीय सुरक्षा सहयोग और आर्थिक हितों को मजबूत करना।

### भारत-मालदीव मुक्त व्यापार समझौते के लिए वार्ता-

- वार्ता का दौर- पहला
- आयोजन तिथि- 29 जून से 7 जुलाई, 2026
- वार्ता का माध्यम- वर्चुअल
- **नेतृत्व-**
  - भारत- उज्ज्वल कुमार घोष
  - मालदीव- यूसुफ रिजा
- **अन्य तथ्य-**
  - भारत, मालदीव का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है।
  - भारत-मालदीव देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार 2025-26 में 771.76 मिलियन अमेरिकी डॉलर रहा, जबकि 2024-25 में यह 679.70 मिलियन अमेरिकी डॉलर था, जो 13.54 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।

### ब्रिक्स राष्ट्रीय मानकीकरण निकाय (एनएसबी) प्रमुखों की बैठक-

- संस्करण- 5वीं
- आयोजन तिथि- 16-17 जुलाई, 2026
- आयोजन स्थल- बेंगलुरु, कर्नाटक
- आयोजक- भारत
- अध्यक्षता- प्रल्हाद जोशी
- यह बैठक अंतरराष्ट्रीय मानकीकरण सहयोग को सुदृढ़ करने और व्यापार, नवाचार, उपभोक्ता संरक्षण और सतत विकास को सुगम बनाने वाले सामंजस्यपूर्ण मानकों को बढ़ावा देने के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।

### ब्रिक्स ट्रेड यूनियन फोरम (टीयूएफ) शिखर सम्मेलन 2026-

- संस्करण- 15वां
- आयोजन तिथि- 14 जुलाई, 2026
- आयोजन स्थल- हैदराबाद
- अध्यक्षता- डॉ. मनसुख मांडविया (केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री)
- उद्देश्य- श्रमिक-केंद्रित वैश्विक व्यवस्था के निर्माण करना।

### ब्रिक्स देशों के श्रम और रोजगार मंत्रियों की बैठक-

- संस्करण- 12वां
- आयोजन तिथि- 15 और 16 जुलाई, 2026
- आयोजन स्थल- हैदराबाद
- आयोजक- भारत
- **उद्देश्य-**
  - सामाजिक सुरक्षा को बढ़ावा देना और श्रम बाजार को औपचारिक बनाना
  - कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी और उनके समावेश को बढ़ाना
  - रोज़गार क्षमता, कौशल की मैपिंग और उनके विकास पर सहयोग
  - गिग और प्लेटफॉर्म श्रमिकों सहित सभी श्रमिकों के लिए डिजिटल प्रौद्योगिकियों का लाभ उठाना

### ब्रिक्स अभियोजन सेवाओं के प्रमुखों की बैठक

- संस्करण- 8वां
- आयोजन तिथि- 20-21 जुलाई, 2026
- आयोजन स्थल- वर्चुअल माध्यम से
- आयोजक- विधि कार्य विभाग, विधि और न्याय मंत्रालय, भारत सरकार
- अध्यक्षता- श्री आर. वेंकटरमणी (भारत के महान्यायवादी)
- विषय-"अभियोजन पक्ष के नजरिए से आपराधिक मामलों के निपटारे में अनुभवों और बेहतरीन तौर-तरीकों का आदान-प्रदान"
- इस बैठक ने स्थिर, निष्पक्ष और अनुमान लगाने योग्य कानूनी ढांचे को बढ़ावा देने की साझा प्रतिबद्धता को प्रकट किया गया।

### *ब्रिक्स स्वास्थ्य मंत्रियों की बैठक-*

- संस्करण- 16वां
- आयोजन तिथि- 22 से 24 जुलाई, 2026
- आयोजन स्थल- चंडीगढ़
- अध्यक्षता- श्री जगत प्रकाश नड्डा (केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री)
- इस बैठक में ब्रिक्स सदस्य देशों के स्वास्थ्य मंत्री और वरिष्ठ स्वास्थ्य अधिकारी शामिल हुए।
- बैठक में स्वास्थ्य सुरक्षा, डिजिटल स्वास्थ्य, महामारी की तैयारी और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं तक समान पहुंच सुनिश्चित करने के लिए सहयोग को मजबूत करने की प्रतिबद्धता प्रकट की।

### *आपदा जोखिम न्यूनीकरण पर ब्रिक्स मंत्रिस्तरीय बैठक-*

- आयोजन तिथि- 24 जुलाई 2026
- आयोजन स्थल- नई दिल्ली
- आयोजक- राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, गृह मंत्रालय
- अध्यक्षता- नित्यानंद राय (गृह राज्य मंत्री)
- विषय- लचीलापन, नवाचार, सहयोग और सततता के निर्माण
- ब्रिक्स आपदा जोखिम न्यूनीकरण सहयोग वर्ष 2016 की उदयपुर घोषणा से क्रमिक रूप से विकसित हुआ है।

### *ब्रिक्स विज्ञान अकादमियों फोरम बैठक-2026-*

- आयोजन तिथि- 22-23 जुलाई, 2026
- आयोजन स्थल- भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), हैदराबाद
- मेजबान संस्था- भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी
- अध्यक्षता- प्रो. शेखर मांडे
- विषय- सतत विकास के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग और वैश्विक दक्षिण सहयोग को सुदृढ़ बनाना।
- इस बैठक में ब्रिक्स के सदस्य एवं सहभागी देशों के प्रतिनिधियों ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के क्षेत्र में 3सी-कलेक्टिव, कोलैबोरेटिव और कॉन्टेक्स्ट-सेंसिटिव दृष्टिकोण पर विचार-विमर्श किया गया।

### *ब्रिक्स देशों की मादक पदार्थ निरोधक एजेंसियों के प्रमुखों की बैठक-*

- आयोजन तिथि-6-7 जुलाई, 2026 को
- आयोजन स्थल- गुवाहाटी,
- आयोजक- नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा
- **अध्यक्षता-** भारत
- **उद्देश्य-** सदस्य देशों के बीच संस्थागत निरंतरता को सुदृढ़ करना तथा मादक पदार्थ नियंत्रण एजेंसियों के बीच ऑपरेशनल स्तर पर सहयोग को और बढ़ावा देना।
- ब्रिक्स विश्व की ग्यारह उभरती एवं विकासशील अर्थव्यवस्थाओं का समूह है जिसमें ब्राज़ील, चीन, मिस्र, इथियोपिया, भारत, इंडोनेशिया, ईरान, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका तथा संयुक्त अरब अमीरात सदस्य है।

### *ब्रिक्स महिला कार्य समूह की बैठक-*




- आयोजन तिथि- 6-7 जुलाई, 2026
- आयोजन स्थल- कोच्चि, केरल
- उद्देश्य- महिला सशक्तिकरण और महिला नेतृत्व को सुनिश्चित किया जाना।
- यह बैठक 30 अप्रैल 2026, 22 मई 2026 और 29 जून 2026 को वर्चुअल रूप से आयोजित तीन प्रारंभिक बैठकों के माध्यम से हुई व्यापक परामर्शों पर आधारित है।

### *ब्रिक्स परिवहन मंत्रियों की बैठक-*

- संस्करण/बैठक क्रम- तीसरा
- आयोजन तिथि- 11 और 12 जुलाई, 2026
- आयोजन स्थल- नागपुर, महाराष्ट्र
- अध्यक्षता- नितिन गडकरी
- उद्देश्य- परिवहन क्षेत्र में तकनीकी नवाचार और बेहतर कनेक्टिविटी के माध्यम से समावेशी विकास को बढ़ावा देना।

## राष्ट्रीय

### *इलेक्ट्रिक मोबिलिटी पर राष्ट्रीय सम्मेलन-*

- आयोजन तिथि- 2 जुलाई, 2026
- आयोजन स्थल- नई दिल्ली में
- अध्यक्षता- केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव
- आयोजक- एसोसिएटेड चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया (एसोचैम) द्वारा
- विषय- इलेक्ट्रिक मोबिलिटी:- विकसित भारत के लिए भारत को इलेक्ट्रिक मोबिलिटी हब बनाना
- उद्देश्य- भारत में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के विकास को गति देने और वैश्विक इलेक्ट्रिक वाहन निर्माण केंद्र के रूप में देश की स्थिति को मजबूत करना।

### गंगा नदी पर सशक्त कार्यबल की बैठक-

- संस्करण- 19वां
- आयोजन तिथि- 2 जुलाई, 2026
- आयोजन स्थल- नई दिल्ली
- अध्यक्षता- सी.आर. पाटिल (जल शक्ति मंत्री)
- उद्देश्य- बेहतर आधारभूत संरचना, वैज्ञानिक जल प्रबंधन, नीतिगत सुधारों और विभिन्न हितधारकों के बीच बेहतर समन्वय के माध्यम से नदी पुनर्जीवन की गति तेज करना।

### 16वें वित्त आयोग की सिफारिशों पर राज्य पंचायती राज मंत्रियों की राष्ट्रीय कार्यशाला-

- आयोजन तिथि- 3 जुलाई, 2026
- आयोजन स्थल- नई दिल्ली
- अध्यक्षता- राजीव रंजन सिंह (केंद्रीय पंचायती राज तथा मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्री)
- उद्देश्य- कार्यशाला में सोलहवें वित्त आयोग की वर्ष 2026–31 की अवधि के लिए की गई सिफारिशों पर विचार-विमर्श होगा।
- सोलहवें वित्त आयोग ने पंचायती राज संस्थाओं के लिए 4.35 लाख करोड़ रुपये की राशि देने की सिफारिश की है।

### भारत टेक्स 2026-




- आयोजन तिथि- 14 से 17 जुलाई, 2026
- आयोजन स्थल- भारत मंडपम, नई दिल्ली में
- आयोजक- भारत टेक्स ट्रेड फेडरेशन द्वारा
  - यह फेडरेशन विभिन्न टेक्सटाइल एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल्स तथा उद्योग संगठनों का एक संयुक्त मंच है।
- उद्देश्य- भारत को टेक्सटाइल हब के रूप में स्थापित करना।
- **अन्य तथ्य-**
  - यह भारत का सबसे बड़ा वैश्विक वस्त्र आयोजन है।
  - यह **5F विज़न**—*Farm to Fibre to Factory to Fashion to Foreign* से प्रेरित है।
  - यह आयोजन भारत के संपूर्ण वस्त्र उद्योग की व्यापकता और विविधता को एकीकृत वैश्विक मंच पर प्रदर्शित करेगा।
  - इसमें **CITI टेक्सटाइल सस्टेनेबिलिटी अवार्ड्स 2026** का भी आयोजन किया गया।
  - ये पुरस्कार **सात प्रमुख विषयों- संसाधन दक्षता, ऊर्जा एवं उत्सर्जन, सर्कुलर इकोनॉमी, सतत सामग्री, सामाजिक उत्तरदायित्व, उत्तरदायी व्यवसाय तथा उद्योग सहयोग** पर आधारित थे।
  - डिजिटल सुविधा को और सशक्त बनाने के उद्देश्य से हाल ही में **भारत टेक्स 2026 मोबाइल ऐप** लॉन्च किया गया है।

### उद्योग संघ सम्मेलन-

- आयोजन तिथि- 3 जुलाई, 2026
- आयोजन स्थल- . बी.आर. अंबेडकर अंतर्राष्ट्रीय केंद्र, नई दिल्ली
- आयोजक- युवा कार्यक्रम विभाग (केन्द्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय)
- उद्देश्य- युवा नेतृत्व वाले विकास को गति देने के लिए सरकार, उद्योग संघों, कॉरपोरेट जगत और सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के बीच संरचित साझेदारी निर्मित करना।

### प्लास्टिक रीसाइक्लिंग और स्थिरता वैश्विक सम्मेलन (GCPRS 2026)-




- संस्करण- तीसरा संस्करण
- आयोजन तिथि- 2 से 5 जुलाई, 2026
- आयोजन स्थल- भारत मंडपम, नई दिल्ली
- आयोजक- रसायन और उर्वरक मंत्रालय के रसायन और पेट्रोरसायन विभाग के सहयोग से ऑल इंडिया प्लास्टिक मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन और केमिकल्स एंड पेट्रोकेमिकल्स मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन द्वारा
- उद्देश्य- प्लास्टिक कचरा प्रबंधन और सर्कुलर इकोनॉमी को बढ़ावा देना।
- **अन्य तथ्य-**
  - भारतीय पुनर्नवीनीकरण प्लास्टिक बाजार के 2032 तक 3.81 बिलियन डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है।
  - वैश्विक स्तर पर अपशिष्ट प्लास्टिक रीसाइक्लिंग बाजार के 2033 तक 80.5 बिलियन डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है।

## जनजातीय अनुसंधान संस्थानों को सुदृढ़ करने के लिए राष्ट्रीय कार्यशाला-

- आयोजन तिथि- 7-8 जुलाई, 2026
- आयोजन स्थल- भुवनेश्वर, ओडिशा
- आयोजक- केन्द्रीय जनजातीय कार्य मंत्रालय
- उद्घाटन- केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री जुएल ओराम द्वारा
- उद्देश्य-
  - देश भर में जनजातीय अनुसंधान संस्थानों के कामकाज की समीक्षा करना।
  - संस्थानों को ज्ञान के जीवंत संस्थानों, सांस्कृतिक संसाधन केंद्रों और जनजातीय विकास के नीति समर्थन केंद्रों में बदलने हेतु व्यापक कार्य योजना तैयार करना।

## आत्मनिर्भर पंचायत कार्यक्रम आउटरीच कार्यशाला -

- संस्करण- तीसरा
- आयोजन तिथि- 7 जुलाई, 2026
- आयोजन स्थल- कोच्चि, केरल
- आयोजक- केन्द्रीय पंचायती राज मंत्रालय व केरल सरकार का स्थानीय स्वशासन विभाग
- उद्देश्य- पंचायतों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना, उनके स्वयं के राजस्व स्रोतों को बढ़ाना और स्थानीय स्तर पर सतत विकास और क्षमता निर्माण को बढ़ावा देना।

## इंडी हाट-2026




- आयोजन तिथि- 10 से 19 जुलाई 2026
- आयोजन स्थल- राष्ट्रीय शिल्प संग्रहालय और हस्तकला अकादमी, नई दिल्ली
- उद्घाटन/अध्यक्षता- केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह
- 'इंडी हाट' को अंतर्राष्ट्रीय दर्शकों के सामने भारत की पारंपरिक कला को पेश करने के लिए डिज़ाइन किया गया है और यह आत्मनिर्भर भारत व वोकल फॉर लोकल अभियानों के उद्देश्यों के अनुरूप है।
- यह कार्यक्रम 'भारत टेक्स 2026' का हिस्सा है, जो भारत का सबसे बड़ा वैश्विक वस्त्र कार्यक्रम है और 14 से 17 जुलाई 2026 तक नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित किया गया।

## खुरपका-मुंहपका रोग के लिए कम्पार्टमेंटलाइजेशन और ज़ोनिंग पर राष्ट्रीय कार्यशाला-

- आयोजन तिथि- 8 और 9 जुलाई, 2026
- आयोजन स्थल- भुवनेश्वर, ओडिशा
- आयोजक- पशुपालन और डेयरी विभाग (मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय)
- उद्देश्य- वर्ष 2030 तक भारत को एफएमडी-मुक्त बनाना और पशु उत्पादों के व्यापार को सुरक्षित करना।
- **खुरपका-मुंहपका रोग-**
  - यह संक्रामक वायरल बीमारी है।
  - यह गाय, भैंस और भेड़ जैसे दो खुर वाले पशुओं को प्रभावित करता है।
  - लक्षण- तेज बुखार, मुंह में छाले और खुरों में घाव।

## सीमांत जिला पुलिस अधीक्षक सम्मेलन-2026

- आयोजन तिथि- 9 जुलाई, 2026
- आयोजन स्थल- नई दिल्ली
- उद्देश्य- सीमाओं की सुरक्षा से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा, निराकरण की चिंता और इस दिशा में उपयुक्त उपायों को नीतिगत स्वरूप देना।

## अखिल भारतीय जल संसाधन विभाग के सचिवों का सम्मेलन

- आयोजन तिथि- 13 जुलाई 2026
- आयोजन स्थल- सुषमा स्वराज भवन, नई दिल्ली
- आयोजक- जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण विभाग (जल शक्ति मंत्रालय)
- अध्यक्षता- केंद्रीय जल शक्ति मंत्री श्री सी. आर. पाटिल
- उद्देश्य- जल संसाधन क्षेत्र में प्राथमिकता वाली पहलों पर केंद्र-राज्य समन्वय को मजबूत करना और जल शक्ति मंत्रालय के प्रमुख राष्ट्रीय कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा करना।
- इसमें आठ प्राथमिकता वाले एजेंडा विषयों पर चर्चा की गई।

## नेक्स्ट-जेन एडमिनिस्ट्रेटिव एंड ई-गवर्नेंस रिफॉर्म्स पर राष्ट्रीय सम्मेलन-

- आयोजन तिथि- 13-14 जुलाई 2026
- आयोजन स्थल- शिलांग, मेघालय
- आयोजक- प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग
- और मेघालय सरकार
- उद्देश्य- अगली पीढ़ी के प्रशासनिक सुधारों, डिजिटल गवर्नेंस और
- नागरिकों पर केंद्रित सार्वजनिक सेवा वितरण को बढ़ावा देना।

## सौश्रुतम् 2026-

- आयोजन तिथि- 15 से 17 जुलाई 2026
- आयोजन स्थल- नई दिल्ली

- उद्घाटन- राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु
- आयोजक- अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआईआईए), नई दिल्ली
- **अन्य तथ्य-**
  - यह तीन दिन का अंतरराष्ट्रीय सेमिनार था।
  - यह सेमिनार सुश्रुत जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया, जो सर्जरी (शल्य चिकित्सा) के जनक माने जाने वाले आचार्य सुश्रुत के सम्मान में हरेक वर्ष 15 जुलाई को होता है।

## *ड्रोन एप्लीकेशन और रिसर्च के लिए नेशनल इनोवेशन चैलेंज (NIDAR 2.0, 2026-27)-*

- संस्करण- द्वितीय
- आयोजन तिथि- 13 जुलाई, 2026
- आयोजन स्थल- नई दिल्ली
- आयोजक- इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने ड्रोन फेडरेशन इंडिया के साथ
- **अन्य तथ्य-**
  - यह SwaYaan पहल के तहत आयोजित हुआ।
  - **यह** हाइब्रिड मोड में आयोजित किया गया।
  - NIDAR 2025-26 का पहला संस्करण मार्च 2025 में लॉन्च किया गया था।
- **SwaYaan पहल-**
  - प्रारम्भ- जुलाई, 2022 में मंज़ूरी
  - उद्देश्य- अनमैन्ड एयरक्राफ्ट सिस्टम में ह्यूमन रिसोर्स डेवलपमेंट के लिए क्षमता निर्माण करना।
  - इसके तहत पाँच सालों में लगभग 89.87 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।
  - यह पहल भारत के ड्रोन क्षेत्र के लिए ज़रूरी कुशल कार्यबल तैयार करती है।

## *ग्राम पंचायतों के लिए जल बजट निर्धारण पर राष्ट्रीय मास्टर ट्रेनर्स कार्यक्रम-*

- आयोजन तिथि- 13 से 16 जुलाई 2026
- आयोजन स्थल- नई दिल्ली
- आयोजक- पंचायती राज मंत्रालय, भारत सरकार
- उद्देश्य- 'जल-पर्याप्त ग्राम पंचायतों' के विजन को बढ़ावा देने के लिए राज्य, जिला और ब्लॉक स्तर पर मास्टर ट्रेनर्स का एक राष्ट्रव्यापी पूल तैयार करना।
- इसके प्रथम चरण में 10 राज्यों (बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, राजस्थान, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल) के 100 जिलों, 100 ब्लॉकों और 1,000 ग्राम पंचायतों को शामिल किया जाएगा।

## *एआई डिजिटल शासन चैंपियन्स शिखर सम्मेलन-*

- आयोजन तिथि- 13 से 15 जुलाई, 2026
- आयोजन स्थल- भारत पर्यटन विकास निगम
- यह पहल भारत सरकार के 'इंडिया एआई मिशन' के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने की पहल है।

## *कैपेसिटीज (CapaCITIES) कार्यक्रम-*

- आयोजन तिथि- 14 जुलाई, 2026
- आयोजन स्थल- इंडिया हैबिटेट सेंटर, नई दिल्ली
- आयोजक- ICLEI दक्षिण एशिया एवं राष्ट्रीय शहरी कार्य संस्थान
- वित्त पोषण- भारत और भूटान में स्थित स्विट्ज़रलैंड दूतावास
- **उद्देश्य-**
  - भारतीय शहरों को कम कार्बन उत्सर्जन और जलवायु-लचीले शहरी विकास के लिए आवश्यक उपकरण, ज्ञान और संस्थागत क्षमताएं प्रदान करना।
  - स्थानीय स्तर पर उठाये गए कदमों को राज्य स्तरीय लक्ष्यों और भारत के 2070 तक शुद्ध शून्य उत्सर्जन के राष्ट्रीय लक्ष्य से जोड़ना।
- **लाभार्थी राज्य और शहर-**
  - लाभार्थी राज्य- गुजरात और तमिलनाडु की राज्य सरकारें।
  - शामिल शहर (8 मुख्य शहर)-
    - गुजरात- अहमदाबाद, राजकोट, वडोदरा
    - तमिलनाडु- कोयंबटूर, तिरुचिरापल्ली, तिरुनेलवेली
    - राजस्थान- उदयपुर
    - पश्चिम बंगाल- सिलीगुड़ी

## *कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी कॉन्क्लेव, 2026-*

- आयोजन तिथि- 15 जुलाई, 2026
- आयोजन स्थल- नई दिल्ली में
- आयोजक- भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद
- उद्देश्य- विज्ञान को खेतों और किसानों तक पहुँचाना।
- इस कॉन्क्लेव में उद्योग जगत के नेता, सरकार और विशेषज्ञ व्यक्तियों ने सामाजिक और पर्यावरणीय विकास के लिए सीएसआर फंड के प्रभावी उपयोग पर चर्चा की हैं।

## *इंडिया माइनिंग वीक 2026-*

- आयोजन तिथि- 15-17 नवंबर 2026 को आयोजित होने की घोषणा
- आयोजन स्थल- यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर, नई दिल्ली
- आयोजक-कोयला एवं खान मंत्रालय
- विषय-स्ट्रॉन्गर रिसोर्सेज, स्मार्ट माइनिंग, सस्टेनेबल टुमारो।
- यह खनन और खनिज क्षेत्र के लिए भारत का सबसे बड़ा सम्मेलन-सह-प्रदर्शनी होगी।

### पंच सम्मेलन-

- आयोजन तिथि- 16 जुलाई, 2026
- आयोजन स्थल- वाराणसी, उत्तरप्रदेश
- आयोजक- ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार
- उद्देश्य- ग्राम पंचायतों की क्षमता को सुदृढ़ करते हुए वीबी-जी राम जी अधिनियम, 2025 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जमीनी स्तर पर संस्थागत तैयारियों को मजबूत करना।
- इस सम्मेलन में उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और उत्तराखंड के लगभग 500 ग्राम पंचायत प्रधान भाग लेंगे।

### सिंचन-2026 सम्मेलन-

- संस्करण- तीसरा
- आयोजन तिथि- 15 जुलाई, 2026
- आयोजन स्थल- फरीदाबाद
- आयोजक- ट्रांसलेशनल हेल्थ साइंस एंड टेक्नोलॉजी इंस्टीट्यूट द्वारा

  उद्देश्य- प्रयोगशाला में विकसित वैज्ञानिक शोध और जैव प्रौद्योगिकी खोजों को व्यावसायिक स्तर पर रोगियों के लिए उपयोगी स्वास्थ्य समाधानों में बदलने की प्रक्रिया को गति देना।

### 'माई भारत' राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक सम्मेलन चिंतन शिविर-

- आयोजन तिथि- 18-19 जुलाई, 2026
- आयोजन स्थल- लखनऊ
- आयोजक- युवा मामले विभाग, युवा मामले एवं खेल मंत्रालय
- उद्देश्य- जमीनी स्तर पर युवाओं की भागीदारी को मजबूत करना, संस्थागत समन्वय को बढ़ाना और युवा नेतृत्व वाले राष्ट्र निर्माण के लिए भविष्य के अनुकूल वातावरण का निर्माण करना।

### नेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन रिस्पॉन्सिबल बिज़नेस कंडक्ट (एनसीआरबीसी) 2026-

- संस्करण- चतुर्थ
- आयोजन तिथि- 15-16 जुलाई, 2026
- आयोजन स्थल- नई दिल्ली
- आयोजक- इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ अरेयर्स के स्कूल ऑफ बिग एनवायरनमेंट (एसबीई)
- विषय- विकसित भारत के लिए ईएसजी-आधारित बदलाव

### सुजल ग्राम संवाद-

- संस्करण- नौवां संस्करण
- आयोजन तिथि- 24 जुलाई, 2024
- आयोजक- पेयजल और स्वच्छता विभाग, जल शक्ति मंत्रालय
- इसके तहत जल जीवन मिशन 2.0 के माध्यम से समुदाय के नेतृत्व वाली जल प्रबंधन व्यवस्था के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को और मजबूत किया गया।

### संकल्प सेमिनार-

- आयोजन तिथि- 30 जुलाई, 2026
- आयोजन स्थल- नई दिल्ली
- आयोजक- भारतीय वायु सेना और सोसाइटी ऑफ इंडियन डिफेंस मैन्युफैक्चरर्स द्वारा संयुक्त रूप से
- अध्यक्षता- संजय सेठ (रक्षा राज्य मंत्री)
- उद्देश्य- रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता, आत्मनिर्भर भारत, स्वदेशी विकास और ज्ञान आधारित साझेदारी को बढ़ावा देना।

## विविध तथ्य

- 3 जुलाई, 2026 को भारत निर्वाचन आयोग ने मीडिया और संचार अधिकारियों के लिए दूसरी एक-दिवसीय कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया।
- 19 जुलाई, 2026 जो युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय के युवा कार्य विभाग का चौथा क्षेत्रीय चिंतन शिविर लखनऊ में संपन्न हुआ।
- ब्रिक्स नेटवर्क यूनिवर्सिटी के अंतर्राष्ट्रीय शासी बोर्ड की बैठक 21 जुलाई, 2026 को वर्चुअल माध्यम से आयोजित हुई।
- 28 जुलाई 2026 को 'पीएमए के तहत पुरस्कृत पहलों की स्थिरता और उन्हें अन्य जगहों पर लागू करने' के विषय पर राष्ट्रीय सुशासन वेबिनार सीरीज़-2026-27 के 38वें वेबिनार का आयोजन किया गया।
- 17 जुलाई 2026 को नई दिल्ली में बांध सुरक्षा पर राष्ट्रीय समिति (एनसीडीएस) की 12वीं बैठक केंद्रीय जल आयोग के अध्यक्ष की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

# निर्वाचन और नियुक्ति

## राष्ट्रीय

### अनुराग जैन-




- हाल ही में केंद्र सरकार ने मध्यप्रदेश के मुख्य सचिव अनुराग जैन को नीति आयोग का मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया है।
- **नीति आयोग-**
  - NITI- National Institution for Transforming India
  - स्थापना- 1 जनवरी, 2015 (योजना आयोग के स्थान पर)
  - यह भारत सरकार का प्रमुख 'नीतिगत थिंक टैंक' है।
  - उद्देश्य- भारत के विकास में राज्यों की सक्रिय भागीदारी को बढ़ावा देना और सहकारी संघवाद को मजबूत करना।

### हरजीत सिंह ग्रेवाल-

- 21 जुलाई, 2026 को हरजीत सिंह ग्रेवाल ने राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया है।
- इसके अलावा एस. मुनावरी बेगम ने भी 20 जुलाई, 2026 को आयोग की उपाध्यक्ष के तौर पर पदभार संभाला।
- **राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग-**
  - स्थापना- वर्ष 1992 में राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग अधिनियम, 1992 के तहत (17 मई 1993 से प्रभावी)
  - संबंधित मंत्रालय- अल्पसंख्यक मामलात मंत्रालय
  - उद्देश्य- भारत के अल्पसंख्यक समुदायों के अधिकारों की रक्षा करना।
  - यह वैधानिक निकाय है जिसे अर्ध-न्यायिक शक्तियां प्राप्त हैं।

### वर्षा अशोक अगलावे-

- इन्होंने हाल ही में भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण की 54वीं महानिदेशक के रूप में पदभार ग्रहण किया है। यह इस संगठन की प्रमुख बनने वाली प्रथम महिला हैं। इन्होंने श्री असित साहा का स्थान लिया है।

### संदीप थरेजा-

- भारत सरकार ने 31 अगस्त, 2026 को एयर मार्शल संदीप थरेजा को डायरेक्टर जनरल, सशस्त्र बल चिकित्सा सेवाएं नियुक्त किया है।
- वे वर्तमान में डायरेक्टर जनरल मेडिकल सर्विसेज़ (एयर) के पद पर कार्यरत हैं।

### डॉ. जगन्नाथ नायक-

- भारत सरकार ने हाल ही में इनको डीआरडीओ के मिसाइल और रणनीतिक प्रणाली विभाग का महानिदेशक नियुक्त किया। उन्हें फाइबर ऑप्टिक गायरो तकनीक का मुख्य वास्तुकार माना जाता हैं, जो मिसाइलों-विमानों के सटीक मार्गदर्शन में उपयोग होती है।
- उन्होंने देश के पहले डायरेक्टेड एनर्जी वेपन सिस्टम के विकास में भूमिका निभाई है।

### जस्टिस बी.वी. नागरत्ना-

- भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने सुप्रीम कोर्ट की न्यायाधीश जस्टिस बी.वी. नागरत्ना को सुप्रीम कोर्ट कानूनी सेवा समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया है। इन्होंने जस्टिस जे.के. माहेश्वरी का स्थान लिया है। यह समिति गरीब व कमजोर वर्गों को मुफ्त कानूनी सहायता, सलाह देती है।

### भास्कर ए. सावंत-

- यह आईएएस अधिकारी है। इनको हाल ही में राजस्थान उच्च न्यायालय द्वारा राजस्थान क्रिकेट संघ के संचालन के लिए प्रशासक नियुक्त किया है।

### सोमनाथ घोष-

- भारत सरकार ने इन्हें मलेशिया में भारत के अगले उच्चायुक्त के रूप में नियुक्त किया है। वर्तमान में यह शिकागो स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास में महावाणिज्यदूत हैं।

### हालिया अन्य नवीन नियुक्तियाँ-

- भारत सरकार ने निम्न संस्थानों में नई नियुक्तियां की है-
  - **आलोक मित्तल-** महानिदेशक, पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो
  - **अमित गर्ग-** निदेशक, राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो
  - **सुजीत पांडे-** निदेशक, सरदार पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी, हैदराबाद

# अंतरराष्ट्रीय

## केइको फुजिमोरी

- इनको पेरू में राष्ट्रपति चुनाव के दूसरे दौर का विजेता घोषित किया गया है। अब यह पेरू की राष्ट्रपति होगी। वह पिछले दस वर्षों में पेरू की नौवीं राष्ट्रपति बनेंगी। इन्होंने 7 जून, 2026 को दूसरे दौर के चुनाव में रॉबर्टो सांचेज़ को हराया।

## एंडी बर्नहैम-

- इन्होंने हाल ही में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री के रूप में पदभार ग्रहण किया है।
- वह ब्रिटेन की लेबर पार्टी के नेता है।
- पहले वह ग्रेटर मैनचेस्टर के मेयर और ब्रिटेन के स्वास्थ्य सचिव थे।

## सर्ही कोरेत्स्की-

- यूक्रेन की संसद ने सर्ही कोरेत्स्की को देश का नया प्रधानमंत्री नियुक्त किया है। कोरेत्स्की मई, 2025 से यूक्रेन की राष्ट्रीय तेल और गैस कंपनी नाफ्टोगाज़ के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में कार्यरत थे।

## कनिष्क नारायण-

- यह बिहार के मुजफ्फरपुर में जन्मे भारतीय मूल के लेबर पार्टी के सांसद है। इनको ब्रिटेन का पहला एआई मंत्री बनाया गया है।

## अमीश शाह-

- यह भारतीय मूल के अमरीकी नागरिक व डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता है।
- इन्होंने एरिजोना की 'फर्स्ट डिस्ट्रिक्ट' से प्रतिनिधि सभा के लिए पार्टी के प्राइमरी चुनाव में जीत दर्ज की है।

## *विविध तथ्य-*

- एयर मार्शल पी.वी. शिवानंद एवीएसएम वीएम ने 1 जुलाई, 2026 को दक्षिण पश्चिमी वायु कमान के एयर ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ का पदभार ग्रहण किया।
- एयर मार्शल जसवीर सिंह मान ने 1 जुलाई, 2026 को दक्षिणी एयर कमांड के एयर ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ के तौर पर पदभार ग्रहण किया।
- लेफ्टिनेंट जनरल मोहित मल्होत्रा ने दक्षिण पश्चिमी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ का पदभार ग्रहण किया।
- लेफ्टिनेंट जनरल राजेश पुष्कर ने 1 जुलाई, 2026 को दक्षिणी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ के रूप में पदभार ग्रहण किया।
- लेफ्टिनेंट जनरल संदीप जैन ने 1 जुलाई, 2026 को सेना के उप प्रमुख का पदभार ग्रहण किया।
- एयर मार्शल तेजिंदर सिंह ने 1 जुलाई, 2026 को चीफ्स ऑफ स्टाफ कमेटी के अध्यक्ष के एकीकृत रक्षा स्टाफ प्रमुख के रूप में पदभार ग्रहण किया।
- एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित ने 1 जुलाई 2026 को भारतीय वायु सेना में उप प्रमुख का पदभार ग्रहण किया।
- भारत सरकार ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध समुद्र विज्ञानी और वैज्ञानिक नेता, डॉ. श्रीनिवास कुमार तुम्मला को पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय का नया सचिव नियुक्त करने की घोषणा की है।
- भारत सरकार ने लोखंडे प्रशांत सीताराम को केंद्रीय गृह मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव नियुक्त किया गया है।
- महाराष्ट्र सरकार ने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के लिए सुप्रीम कोर्ट की पूर्व जज जस्टिस रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता में सात सदस्यीय समिति गठित की है।
- चिराग वीर सिंह सराओ- यह अमेरिकी वायुसेना अकादमी में प्रवेश पाने वाले पहले केशधारी अमेरिकी सिख बने हैं।
- ओपनएआई ने भारतवंशी इंजीनियर उदय रुद्दाराजू को कंप्यूट का सीटीओ नियुक्त किया है।
- आईटी कंपनी इन्फोसिस ने आशीष कुमार दास को पांच साल के लिए 'सीईओ डेजिग्नेट नियुक्त किया है।
- जगदीश आफले- इनको श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट का सचिव नियुक्त किया गया है।

# निधन

## राष्ट्रीय

### विजया मेहता-



- यह प्रख्यात फिल्म और थिएटर हस्ती थी जिनका 92 वर्ष की आयु में निधन हो गया।
- इनको प्रयोगात्मक मराठी थिएटर की अग्रदूतों में गिना जाता है।
- **सम्मान-**
  - वर्ष 1975- संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार
  - वर्ष 1986- राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार (सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री, फिल्म- राव साहब)
  - वर्ष 1987- पद्म श्री

### एस. जानकी अम्मा-



- यह भारतीय पार्श्व गायिका थी जिनका हाल ही में निधन हुआ है।
- इन्हें "भारत की कोकिला" कहा जाता था।
- **पुरस्कार/सम्मान-**
  - राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार- चार
  - राज्य फिल्म पुरस्कार- तैंतीस
  - कलाइमामणि पुरस्कार (तमिलनाडु)
  - पद्म भूषण वर्ष 2013 में

### तीजन बाई-

- तीजन बाई प्रसिद्ध पंडवानी गायिका थी जिनका हाल ही में 5 जुलाई, 2026 को 70 वर्ष की आयु में निधन हो गया।
- इन्होंने छत्तीसगढ़ की पंडवानी गायन लोक कला को वैश्विक पहचान दिलाई थी।
- **सम्मान-**
  - पद्मश्री- वर्ष 1988
  - संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार- वर्ष 1995
  - पद्म भूषण- वर्ष 2003
  - फुकुओका पुरस्कार- वर्ष 2018
  - पद्म विभूषण- वर्ष 2019
  - संगीत नाटक अकादमी फ़ेलोशिप

### पंडवानी गायन शैली-




### डॉ. गिरीश भारद्वाज-

- यह पद्मश्री से सम्मानित व्यक्ति थी जिनको 'ब्रिज मैन ऑफ इंडिया' के नाम से जाना जाता था। इनका हाल ही में 76 वर्ष की आयु में निधन हुआ है। इन्होनें भारत के दूरदराज इलाकों को जोड़ने के लिए 140 से अधिक कम लागत वाले झूला सस्पेंशन पुल बनाए थे।

### पूमणि (पुलितुराई मणिक्कवासगम)-

- यह तमिल लेखक और साहित्य अकादमी पुरस्कार विजेता थी जिनका हाल ही में निधन हुआ।
- इन्हें इनके उपन्यास 'अग्नादी' के लिए वर्ष 2014 में साहित्य अकादमी

पुरस्कार मिला था और इनके उपन्यास 'वेक्कई' पर चर्चित फिल्म 'असुरन' बनी थी।

### सुनील आनंद-

- यह हिंदी सिनेमा के अभिनेता व फिल्मकार देव आनंद के बेटे थे जिनका हाल ही में निधन हो गया। सुनील आनंद ने वर्ष 1984 में रिलीज फिल्म 'आनंद और आनंद' से डेब्यू किया था।
- **विविध तथ्य-** चेन्नम्मा जी- यह पूर्व प्रधानमंत्री श्री देवेगौड़ा जी की पत्नी थी जिनका हाल निधन हुआ है।

## अंतरराष्ट्रीय

### सर सैम नील-

- यह न्यूजीलैंड के अभिनेता थे जिनका 13 जुलाई, 2026 को निधन हो गया। इन्होनें जुरासिक पार्क, द पियानो, द हंट जैसी प्रसिद्ध हॉलीवुड फिल्मों में अभिनय किया था।

### शेख हमद बिन खलीफा अल थानी-

- यह कतर के पूर्व अमीर थे जिनका 12 जुलाई 2026 को 74 वर्ष की आयु में हुआ। यह जून, 1995 से जून, 2013 तक कतर के अमीर के रूप में शासन किया। इन्होंने आधुनिक कतर के निर्माण और देश को वैश्विक ऊर्जा शक्ति बनाने में मुख्य भूमिका निभाई। इनके निधन पर भारत सरकार ने 13 सितंबर, 2026 को पूरे देश में एक दिन का राजकीय शोक घोषित किया है।

### शापूर जादरान-

- यह अफगानिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज थे जिनका 39 वर्ष की उम्र में निधन हो गया।
- यह दुर्लभ बीमारी 'हेमोफागोसाइ टिकलिम्फोहिस्टियोसाइ टोसिस' से पीड़ित थे। इसमें इम्यून सिस्टम अत्यधिक सक्रिय होकर बोन मैरो और लिवर को नुकसान पहुंचाता है। इन्होंने वर्ष 2009 से 2020 के बीच 44 वनडे और 36 टी20 मैच खेले।

### सर गैरी सोबर्स-

- यह वेस्टइंडीज के पूर्व ऑलराउंडर थे जिनका 89 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। इन्होंने एक ओवर में 6 छक्के लगाने का पहला वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया था।

Samyak
An Institute For Civil Services
Join our Social Media Platforms
YouTube
Instagram
Telegram
Whatsapp
Samyak Civil Services
Samyak Civil Services
Samyak Civil Services
Samyak Civil Services

# महत्वपूर्ण दिवस

## राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस-2026

- आयोजन तिथि- प्रतिवर्ष 1 जुलाई
- विषय- "मुखौटे के पीछे- चिकित्सकों का उपचार कौन करता है?"
- उद्देश्य- समाज में डॉक्टरों के अमूल्य योगदान, उनकी सेवा भावना और समर्पण के प्रति आभार व्यक्त करना।
- प्रथम दिवस - वर्ष 1991 में
- **अन्य प्रमुख तथ्य-**
  - यह दिवस भारत के महान चिकित्सक, स्वतंत्रता सेनानी और पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. बिधान चंद्र रॉय की जयंती और पुण्यतिथि दोनों की स्मृति में मनाया जाता है।

## वस्तु एवं सेवा कर दिवस-2026

- आयोजन तिथि- प्रतिवर्ष 1 जुलाई
- उद्देश्य- भारत में अप्रत्यक्ष कर प्रणाली के क्षेत्र में हुए ऐतिहासिक कर सुधार की सफलता को रेखांकित करना।
- प्रथम दिवस- 1 जुलाई, 2018
- **वस्तु एवं सेवा कर (GST)-**
  - लागू- 1 जुलाई, 2017
  - यह एक व्यापक अप्रत्यक्ष कर है|
  - जीएसटी की मुख्य विशेषताएं-
    - गंतव्य आधारित कर
    - मल्टी-स्टेज टैक्स
    - कर स्लैब
  - जीएसटी के प्रकार
    - CGST (केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर)
    - SGST (राज्य वस्तु एवं सेवा कर)
    - IGST (एकीकृत वस्तु एवं सेवा कर)

## अंतर्राष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस-2026

- आयोजन तिथि- प्रतिवर्ष 3 जुलाई
- विषय- एकल-उपयोग प्लास्टिक से मुक्ति: एक स्थायी भविष्य की ओर
- उद्देश्य- प्लास्टिक बैगों के हानिकारक पर्यावरणीय प्रभावों के प्रति वैश्विक स्तर पर जागरूकता बढ़ाना।
- इस दिवस की शुरुआत वर्ष 2009 में 'जीरो वेस्ट यूरोप' नामक संस्था द्वारा एक पर्यावरण पहल के रूप में की गई थी, जिसे बाद में वैश्विक स्वीकार्यता मिली।
- **अन्य प्रमुख तथ्य-** भारत सरकार ने 1 जुलाई, 2022 से देश भर में चिन्हित एकल-उपयोग वाली प्लास्टिक वस्तुओं (SUP) के निर्माण, आयात, भंडारण, वितरण और बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लागू किया हुआ है।

## सहकारिता मंत्रालय का स्थापना दिवस-

- आयोजन तिथि- प्रतिवर्ष 6 जुलाई
- आयोजन स्थल- भारत मंडपम, नई दिल्ली
- अध्यक्षता- केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह
- यह सहकारिता मंत्रालय का 5वां स्थापना दिवस था|
- देश के कृषि और ग्रामीण विकास को नई गति देने के लिए वर्ष 2021 में एक पृथक सहकारिता मंत्रालय का गठन किया गया था।

## विश्व जूनोसिस दिवस-

- आयोजन तिथि- प्रतिवर्ष 6 जुलाई
- उद्देश्य- जानवरों से इंसानों में फैलने वाले संक्रामक रोगों के बारे में जागरूकता बढ़ाना।

## विश्व जनसंख्या दिवस-2026

- आयोजन तिथि- प्रतिवर्ष 11 जुलाई
- उद्देश्य- वैश्विक जनसंख्या वृद्धि और उससे जुड़ी चुनौतियों के प्रति दुनिया भर के लोगों को जागरूक करना।
- इस दिवस की स्थापना वर्ष 1989 में संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम की गवर्निंग काउंसिल द्वारा की गई थी और पहली बार यह आधिकारिक तौर पर 1990 में मनाया गया।
- **अन्य प्रमुख तथ्य-** इस दिवस को मनाने की प्रेरणा 11 जुलाई 1987 को 'फाइव बिलियन डे' से मिली थी।

## विश्व युवा कौशल दिवस-2026

- आयोजन तिथि- प्रतिवर्ष 15 जुलाई
- विषय- साझा भविष्य के लिए कौशल
- उद्देश्य- युवाओं को रोजगार, सम्मानजनक कार्य और उद्यमिता के लिए आवश्यक कौशलों से परिपूर्ण करना।
- पहली बार यह दिवस 15 जुलाई, 2015 को मनाया गया।

## विश्व शतरंज दिवस-2026

- आयोजन तिथि- प्रतिवर्ष 20 जुलाई
- उद्देश्य- शतरंज को बढ़ावा देना और इसे सभी उम्र के लोगों के बीच लोकप्रिय बनाना।
- यह दिन 1924 में पेरिस में अंतर्राष्ट्रीय शतरंज महासंघ (एफआईडीई) की स्थापना की स्मृति में मनाया जाता है।

## अंतर्राष्ट्रीय चंद्र दिवस-2026

- आयोजन तिथि- प्रतिवर्ष 20 जुलाई
- उद्देश्य- वैश्विक सहयोग, सतत चंद्र अन्वेषण और अंतरिक्ष अन्वेषण के प्रति जन जागरूकता को बढ़ावा देना।
- संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा वर्ष 2021 में इस दिवस को मनाये जाने की घोषणा की गयी थी।
- 20 जुलाई, 1969 को, नासा के अपोलो 11 मिशन में अंतरिक्ष यात्री नील आर्मस्ट्रांग और बज़ एल्ड्रिन चंद्रमा की सतह पर चलने वाले पहले इंसान बने था।

## राष्ट्रीय ध्वज ग्रहण दिवस-2026

- आयोजन तिथि- प्रतिवर्ष 22 जुलाई
- **राष्ट्रीय ध्वज-**
  - राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे में समान अनुपात में तीन क्षैतिज पट्टियां हैं- केसरिया रंग सबसे ऊपर, सफेद बीच में और हरा रंग सबसे नीचे है।
  - सफेद पट्टी के बीच में नीले रंग का चक्र है जिसमें 24 तीलियाँ हैं।
  - ध्वज की लंबाई-चौड़ाई का अनुपात 3:2 है।
  - भारत की संविधान सभा ने राष्ट्रीय ध्वज का प्रारूप 22 जुलाई, 1947 को अपनाया।

## अंतर्राष्ट्रीय मैंग्रोव पारिस्थितिकी तंत्र संरक्षण दिवस-2026

- आयोजन तिथि- प्रतिवर्ष 26 जुलाई
- उद्देश्य- मैंग्रोव के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उनके सतत संरक्षण को बढ़ावा देना।
- इस दिवस को पहली बार आधिकारिक रूप से 26 जुलाई, 2016 को मनाया गया।
- मैंग्रोव वन चक्रवातों, सूनामी और समुद्र के बढ़ते जलस्तर के खिलाफ एक प्राकृतिक तटीय रक्षा दीवार का काम करते हैं।
- भारत में पश्चिम बंगाल का 'सुंदरबन' दुनिया का सबसे बड़ा एकल ब्लॉक मैंग्रोव वन क्षेत्र है।
- भारत सरकार ने बजट में मैंग्रोव पौधारोपण के लिए 'मिश्ती' योजना की शुरुआत की है।

## कारगिल विजय दिवस-2026

- आयोजन तिथि- प्रतिवर्ष 26 जुलाई
- उद्देश्य- वर्ष 1999 के कारगिल युद्ध में पाकिस्तानी घुसपैठियों के खिलाफ भारतीय सशस्त्र बलों की ऐतिहासिक जीत का उत्सव मनाना।
- इस दिवस की 26 जुलाई, 2000 से इसकी औपचारिक शुरुआत की गई थी।
- **अन्य प्रमुख तथ्य-**
  - भारतीय सेना ने कारगिल की चोटियों को वापस पाने के लिए 'ऑपरेशन विजय' चलाया था।
  - यह युद्ध करीब 60 दिनों तक चला और 26 जुलाई 1999 को भारत की पूर्ण विजय के साथ समाप्त हुआ था।

## विश्व हेपेटाइटिस दिवस-2026

- आयोजन तिथि- प्रतिवर्ष 28 जुलाई
- उद्देश्य- हेपेटाइटिस रोग के बारे में वैश्विक जागरूकता बढ़ाना तथा इसके निदान, रोकथाम व टीकाकरण को बढ़ावा देना।
- विश्व स्वास्थ्य सभा द्वारा इसे वर्ष 2010 में वैश्विक मान्यता दी गई। इसे पहली बार आधिकारिक रूप से 28 जुलाई, 2011 को मनाया गया।
- **हेपेटाइटिस रोग-**
  - यह यकृत/लीवर की से संबंधित रोग है।
  - **हेपेटाइटिस के प्रकार-**

| प्रकार |
|---|
| हेपेटाइटिस-A |
| हेपेटाइटिस-B |
| हेपेटाइटिस-C |
| हेपेटाइटिस-D |
| हेपेटाइटिस-E |

  - **प्रमुख लक्षण**
    - पीलिया (त्वचा और आँखों का पीला पड़ना)
    - थकान और कमजोरी
    - पेट में दर्द या सूजन
    - भूख न लगना
    - गहरे रंग का पेशाब

## विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस-2026

- आयोजन तिथि- 28 जुलाई
- उद्देश्य- पर्यावरण के प्रति ज़िम्मेदारी और बेहतर जीवन शैली को बढ़ावा देना।

## अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस-2026

- आयोजन तिथि- प्रतिवर्ष 29 जुलाई
- विषय- स्वदेशी समुदायों और स्थानीय समुदायों को केंद्र में रखकर बाघों का भविष्य सुरक्षित करना|
- उद्देश्य- वैश्विक स्तर पर बाघों के प्राकृतिक आवासों के संरक्षण के प्रयासों को सामूहिक समर्थन देना।
- इस दिवस की स्थापना वर्ष 2010 में रूस में आयोजित 'सेंट पीटर्सबर्ग टाइगर समिट' में की गई थी। सेंट पीटर्सबर्ग शिखर सम्मेलन (2010) में भाग लेने वाले देशों ने वर्ष 2022 तक जंगली बाघों की आबादी को दोगुना करने का लक्ष्य रखा था।
- **प्रोजेक्ट टाइगर-**
  - यह भारत सरकार की केंद्रीय प्रायोजित योजना है।

- इसे पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा लागू किया जाता है।
- इस योजना का उद्देश्य बाघों की आबादी को उनके प्राकृतिक आवासों में सुरक्षित रखना है।
- राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) की रिपोर्ट-2023 के अनुसार 'प्रोजेक्ट टाइगर' के तहत 18 बाघ-रेंज वाले राज्यों में 58 बाघ अभ्यारण्य का एक नेटवर्क स्थापित किया गया है।

- **ग्लोबल टाइगर फ़ोरम (जीटीएफ)-**
  - यह अंतर-सरकारी संगठन है जो पूरी तरह से बाघों के संरक्षण के लिए समर्पित है।
  - मुख्यालय- नई दिल्ली
  - सदस्य- 13 देश (बांग्लादेश, भूटान, कंबोडिया, चीन, भारत, इंडोनेशिया, लाओ पीडीआर, मलेशिया, म्यांमार, नेपाल, रूस, थाईलैंड और वियतनाम)
  - यह फ़ोरम बाघों, उनके शिकार और उनके प्राकृतिक आवासों के संरक्षण के लिए एक साझा तरीका अपनाता है।
- 'ऑल इंडिया टाइगर एस्टीमेशन' रिपोर्ट के अनुसार, वर्तमान में दुनिया के लगभग 70 से 75 प्रतिशत जंगली बाघ भारत में निवास करते हैं।

## अंतर्राष्ट्रीय मित्रता दिवस-2026

- आयोजन तिथि- प्रतिवर्ष 30 जुलाई
- अंतर्राष्ट्रीय मित्रता दिवस की घोषणा- वर्ष 2011 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा
- उद्देश्य- वैश्विक स्तर पर संस्कृतियों और समुदायों के बीच भाईचारे को बढ़ावा देना।

## मानव तस्करी के खिलाफ विश्व दिवस-2026

- आयोजन तिथि- 30 जुलाई
- विषय- Trapped behind the scam
- उद्देश्य- मानव तस्करी के बारे में जागरूकता बढ़ाना और पीड़ितों के अधिकारों की रक्षा का समर्थन करना।

# विविध

## राष्ट्रपति कार्यकाल के चार साल पूरे होने पर पांच स्मृति पुस्तकें जारी-

- 28 जुलाई, 2026 को भारत के उपराष्ट्रपति ने भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु के कार्यकाल के चार साल पूरे होने के उपलक्ष्य में पांच स्मृति पुस्तकों के पहले सेट का विमोचन किया और राष्ट्रपति को भेंट किया।
- **चार पुस्तकें-**
  1. राष्ट्रपति भवन- राष्ट्र का भवन
  2. सेवा और संवेदना
  3. समावेशी सहभागिता
  4. भारतीयता का उत्सव
- ये किताबें सूचना और प्रसारण मंत्रालय के प्रकाशन विभाग द्वारा प्रकाशित की गई हैं।

## आमा राष्ट्रपति आमा गौरव पुस्तक-

- 28 जुलाई, 2026 को ओडिया भाषा में लिखित किताब 'आमा राष्ट्रपति आमा गौरव' जारी की गई।
- यह किताब भारत की राष्ट्रपति पर लिखे लेखों का संग्रह है।

## "द वॉयस ऑफ जस्टिस- जस्टिस गवई स्पीक्स" पुस्तक -

- संपादित- प्रो. एस. शिवकुमार
- विमोचक- उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन्
- इस पुस्तक में भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति बी.आर. गवई के भाषणों, व्याख्यानों और विचारों का संकलन प्रस्तुत किया गया है।

## पश्चिमी घाट में एलोग्राफा की पांच नई प्रजातियों की खोज-

- पुणे स्थित एमएसीएस-अगरकर अनुसंधान संस्थान के शोधकर्ताओं ने ग्राफिडेसी परिवार के एलोग्राफा जीनस से संबंधित कवक/लाइकेन की पाँच नई प्रजातियों की खोज की है।
- यहाँ खोजी गयी प्रजातियाँ निम्न है-
  1. एलोग्राफा केरलेन्सिस
  2. एलोग्राफा नायकाए
  3. एलोग्राफा पैराकॉन्सैंग्विनिया
  4. एलोग्राफा पर्सिस्टेन्सपर्सा
  5. एलोग्राफा सेमीकार्बोनिस्टा
- एलोग्राफा- यह लाइकेन बनाने वाले कवकों का एक वंश है।

## त्शेरिंग चोडेन-

- यह सिक्किम की पर्वतारोही है।
- इन्होंने हाल ही में रूस की माउंट एल्बुस पर चढ़ाई की है।

## तेगबीर सिंह-

- यह रोपड़ (पंजाब) निवासी पर्वतारोही है। इन्होनें 7 साल 10 महीने की उम्र में हिमाचल प्रदेश में स्थित माउंट यूनम (6,111 मीटर) की चढ़ाई की है।
- यह माउंट यूनम की चढ़ाई करने वाले दुनिया के सबसे कम उम्र के पर्वतारोही बन गए हैं।

**विविध तथ्य-** यूलिया स्विरिडेन्को- यह यूक्रेन की प्रधानमंत्री थी जिन्होंने हाल ही में अपने पद से इस्तीफा दे दिया।





डॉ॰ हेमेन्द्र कुमार सिंह

# प्राचीन भारत में विज्ञान

भारत में वैज्ञानिक अनुसंधान और आविष्कारों की परंपरा आदिकाल से चली आ रही है। जिस समय यूरोप में घुमक्कड़ जनजातियाँ बस रही थीं उस समय सिंधुघाटी के लोग सुनयोजित नगर बसाकर रहते थे । मोहन_ जोदड़ों हड़प्पा कालीबंगा , लोथल, चन्हूदड़ों बनावली, सुरकोटडा आदि स्थानों पर हुई खुदाई में मिले नगरों के खंडहर इसके प्रत्यक्ष प्रमाण हैं। इन नगरों के भवन, सड़क नालियाँ, स्नानागार,अनाज के कोठार आदि पक्की ईंटों से बने थे यहाँ के निवासी जहाजों द्वारा विदेशों से व्यापार करते थे। माप-तौल का ज्ञान उन्हें था। परिवहन के लिए बैलगाडी का उपयोग होता था। कृषि उन्नत अवस्था में थी। वे काँसे का उपयोग करते थे । काँसे के बने हथियार और औजार इसका प्रमाण है। सुनार सोने , चाँदी और बहुमूल्य रत्नों के आभूषण बनाते थे । इसका अर्थ यह हुआ कि ये लोग खनन विद्या में पारंगत थे।कठोर रत्नों को काटने , गढ़ने, छेद करने के लिए उनके पास उन्नत कोटि के उपकरण थे। ये लोग ऊनी और सूती वस्त्र बनाना जानते थे।वैदिक काल के लोग खगोल विज्ञान का अच्छा ज्ञान रखते थे। वैदिक भारतीयों को नक्षत्रों का ज्ञान था। वे वर्ष ,महीनों और दिनों के रूप में समय के विभाजन से परिचित थे । 'लगध' नाम के ऋषि ने ज्योतिष वेदांग' में तत्कालीन खगोलीय ज्ञान को व्यवस्थित कर दिया था। गणित और ज्यामिति का वैदिक युग की विशिष्ट उपलब्धि चिकित्सा के क्षेत्र में थी। मानव शरीर के सूक्ष्म अध्ययन के लिए वे शव विच्छेदन(पोस्ट मार्टम) प्रक्रिया का कुशलता से उपयोग करते थे। प्राकृतिक जड़ी-बूटियों और उनके औषधीय गुणों के बारे में लोगों को विशद् ज्ञान था। तत्कालीन चिकित्सक स्नायुतंत्र और सुषुम्ना (रीढ़ की हड्डी) के महत्त्व से भली-भाँति परिचित थे।

आयुर्वेद चिकित्सा-पद्दति का बहुतायत में उपयोग होता था। आवश्यकता पड़ने पर शल्य-चिकित्सा भी की जाती थी। बाद में तो अरबों तथा यूनानियों ने भी शल्य-चिकित्सा को अपनाया। फिर तो रोम साम्राज्य में भारतीय जड़ी-बूटियों की भी माँग चिकित्सा के क्षेत्र में होने लगी। उसी समय वनस्पतियों और जंतुओं के बाह्य तथा आंतरिक संरचनाओ के अध्ययन भी किए गए। कृषि के क्षेत्र में मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने के लिए फसल चक्र की पद्धति तब भी अपनाई जाती थी।

गणित एवं ज्योतिष का ज्ञान प्राचीन काल से ही मानव के लिए महत्वपूर्ण रहा है । प्राचीन काल में यज्ञ लंबे समय तक चलते थे। इसलिए यह जानना आवश्यक था की वर्ष में कितने दिन होते है वर्ष कब आरंभ और कब समाप्त होता है। इसलिए गणित एवं ज्योतिष का विकास हुआ। लेकिन इसका जितना विकास भारत में हुआ उतना शायद किसी देश में नहीं हुआ होगा । इसका कारण वैदिक आराधना में मुख्य स्थान यज्ञों का था । नक्षत्र ,तिथि , पक्ष, मास, ऋतु तथा संवत्सर के ज्ञान के बिना यज्ञ का पूर्ण निर्वहन नहीं हो सकता था । इसलिए वैदिक आर्यों को गणित एवं ज्योतिष का ज्ञान विशेष रूप से रखना पड़ता था । यद्यपि वैदिक स्रोतों का मुख्य उद्देश्य स्रष्टा की महिमा का वर्णन और मानव की गहरी धर्मानुभूति की अभिव्यक्ति थी।,फिर भी प्रकृति ,पदार्थ , जगत , ग्रह , नक्षत्र आदि के बारे में ऋषियों का वैज्ञानिक द्रष्टिकोण दिखाई देता है ।

## बौधायन :

बौधायन पहले विद्वान थे जिन्होंने गणित की कई अवधारणाओं को स्पष्ट किया जो बाद में पश्चिमी दुनिया द्वारा पुनः खोजी गयी। 'पाई' के मूल्य की गणना भी उन्हीं के द्वारा की गई। पाई वृत्त के क्षेत्रफल और परिधि को निकालने में प्रयुक्त होती है। जो आज पाइथोगोरस प्रमें य के नाम से जानी जाती है वह बौधायन के शुल्व सूत्रों में पहले से ही विद्यमान है, जो पाइथोव्र गोरस से कई वर्ष पूर्व लिखे गये थे।

## कणाद :

कणाद, छः भारतीय दार्शनिकों में से एक वैशेषिक दर्शन के प्रणेता थे। इनका वास्तविक नाम औलूक्य था। बचपन से ही वे बहुत सूक्ष्म कणों में रुचि रखने लगे थे। अतः उनका नाम कणाद पड़ गया। उनके आणविक सिद्धांत किसी भी आधुनिक आणविक सिद्धांत से में ल खाते हैं। कणाद के अनुसार, यह भौतिक विश्व कणों (अणु/एटम) से बना है जिसको मानवीय नेत्रों से नहीं देखा जा सकता। इनका पुनः विखण्डन नहीं किया जा सकता। अतः न इनको विभाजित किया जा सकता है न ही इनका विनाश हो सकता है। निस्संदेह यह वही तथ्य है जो आधुनिक आणविक सिद्धांत भी बताता है।

## महावीराचार्य:

जैन साहित्य में (ई.पू. 500 से 100 शताब्दी तक) गणित का व्यापक वर्णन है। जैन गुरुओं को द्विघाती समीकरणों को हल करना आता था। उन्होंने, भिन्न, बीजगणितीय समीकरण, श्रृंखलाएं, सेट सिद्धांत , लघुगणित( legarithms) घातांक (exponents) आदि को बड़ी रोचक विधि से समझाया। जैन गुरु महावीराचार्य ने 850 (ई.) में गणित सार संग्रह लिखा, जो आधुनिक विधि में  लिखी गई पहली गणित की पुस्तक है। दी गई संख्याओं का लघुतम निकालने का आधुनिक तरीका भी उनके द्वारा वर्णित किया गया है।

## भास्कराचार्य (1114-1185):




करणकौतूहल: खगोल विज्ञान पर आधारित इनका दूसरा मुख्य ग्रंथ।

## आर्यभट्ट :

प्राचीन भारत के सर्वश्रेष्ठ गणितज्ञ  एवं ज्योतिष थे । जो पांचवी शताब्दी ईस्वी के सिद्धांत ज्योतिष के अग्रणी विद्वान माने जाते है । इनका ज्ञान स्पष्ट गणितिय पद्दति पर आधारित है । गुप्त काल तक गणित विद्या ज्योतिष का अभिन्न अंग बन गई , इसलिए गणित के समन्वय से ज्योतिष विद्या में  अभूतपूर्व विकास हुआ और ग्रह नक्षत्रो की गति व स्थति के बारे में  स्पष्ट एवं त्रुटिहीन निर्णय लेना संभव हुआ आर्यभट्ट द्वारा प्रतिपादित सिद्धांत में  ज्योतिष के क्षेत्र में  परंपरा अनुसार 18 नाम मिलते है । सूर्य , पितामह , व्यास , वशिष्ठ , अत्री , पाराशर , कश्यप , नारद , गर्ग , मरीचि, मनु , अंगिरा, लोमश , पौलिश, पवन , भृगु तथा शौनक इन ज्योतिष शास्त्रियों में  अधिकाश के ग्रंथ अब उपलब्ध नहीं हैं।

आर्यभट्ट के ग्रंथ आर्यभट्टीय के दूसरे अध्याय की प्रथम आर्या के एक शलोक से ग्रंथ का निर्माण स्थान कुसुमपुर सिद्ध होता है आर्यभट्ट का जन्म 476 ईस्वी मे हुआ था । 23 वर्ष  की उम्रमें  अपना प्रसिद्ध ग्रंथ आर्यभट्टीय का प्रणयन किया । आर्यभट्ट के पाश्चातकालीन आचार्यों – वराहमिहिर ,व्रहम्गुप्त  आदि के कथनों से स्पष्ट होता है इन्होंने एक और ग्रंथ की रचना की जो  ध्रुवाड़क् आर्यभट्टीय के ध्रुवणाक से कुछ भिन्न थे । अपने प्रथम् ग्रंथ मे आर्यभट्ट ने युग का आरंभ आधी रात से और युग मे सावन दिनों की संख्या 300 से अधिक मानी गई थी। जबकि दुसरे ग्रंथ में  युग का आरंभ सूर्योदय से माना जाता है । पहली गणना को अर्धरात्रिक और दूसरी को औदयिक गणना कहते हैं।



## ब्रह्मगुप्त :

इनका जन्म भीनमाल (राजस्थान ) में 573 ई . में हुआ। सातवीं शताब्दी से ब्रह्मगुप्त ने गणित को अन्य वैज्ञानिकों की अपेक्षा कहीं अधिक ऊंचाइयों पर पहुंचा दिया। उन्होंने अपने गुणन की विधियों में स्थान का मूल्य उसी प्रकार निर्धारित किया जैसा कि आजकल किया जाता है। उन्होंने प्रेणात्मक संख्याओं का भी परिचय दिया और गणित में शून्य पर अनेक प्रक्रियाएं सीखी। उन्होंने ब्रह्मस्फुटसिद्धान्त लिखा जिसके माध्यम से अरब हमारी गणितीय व्यवस्थाओं से परिचित हो सके। इनके द्वारा लिखा दूसरा ग्रंथ खण्ड-खाद्यक था।

## वराहमिहिर :

वराहमिहिर अवन्ती (उज्जयिनी) के निवासी थे इनके पिता का नाम आदित्यदास था। पिता ही इनके विध्यागुरु थे । वराहमिहिर सूर्य भक्त थे, इन्होंने मुख्यतः चार ग्रंथों की रचना की -

1 पंचसिद्धांतिका
2. वृहज्जातक
3. वृहद्यात्रा तथा वृहद्विवाहपटलयात्रा
4. वृहत्संहिता।

इनमें पंचसिद्धांतिका सर्वाधिक प्रसिद्ध है।



## नागार्जुन

नागार्जुन दसवीं शताब्दी के वैज्ञानिक थे। उनके परीक्षणों का प्रमख उद्देश्य था मूल धातुओं को सोने में बदलना जैसाकि पश्चिमी दुनिया में कीमियागर करते थे। यद्यपि वह अपने उद्देश्य में सफल नहीं हुआ फिर भी वह एक ऐसा तत्त्व बनाने में सफल हुआ जिसमें सोने जैसी चमक थी। आज तक यही तकनीक नकली जेवर बनाने के काम आती है। अपने ग्रंथ रसरत्नाकर में उन्होंने सोना, चांदी, टीन और तांबा निकालने का विस्तार से वर्णन किया है।

## चिकित्सा विज्ञान

ऋग्वेद में आयुर्वेद के जन्मदाता दिवोंदास,भारद्वाज और अश्वनीकुमार आदि आचार्यों का उल्लेख मिलता है। यह माना जाता है कि आयुर्वेद विज्ञान के प्रथम प्रवर्तक ब्रह्मा थे। उनसे यह ज्ञान प्रजापति ने सीखा,प्रजापति से अश्वनीकुमार और अश्वनीकुमार से इन्द्र ने और इन्द्र से महर्षि भारद्वाज ने सिखा इसी वैधक परंपरा में चरक का नाम आता है। जिन्होंने चरक संहिता का प्रणयन किया था। यह उपलब्ध ग्रंथों में सबसे प्राचीन है। चरक के बाद सुश्रुत हुए जिनका ग्रंथ सुश्रुत संहिता शल्य चिकित्सा का प्रधान ग्रंथ है।

### चरक :

अधिकांश विद्वान चरक को कनिष्क का राजवैद्ध मानते हैं। इनकें द्वारा संस्कृत भाषा में चरक संहिता नामक आयुर्वेद ग्रंथ लिखा गया यह ग्रंथ गद्य और पद्य दोनों शैलियों में हैं। लेकिन इसकी आज मूल कृति उपलब्ध नहीं हैं चरक से पूर्वे आयुर्वेद पर आत्रेय के छह शिष्यों ने अपने ग्रंथ लिखे इन छह ग्रंथों में अग्निवेश का ग्रंथ सबसे महत्वपूर्ण माना गया है। चरक ने इस ग्रंथ का अधय्यन किया तथा उसमें नवीन सिद्धांतों का समावेश कर चरक संहिता का प्रणयन किया। कालांतर में कश्मीरी वैद्य द्रणबल ने चरक संहिता के नाम से अपना ग्रंथ लिखा।






## शुश्रुत :

शुश्रुत चरक के बाद हुए शुश्रुत के ग्रंथ शुश्रुत संहिता पर बौद्द प्रभाव दिखाई देता है, शुश्रुत संहिता में नाक की प्लास्टिक सर्जरी (नासिकासंधान ) का वर्णन मिलता है। सुश्रुत संहिता में प्रायः 1100 से भी अधिक बीमारियों का वर्णन है जिनमें 26 प्रकार के मूत्र -रोग दिए गए हैं। 760 से भी अधिक जड़ीबूटियों का वर्णन किया गया है। पौधें की जड़ें, छाल, रस, फूल आदि सभी का प्रयोग किया जाता था। दालचीनी, तिल, काली मिर्च, इलायची, अदरक आदि आज भी घरेलू औषधियों के रूप में प्रयोग की जाती हैं। सुश्रुत संहिता में विस्तृत अध्ययन के लिए किसी शव को चुनने और सुरक्षित रखने की भी विधियां बताई गई है। किसी वृद्ध मनुष्य का शरीर या जो किसी भयंकर बीमारी से मृत्यु को प्राप्त हुआ हो, उसका शरीर मुख्यतः अध्ययन के लिए नहीं चुना जाता था। शव को पहले पूरी तरह साफ करके फिर पेड़ की छाल में सुरक्षित रखा जाता था। फिर इसे एक पिंजरे में बंद करके नदी में किसी स्थान पर सावधानीपूर्वक छुपा दिया जाता था। नदी के जल के प्रवाह से शरीर नरम पड़ जाता था। सात दिन के बाद फिर इसे नदी से निकालते थे। तदुपरान्त घास की जड़ों, बालों और बांस की तीलियों से बने ब्रश से इसे साफ करते थे। ऐसा करने के पश्चात् शरीर के अंदर और बाहर के अंग साफ नजर आने लगते थे। सुश्रुत का सबसे बड़ा योगदान सुनम्य चिकित्सा (प्लास्टिक सर्जरी) और आंखों के आपरेशन (मोतियाबिंद निकालना) के क्षेत्र में हुआ। उस समय में नाक या कान काटना एक सामान्य दण्ड था। इन अंगों का लगाना या युद्ध में कटे अंगों का जोड़ना किसी वरदान से कम न था। सुश्रुत संहिता में इन शल्यक्रियाओं का क्रमशः बहुत शुद्ध विवरण दिया गया है। इसमें अनेक शल्य क्रिया की विधि बताई है, जैसे सीजरीयन (माँ के गर्भ से बच्चे को निकालना )कहा जाता ,रोमन शासक सीजर इसी प्रकार पैदा हुआ था। इसने आँखों से मोतियाबिंद निकालना, मूत्राशय से पथरी निकालना आदि शल्य क्रिया का वर्णन किया गया है।

शुश्रुत ने अपने इस ग्रंथ में 120 प्रकार के शल्य यंत्र तथा शल्य क्रिया के 300 विधियों का वर्णन किया है।


सुश्रुत संहिता
आयुर्वेद का शल्य चिकित्सा ग्रंथ
सुश्रुत संहिता आयुर्वेद का प्रमुख शल्य चिकित्सा ग्रंथ है। इसे 6 स्थानों (भागों) में विभक्त किया गया है। सम्पूर्ण संहिता में 184 अध्याय हैं। इसमें शल्यकर्म के यंत्रों, सिद्धांतों और प्रशिक्षण का विस्तृत वर्णन मिलता है। अरबी भाषा में इसका अनुवाद 'किताब ए सुश्रुत' नाम से किया गया।
सुश्रुत संहिता
सुश्रुत संहिता के छह स्थान (विभाग)
1 सूत्र स्थान (46 अध्याय)
– शल्यकर्म के मूलभूत सिद्धांत, शल्यकर्म के यंत्र व शस्त्र, शल्यकर्म का प्रशिक्षण आदि का विस्तृत विवरण
2 निदान स्थान (16 अध्याय)
– भगन्दर, त्वचा रोग, उदर रोग, मुख रोग, दांत रोग आदि से संबंधित विकृतियों की जानकारी
3 शरीर स्थान (16 अध्याय)
– जीवन की उत्पत्ति, गर्भधारण व गर्भ विकास, गर्भिणी स्त्री और नवजात शिशु की देखभाल का विस्तृत वर्णन
4 चिकित्सा स्थान (40 अध्याय)
– विविध प्रकार के वणों (जख्मों) का वर्णन और उनका उपचार
5 कल्प स्थान (8 अध्याग)
– विभिन्न प्रकार के विषों, उनके प्रभाव, प्राथमिक चिकित्सा तथा लंबे उपचार की जानकारी
6 उत्तर तंत्र (66 अध्याय)
– सबसे बड़ा भाग। नेत्र, कर्ण, नासिका, पांडु, उन्माद, मिर्गी आदि की विस्तृत जानकारी
शल्य कर्म के प्रमुख यंत्र
• स्वास्तिक यंत्र – 34 प्रकार (जिनमें 9 जंगली जानवरों के मुख के आकार के जैसे सिंहमुख, व्याघ्र मुख; 25 पक्षियों की मुखाकृति जैसे काकमुख आदि)
• संदंश यंत्र – वर्तमान संडासियों के समान, त्वचा, मांस, स्नायु आदि खींचकर निकालने के लिए
• शलाका यंत्र – 28 प्रकार की सलाइयों (प्रोब्स)
महत्व
– प्राचीन भारतीय शल्य चिकित्सा का आधार स्तंभ, आधुनिक सर्जरी से सदियों पहले सटीक शल्य प्रक्रियाएँ
विशेषताएँ
– शल्य यंत्रों का वैज्ञानिक वर्गीकरण, व्रण चिकित्सा, विष विज्ञान, नेत्र-कर्ण-नासिका चिकित्सा, गर्भ व शिशु देखभाल
वैश्विक विरासत
– अरबी में 'किताब ए सुश्रुत' के रूप में अनूदित; विश्व की सर्जरी पर गहरा प्रभाव
"शल्यं शल्येन शोधयेत्, तत् कर्म कुशलं भवेत्।" – सुश्रुत संहिता
Grok

## योग और पतंजलि:

आयुर्वेद से संवद्ध एक अन्य विज्ञान प्राचीन भारत में विकसित हुआ जिसे योग कहते हैं और जिसके द्वारा औषधि के बिना ही शारीरिक और मानसिक धरातल पर चिकित्सा की जाती है। योग शब्द संस्कृत के योक्त शब्द से बना है इसका शाब्दिक अर्थ है मन को आत्मा के साथ जोड़ना और बाहरी इन्द्रियों के विषयों से विरक्त करना। अन्य विज्ञानों और मनुष्य की चेतना को पवित्र करके एक संतुलन की स्थिति को पैदा करना। योग वह शक्ति है जो चेतना को पवित्र करके दिव्य अनुभूति के स्तर तक पहुंचाती है। योग शारीरिक भी है और मानसिक भी। शारीरिक योग हठयोग कहलाता है। सामान्यतः इसका उद्देश्य होता है बीमारियों को दूर करना और शरीर को स्वास्थ्य प्रदान करना। राजयोग मानसिक योग है। इसका उद्देश्य है आत्म प्राप्ति और शारीरिक, मानसिक भावनात्मक और आध्यात्मिक संतुलन के द्वारा बंधनो से मुक्ति।

योग एक ऋषि से दूसरे ऋषि तक मौखिक रूप से पहुंचा। इस विज्ञान को सुव्यवस्थित रूप में प्रस्तुत करने का श्रेय पतंजलि को जाता है। पतंजलि के योग सूत्रों में ¬ ईश्वर का प्रतीक बताया गया है। वह ॐ को एक अंतरिक्षीय ध्वनि बताता है जो हर समय आकाश में निरंतर व्याप्त रहती है योग सूत्रों के अतिरिक्त पतंजलि ने एक ग्रंथ औषधिज्ञान परभी लिखा और पाणिनि के व्याकरण पर भाष्य लिखा जो महाभाष्य के नाम से प्रसिद्ध है।



# समसामयिकी पत्रिका टेस्ट : (अगस्त- 2026)

**कुल प्रश्न : 100** **अंक : 200**

**1. एचपीसीएल-राजस्थान रिफाइनरी लिमिटेड के सन्दर्भ में निम्नलिखित कथन/कथनों पर विचार कीजिए और सत्य कथन/कथनों की पहचान कीजिए।**

1. एनपीसीएल और राजस्थान सरकार का संयुक्त उपक्रम है।
2. इसमें ₹79,459 करोड़ का वित्तीय निवेश किया गया था।
3. यह भारत की प्रथम ग्रीनफील्ड एकीकृत रिफाइनरी-सह-पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स है।

**कूटः**

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

**2. मोबाइल फोन विनिर्माण योजना के सन्दर्भ में निम्नलिखित कथन/कथनों पर विचार कीजिए और असत्य कथन/कथनों की पहचान कीजिए।**

1. इसे योजना को 15 जुलाई, 2026 को मंजूरी प्रदान की गयी।
2. इसका कुल बजटीय परिव्यय ₹61,500 करोड़ है।
3. इस योजना की अवधि वित्तीय वर्ष 2026-27 से वित्तीय वर्ष 2030-31 तक है।

कूट:

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2
(c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

**3. भारत औद्योगिक विकास योजना रसायन (भव्य रसायन) में निर्मित होने वाले पार्क का क्षेत्रफल कितना अनिवार्य किया गया है-**

(a) न्यूनतम 5 वर्ग किलोमीटर का निर्बाध भूमि क्षेत्र
(b) न्यूनतम 11 वर्ग किलोमीटर का निर्बाध भूमि क्षेत्र
(c) न्यूनतम 2 वर्ग किलोमीटर का निर्बाध भूमि क्षेत्र
(d) न्यूनतम 8 वर्ग किलोमीटर का निर्बाध भूमि क्षेत्र

**4. कॉमनवेल्थ गेम्स-2026 के सन्दर्भ में निम्नलिखित युग्मों में से असत्य युग्म है-**

1. संस्करण- 21वां संस्करण
2. आयोजन तिथि- 23 जुलाई से 2 अगस्त
3. शुभंकर- फिन्नी

कूट:

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) केवल 3 (d) 1, 2 और 3

**5. भारत टेक्स-2026 के सन्दर्भ में निम्नलिखित कथन/कथनों पर विचार कीजिए और सत्य कथन/कथनों की पहचान कीजिए।**

1. इसका आयोजन लुधियाना में किया गया था।
2. इसका उद्देश्य भारत को टेक्सटाइल हब के रूप में स्थापित करना था।
3. यह भारत का सबसे बड़ा वैश्विक वस्त्र आयोजन है।

कूट:

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

**6. भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), हैदराबाद में आयोजित ब्रिक्स विज्ञान अकादमियों फोरम बैठक-2026 की अध्यक्षता किसके द्वारा की गयी थी-**

(a) किशोर मांडे (b) नंदन निलेकणी
(c) शेखर मांडे (d) पियूष गोयल

**7. "इन्होंने हाल ही में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री के रूप में पदभार ग्रहण किया है। यह ब्रिटेन की लेबर पार्टी के नेता है।" यह है-**

(a) ऋषि सुनक (b) लुकिया बर्नहैम
(c) एंडी बर्नहैम (d) एंडी आहिना

**8. हाल ही में सुर्ख़ियों में रही एस. जानकी अम्मा के सन्दर्भ में निम्नलिखित कथन/कथनों पर विचार कीजिए और सत्य कथन/कथनों की पहचान कीजिए।**

1. यह भारतीय पार्श्व गायिका थी
2. इन्हें "भारत की कोकिला" कहा जाता था।
3. इन्हें चार राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार प्राप्त हुए है।

कूट:

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

**9. अंतर्राष्ट्रीय मैंग्रोव पारिस्थितिकी तंत्र संरक्षण दिवस-2026 का आयोजन प्रतिवर्ष किस तिथि को किया जाता है?**

(a) प्रतिवर्ष 21 जुलाई (b) प्रतिवर्ष 26 जुलाई
(c) प्रतिवर्ष 23 जुलाई (d) प्रतिवर्ष 28 जुलाई

**10. 28 जुलाई, 2026 को भारत के उपराष्ट्रपति ने भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु के कार्यकाल के चार साल पूरे होने के उपलक्ष्य में कितनी स्मृति पुस्तकों के पहले सेट का विमोचन किया है-**

(a) पांच स्मृति पुस्तक (b) तीन स्मृति पुस्तक

(c) सात स्मृति पुस्तक (d) दो स्मृति पुस्तक

**11. 67वां अंतरराष्ट्रीय गणित विज्ञान ओलम्पियाड में भारत ने ----- जीते है-**

(a) 2 स्वर्ण और 4 रजत पदक (b) 2 स्वर्ण और 3 रजत पदक

(c) 4 स्वर्ण और 2 रजत पदक (d) 3 स्वर्ण और 4 रजत पदक

**12. भारतीय मूल के अनिल मेनन ने 14 जुलाई, 2026 को रूस के किस अंतरिक्ष यान से अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए उड़ान भरी?**

(a) सोयुज एमएस-21 अंतरिक्ष यान से

(b) सोयुज एमएस-31 अंतरिक्ष यान से

(c) सोयुज एमएस-29 अंतरिक्ष यान से

(d) सोयुज एमएस-27 अंतरिक्ष यान से

**13. भारत का पहला प्राइवेट ऑर्बिटल रॉकेट विक्रम-1 सफलता पूर्वक किसके द्वारा लॉन्च किया गया है-**

(a) कॉसमॉस एयरोस्पेस (b) स्काईरूट एयरोस्पेस

(c) स्टार एयरोस्पेस (d) त्रिशूल एयरोस्पेस

**14. स्वदेशी गोताखोरी सहायता पोत 'निपुण' को किसके द्वारा निर्मित किया गया है?**

(a) मुंबई शिपयार्ड लिमिटेड द्वारा

(b) कोच्ची शिपयार्ड लिमिटेड द्वारा

(c) गोवा शिपयार्ड लिमिटेड द्वारा

(d) हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड द्वारा

**15. आईएनएस-महेंद्रगिरि के सन्दर्भ में निम्नलिखित कथन/कथनों पर विचार कीजिए और सत्य कथन/कथनों की पहचान कीजिए।**

1. इसका डिजाइन वॉरशिप डिजाइन ब्यूरो द्वारा किया गया।
2. इसका निर्माण मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड, मुंबई द्वारा किया गया।
3. इसका नामकरण पूर्वी घाट की 'महेंद्रगिरि' पर्वत श्रृंखला के नाम पर रखा गया।

कूट:

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

सम्पूर्ण टेस्ट पेपर देने के लिए SAMYAK एप डाउनलोड करे---

QR Code


Samyak
An Institute For Civil Services
RAS-2024 RESULT
सम्यक् मार्गदर्शन सर्वश्रेष्ठ परिणाम
RANK 2 Virendra Charan
RANK 3 Navneet Sharma
RANK 4 Ravindra Singh
RANK 5 Vikash Siyag
RANK 6 Aishwarya Kanwar
RANK 7 Dinesh
RANK 9 Bhoopender Singh
07 RANKS in TOP 10
56 RANKS in TOP 100
690+ SELECTION in RAS-2024
IAS RAS
FOUNDATION &
क्लास 12th के बाद ग्रेजुएशन के साथ
2 & 3 वर्षीय कोर्स
PSI
PAPER 1st & PAPER 2nd
COURSE FEATURE
विषय विशेषज्ञों द्वारा क्लासेज
प्रिंटेड बुकलेट्स / ई-नोट्स*
टेस्ट सीरीज
पर्सनल मेंटरशिप
लाइब्रेरी सुविधा*
ऑफलाइन के साथ ऑनलाइन कोर्स निःशुल्क
Offline & Online Separate Batches For Hindi & English Medium
HEAD OFFICE: NEAR RIDDHI - SIDDHI, JAIPUR 9875170111


सम्यक् मार्गदर्शन = सर्वश्रेष्ठ परिणाम
RAS 2024 में TOP 10 में 7, TOP 100 में 56, सहित 690+ चयन
सभी सफल प्रतिभाओं को हार्दिक बधाई!
RANK 2 VIRENDRA CHARAN
RANK 3 NAVNEET SHARMA
RANK 4 RAVINDRA SINGH
RANK 5 VIKASH SIYAG
RANK 6 AISHWARYA KANWAR
RANK 7 DINESH
RANK 9 BHOOPENDER SINGH
RANK 12 KULDEEP SHARMA
RANK 13 KAILASH KUMAR
RANK 16 KAILASH RANWA
RANK 18 UMANG RAWAL
RANK 23 SAHDEV BIDADA
RANK 24 PARAMVEER SINGH
RANK 25 SWAROOP SINGH
RANK 26 AANCHAL NAGPAL
RANK 27 MAMTA LIMBA
RANK 28 ARIHANT JAIN
RANK 29 SIMRAN SHEKHAWAT
RANK 30 VINAY MOHAN
RANK 31 ANSHIKA AGARWAL
RANK 33 LOKENDRA SINGH
RANK 34 VIKAS CHOUDHARY
RANK 35 SANJU
RANK 36 KRISHANPAL SHEKHAWAT
RANK 43 JITENDRA
RANK 45 AMAR SINGH RATHORE
RANK 46 MANASVINI VERMA
RANK 48 TULSI
RANK 49 RAMAVTAR MUNDEL
RANK 50 DHARMRAJ SINGH RAO
RANK 52 BHOOMIKA TRIVEDI
RANK 55 RONAK
RANK 57 POONAM
RANK 58 SACHIN AGRAWAL
RANK 59 PARUL CHOUDHARY
RANK 61 KAMLESH KR SHARMA
RANK 65 ARIMARDAN CHAUHAN
RANK 66 UNNAT KISHOR RAJORA
RANK 70 KRITIKA GAUR
RANK 71 URMILA VISHNOI
RANK 73 JAYESH PRAJAPAT
RANK 74 MAHENDRA DAN
RANK 76 SIDDHARTH DHAKAD
RANK 77 JYOTSANA RANAWAT
RANK 78 CHOUDHARY MADHU ROOPARAM
RANK 79 NITESH GUPTA
RANK 80 VIKASH BISHNOI
RANK 82 DAMODAR PAREEK
RANK 83 KAILASH KUMAR
RANK 84 SHYAM SUNDER MEENA
RANK 85 MOHIT GODARA
RANK 86 NARASI RAM BISHNOI
RANK 87 RAM RATAN BATESAR
RANK 88 MAHENDRA CHOUDHARY
RANK 99 GHAMANDA RAM
RANK 100 VANDANA PATEL
690+...
HEAD OFFICE: NEAR RIDDHI - SIDDHI, JAIPUR 9875170111